दव्वतियं हेट्ठुवरिम	९४।२४५
दसचउरिगि सत्तरसं	९९।२६३
देसे तदियकसाया	१००।२६७
देसे तदिय० णीचं	११०।३००
देवोघं वेगुव्वे...	११४।३१४
दुग्गदि दुस्सरसंहदि	११५।३१७
देहादी फासंता	१२३।३४०

गाथा.	पृ. सं. गा. सं.
दुतिछस्सट्ठणवेक्कार	१३१।३६५
दुगछक्कसत्त अट्ठं	१३५।३७६
देसतियेसुवि एवं	१३७।३८२
दुगछक्कतिण्णिवग्गे	१३७।३८३
देवचउक्काहारदु	१४२।४००
दुगमणादावदुगं	१४४।४०५
दसवीसं एक्कारस	१६१।४६८
दसणव अट्ठ य सत्त य	१६३।४७५
दसणव णवादि चउतिय	१६५।४८०
दस णव पण्णरसाइं	१७५।५१८
देवेसु देवमणुवे	१८८।५६२
देवट्ठवीसणरदे...	१९०।५७२
देवट्ठवीसवंधे	१९१।५७३
देवजुदेक्कट्ठाणे	१९२।५७५
देवाहारे सत्थं	१९९।६०२
देसणरे तिरिये...	२१२।६४८
दसयचऊ पढमतियं	२१६।६६२
दसयादिसु बंधंसा	२१८।६६५
दसगुदये अडवीसति	२२४।६८५
दो छक्कट्ठचउक्कं	२३०।७१०
दोण्णि य सत्त य चोद्दस	२५०।२क्षे०
दस अट्ठारस दसयं	२५२।७९२
दुसु दुसु देसे दोसुवि	२६६।८३५
दुविहा पुण पदभंगा	२६९।८४४
दव्वमेव परं मण्णे	२८१।८९१
दव्वं ठिदिगुणहाणी	२८८।९२२
दव्वं समयपबद्धं	२८९।९२४
दोगुणहाणिपमाणं	२९०।९२८
ध.	
धुवपट्टीपदुंतो	९६।२५३
प	
पणमिय सिरसा णेमिं	१।१
पयडी सील सहावो	२।२
पडपडिहारसिमज्जा	९।२१
पंचणव दोण्णि...	१०।२२
पयलापयलुदयेण य	११।२४
पयलुदयेण य जीवो	११।२५
पंचणवदोण्णिछव्वी०	२३।३५
पंचणव०उदयपयडीओ	२४।३६
पंचणव०सत्तपयडीओ	[illegible]।३[illegible]

गाथा	पृ. सं. गा. सं.
विदियगुणे अणथीणति...	४४।९६
वारस य वेयणीये	६०।१३९
वासूप वासूल वरहिदीओ	६३।१४८
विदिये विदियणिसेगे	६८।१६२
वादालं तु पसत्था	६९।१६४
वहुभागे समभागो	७८।१९५
वहुभागे सम० वंधा	८०।२००
वादरणिव्वत्तिवरं	९१।२३५
वीइंदियपज्जत्त	९६।२५१
विदियादिसु छसु पुढ	१०८।२९३
विगुणणवचारिसट्ठं	१३०।३६२
विदिये तुरिये पणगे	१३३।३७१
विदियस्सवि पणठाणे	१३६।३८०
वंधे संकामिज्जदि	१४५।४१०
वंधे अधापवत्तो	१४७।४१६
वंधुक्कट्टणकरणं	१५२।४३७
वंधुक्कट्टणकरणं सगसग...	१५४।४४४
वावीसनेक्कवीसं	१६०।४६३
वावीसनेक्कवीसं	१६०।४६४
वारससयतेसीदी	१६७।७८७
विदिये विगिपणगयदे...	१७०।४९९
वावत्तरि अप्पदरा	१९१।५७५
वावीदिं वज्जित्ता	२०६।६२४
वाणउदि णउदि सत्ता	२०६।६२६
वंधोदयकम्मंसा	२०७।६३०
विदियावरणे णववं	२०८।६३१
वादालं पणुवीसं	२१३।६५०
वावीसं दसयचक्क	२१४।६५५
वंधपदे उदयंसा	२१६।६६०
वावीसयादिवंधे	२१६।६६१
वंधुदये सत्तपदं	२२०।६७३
वावीसेण णिरुद्धे	२२०।६७४
वावीसे अडवीसे	२२२।६८०
वावीसवंध चदुतिदु	२२४।६८६
वंधा तियपणछण्णव	२२९।७०६
वाणउदी णउदिचऊ	२२९।७०७
वंधतियं अडवीस दु	२३२।७२१
वाणउदि णउदिसत्तं मि०	२३६।७३६
वाणउदी णउदिचऊ	२३९।७४९
वाणउदीए वंधा	२४१।७५५

गाथा	पृ. सं. गा. सं.
वाणउदि णउदि सत्तं ए	२४२।७६२
वासीदे इगिचउपण	२४५।७७३
वारचउ ति दुगमेक्कं	२६७।८३६
वारठ्ठछवीसं	२७०।८५०
वादालं वेण्णिसया	२७१।८५३
वावत्तरि तिसहस्सा	२८४।९००
विदियं विदियं खंडं	२९८।९५७
भ	
नेदे छादालसयं	२४।३७
भूदं तु चुदं चइदं	३०।५६
भत्तपइण्णा इंगिणि	३२।५९
भत्तपइण्णाइविही	३२।६०
भवियंति भवियकाले	३२।६२
भिण्णमुहुत्तो णर	६१।१४२
भोगं व सुरे णरचउ	१११।३०४
भव्विदरुवसमवेदग	११८।३२८
भंगा एक्केका पुण	१३८।३८७
नेदेण अवत्तव्वा	१६३।४७४
भयसहियं च जुगुच्छा स	१६४।४७७
भूवादरपज्जत्ते	१७७।५२४
भवणतियाणं एवं	१८२।५४३
भव्वे सव्वमभव्वे	१८५।५५०
भुजगारा अप्पदरा	१८६।५५४
भूवादरतेवीसं	१८८।५६५
भोगे सुरट्ठवीसं	१८९।५६७
भुजगारप्पदराणं	१९०।५७१
भुजगारा अप्पदरा	१९३।५८०
भुजगारे अप्पदरे	१९३।५८१
भोगभुमा देवाउं	२१०।६४०
भव्वेसव्वमभव्वे	२३५।७३२
भयदुगरहियं पढमं	२५३।७५४
भूदाणुकंपवदजो	२५६।८०१
भव्विदराणण्णदरं	२७२।८५६
म	
मूलुण्हपहा अग्गी	१५।३३
मूलुत्तरपयडीणं	३४।६७
मूलुत्तर० पाणादिवद०	३४।६८
मिच्छत्तहुंडसंढा	४४।९५
मरणूणम्मि णियट्टी	४५।९९
मिस्साविरदे उच्चं	४८।१०७

श्रीनेमिचन्द्राय नमः।

अथ छायाभाषाटीकोपेतः

गोम्मटसारः।

(कर्मकाण्डम्)

मङ्गलाचरण.

दोहा।

परमभये सब खंडिकैं, करमकांड समुदाय।
सहज अखंडित ज्ञानमय, जयवंते जिनराय॥ १॥
विघ्नहरनमंगलकरन, नमौं सिद्धसुखकार।
नेमिचंद्रजिन जगतपति, साधुवचनगुणधार॥ २॥
जीवकांडकौं जानिकैं ज्ञानकांडमय होइ।
निजस्वरूपमें रमिरहै शिवपद पावै सोइ॥ ३॥

गोम्मटसार अपर नाम पंचसंग्रहके पूर्वार्ध—जीवकाण्डमें जीव—अशुद्ध जीव द्रव्यका स्वरूप विस्तारसे कहा गया। अब उसके साथ अनादि कालसे संबंध रखनेवाले कर्मोंका कथन भी विस्तारसे करनेकेलिये दूसरे कर्मकाण्ड महाअधिकारका आचार्य प्रारंभ करते हैं, और उसमें प्रथम अपने इष्टदेवको नमस्कार करते हुए जो कुछ कहना है उसकी प्रतिज्ञा करते हैं;—

पणमिय सिरसा णेमिं गुणरयणविभूसणं महावीरं।
सम्मत्तरयणणिलयं पयडिसमुक्कित्तणं वोच्छं॥ १॥

प्रणम्य शिरसा नेमिं गुणरत्नविभूषणं महावीरम्।
सम्यक्त्वरत्ननिलयं प्रकृतिसमुत्कीर्तनं वक्ष्यामि॥ १॥

अर्थ—मैं नेमिचन्द्र आचार्य, [illegible]

[illegible]

मस्तक नवा-प्रणाम कर, ज्ञानावरणादि कर्मोंकी मूल, उत्तर दोनों प्रकृतियोंके व्याख्यान करनेवाला प्रकृतिसमुत्कीर्तननामा अधिकार कहताहूं ॥ १ ॥

यहांपर प्रकृति शब्दका अर्थ क्या है? ऐसा प्रश्न होनेपर आचार्य कहते हैं;—

पयडी सील सहावो जीवंगाणं अणाइसंबंधो ।
कणयोवले मलं वा ताणत्थित्तं सयं सिद्धं ॥ २ ॥

प्रकृतिः शीलं स्वभावः जीवाङ्गयोरनादिसम्बन्धः ।
कनकोपले मलं वा तयोरस्तित्वं स्वयं सिद्धम् ॥ २ ॥

अर्थ—कारणकेविना वस्तुका जो सहज स्वभाव होता है उसको प्रकृति शील अथवा स्वभाव कहते हैं । जैसे कि आगका स्वभाव ऊपरको जाना, पवनका तिरछा बहना, और जलका स्वभाव नीचेको गमन करना है, इत्यादि । प्रकृतमें यह स्वभाव जीव तथा अङ्ग (कर्म) का ही लेना चाहिये । इन दोनोंमेंसे जीवका स्वभाव रागादिरूप परिणमने (होजाने) का है, और कर्मका स्वभाव रागादिरूप परिणमावनेका है । तथा यह दोनोंका संबंध, सुवर्ण पाषाणमें मिले हुए मल (मैल) की तरह अनादिकालसे है । और इसीलिये जीव तथा कर्मका अस्तित्व भी स्वयं-ईश्वरादि कर्ताके विनाही-अपने आप सिद्ध है ॥ भावार्थ—जिस तरह भंग अथवा शराबका स्वभाव बावला करदेनेका और इसके पीनेवाले जीवका स्वभाव बावला होजानेका है, उसी तरह जीवका स्वभाव रागद्वेषादि कषायरूप होजानेका तथा कर्मका स्वभाव रागादिकषाय स्वरूप परिणमादेनेका है । सो जबतक दोनोंका संबंध रहता है तभीतक विकाररूप परिणाम होता है । अंतर इतना ही है कि जीव और कर्मका यह संबंध अभीका नहीं अनादिकालका है । जैसे कि खानिसे निकला हुआ सोना अनादिकालसेही कीट कालिमारूप मैलसे मिलाहुआ रहता है, वैसे ही जीव और कर्मका अनादिकालसे स्वतः संबंध होरहा है, किसीने इनका संबंध किया नहीं है । जीवका अस्तित्व तो "अहम्" (मैं) ऐसी प्रतीति होनेसे सिद्ध होता है, तथा कर्मका अस्तित्व जगत्में कोई दरिद्री (भिखारी) है तो कोई धनवान् इत्यादि विचित्रपना प्रत्यक्ष देखनेसे सिद्ध होता है । इसप्रकार जीव और कर्म दोनोंही पदार्थ अनुभवसिद्ध हैं ॥ २ ॥

आगे संसारी जीव कर्म और नोकर्म (कर्मके सहायक) का किसतरह अपने साथ संबंध करता है सो कहते हैं;—

देहोदयेण सहिओ जीवो आहरदि कम्म णोकम्मं ।
पडिसमयं सव्वंगं तत्तायसपिंडओव्व जलं ॥ ३ ॥

देहोदयेन सहितो जीव आहरति कर्म नोकर्म ।
प्रतिसमयं सर्वाङ्गं तप्तायःपिंडमिव जलम् ॥ ३ ॥

अर्थ—यह जीव औदारिक आदि शरीरनामा कर्मके उदयसे योगसहित होकर ज्ञानावरणादि आठ कर्मरूप होनेवालीं कर्मवर्गणाओंको, तथा औदारिक आदि चार शरीर (औदारिक १ वैक्रियिक २ आहारक ३ तैजस ४) रूप होनेवालीं नोकर्मवर्गणाओंको हरसमय चारों तरफसे ग्रहण (अपने साथ संबद्ध) करता है। जैसे कि आगसे तपा हुआ लोहेका गोला पानीको सब ओरसे अपनी तरफ खींचता है। भावार्थ—जब यह शरीर सहित आत्मा मन वचन कायकी प्रवृत्ति करता है तभी इसके कर्मोंका बंध होता है। किंतु मन वचन कायकी क्रिया रोकनेसे कर्मबंध नहीं होता ॥ ३ ॥

यह जीव कर्म तथा नोकर्मरूप होनेवाले कितने पुद्गलपरमाणुओंको प्रतिसमय ग्रहण करता है, सो बताते हैं;—

सिद्धाणंतिमभागं अभवसिद्धादणंतगुणमेव ।
समयपवद्धं बंधदि जोगवसादो दु विसरित्थं ॥ ४ ॥

सिद्धानन्तिमभागं अभव्यसिद्धादनन्तगुणमेव ।
समयप्रबद्धं बध्नाति योगवशात्तु विसदृशम् ॥ ४ ॥

अर्थ—यह आत्मा, सिद्धजीवराशिके जो कि अनन्तानन्तप्रमाण कही है अनंतमेभाग और अभव्यजीवराशि जो जघन्ययुक्तानंत प्रमाण है उससे अनंतगुणे समयप्रबद्धको अर्थात् एक समयमें बंधनेवाले परमाणुसमूहको, बांधता है;—अपने साथ संबद्ध करता है। परंतु मन वचन कायकी प्रवृत्तिरूप योगोंकी विशेषतासे (कमती बढती होनेसे) कभी थोड़े और कभी बहुत परमाणुओंका भी बंध करता है। सारांशः—परिणामोंमें कषायकी अधिकता तथा मन्दता होनेपर आत्माके प्रदेश जब अधिक वा कम सकंप (चलायमान) होते हैं तब कर्म परमाणु भी ज्यादा अथवा कम बंधते हैं। जैसे अधिक चिकनी दीवालपर धूलि अधिक लगती है और कम चिकनीपर कम ॥ ४ ॥

इस प्रकार कर्मपरमाणुओंके बंधका प्रमाण बताकर उनके उदय तथा सत्त्वका (मौजूद रहनेका) प्रमाण भी बताते हैं;—

जीरदि समयपवद्धं पओगदो णेगसमयवद्धं वा ।
गुणहाणीण दिवड्ढं समयपवद्धं हवे सत्तं ॥ ५ ॥

जीर्यते समयप्रबद्धं प्रयोगतः अनेकसमयबद्धं वा ।
गुणहानीनां द्व्यर्द्धं समयप्रबद्धं भवेत् सत्त्वम् ॥ ५ ॥

अर्थ—एक २ समयमें कर्मपरमाणुओंका एक एक समयप्रबद्ध फल देकर खिर जाया करता है। परन्तु कदाचित् तपश्चरणरूप विशिष्ट अतिशयवाली क्रियाके होनेपर अनेकस-

अनेक मतमतान्तर भी उठ खड़े होते हैं । [illegible] गुणस्थानोंमें [illegible] ([illegible]) [illegible] करते हैं । इसका विशेष कथन आगे [illegible] कर्मोंकी [illegible] अधिकारमें करेंगे । और गुणस्थानोंका [illegible] भी [illegible] किया जायगा ॥ ५ ॥

अब कर्मके सामान्यसे भेद और उपभेदोंको दो गाथाओंमें बताते हैं,—

कम्मत्तणेण एक्कं दव्वं भावोत्ति होदि दुविहं तु ।
पोग्गलपिंडो दव्वं तस्सत्ती भावकम्मं तु ॥ ६ ॥

कर्मत्वेन एकं द्रव्यं भाव इति भवति द्विविधं तु ।
पुद्गलपिण्डो द्रव्यं तच्छक्तिः भावकर्म तु ॥ ६ ॥

अर्थ—सामान्यपनेसे कर्म एक ही है, उसमें भेद नहीं है । लेकिन द्रव्य तथा भावके भेदसे उसके दो प्रकार हैं । उसमें ज्ञानावरणादिरूप पुद्गलद्रव्यका पिंड द्रव्यकर्म है, और उस द्रव्यपिंडमें फल देनेकी जो शक्ति वह भावकर्म है । अथवा कार्यमें कारणका व्यवहार होनेसे उस शक्तिसे उत्पन्न हुए जो अज्ञानादि वा क्रोधादि रूप परिणाम वे भी भावकर्म ही हैं ॥ ६ ॥

तं पुण अट्ठविहं वा अडदालसयं असंखलोगं वा ।
ताणं पुण घादित्ति अघादित्ति य होंति सण्णाओ ॥ ७ ॥

तत् पुनरष्टविधं वा अष्टचत्वारिंशच्छतमसंख्यलोकं वा ।
तेषां पुनः घातीति अघातीति च भवतः संज्ञे ॥ ७ ॥

अर्थ—वह कर्म सामान्यसे आठ प्रकारका है । अथवा एकसौ अड़तालीस या असंख्यात लोकप्रमाण भी उसके भेद होते हैं । उन आठ कर्मोंमें भी घातिया तथा अघातिया ये दो भेद हैं ॥ ७ ॥

अब उन आठभेदोंके नाम तथा उनमें घातिया और अघातिया कौन २ हैं सो दो गाथाओंमें दिखाते हैं,—

णाणस्स दंसणस्स य आवरणं वेयणीयमोहणियं ।
आउगणामं गोदंतरायमिदि अट्ठ पयडीओ ॥ ८ ॥

ज्ञानस्य दर्शनस्य च आवरणं वेदनीयमोहनीयम् ।
आयुष्कनाम गोत्रान्तरायमिति अष्ट प्रकृतयः ॥ ८ ॥

अर्थ—ज्ञानावरण १ दर्शनावरण २ वेदनीय ३ मोहनीय ४ आयु ५ नाम ६ गोत्र ७ और अन्तराय ८ ये आठ कर्मोंकी मूल प्रकृतियां (स्वभाव) हैं ॥ ८ ॥

आवरणमोहविग्घं घादी जीवगुणघादणत्तादो ।
आउगणामं गोदं वेयणियं तह अघादित्ति ॥ ९ ॥

आवरणमोहविघ्नं घाति जीवगुणघातनत्वात् ।
आयुष्कनाम गोत्रं वेदनीयं तथा अघातीति ॥ ९ ॥

अर्थ—ज्ञानावरण १ दर्शनावरण २ मोहनीय ३ अन्तराय ४ ये चार घातियाकर्म हैं। क्योंकि जीवके अनुजीवी गुणोंको घातते (नष्ट करते) हैं। आयु १ नाम २ गोत्र ३ और वेदनीय ४ ये चार अघाती कर्म हैं। क्योंकि जली हुई रस्सीकी तरह इनके रहनेसे भी अनुजीवी गुणोंका नाश नहीं होता ॥ ९ ॥

आगें उनजीवके गुणोंको कहते हैं जिनको कि ये कर्म घातते हैं;—

केवलणाणं दंसणमणंतविरियं च खयियसम्मं च ।
खयियगुणे मदियादी खओवसमिए य घादी दु ॥ १० ॥

केवलज्ञानं दर्शनमनन्तवीर्यं च क्षायिकसम्यक्त्वं च ।
क्षायिकगुणान् मत्यादीन् क्षायोपशमिकांश्च घातीनि तु ॥ १० ॥

अर्थ—केवलज्ञान १ केवलदर्शन २ अनन्तवीर्य ३ और क्षायिकसम्यक्त्व ४, तथा च शब्दसे क्षायिकचारित्र और क्षायिकदानादि; इन क्षायिकभावोंको तथा मतिज्ञानआदि (मति १ श्रुत २ अवधि ३ और मनःपर्यय ४ इत्यादि) क्षायोपशमिकभावोंको भी ये ज्ञानावरणादि चार घातियाकर्म घातते हैं । अर्थात् ये जीवके सम्पूर्ण गुणोंको प्रगट नहीं होने देते । इसीवास्ते ये घातियाकर्म कहलाते हैं ॥ १० ॥

अब अघातिया कर्मोंका कार्य बतानेके लिये पहले आयुकर्मका कार्य बताते हैं;—

कम्मकयमोहवड्ढियसंसारम्हि य अणादिजुत्तम्हि ।
जीवस्स अवट्ठाणं करेदि आऊ हलिव्व णरं ॥ ११ ॥

कर्मकृतमोहवर्धितसंसारे च अनादियुक्ते ।
जीवस्यावस्थानं करोति आयुः हलीव नरम् ॥ ११ ॥

अर्थ—कर्मके उदयसे उत्पन्न हुआ और मोह अर्थात् अज्ञान, असंयम तथा मिथ्यात्वसे वृद्धिको प्राप्त हुआ संसार अनादि है। उसमें जीवका अवस्थान रखने वाला आयुकर्म है। वह उदय रूप होकर मनुष्यादि चार गतियोंमें जीवकी स्थिति करता है। जैसे कि काठ (खोडा)—जोकि जेलखानोंमें अपराधियोंके पांवको बांध रखनेकेलिये रहता है, अपने छेदमें जिसका पैर आजाय उसको बाहिर नहीं निकलने देता, उसी प्रकार उदयको प्राप्त हुआ आयुकर्म जीवोंको उन २ गतियोंमें रोककर रखता है ॥ ११ ॥

अब नामकर्मका कार्य कहते हैं;—

गदिआदि जीवभेदं देहादी पोग्गलाण भेदं च ।
गदियंतरपरिणमनं करेदि णामं अणेयविहं ॥ १२ ॥

गत्यादि जीवभेदं देहादि पुद्गलानां भेदं च ।
गत्यन्तरपरिणमनं करोति नाम अनेकविधम् ॥ १२ ॥

अर्थ—नामकर्म, गति आदि अनेकतरहका है। वह नारकी वगैरह जीवकी पर्यायोंके भेदोंको, और औदारिक शरीर आदि पुद्गलके भेदोंको, तथा जीवके एक गतिसे दूसरी गतिरूप परिणमन को करता है। अर्थात् चित्रकारकी तरह वह अनेक कार्योंको किया करता है। **भावार्थ**—जीवमें जिनका फल हो सो जीवविपाकी, पुद्गलमें जिनका फल हो सो पुद्गलविपाकी, क्षेत्र–विग्रहगतिमें जिनका फल हो सो क्षेत्रविपाकी, तथा "च" शब्दसे भवविपाकी। यद्यपि भवविपाकी आयुकर्मकोही माना है; परन्तु उपचारसे आयुका अविनाभावी गतिकर्म भी भवविपाकी कहा जा सकता है। इसतरह **नामकर्म** जीवविपाकी आदि चार तरहकी प्रकृतियोंरूप परिणमन करता है ॥ १२ ॥

आगे गोत्रकर्मके कार्यको कहते हैं;—

संताणकमेणागयजीवायरणस्स गोदमिदि सण्णा ।
उच्चं णीचं चरणं उच्चं णीचं हवे गोदं ॥ १३ ॥

संतानक्रमेणागतजीवाचरणस्य गोत्रमिति संज्ञा ।
उच्चं नीचं चरणं उच्चैर्नीचैर्भवेत् गोत्रम् ॥ १३ ॥

अर्थ—कुलकी परिपाटीके क्रमसे चला आया जो जीवका आचरण उसकी गोत्र संज्ञा है। अर्थात् उसे गोत्र कहते हैं। उस कुलपरंपरामें ऊंचा (उत्तम) आचरण होय तो उसे उच्च गोत्र कहते हैं; जो निंद्य आचारण होय तो वह नीचगोत्र कहा जाता है। जैसे एक कहावत है कि–शियालका एक वच्चा वचपनसे सिंहिनीने पाला। वह सिंहके बच्चोंके साथ ही खेलाकरता था। एक दिन खेलते हुए वे सब बच्चे किसी जंगलमें गये। वहां उन्होने हाथियोंका समूह देखा। देखकर जो सिंहिनीके बच्चे थे वे तो हाथीके सामने हुए लेकिन वह शियाल जिसमें कि अपने कुलका डरपोकपनेका संस्कार था हाथीको देख भागनेलगा। तब वे सिंहके बच्चे भी अपना बड़ाभाई समझ उसके साथ पीछे लौटकर माताके पास आये, और उस शियालकी शिकायतकी कि हमको शिकारसे इसने रोका। तब सिंहिनीने उस शियालके बच्चेसे एक श्लोक कहा, जिसका मतलब यह है कि अब हे बेटा तू यहांसे भाग जा, नहीं तो तेरी जान नहीं बचैगी। श्लोक ॥ **शूरोसि कृतविद्योसि दर्शनीयोसि पुत्रक। यस्मिन् कुले त्वमुत्पन्नो गजस्तत्र न हन्यते ॥ १ ॥** अर्थात् हे पुत्र तू शूरवीर है, विद्यावान् है, देखने योग्य (रूपवान्) है; परन्तु जिस कुलमें तू पैदा हुआ है उस कुलमें हाथी नही मारे जाते। **भावार्थ**—कुलका संस्कार अवश्य आजाता है चाहें वह कैसे भी विद्यादिगुणोंकर सहित क्यों न हो। उस पर्यायमें संस्कार नही मिटता ॥ १३ ॥

आगे वेदनीय कर्मके कार्यको कहते हैं;—

अक्खाणं अणुभवणं वेयणियं सुहसरुवयं सादं ।
दुक्खसरुवमसादं तं वेदयदीदि वेदणियं ॥ १४ ॥

अक्षाणामनुभवनं वेदनीयं सुखस्वरूपं सातम् ।
दुःखस्वरूपमसातं तद्वेदयतीति वेदनीयम् ॥ १४ ॥

अर्थ—इन्द्रियोंका अपने २ रूपादि विषयका अनुभव करना वेदनीय है । उसमें दुःखरूप अनुभव करना असाता वेदनीय है, और सुखरूप अनुभव करना साता वेदनीय है । उस सुखदुखका अनुभव जो करावे वह वेदनीयकर्म है ॥ १४ ॥

आगे आवरणका क्रम दिखानेके लिये पहले जीवके कुछ प्रधान गुणोंको बताते हैं;—

अत्थं देक्खिय जाणदि पच्छा सद्दहदि सत्तभंगीहिं ।
इदि दंसणं च णाणं सम्मत्तं होंति जीवगुणा ॥ १५ ॥

अर्थं दृष्ट्वा जानाति पश्चात् श्रद्दधाति सप्तभङ्गीभिः ।
इति दर्शनं च ज्ञानं सम्यक्त्वं भवन्ति जीवगुणाः ॥ १५ ॥

अर्थ—संसारी जीव पदार्थको देखकर जानता है । पीछे सात भङ्ग (भेद) वाली नयोंसे निश्चयकर श्रद्धान करता है । इसप्रकार दर्शन ज्ञान और सम्यक्त्व ये तीन जीवके गुण होते हैं । भावार्थ–देखना–दर्शन, जानना–ज्ञान, तथा श्रद्धान करना सम्यक्त्व गुण कहा है ॥ १५ ॥

इस हिसाबसे पहले दर्शनावरणका पीछे ज्ञानावरणका उल्लेख करना चाहिये था; परन्तु वैसा न करके पहले ज्ञानावरणका उल्लेख किया है, सो क्यों? इसका उत्तर देनेके लिये ही इन जीवगुणोंके आवरणका शास्त्रमें जो क्रम कहा है उसे युक्तिपूर्वक बताते हैं:—

अब्भरहिदादु पुव्वं णाणं तत्तो हि दंसणं होदि ।
सम्मत्तमदो विरियं जीवाजीवगदमिदि चरिमे ॥ १६ ॥

अभ्यर्हितत्वात् तु पूर्वं ज्ञानं ततो हि दर्शनं भवति ।
सम्यक्त्वमतो वीर्यं जीवाजीवगतमिति चरमे ॥ १६ ॥

अर्थ—आत्माके सब गुणोंमें ज्ञानगुण पूज्य है, इस कारण सबसे पहले ज्ञानको कहा है । क्योंकि व्याकरणमें भी ऐसा नियम है कि जो पूज्य हो उसको पहले कहना । उसके पीछे दर्शन कहा है । और उसके बाद सम्यक्त्व कहा है । तथा वीर्य शक्तिरूप है । वह जीव और अजीव दोनोंमें पाया जाता है । जीवमें तो ज्ञानादि शक्तिरूप, और अजीव–पुद्गलमें शरीरादिककी शक्तिरूप रहता है । इसीकारण वह सबके पीछे कहा गया है । इसी लिये इनगुणोंके आवरण करनेवाले ज्ञानावरण दर्शनावरण, मोहनीय, और अन्तराय, इन चारों कर्मोंका भी यही क्रम माना है ॥ १६ ॥

अब यहांपर प्रश्न यह है कि इन आठकर्मोंमें अन्तराय कर्म जो कि घातियाकर्म है वह अघातियाओंके अन्तमें क्यों कहा? उसका उत्तर आचार्य कहते हैं;—

घादीवि अघादिं वा णिस्सेसं घादणे असक्कादो ।
णामतियणिमित्तादो विग्घं पडिदं अघादिचरिमम्हि ॥ १७ ॥

घात्यपि अघातीव निःशेषं घातने अशक्यात् ।
नामत्रयनिमित्ताद् विघ्नं पठितमघातिचरमे ॥ १७ ॥

अर्थ—अन्तरायकर्म घातिया है, तथापि अघातियाकर्मोंकी तरह समस्तपनेसे जीवके गुणोंके घातनेको वह समर्थ नही है। और नाम, गोत्र, तथा वेदनीय इन तीनों कर्मोंके निमित्तसे ही वह अपना कार्य करता है, इसकारण अघातियाकर्मोंके अन्तमें उसको कहा है ॥ १७ ॥

अब अन्यकर्मोंका भी क्रम कहते हैं;—

आउबलेण अवट्ठिदि भवस्स इदि णाममाउपुव्वं तु ।
भवमस्सिय णीचुचं इदि गोदं णामपुव्वं तु ॥ १८ ॥

आयुर्बलेन अवस्थितिः भवस्य इति नाम आयुःपूर्वं तु ।
भवमाश्रित्य नीचोच्चमिति गोत्रं नामपूर्वं तु ॥ १८ ॥

अर्थ—नामकर्मका कार्य चारगतिरूप या शरीरकी स्थिति रूप है। वह आयुकर्मके बलसे (सहायतासे) ही है। इसलिये आयुकर्मको पहले कहकर पीछे नाम कर्मको कहा है। और शरीरके आधारसे ही नीचपना वा उत्कृष्टपना होता है, इसकारण नामकर्मको गोत्रके पहले कहाहै। **भावार्थ**—नामकर्मसे शरीर मिलता है परन्तु वह आयुके विना ठहर नहीं सकता। और शरीरसेही ऊंच नीच व्यवहार है। इसीलिये आयु, नाम, और गोत्रकर्म क्रमसे कहे हैं॥ १८॥

आगे यहां प्रश्न होता है कि वेदनीयकर्म अघातिया है; उसको घातियाओंके बीचमें क्यों कहा? इस प्रश्नका उत्तर देते हैं;—

घादिंव वेयणीयं मोहस्स बलेण घाददे जीवं ।
इदि घादीणं मज्झे मोहस्सादिम्हि पढिदं तु ॥ १९ ॥

घातिवत् वेदनीयं मोहस्य बलेन घातयति जीवम् ।
इति घातीनां मध्ये मोहस्यादौ पठितं तु ॥ १९ ॥

अर्थ—वेदनीयकर्म, मोहनीयकर्मके भेद जो राग द्वेष हैं उनके उदयके बलसे ही घातियाकर्मोंकी तरह जीवोंका घात करता है। अर्थात् इन्द्रियोंके रूपादिविषयोंमेंसे किसीमें रति (प्रीति) और किसीमें अरति (द्वेष) का निमित्त पाकर सुख तथा दुःख स्वरूप साता और असाताका अनुभव कराके जीवको अपने ज्ञानादि गुणोमें उपयोग नही करने देता, परस्वरूपमें लीन करता है। इस कारण अर्थात् घातियाकी तरह होनेसे घातियाओंके मध्यमें तथा मोहकर्मके पहिले इस वेदनीयकर्मका पाठ किया गया है। **भावार्थ**—वस्तुका स्वभाव भला या बुरा नहीं है। जबतक रागद्वेष रहते हैं तभीतक यह

जीव किसीको बुरा और किसीको भला समझता है । क्योंकि एक वस्तु किसीको बुरी मालूम पड़ती है तो वही वस्तु किसीको अच्छी । जैसे कि—कटुकरसवाला नीमका पत्ता मनुष्यको अप्रिय लगता है तो वही पत्ता ऊंटको प्रिय मालुम होता है । इससे सिद्ध होता है कि वस्तु कुछ खोटी या भली नहीं रहती. जो वस्तु ही वैसी हो तो दोनोंको एकसी मालूम पड़नी चाहिये । इसकारण यह सिद्ध हुआ कि मोहनीयकर्मरूप रागद्वेषके निमित्तसे वेदनीयका उदय होनेपर ही इन्द्रियोंसे उत्पन्न सुख तथा दुःखका अनुभव होता है । मोहनीय कर्मके विना वेदनीयकर्म राजाके विना निर्बल सैन्यकी तरह कुछ नहीं करसकता ॥ १९ ॥

इसतरह कर्मोंका पाठक्रम जो सिद्ध हुआ उसको अब उपसंहार करके दिखलाते हैं;—

णाणस्स दंसणस्स य आवरणं वेयणीयमोहणियं ।
आउगणामं गोदंतरायमिदि पढिदमिदि सिद्धं ॥ २० ॥

ज्ञानस्य दर्शनस्य चावरणं वेदनीयमोहनीयम् ।
आयुष्कनाम गोत्रान्तरायमिति पठितमिति सिद्धम् ॥ २० ॥

अर्थ—ज्ञानावरण १ दर्शनावरण २ वेदनीय ३ मोहनीय ४ आयु ५ नाम ६ गोत्र ७ और अन्तराय ८ इस प्रकार जो पाठका क्रम है वह पहले पाठक्रमकी तरह ही सिद्ध हुआ ॥ २० ॥

अब इन आठ कर्मोंके स्वभावका दृष्टान्त देते हैं;—

पडपडिहारसिमज्जाहलिचित्तकुलालभंडयारीणं ।
जह एदेसिं भावा तहवि य कम्मा मुणेयव्वा ॥ २१ ॥

पटप्रतीहारासिमद्यहलिचित्रकुलालभाण्डागारिकाणाम् ।
यथा एतेषां भावा तथैव च कर्माणि मन्तव्यानि ॥ २१ ॥

अर्थ—पट अर्थात् देवताके मुखके ऊपरका वस्त्र १, प्रतीहार अर्थात् राजद्वारपर बैठा हुआ ड्यौढ़ीवान २, असि (शहत लपेटी तलवारकी धार) ३, शराब ४, काठका यंत्र—खोड़ा ५, चित्रकार—चतेरा ६, कुंभार ७, भंडारी (खजानची) ८; इन आठोंके जैसे २ अपने २ कार्यकरनेके भाव होते हैं उसी तरह क्रमसे कर्मोंके भी स्वभाव समझना ॥ २१ ॥

अब कुछ शब्दार्थ लेकर आठ कर्मोंका अर्थ करते हैं । ज्ञानको जो आवरै—ढकै वह **ज्ञानावरण** है । इसका स्वभाव देवताके मुख परका वस्त्र जैसा कहा है । यह इसप्रकार है कि. देवताके मुंह पर ढका हुआ कपड़ा जिसतरह देवताके विशेष ज्ञानको नहीं होने देता. उसी तरह ज्ञानावरण कर्म ज्ञानको आच्छादै है. विशेषज्ञान नहीं होने देता । दर्शनको आवरै अर्थात् वस्तुको नहीं देखने देवै वह **दर्शनावरण** है । इसका स्वभाव दरवानियाके समान कहा है । जैसे दरवानिया (पहरे दार) राजाको देखने नहीं

देता—देखनेसे रोक लेता है, वैसे ही यह कर्म भी वस्तुका दर्शन नहीं होने देता । जो सुखदुःखका वेदन अर्थात् अनुभव करावे वह तीसरा **वेदनीयकर्म** है. इसका स्वभाव सहत लपेटी तलवारकी धारके समान है, जिसको कि पहले चखनेसे कुछ सुख होता है परन्तु पीछेसे जीभके दो टुकड़े होनेपर अत्यन्त दुःख होता है । इसी तरह साता और असतासे सुख दुःख उत्पन्न होते हैं । जो मोहै अर्थात् असावधान (अचेत) करै वह **मोहनीय कर्म** है । इसका स्वभाव मदिरा वगैरः जो नशा करनेवाली वस्तुएं हैं उन सरीखा है। जैसे शराव वगैरः पदार्थ, पीनेसे जीवको अचेत वा असावधान कर देते हैं, उसको अपने स्वरूपका कुछ विचार नहीं होने देते, इसी तरह मोहनीयकर्म आत्माको वेभान बना देता है, उसको अपने स्वरूपका विचार ही नहीं होता । जो एति अर्थात् पर्यायधारण करनेके निमित्त प्राप्त हो वह **आयुकर्म** है । इसका स्वभाव लोहेकी सांकल वा काठके यंत्रके समान है। जैसे सांकल अथवा काठका यंत्र पुरुषको अपने स्थानमें ही स्थित रखता है दूसरी जगह नहीं जाने देता, ठीक उसीप्रकार आयुकर्म जीवको मनुष्यादि पर्यायमें स्थित (मौजूद) रखता है, दूसरी जगह नहीं जाने देता । जो ना—नाना अर्थात् अनेक तरहके मिनोति अर्थात् कार्य बनावै वह **नामकर्म** है । यह चतेरेकी तरह है । जैसे चतेरा अनेक प्रकारके चित्राम (तसवीर) बनाता है उसी प्रकार नामकर्म नारक आदि अनेकरूप जीवके करता है । सातवां **गोत्रकर्म** है । जो गमयति अर्थात् ऊंच नीचपनेको प्राप्त करै उसको गोत्र कहते हैं । इसका स्वभाव कुंभारके समान है । जैसे कुंभार मट्टीके वासन छोटे बड़े बनाता है वैसेही यह गोत्रकर्मभी जीवकी ऊंच तथा नीच अवस्था बनाता है । **अन्तरायकर्म** वह है जो " अन्तरं एति " अर्थात् दाता तथा पात्रमें अन्तर व्यवधान करै। इसका स्वभाव भंडारी सरीखा है । जैसे भंडारी (खजानची) दूसरेको दान देनेमें विघ्न करता है—देनेसे रोकता है, उसी तरह अन्तरायकर्म दानलाभादिमें विघ्न करता है । इस तरह इन आठ मूल—कर्मोंका शब्दार्थ करके स्वरूप कहा ॥

अब इन कर्मोंकी उत्तरप्रकृतियों—विशेषभेदोंको क्रमसे बताते हैं;—

पंच णव दोण्णि अट्ठावीसं चउरो कमेण तेणउदी ।
तेउत्तरं सयं वा दुगपणगं उत्तरा होंति ॥ २२ ॥

पञ्च नव द्वौ अष्टाविंशतिः चत्वारः क्रमेण त्रिनवतिः ।
त्र्युत्तरं शतं वा द्विकपञ्चकमुत्तरा भवन्ति ॥ २२ ॥

अर्थ—ज्ञानावरण आदि आठकर्मोंमेंसे प्रत्येकके भेद क्रमसे पांच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, तिरानवै अथवा एकसौतीन, दो, और पांच होते हैं । भावार्थ—ज्ञानावरणके मतिज्ञानावरण १ श्रुतज्ञानावरण २ अवधिज्ञानावरण ३ मनःपर्ययज्ञानावरण ४ केवलज्ञानावरण ५, ये ५ भेद हैं । दर्शनावरणके चक्षुर्दर्शनावरण १ अचक्षुर्दर्शनावरण २ अवधिदर्शनावरण ३ केवल·

दर्शनावरण ४ और स्त्यानगृद्धि ५ निद्रानिद्रा ६ प्रचलाप्रचला ७ निद्रा ८ प्रचला ९ ये पांच निद्रा, इस प्रकार नौ भेद हैं ॥ २२ ॥

अब दर्शनावरणीयके भेदोंमेंसे पांच निद्राओंका कार्य तीन गाथाओंमें बताते हैं;—

थीणुदयेणुट्ठविदे सोवदि कम्मं करेदि जप्पदि य।
णिद्दाणिद्दुदयेण य ण दिट्ठिमुग्घादिदुं सक्को ॥ २३ ॥

स्त्यानगृद्ध्युदयेन उत्थापिते स्वपिति कर्म करोति जल्पति च।
निद्रानिद्रोदयेन च न दृष्टिमुद्घाटयितुं शक्यः ॥ २३ ॥

अर्थ—स्त्यानगृद्धिदर्शनावरण कर्मके उदयसे उठाया हुआ भी सोता ही रहै; उस नींदमें ही अनेक कार्य करै तथा कुछ बोलै भी परन्तु सावधानी न होय ॥ और निद्रानिद्राकर्मके उदयसे अनेक तरहसे सावधान कियाहुआ भी आखोंको नहीं उघाड़ सकता है ॥ २३ ॥

पयलापयलुदयेण य वहेदि लाला चलंति अंगाइं।
णिद्दुदये गच्छंतो ठाइ पुणो वइसइ पडेई ॥ २४ ॥

प्रचलाप्रचलोदयेन च वहति लाला चलन्ति अङ्गानि।
निद्रोदये गच्छन् तिष्ठति पुनः वसति पतति ॥ २४ ॥

अर्थ—प्रचलाप्रचलाकर्मके उदयसे मुखसे लार वहती है और हाथ वगैरः अंग चलते हैं, किंतु सावधान नहीं रहता। तथा निद्राकर्मके उदयसे गमन करता हुआ भी खड़ा होजाता है, बैठजाता है, गिरपड़ता है, इत्यादि क्रिया करता है ॥ २४ ॥

पयलुदयेण य जीवो ईसुम्मीलिय सुवेइ सुत्तोवि।
ईसं ईसं जाणदि मुहुं मुहुं सोवदे मंदं ॥ २५ ॥

प्रचलोदयेन च जीव ईषदुन्मील्य स्वपिति सुप्तोपि।
ईषदीषज्जानाति मुहुर्मुहुः स्वपिति मन्दम् ॥ २५ ॥

अर्थ—प्रचलाकर्मके उदयसे यह जीव कुछ कुछ आखोंको उघाड़कर सोता है. और सोता हुआ भी थोड़ा थोड़ा जानता है. वार वार मन्द (थोड़ा) शयन करता है। यह निद्रा श्वानके समान है. सब निद्राओंसे उत्तम है ॥ इस प्रकार दर्शनावरणीयकर्मके कुछ भेदों-का कार्य कहा ॥ २५ ॥

वेदनीयकर्मके सातावेदनीय १ और असातावेदनीय २ ऐसे दो भेद हैं। मोहनीयकर्म भी साधारण रीतिसे दो प्रकारका है—दर्शनमोहनीय १ और चारित्रमोहनीय २। इनमें दर्शनमोहनीय बंधकी अपेक्षा एक मिथ्यात्वरूप ही है; और उदय तथा सत्ताकी अपेक्षा मिथ्यात्व १ सम्यग्मिथ्यात्व २ और सम्यक्त्वप्रकृति ३ इन तीन भेदरूप है ॥

आगे ये तीन भेद किस तरह हो जाते हैं? इसका उत्तर देते हैं;—

जंतेण कोद्दवं वा पढमुवसमसम्मभावजंतेण ।
मिच्छं दव्वं तु तिधा असंखगुणहीणदव्वकमा ॥ २६ ॥

यन्त्रेण कोद्रवं वा प्रथमोपशमसम्यक्त्वभावयन्त्रेण ।
मिथ्यात्वं द्रव्यं तु त्रिधा असंख्यगुणहीनद्रव्यक्रमात् ॥ २६ ॥

अर्थ—यन्त्र अर्थात् घरटी–चक्कीकरि दलेहुए कोदोंकी तरह प्रथमोपशमसम्यक्त्वपरिणामरूप यन्त्रसे मिथ्यात्वरूपी कर्मद्रव्य द्रव्यप्रमाणमें क्रमसे असंख्यातगुणा २ कम होकर तीन प्रकारका होजाता है । **भावार्थ**—जैसे कोदों–धान्यविशेष दलनेपर तंदुल कण और भुसी, ऐसे तीन रूप होजाता है, उसीतरह मिथ्यात्वरूप कर्मद्रव्य भी उपशमसम्यक्त्वरूपी यन्त्रकेद्वारा मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन तीन स्वरूप परिणमन करता है। इस कारण एक मिथ्यात्वरूप दर्शनमोहनीय कर्मके ही तीन भेद कहे हैं ॥ २६ ॥

चारित्रमोहनीयके दो भेद हैं–एक कषायवेदनीय दूसरा नोकषायवेदनीय । उनमें कषायवेदनीय १६ प्रकार है । उनके नाम क्रमसे कहते हैं । यह क्रम कर्मोंके क्षपणकी अपेक्षासे है—अनन्तानुबन्धी क्रोध १ मान २ माया ३ लोभ ४, अप्रत्याख्यान (अप्रत्याख्यानावरण) क्रोध ५ मान ६ माया ७ लोभ ८, प्रत्याख्यान (प्रत्याख्यानावरण) क्रोध ९ मान १० माया ११ लोभ १२, संज्वलन क्रोध १३ मान १४ माया १५ लोभ १६। नोकषायवेदनीयके नव भेद हैं—पुरुषवेद १ स्त्रीवेद २ नपुंसकवेद ३ रति ४ अरति ५ हास्य ६ शोक ७ भय ८ जुगुप्सा ९। आयुकर्म चार तरहका है–नरकायु १ तिर्यंचआयु २ मनुष्यआयु ३ देवआयु ४। तथा नामकर्मके पिंड (भेदवालीं) और अपिंड (भेद रहित) प्रकृतियोंके मिलानेसे सब ब्यालीस भेद होते हैं । उन दोनों प्रकृतियोंमें पिंड (भेदवालीं) प्रकृति १४ हैं—गति १ (नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३ देवगति ४), जाति २ (एकेन्द्री १ दोइन्द्री २ तेइन्द्री ३ चौइन्द्री ४ पंचेंद्रीजाति ५), शरीरनाम ३ (औदारिक १ वैक्रियिक २ आहारक ३ तैजस ४ कार्मणशरीर ५) ॥

अब इन पांच शरीरोंके भी संयोगी (मिलेहुए) भेदोंको बताते हैं;—

तेजाकम्मेहिं तिए तेजा कम्मेण कम्मणा कम्मं ।
कयसंजोगे चदुचदुचदुदुग एक्कं च पयडीओ ॥ २७ ॥

तैजसकार्म्मणाभ्यां त्रये तैजसं कार्म्मणेन कार्म्मणेन कार्म्मणं ।
कृतसंयोगे चतुश्चतुश्चतुर्द्विकमेकं च प्रकृतयः ॥ २७ ॥

अर्थ—तैजस शरीर और कार्मण शरीरके साथ २ औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरका आपसमें संबंध करनेसे चार चार भेद होते हैं । तीनोंके मिलकर १२ भेद

१. सम्यक्त्वके भेदोंमेंसे उपशम सम्यक्त्व दो प्रकार है–प्रथमोपशमसम्यक्त्व १ द्वितीयोपशमसम्यक्त्व २। इनमेंसे अनादि मिथ्यादृष्टिके पहला भेद ही होता है. अत एव दर्शनमोहनीयके ३ भेद सादि मिथ्यादृष्टिके ही होते हैं.

होजाते हैं। तथा कार्मणशरीरके साथ तैजसशरीरके मिलनेसे दो भेद, और कार्मणशरीरके साथ कार्मणका संबंध होनेसे एक भेद, इसतरह सब मिलकर १५ भेद होते हैं। इनका खुलासा यह है—औदारिकऔदारिक १ औदारिकतैजस २ औदारिककार्माण ३ औदारिकतैजसकार्माण ४ वैक्रियिकवैक्रियिक ५ वैक्रियिकतैजस ६ वैक्रियिककार्माण ७ वैक्रियिकतैजसकार्माण ८ आहारकआहारक ९ आहारकतैजस १० आहारककार्माण ११ आहारकतैजसकार्माण १२ तैजसतैजस १३ तैजसकार्माण १४ कार्माणकार्माण १५, इस प्रकार पंद्रह भेद हुए। इनमेंसे औदारिकऔदारिक, वैक्रियिकवैक्रियिक, आहारकआहारक, तैजसतैजस, कार्माणकार्माण ये पांच भेद पहले कहे हुए पांच शरीरोंमें ही शामिल हो जाते हैं। इस कारण मुख्यतया यहां १० भेद ही समझना। जैसे कि चक्रवर्ती जब विक्रियाकरके १ कम ९६००० छयानवे हजार शरीर बनाता है तब औदारिकसे ही औदारिकशरीर बनाता है। अतः उनको औदारिकऔदारिक ही कहते हैं। सो औदारिकमें ही अन्तर्भूत करना। इसीतरह देवके वैक्रियिकसे वैक्रियिक होता है उसे वैक्रियिकवैक्रियिक कहते हैं, उसको वैक्रियिकमें अन्तर्भूत करना। इसीप्रकार और भेद भी समझलेना॥ २७॥

बन्धन नामकर्म ४ (औदारिकशरीरबंधन १ वैक्रियिकबंधन २ आहारकबंधन ३ तैजसबंधन ४ कार्माणशरीरबंधन ५)। संघातनामकर्म ५ (औदारिकशरीरसंघात १ वैक्रियिकसंघात २ आहारकसंघात ३ तैजससंघात ४ कार्माणशरीरसंघात ५)। संस्थाननामकर्म ६ (समचतुरस्रसंस्थान १ न्यग्रोधपरिमण्डल २ स्वाति ३ कुब्ज ४ वामन ५ हुंडसंस्थान ६)। शरीरआंगोपांग नामकर्म ७ (औदारिकशरीर आंगोपांग १ वैक्रियिक आंगोपांग २ आहारकशरीर आंगोपांग ३)। तैजस तथा कार्माणके आंगोपांग नहीं हैं।

शरीरमें आंगोपांग कौन २ से हैं सो बताते हैं;—

णलया बाहू य तहा णियंबपुट्ठी उरो य सीसो य।
अट्ठेव दु अंगाइं देहे सेसा उवंगाइं॥ २८॥

नलकौ बाहू च तथा नितम्बपृष्ठे उरश्च शीर्षं च।
अष्टैव तु अङ्गानि देहे शेषाणि उपाङ्गानि॥ २८॥

अर्थ—दो पैर, दो हाथ, नितम्ब—कमरिके पीछेका भाग, पींठ, हृदय, और मस्तक ये आठ शरीरमें अंग हैं। और दूसरे सब नेत्र कान वगैरः उपाङ्ग कहेजाते हैं॥ २८॥

संहनननामकर्म ८ (वज्रवृषभनाराच १ वज्रनाराच २ नाराच ३ अर्द्धनाराच ४ कीलित ५ असंप्रासप्तपाटिकासंहनन ६)॥

आगे ये छहसंहननवाले जीव किस २ संहननसे कौन २ गतिमें उत्पन्न होते हैं यह कहते हैं;—

आगे ये तीन भेद किस तरह हो जाते हैं? इसका उत्तर देते हैं;—

जंतेण कोद्दवं वा पढमुवसमसम्मभावजंतेण ।
मिच्छं दव्वं तु तिधा असंखगुणहीणदव्वकमा ॥ २६ ॥

यन्त्रेण कोद्रवं वा प्रथमोपशमसम्यक्त्वभावयन्त्रेण ।
मिथ्यात्वं द्रव्यं तु त्रिधा असंख्यगुणहीनद्रव्यक्रमात् ॥ २६ ॥

अर्थ—यन्त्र अर्थात् घरटी–चक्कीकरि दलेहुए कोदोंकी तरह प्रथमोपशमसम्यक्त्वपरिणामरूप यन्त्रसे मिथ्यात्वरूपी कर्मद्रव्य द्रव्यप्रमाणमें क्रमसे असंख्यातगुणा २ कम होकर तीन प्रकारका होजाता है । **भावार्थ**—जैसे कोदों–धान्यविशेष दलनेपर तंदुल कण और भुसी, ऐसे तीन रूप होजाता है, उसीतरह मिथ्यात्वरूप कर्मद्रव्य भी उपशमसम्यक्त्वरूपी यन्त्रकेद्वारा मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन तीन स्वरूप परिणमन करता है । इस कारण एक मिथ्यात्वरूप दर्शनमोहनीय कर्मके ही तीन भेद कहे हैं ॥ २६ ॥

चारित्रमोहनीयके दो भेद हैं—एक कषायवेदनीय दूसरा नोकषायवेदनीय । उनमें कषायवेदनीय १६ प्रकार है । उनके नाम क्रमसे कहते हैं । यह क्रम कर्मोंके क्षपणकी अपेक्षासे है—अनन्तानुबन्धी क्रोध १ मान २ माया ३ लोभ ४, अप्रत्याख्यान (अप्रत्याख्यानावरण) क्रोध ५ मान ६ माया ७ लोभ ८, प्रत्याख्यान (प्रत्याख्यानावरण) क्रोध ९ मान १० माया ११ लोभ १२, संज्वलन क्रोध १३ मान १४ माया १५ लोभ १६। नोकषायवेदनीयके नव भेद हैं—पुरुषवेद १ स्त्रीवेद २ नपुंसकवेद ३ रति ४ अरति ५ हास्य ६ शोक ७ भय ८ जुगुप्सा ९। आयुकर्म चार तरहका है–नरकायु १ तिर्यंचआयु २ मनुष्यआयु ३ देवआयु ४। तथा नामकर्मके पिंड (भेदवालीं) और अपिंड (भेद रहित) प्रकृतियोंके मिलानेसे सब व्यालीस भेद होते हैं । उन दोनों प्रकृतियोंमें पिंड (भेदवालीं) प्रकृति १४ हैं—गति १ (नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३ देवगति ४), जाति २ (एकेन्द्री १ दोइन्द्री २ तेइन्द्री ३ चौइन्द्री ४ पंचेंद्रीजाति ५), शरीरनाम ३ (औदारिक १ वैक्रियिक २ आहारक ३ तैजस ४ कार्मणशरीर ५) ॥

अब इन पांच शरीरोंके भी संयोगी (मिलेहुए) भेदोंको बताते हैं;—

तेजाकम्मेहिं तिए तेजा कम्मेण कम्मणा कम्मं ।
कयसंजोगे चदुचदुचदुदुग एक्कं च पयडीओ ॥ २७ ॥

तैजसकार्म्मणाभ्यां त्रये तैजसं कार्म्मणेन कार्म्मणेन कार्म्मणं ।
कृतसंयोगे चतुश्चतुश्चतुर्द्विकमेकं च प्रकृतयः ॥ २७ ॥

अर्थ—तैजस शरीर और कार्मण शरीरके साथ २ औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरका आपसमें संबंध करनेसे चार चार भेद होते हैं । तीनोंके मिलकर १२ भेद

१. सम्यक्त्वके भेदोंमेंसे उपशम सम्यक्त्व दो प्रकार है–प्रथमोपशमसम्यक्त्व १ द्वितीयोपशमसम्यक्त्व २। इनमेंसे अनादि मिथ्यादृष्टिके पहला भेद ही होता है. अत एव दर्शनमोहनीयके ३ भेद सादि मिथ्यादृष्टिके ही होते हैं.

होजाते हैं। तथा कार्मणशरीरके साथ तैजसशरीरके मिलनेसे दो भेद, और कार्मणशरीरके साथ कार्मणका संबंध होनेसे एक भेद, इसतरह सब मिलकर १५ भेद होते हैं। इनका खुलासा यह है—औदारिकऔदारिक १ औदारिकतैजस २ औदारिककार्माण ३ औदारिकतैजसकार्माण ४ वैक्रियिकवैक्रियिक ५ वैक्रियिकतैजस ६ वैक्रियिककार्माण ७ वैक्रियिकतैजसकार्माण ८ आहारकआहारक ९ आहारकतैजस १० आहारककार्माण ११ आहारकतैजसकार्माण १२ तैजसतैजस १३ तैजसकार्माण १४ कार्माणकार्माण १५, इस प्रकार पंद्रह भेद हुए। इनमेंसे औदारिकऔदारिक, वैक्रियिकवैक्रियिक, आहारकआहारक, तैजसतैजस, कार्माणकार्माण ये पांच भेद पहले कहे हुए पांच शरीरोंमें ही शामिल हो जाते हैं। इस कारण मुख्यतया यहां १० भेद ही समझना। जैसे कि चक्रवर्ती जब विक्रियाकरके १ कम ९६००० छ्यानवें हजार शरीर बनाता है तब औदारिकसे ही औदारिकशरीर बनाता है। अतः उनको औदारिकऔदारिक ही कहते हैं। सो औदारिकमें ही अन्तर्भूत करना। इसीतरह देवके वैक्रियिकसे वैक्रियिक होता है उसे वैक्रियिकवैक्रियिक कहते हैं, उसको वैक्रियिकमें अन्तर्भूत करना। इसीप्रकार और भेद भी समझलेना ॥ २७ ॥

बन्धन नामकर्म ४ (औदारिकशरीरबंधन १ वैक्रियिकबंधन २ आहारकबंधन ३ तैजसबंधन ४ कार्माणशरीरबंधन ५)। संघातनामकर्म ५ (औदारिकशरीरसंघात १ वैक्रियिकसंघात २ आहारकसंघात ३ तैजससंघात ४ कार्माणशरीरसंघात ५)। संस्थाननामकर्म ६ (समचतुरस्रसंस्थान १ न्यग्रोधपरिमण्डल २ स्वाति ३ कुब्ज ४ वामन ५ हुंडसंस्थान ६)। शरीरआंगोपांग नामकर्म ७ (औदारिकशरीर आंगोपांग १ वैक्रियिक आंगोपांग २ आहारकशरीर आंगोपांग ३)। तैजस तथा कार्माणके आंगोपांग नहीं हैं।

शरीरमें आंगोपांग कौन २ से हैं सो बताते हैं;—

णलया बाहू य तहा णियंबपुट्ठी उरो य सीसो य।
अट्ठेव दु अंगाइं देहे सेसा उवंगाइं ॥ २८ ॥

नलकौ बाहू च तथा नितम्बपृष्ठे उरश्च शीर्षं च।
अष्टैव तु अङ्गानि देहे शेषाणि उपाङ्गानि ॥ २८ ॥

अर्थ—दो पैर, दो हाथ, नितम्ब—कमरके पीछेका भाग, पीठ, हृदय, और मस्तक ये आठ शरीरमें अंग हैं। और दूसरे सब नेत्र कान वगैरः उपाङ्ग कहेजाते हैं ॥ २८ ॥

संहनननामकर्म ८ (वज्रवृषभनाराच १ वज्रनाराच २ नाराच ३ अर्द्धनाराच ४ कीलित ५ असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन ६)॥

आगे ये छहसंहननवाले जीव किस २ संहननसे कौन २ गतिमें उत्पन्न होते हैं यह कहते हैं;—

आगे वे तीन भेद किस तरह हो जाते हैं सो दृष्टान्त द्वारा कहते हैं;—

जंतेण कोद्दवं वा पढमुवसमसम्मभावजंतेण ।
मिच्छं दव्वं तु तिधा असंखगुणहीणदव्वकमा ॥ २६ ॥

यन्त्रेण कोद्रवं वा प्रथमोपशमसम्यक्त्वभावयन्त्रेण ।
मिथ्यात्वं द्रव्यं तु त्रिधा असंख्यगुणहीनद्रव्यक्रमात् ॥ २६ ॥

अर्थ—यंत्र अर्थात् चक्की—चाकीकरि दलेहुए कोदोंकी तरह प्रथमोपशमसम्यक्त्वपरिणाम-रूप यन्त्रसे मिथ्यात्वरूपी कर्मद्रव्य द्रव्यप्रमाणमें क्रमसे असंख्यातगुणा २ कम होकर तीन प्रकारका होजाता है । भावार्थ—जैसे कोदों चाकीमें दलनेसे चावल तंदुल कण और भूसी, ऐसे तीन रूप होजाता है, उसीतरह मिथ्यात्वरूप कर्मद्रव्य भी सम्यक्त्वपरिणामरूपी चक्कीकेद्वारा मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन तीन स्वरूप परिणमन करता है। इस कारण एक मिथ्यात्वरूप दर्शनमोहनीय कर्मके ही तीन भेद कहे हैं ॥ २६ ॥

चारित्रमोहनीयके दो भेद हैं एक कषायवेदनीय दूसरा नोकषायवेदनीय । उनमेंसे कषायवेदनीय १६ प्रकार है । उनके नाम क्रमसे कहते हैं । यह क्रम कर्मोंके घातपनेकी अपेक्षासे है;—अनन्तानुबन्धी क्रोध १ मान २ माया ३ लोभ ४, अप्रत्याख्यान (अप्रत्याख्यानावरण) क्रोध ५ मान ६ माया ७ लोभ ८, प्रत्याख्यान (प्रत्याख्यानावरण) क्रोध ९ मान १० माया ११ लोभ १२, संज्वलन क्रोध १३ मान १४ माया १५ लोभ १६। नोकषायवेदनीयके नव भेद हैं—पुरुषवेद १ स्त्रीवेद २ नपुंसकवेद ३ रति ४ अरति ५ हास्य ६ शोक ७ भय ८ जुगुप्सा ९। आयुकर्म चार तरहका है-नरकायु १ तिर्यंचआयु २ मनुष्यआयु ३ देवआयु ४। तथा नामकर्मके पिंड (भेदवाली) और अपिंड (भेद रहित) प्रकृतियोंके मिलानेसे सब ब्यालीस भेद होते हैं । उन दोनों प्रकृतियोंमें पिंड (भेदवाली) प्रकृति १४ हैं—गति १ (नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३ देवगति ४), जाति २ (एकेन्द्री १ दोइन्द्री २ तेइन्द्री ३ चौइन्द्री ४ पंचेंद्रीजाति ५), शरीरनाम ३ (औदारिक १ वैक्रियिक २ आहारक ३ तैजस ४ कार्मणशरीर ५) ॥

अब इन पांच शरीरोंके भी संयोगी (मिलेहुए) भेदोंको बताते हैं;—

तेजाकम्मेहिं तिए तेजा कम्मेण कम्मणा कम्मं ।
कयसंजोगे चदुचदुचदुदुग एक्कं च पयडीओ ॥ २७ ॥

तैजसकार्म्मणाभ्यां त्रये तैजसं कार्म्मणेन कार्म्मणेन कार्म्मणं ।
कृतसंयोगे चतुश्चतुश्चतुर्द्विकमेकं च प्रकृतयः ॥ २७ ॥

अर्थ—तैजस शरीर और कार्मण शरीरके साथ ३ औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरका आपसमें संबंध करनेसे चार चार भेद होते हैं । तीनोंके मिलकर १२ भेद

---

१. सम्यक्त्वके भेदोंमेंसे उपशम सम्यक्त्व दो प्रकार है–प्रथमोपशमसम्यक्त्व १ द्वितीयोपशमसम्यक्त्व २। इनमेंसे अनादि मिथ्यादृष्टिके पहला भेद ही होता है. अत एव दर्शनमोहनीयके ३ भेद सादि मिथ्यादृष्टिके ही होते हैं.

होजाते हैं। तथा कार्मणशरीरके साथ तैजसशरीरके मिलनेसे दो भेद, और कार्मणशरीरके साथ कार्मणका संबंध होनेसे एक भेद, इसतरह सब मिलकर १५ भेद होते हैं। इनका खुलासा यह है—औदारिकऔदारिक १ औदारिकतैजस २ औदारिककार्माण ३ औदारिकतैजसकार्माण ४ वैक्रियिकवैक्रियिक ५ वैक्रियिकतैजस ६ वैक्रियिककार्माण ७ वैक्रियिकतैजसकार्माण ८ आहारकआहारक ९ आहारकतैजस १० आहारककार्माण ११ आहारकतैजसकार्माण १२ तैजसतैजस १३ तैजसकार्माण १४ कार्माणकार्माण १५, इस प्रकार पंद्रह भेद हुए। इनमेंसे औदारिकऔदारिक, वैक्रियिकवैक्रियिक, आहारकआहारक, तैजसतैजस, कार्माणकार्माण ये पांच भेद पहले कहे हुए पांच शरीरोंमें ही शामिल हो जाते हैं। इस कारण मुख्यतया यहां १० भेद ही समझना। जैसे कि चक्रवर्ती जब विक्रियाकरके १ कम ९६००० छ्यानवें हजार शरीर बनाता है तब औदारिकसे ही औदारिकशरीर बनाता है। अतः उनको औदारिकऔदारिक ही कहते हैं। सो औदारिकमें ही अन्तर्भूत करना। इसीतरह देवके वैक्रियिकसे वैक्रियिक होता है उसे वैक्रियिकवैक्रियिक कहते हैं, उसको वैक्रियिकमें अन्तर्भूत करना। इसीप्रकार और भेद भी समझलेना ॥ २७ ॥

बन्धन नामकर्म ४ (औदारिकशरीरबंधन १ वैक्रियिकबंधन २ आहारकबंधन ३ तैजसबंधन ४ कार्माणशरीरबंधन ५)। संघातनामकर्म ५ (औदारिकशरीरसंघात १ वैक्रियिकसंघात २ आहारकसंघात ३ तैजससंघात ४ कार्माणशरीरसंघात ५)। संस्थाननामकर्म ६ (समचतुरस्रसंस्थान १ न्यग्रोधपरिमण्डल २ स्वाति ३ कुब्ज ४ वामन ५ हुंडसंस्थान ६)। शरीरआंगोपांग नामकर्म ७ (औदारिकशरीर आंगोपांग १ वैक्रियिक आंगोपांग २ आहारकशरीर आंगोपांग ३)। तैजस तथा कार्माणके आंगोपांग नहीं हैं।

शरीरमें आंगोपांग कौन २ से हैं सो बताते हैं;—

णलया बाहू य तहा णियंबपुट्ठी उरो य सीसो य।
अट्ठेव दु अंगाइं देहे सेसा उवंगाइं ॥ २८ ॥

नलकौ बाहू च तथा नितम्बपृष्ठे उरश्च शीर्षं च।
अष्टैव तु अङ्गानि देहे शेषाणि उपाङ्गानि ॥ २८ ॥

अर्थ—दो पैर, दो हाथ, नितम्ब—कमरके पीछेका भाग, पींठ, हृदय, और मस्तक ये आठ शरीरमें अंग हैं। और दूसरे सब नेत्र कान वगैरः उपाङ्ग कहेजाते हैं ॥ २८ ॥

संहनननामकर्म ८ (वज्रवृषभनाराच १ वज्रनाराच २ नाराच ३ अर्द्धनाराच ४ कीलित ५ असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन ६) ॥

आगे ये छहसंहननवाले जीव किस २ संहननसे कौन २ गतिमें उत्पन्न होते हैं यह कहते हैं;—

आगे ये तीन भेद किस तरह हो जाते हैं? इसका उत्तर देते हैं;—

जंतेण कोद्दवं वा पढमुवसमसम्मभावजंतेण ।
मिच्छं दव्वं तु तिधा असंखगुणहीणदव्वकमा ॥ २६ ॥

यन्त्रेण कोद्रवं वा प्रथमोपशमसम्यक्त्वभावयन्त्रेण ।
मिथ्यात्वं द्रव्यं तु त्रिधा असंख्यगुणहीनद्रव्यक्रमात् ॥ २६ ॥

अर्थ—यन्त्र अर्थात् घरटी–चक्कीकरि दलेहुए कोदोंकी तरह प्रथमोपशमसम्यक्त्वपरिणाम-रूप यन्त्रसे मिथ्यात्वरूपी कर्मद्रव्य द्रव्यप्रमाणमें क्रमसे असंख्यातगुणा २ कम होकर तीन प्रकारका होजाता है । **भावार्थ**—जैसे कोदों–धान्यविशेष दलनेपर तंदुल कण और भुसी, ऐसे तीन रूप होजाता है, उसीतरह मिथ्यात्वरूप कर्मद्रव्य भी उपशमसम्यक्त्वरूपी यन्त्रकेद्वारा मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन तीन स्वरूप परिणमन करता है। इस कारण एक मिथ्यात्वरूप दर्शनमोहनीय कर्मके ही तीन भेद कहे हैं ॥ २६ ॥

चारित्रमोहनीयके दो भेद हैं–एक कषायवेदनीय दूसरा नोकषायवेदनीय । उनमें कषाय-वेदनीय १६ प्रकार है । उनके नाम क्रमसे कहते हैं । यह क्रम कर्मोंके क्षपणकी अपेक्षासे है—अनन्तानुबन्धी क्रोध १ मान २ माया ३ लोभ ४, अप्रत्याख्यान (अप्रत्याख्यानावरण) क्रोध ५ मान ६ माया ७ लोभ ८, प्रत्याख्यान (प्रत्याख्यानावरण) क्रोध ९ मान १० माया ११ लोभ १२, संज्वलन क्रोध १३ मान १४ माया १५ लोभ १६। नोकषायवेदनीयके नव भेद हैं—पुरुषवेद १ स्त्रीवेद २ नपुंसकवेद ३ रति ४ अरति ५ हास्य ६ शोक ७ भय ८ जुगुप्सा ९। आयुकर्म चार तरहका है–नरकायु १ तिर्यंचआयु २ मनुष्यआयु ३ देवआयु ४। तथा नामकर्मके पिंड (भेदवालीं) और अपिंड (भेद रहित) प्रकृतियोंके मिलानेसे सब ब्यालीस भेद होते हैं । उन दोनों प्रकृतियोंमें पिंड (भेदवालीं) प्रकृति १४ हैं—गति १ (नरक १ तिर्यंच २ मनुष्य ३ देवगति ४), जाति २ (एकेन्द्री १ दोइन्द्री २ तेइन्द्री ३ चौइन्द्री ४ पंचेंद्रीजाति ५), शरीरनाम ३ (औदारिक १ वैक्रियिक २ आहारक ३ तैजस ४ कार्मणशरीर ५) ॥

अब इन पांच शरीरोंके भी संयोगी (मिलेहुए) भेदोंको बताते हैं;—

तेजाकम्मेहिं तिए तेजा कम्मेण कम्मणा कम्मं ।
कयसंजोगे चदुचदुचदुदुग एक्कं च पयडीओ ॥ २७ ॥

तैजसकार्मणाभ्यां त्रयं तैजसं कार्मणेन कार्मणेन कार्मणं ।
कृतसंयोगे चतुश्चतुश्चतुर्द्विकमेकं च प्रकृतयः ॥ २७ ॥

अर्थ—तैजस शरीर और कार्मण शरीरके साथ २ औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरका क्रमसे संबंध करनेसे चार चार भेद होते हैं । तीनोंके मिलकर १२ भेद

१. सम्यक्त्वके भेदोंमें उपशम सम्यक्त्व दो प्रकार है–प्रथमोपशमसम्यक्त्व १ द्वितीयोपशमसम्यक्त्व २। इनमेंसे अनादि मिथ्यादृष्टिके पहला भेद ही होता है. अत एव दर्शनमोहनीयके ३ भेद सादि मिथ्यादृष्टिके ही होते हैं.

अर्थ—कर्मभूमिकी स्त्रियोंके अन्तके तीन अर्द्धनाराचादिसंहननोंका ही उदय होता है। आदिके तीन वज्रवृषभनाराचादिसंहनन कर्मभूमिकी स्त्रियोंके नहीं होते ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है॥ ३२॥

वर्ण नामकर्म ९ (काला १ नीला २ लाल ३ पीला ४ सफेद ५)। गंध नामकर्म १० (सुगंध १ दुर्गंध २)। रस नामकर्म ११ (तीखा अथवा चरपरा १ कडुवा २ कसैला ३ खट्टा ४ मीठा ५)। स्पर्श नामकर्म १२ (कठोर १ कोमल २ भारी ३ हलका ४ रूखा ५ चिकना ६ ठंडा ७ गर्म ८)। आनुपूर्वी नामकर्म १३ (नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी १ तिर्यंचगतिप्रायोग्यानुपूर्वी २ मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी ३ देवगतिप्रायोग्य आनुपूर्वी ४)। इस प्रकार तेरह ये और १ विहायोगति नामकर्म (प्रशस्तविहायोगति १ अप्रशस्तविहायोगति २) इस तरह सब १४ पिंडप्रकृतियां हैं। और अपिंडप्रकृतियां २८ हैं,—वे इस प्रकार हैं—

अगुरुलघुक १ उपघात २ परघात ३ उच्छ्वास ४ आतप ५ उद्योत ६ त्रस नामकर्म ७ बादर नामकर्म ८ पर्याप्त नामकर्म ९ प्रत्येकशरीर नामकर्म १० स्थिर नामकर्म ११ शुभ नामकर्म १२ सुभग नामकर्म १३ सुस्वर नामकर्म १४ आदेय नामकर्म १५ यशस्कीर्ति नामकर्म १६ निर्माण नामकर्म १७ तीर्थंकर नामकर्म १८ स्थावर नामकर्म १९ सूक्ष्म नामकर्म २० अपर्याप्त नामकर्म २१ साधारणशरीर नामकर्म २२ अस्थिर नामकर्म २३ अशुभ नामकर्म २४ दुर्भग नामकर्म २५ दुःस्वर नामकर्म २६ अनादेय नामकर्म २७ अयशस्कीर्ति नामकर्म २८।

यहां पर कोई प्रश्न कर सकता है कि, आतपप्रकृतिका उदय अग्निकायमें भी होना चाहिये, क्योंकि जो संताप करै अर्थात् उष्णपनेसे जलावै वह आतप कहा जाता है। अतः भ्रमके दूर करनेके लिये आगमसे भिन्न आतपका लक्षण गाथाद्वारा कहते हैं;—

मूलुण्हपहा अग्गी आदावो होदि उण्हसहियपहा।
आइच्चे तेरिच्छे उण्हूणपहा हु उज्जोओ॥ ३३॥

मूलोष्णप्रभः अग्निः आतापो भवति उष्णसहितप्रभः।
आदित्ये तिरश्चि उष्णोनप्रभो हि उद्योतः॥ ३३॥

अर्थ—आग के मूल और प्रभा दोनों ही उष्ण रहते हैं। इसकारण उसके स्पर्शनामकर्मके भेद उष्णस्पर्शनामकर्मका उदय जानना। और जिसकी केवल प्रभा (किरणोंका फैलाव) ही उष्ण हो उसको आतप कहते हैं। इस आतपनामकर्मका उदय सूर्यके बिम्ब (विमान) में उत्पन्नहुए बादरपर्याप्त पृथ्वीकायके तिर्यंचजीवोंके समझना। तथा जिसकी प्रभा भी उष्णता रहित हो उसको निश्चयसे उद्योत जानना॥ ३३॥

इस रीतिसे पिंड प्रकृति १४ तथा अपिंड (जुदी जुदी) प्रकृतियां २८ सब मिलकर नामकर्मकी ४२ प्रकृतियां हैं। यदि इन [illegible]

सेवट्टेण य गम्मइ आदीदो चदुसु कप्पजुगलोत्ति ।
तत्तो दुजुगलजुगले खीलियणारायणद्धोत्ति ॥ २९ ॥

सृपाटेन च गम्यते आदितः चतुर्षु कल्पयुगल इति ।
ततः द्वियुगलयुगले कीलितनाराचार्द्ध इति ॥ २९ ॥

अर्थ—सृपाटिकासंहननवाले जीव स्वर्गगतिमें जो उत्पन्न हों तो पहले–सौधर्मयुगल (सौधर्म, ऐशानस्वर्ग २) से चौथे लांतवयुगल (लांतव १ कापिष्टस्वर्ग २) तक चार युगलोंमें उत्पन्न होते हैं। फिर चौथे युगलके बाद दो दो युगलोंमें क्रमसे कीलितसंहननवाले और अर्द्धनाराचसंहननवाले जीव जन्म धारण करते हैं। अर्थात् पांचवें तथा छट्ठे स्वर्गयुगलमें कीलितसंहननवाले और सातवें तथा आठवें स्वर्गयुगलमें अर्धनाराच संहननवाले जन्म लेते हैं ॥ २९ ॥

णवगेविज्जाणुद्दिसणुत्तरवासीसु जांति ते णियमा ।
तिदुगेगे संघडणे णारायणमादिगे कमसो ॥ ३० ॥

नवग्रैवेयिकानुदिशानुत्तरवासिषु यान्ति ते नियमात् ।
त्रिद्व्येकेन संहननेन नाराचादिकेन क्रमशः ॥ ३० ॥

अर्थ—नाराच आदि तीन संहननसे अर्थात् नाराच, वज्रनाराच, वज्रवृषभनाराच इन तीन संहननोंके उदयसे ये जीव नवग्रैवेयिकमें, वज्रनाराच, वज्रवृषभनाराच, दो संहननवाले नव अनुदिशविमानोंमें, तथा वज्रवृषभनाराच संहननवाले पांच अनुत्तरविमानोंमें उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार स्वर्गमें जन्मलेनेकी मर्यादा कही ॥ ३० ॥

सण्णी छस्संहडणो वच्चदि मेघं तदो परं चावि ।
सेवट्टादीरहिदो पणपणचदुरेगसंहडणो ॥ ३१ ॥

संज्ञी षट्संहननो व्रजति मेघां ततः परं चापि ।
सृपाटिकादिरहितः पञ्चपञ्चचतुरेकसंहननः ॥ ३१ ॥

अर्थ—छह संहननवाले संज्ञी (मनसहित) जीव यदि नरकमें जन्म लेवें तो मेघानाम [illegible] नरकतक जाते हैं। सृपाटिकासंहननरहित पांच संहननवाले अरिष्टा नाम [illegible] पृथ्वीतक उपजते हैं। चार संहननवाले अर्थात् अर्द्धनाराचपर्यंतवाले पांचवीं [illegible] पृथ्वीके [illegible], और आदिके वज्रवृषभनाराचसंहननवाले [illegible] पृथ्वीतक उत्पन्न होते हैं ॥ ३१ ॥

अंतिमतियसंहडणस्सुदओ पुण कम्मभूमिमहिलाणं ।
आदिमतियसंहडणं णत्थित्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥ ३२ ॥

अन्तिमत्रिकसंहननस्योदयः पुनः कर्मभूमिमहिलानाम् ।
आदिमत्रिकसंहननं नास्तीति जिनैर्निर्दिष्टम् ॥ ३२ ॥

अर्थ—कर्मभूमिकी स्त्रियोंके अन्तके तीन अर्द्धनाराचादिसंहननोंका ही उदय होता है। आदिके तीन वज्रवृषभनाराचादिसंहनन कर्मभूमिकी स्त्रियोंके नहीं होते ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है ॥ ३२ ॥

वर्ण नामकर्म ९ (काला १ नीला २ लाल ३ पीला ४ सफेद ५)। गंध नामकर्म १० (सुगंध १ दुर्गंध २)। रस नामकर्म ११ (तीखा अथवा चरपरा १ कडुआ २ कसैला ३ खट्टा ४ मीठा ५)। स्पर्श नामकर्म १२ (कठोर १ कोमल २ भारी ३ हलका ४ रूखा ५ चिकना ६ ठंडा ७ गर्म ८)। आनुपूर्वी नामकर्म १३ (नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी १ तिर्यंचगतिप्रायोग्यानुपूर्वी २ मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी ३ देवगतिप्रायोग्य आनुपूर्वी ४)। इस प्रकार तेरह ये और १ विहायोगति नामकर्म (प्रशस्तविहायोगति १ अप्रशस्तविहायोगति २) इस तरह सब १४ पिंडप्रकृतियां हैं। और अपिंडप्रकृतियां २८ हैं,—वे इस प्रकार हैं—

अगुरुलघुक १ उपघात २ परघात ३ उच्छ्वास ४ आतप ५ उद्योत ६ त्रस नामकर्म ७ बादर नामकर्म ८ पर्याप्त नामकर्म ९ प्रत्येकशरीर नामकर्म १० स्थिर नामकर्म ११ शुभ नामकर्म १२ सुभग नामकर्म १३ सुस्वर नामकर्म १४ आदेय नामकर्म १५ यशस्कीर्ति नामकर्म १६ निर्माण नामकर्म १७ तीर्थंकर नामकर्म १८ स्थावर नामकर्म १९ सूक्ष्म नामकर्म २० अपर्याप्त नामकर्म २१ साधारणशरीर नामकर्म २२ अस्थिर नामकर्म २३ अशुभ नामकर्म २४ दुर्भग नामकर्म २५ दुःस्वर नामकर्म २६ अनादेय नामकर्म २७ अयशस्कीर्ति नामकर्म २८।

यहां पर कोई प्रश्न कर सकता है कि, आतपप्रकृतिका उदय [illegible] होना चाहिये, क्योंकि जो संताप करे अर्थात् उष्णपनेसे जलावे [illegible] है। अतः इसके दूर करनेके लिये आगमें भिन्न आतपका [illegible] हैं:—

मूलुण्हपहा अग्गी आदावो होदि उण्हसहियपहा।
आइच्चे तेरिच्छे उण्हूणपहा हु उज्जोओ ॥ ३३ ॥

मूलोष्णप्रभः अग्निः आतापो भवति उष्णसहितप्रभः।
आदित्ये तिरश्चि उष्णोनप्रभो हि उद्योतः ॥ ३३ ॥

अर्थ—[illegible]

[illegible]

उत्तर भेदोंको भी पृथक् २ गिना जाय तो ९३ भेद होते हैं। अथवा शरीर नामकर्मके दश भेदोंको भी यदि भेद विवक्षासे इनमें जोड़ा जाय तो १०३ प्रकृतियां होती हैं। इसी पक्षमें आठो कर्मोंकी मिलाकर १५८ प्रकृतियां होती हैं। यदि इन दश भेदोंको पांच शरीरमें ही गर्भित करलिया जाय तो १४८ ही प्रकृतियां होती हैं ॥ गोत्रकर्मके दो भेद हैं—ऊंच गोत्र तथा नीच गोत्र । अन्तरायकर्मके पांच भेद हैं—दानान्तराय १ लाभान्तराय २ भोगांतराय ३ उपभोगान्तराय ४ वीर्यान्तराय ५। इस तरह आठ कर्मोंके १४८ उत्तरभेद होते हैं ॥

इन प्रकृतियों—कर्मोंका और आत्माका दूध और पानीकी तरह आपसमें एकरूप होजाना यही बंध है । जैसे योग्यपात्रमें रक्खे हुए अनेक तरहके रस बीज फूल तथा फल सब मिलकर मदिरा (शराब) भावको प्राप्त होते हैं उसीप्रकार कर्मरूप होनेयोग्य कार्मणवर्गणानामके पुद्गलद्रव्य योग और क्रोधादिकषायका निमित्त पाकार कर्मभावको प्राप्त होते हैं । तभी उनमें कर्मपनेकी सामर्थ्य भी प्रगट होती है । जीवके एक समयमें होनेवाले अपने एकही परिणामसे ग्रहण (संबंध) किये हुए कर्म योग्य पुद्गल, ज्ञानावरणादि अनेकभेदरूप होकर परिणमते हैं। जैसे कि एकवार ही खाया हुआ ग्रास—अन्न रस रक्त मांस आदि अनेक धातुरूप परिणमता है ।

अब इन सब कर्मोंके भेदोंका शब्दार्थ की अपेक्षासे कार्य बताते हैं । क्योंकि कर्मोंके निमित्तसे ही जीवकी अनेक दशायें होती हैं, इस कारण सब प्रकृतियोंका स्वरूप जानना बहुत जरूरी है।

मतिज्ञानका जो आवरण करै अथवा जिसके द्वारा मतिज्ञान आवृत कियाजाय अर्थात् ढंका जाय वह **मतिज्ञानावरण कर्म** १ है। श्रुतज्ञानका जो आवरण करै वह **श्रुतज्ञानावरण** २ है। अवधिज्ञानका आवरण करै वह **अवधिज्ञानावरण** ३ है । मनःपर्ययज्ञानका जो आवरण करै वह **मनःपर्ययज्ञानावरण** ४ है। और केवलज्ञानको "आवृणोति" ढंकै वह **केवलज्ञानावरण** ५ है। इस प्रकार ज्ञानावरणके पांच भेदोंका स्वरूप कहा ॥

"आवृणोति आव्रियते अनेनेति आवरणम्" ऐसी व्युत्पत्ति है। अर्थात् जो आवरण करै या जिससे आवरण कियाजाय वह आवरण है। जो चक्षुसे दर्शन नहीं होने देवै वह **चक्षुर्दर्शनावरण** कर्म ६ है। चक्षु (नेत्र) के सिवाय दूसरी चार इन्द्रियोंसे जो दर्शन (सामान्यावलोकनको) नहीं होने दे वह **अचक्षुर्दर्शनावरण** ७ है। अवधिद्वारा दर्शन न होनेदे वह **अवधिदर्शनावरण** ८ है। केवलदर्शन अर्थात् त्रिकालमें रहनेवाले सब पदार्थोंके दर्शनका आवरण करै उसे **केवलदर्शनावरण** ९ कहते हैं। "स्त्याने स्वापे गृध्यते दीप्यते सा **स्त्यानगृद्धिः** (निद्राविशेषः) दर्शनावरणः" । धातुशब्दोंके व्याकरणमें अनेक अर्थ होते हैं। तदनुसार इस निरुक्तिमें भी "स्त्यै" धातुका अर्थ सोना और "गृधू" धातुका

१–रस रक्तादि धातुओंका परिणमन क्रमसे होता है और ज्ञानावरणादि कर्मोंका युगपत्, इतना अन्तर है।

अर्थ दीप्ति समझना। मतलब यह कि, जो सोनेमें अपना प्रकाश करै। अर्थात् जिसका उदय होनेपर यह जीव नींदमें ही उठकर बहुत पराक्रमका कार्य तो करै, परन्तु भान नहीं रहै कि क्या कियाथा, उसे **स्त्यानगृद्धि** दर्शनावरण १० कहते हैं। जिसके उदयसे निद्राकी ऊंची–पुनः २ प्रवृत्ति हो, अर्थात् जिससे आंखके पलक भी नहीं उघाडसकै उसे **निद्रानिद्रा** कर्म ११ कहते हैं। "यदुदयात् क्रिया आत्मानं पुनः पुनः प्रचलयति तत्प्रचलाप्रचलादर्शनावरणम्"। अर्थात् जिस कर्मके उदयसे क्रिया आत्माको बार २ चलावै वह **प्रचलाप्रचलादर्शनावरण** कर्म १२ है। क्योंकि शोक, अथवा खेद या मद (नशा) आदिसे उत्पन्न हुई निद्राकी अवस्थामें बैठते हुए भी शरीरके अङ्ग बहुत चलायमान होते हैं, कुछ सावधानी नहीं रहती। जिसके उदयसे मद खेद आदिक दूरकरनेकेलिये केवल सोना हो वह **निद्रादर्शनावरण** १३ है। जिसके उदयसे शरीरकी क्रिया आत्माको चलावै, और जिस निद्रामें कुछ काम करै उसकी याद भी रहै, अर्थात् कुत्तेकी तरह अल्पनिद्रा हो वह **प्रचलादर्शनावरण** कर्म १४ है। इसतरह दर्शनावरणकर्मके नव भेद कहे॥ जो उदयमें आकर देवादि गतिमें जीवको शारीरिक तथा मानसिक सुखोंकी प्राप्ति रूप साता का 'वेदयति'–भोग करावै, अथवा "वेद्यते अनेन" जिसकेद्वारा जीव उन सुखोंको भोगै वह **सातावेदनीय** कर्म १५ है। जिसके उदयका फल अनेक प्रकारके नरकादिकगतिजन्य दुःखोंका भोग–अनुभव कराना है वह **असातावेदनीयकर्म** १६ है। इस रीतिसे वेदनीय कर्म दो प्रकारका है॥ दर्शनमोहनीय कर्म बंधकी अपेक्षासे एक प्रकारका है, किंतु उदय और सत्ताकी अपेक्षा तीन तरहका कहा है। जिसके उदयसे मिथ्या (खोटा) श्रद्धान हो, अर्थात् सर्वज्ञ–कथित वस्तुके यथार्थ स्वरूपमें रुचि ही न हो, और न उस विषयमें उद्यम करै, तथा न हित अहितका विचार ही करै वह **मिथ्यात्वनाम** दर्शनमोहनीय १७ है। जिस कर्मके उदयसे सम्यक्त्वगुणका मूलसे घात तो न हो परंतु परिणामोंमें कुछ चलायमानपना तथा मलिनपना हो जाय उसे सम्यक्त्व प्रकृति कहते हैं। जैसे कि यह मंदिर मेरा है और यह उसका, तथा "शांतिनाथ" शांतिकरनेवाले हैं और "पार्श्वनाथ" रक्षाकरनेवाले, इत्यादि। जिससे श्रद्धानमें ऐसा मलिनपना हो उसे **सम्यक्त्वप्रकृति** दर्शनमोहनीयकर्म १८ कहते हैं। इस प्रकृतिवाला सम्यग्दृष्टि ही कहलाता है। जिस कर्मके उदयसे परिणामोंमें वस्तुका यथार्थ श्रद्धान और अयथार्थ श्रद्धान दोनों ही मिले हुए हों उसे **सम्यग्मिथ्यात्व** दर्शनमोहनीयकर्म १९ कहते हैं। इन परिणामोंको सम्यक्त्व या मिथ्यात्व दोनोंमेंसे किसीमें भी नहीं कहसकते, अतएव यह तीसरा भेद पृथक् ही माना है। इस प्रकार दर्शनमोहनीयके तीन भेद कहे॥ चारित्रमोहनीयके दो भेद

---

१ इसमें कोदों चावलका दृष्टान्त दिया है, जैसे कि कोदों चावल यद्यपि मादक (नशा करनेवाले) हैं फिर भी यदि वे पानीसे धोडाले जांय तो उनकी कुछ मादकशक्ति रह जाती है, और कुछ चली जाती है। इसी प्रकार जब मिथ्यात्वप्रकृतिकी शक्ति भी उपशम सम्यक्त्वरूप जलसे धुलकर कुछ कम हो जाती है तब उसको ही सम्यग्मिथ्यात्व या मिश्र प्रकृति कहते हैं।

कहे हैं,–१ कषाय वेदनीय २ नोकषाय वेदनीय । उनमेंसे कषाय वेदनीय सोलह प्रकार
है; उसको कहते हैं।–"कषन्ति–हिंसन्तीति कषायाः" । जो घात करें अर्थात् गुणको
ढकें–प्रकट नहीं होने दें उनको कषाय कहते हैं । उसके क्रोध, मान, माया, लोभ, ये
चार भेद हैं। इनकी भी चार २ अवस्था हैं।–अनंतानुबंधी, अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान
संज्वलन। इन अवस्थाओंका स्वरूप भी क्रमसे कहते हैं।—अनन्त नाम संसारका है; परन्तु
जो उसका कारण हो वह भी अनन्त कहा जाता है । जैसे कि प्राणके कारण अन्नको भी
प्राण कहते हैं । सो यहां पर मिथ्यात्व परिणामको अनन्त कहा गया है। क्योंकि वह
अनंत–संसारका कारण है। जो इस अनंत–मिथ्यात्वके अनु–साथ २ बंधे उस कषायको
अनन्तानुबंधी कहते हैं। उसके चार भेद हैं। क्रोध २० मान २१ माया २२ लोभ २३।
जो "अ" अर्थात् ईषत्–थोड़ेसे भी प्रत्याख्यानको न होनेदे, अर्थात् जिसके उदयसे जीव
श्रावकके व्रत भी धारण न करसके उस क्रोध २४ मान २५ माया २६ लोभ २७ रूप
चारित्रमोहनीयकर्मको अप्रत्याख्यानावरण कहते हैं । जिसके उदयसे प्रत्याख्यान अर्थात्
सर्वथा त्यागका आवरण हो, महाव्रत नहीं होसकें उसे **प्रत्याख्यानावरण क्रोध** २८
मान २९ **माया** ३० **लोभ** ३१ कषायवेदनीय जानना । जिसके उदयसे संयम "सं"–एक
रूप होकर "ज्वलति"–प्रकाश करे, अर्थात् जिसके उदयसे कषाय अंशसे मिला हुआ संयम
रहे, कषायरहित निर्मल यथाख्यात संयम न होसके उसे **संज्वलन क्रोध** ३२ **मान** ३३
माया ३४ **लोभ** ३५ कषाय वेदनीय कहते हैं। यह कर्म यथाख्यातचारित्रको घातता है।
अब नोकषायवेदनीय जो नौ प्रकारका है उसे कहते हैं।—जो नो अर्थात् ईषत्-थोड़ा कषाय
हो–प्रबल नहीं हो उसे नोकषाय कहते हैं। उसका जो अनुभव करावे वह नोकषायवेदनीय
कर्म कहा जाता है। जिसके उदयसे **हास्य** प्रगट हो वह हास्य कर्म ३६ है। जिसके उदयसे
देश धन पुत्रादिमें विशेष प्रीति हो उसे **रति** कर्म ३७ कहते हैं । जिसके उदयसे देश
आदिमें अप्रीति हो उसको **अरति** कर्म ३८ कहते हैं। जिसके उदयसे इष्टके वियोग होनेपर
क्लेश हो वह **शोक** कर्म ३९ है। जिसके उदयसे उद्वेग (चित्तमें घबराहट) हो उसे **भय**
कर्म ४० कहते हैं । जिसके उदयसे ग्लानि अर्थात् अपने दोषको ढकना और दूसरेके
दोषको प्रगट करना हो वह **जुगुप्सा** कर्म ४१ है। जिसके उदयसे स्त्रीसंबंधी भाव (मृदु-
स्वभावका होना, मायाचारकी अधिकता, नेत्रविभ्रम आदिद्वारा पुरुषके साथ रमनेकी इच्छा
आदि) हों उसको **स्त्रीवेद** कर्म ४२ कहते हैं। जिसके उदयसे स्त्रीमें रमणकरनेकी इच्छा
आदि परिणाम हों उसे **पुरुषवेद** कर्म ४३ कहते हैं । और जिसकर्मके उदयसे स्त्री तथा
पुरुष दोनोंमें रमण करनेकी इच्छा आदि मिश्रित भाव हों उसको **नपुंसकवेद** कर्म ४४ कहते
। इस तरह नव भेद नोकषायके और १६ भेद कषायके सब मिलकर २५ भेद चारित्र-
भण्डारी मूलानां नोकर्म द्रव्यकर्म तु ॥ ६९ ॥

अर्थ—द्रव्यनिक्षेपकर्मका जो एक भेद 'नोकर्मतद्व्यतिरिक्त' है उसीको यहां नोकर्म शब्दसे समझना । और जिस प्रकृतिके फल देनेमें जो निमित्तकारण हो (सहायता करता हो) वही उस प्रकृतिका नोकर्म जानना । इस अभिप्रायको धारण करके ही यहांपर नोकर्मोंको वताते हैं।—ज्ञानावरणादि ८ मूलप्रकृतियोंके नोकर्म द्रव्यकर्म क्रमसे, वस्तुके चारोंतरफ लगा हुआ कनातका कपड़ा १, द्वारपाल २, शहत लपेटी तलवारकी धार ३, शराव ४; अन्नादि आहार ५, शरीर ६; प्रशस्त अप्रशस्त शरीर ७, और भंडारी ८, ये आठ जानना ॥ ६९ ॥

आगे उत्तरप्रकृतियोंके नोकर्म कहते हैं;—

पडविसयपहुदि दव्वं मदिसुदवाघादकरणसंजुत्तं ।
मदिसुदवोहाणं पुण णोकम्मं दवियकम्मं तु ॥ ७० ॥

पटविषयप्रभृति द्रव्यं मतिश्रुतव्याघातकरणसंयुक्तम् ।
मतिश्रुतवोधयोः पुनः नोकर्म द्रव्यकर्म तु ॥ ७० ॥

अर्थ—वस्तुस्वरूपके ढंकनेवाले वस्त्र आदि पदार्थ मतिज्ञानावरणके नोकर्म द्रव्यकर्म हैं । और इन्द्रियोंके रूपादिकविषय श्रुतज्ञान (शास्त्रज्ञान व एक पदार्थसे दूसरे पदार्थके ज्ञान) को नहीं होने देते इस कारण श्रुतज्ञानावरण कर्मके नोकर्म हैं । अर्थात् जो विषयोंमें मग्न रहता है उसे शास्त्रके विचार करनेमें रुचि नहीं होती । इसलिये (शास्त्रज्ञान अथवा अपने आत्माके स्वरूपका विचार करनेमें बाधा करनेवाले होनेसे) इन्द्रियोंके विषयोंको श्रुतज्ञानावरणका नोकर्म कहा है ॥ ७० ॥

अब अवधिज्ञानावरण और मनःपर्ययज्ञानावरणके नोकर्म दिखाते हैं;—

ओहिमणपज्जवाणं पडिघादणिमित्तसंकिलेसयरं ।
जं वज्झट्ठं तं खलु णोकम्मं केवले णत्थि ॥ ७१ ॥

अवधिमनःपर्ययोः प्रतिघातनिमित्तसंक्लेशकरः ।
यः बाह्यार्थः स खलु नोकर्म केवले नास्ति ॥ ७१ ॥

अर्थ—अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान इन दोनोंके घात करनेका निमित्त कारण जो संक्लेशरूप (खेदरूप) परिणाम उसको करनेवाली जो बाह्य वस्तु वह अवधिज्ञानावरण तथा मनःपर्ययज्ञानावरणका नोकर्म है । और केवलज्ञानावरणका नोकर्म द्रव्यकर्म कोई वस्तु नहीं है । क्योंकि केवलज्ञान क्षायिक (कर्मोंके क्षयसे प्रगट) है । वहां संक्लेशरूप परिणाम नहीं हो सकते । और इसीलिये उस केवलज्ञानका घात करनेवाले संक्लेशरूप परिणामोंको कोई भी वस्तु उत्पन्न ही नहीं कर सकती ॥ ७१ ॥

अब दर्शनावरणके भेदोंके नोकर्म कहते हैं;—

पंचण्हं णिद्दाणं माहिसदहिपहुदि होदि णोकम्मं ।
वाघादकरपडादी चक्खुअचक्खूण णोकम्मं ॥ ७२ ॥

पञ्चानां निद्राणां माहिषदधिप्रभृति भवति नोकर्म ।
व्याघातकरपटादि चक्षुरचक्षुषोः नोकर्म ॥ ७२ ॥

अर्थ—पांच निद्राओंका नोकर्म, भैंसका दही लहसन खलि इत्यादिक हैं । क्योंकि ये निद्राकी अधिकता करनेवाली वस्तुएं हैं । और चक्षु तथा अचक्षुदर्शनके रोकनेवाले वस्त्र वगैरह द्रव्य चक्षुदर्शनावरण और अचक्षुदर्शनावरणकर्मके नोकर्म द्रव्यकर्म हैं ॥ ७२ ॥

ओहीकेवलदंसणणोकम्मं ताण णाणभंगो व ।
सादेदरणोकम्मं इट्ठाणिट्ठण्णपाणादी ॥ ७३ ॥

अवधिकेवलदर्शननोकर्म तयोः ज्ञानभङ्गो वा ।
सातेतरनोकर्म इष्टानिष्टान्नपानादि ॥ ७३ ॥

अर्थ—अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरणका नोकर्म अवधिज्ञानावरण तथा केवलज्ञानावरणके नोकर्मकी तरह ही जानना । और सातावेदनीय तथा असातावेदनीयका नोकर्म क्रमसे अपनेको रुचनेवाली तथा अपनेको नहीं रुचै ऐसी खाने पीने वगैरहकी वस्तु जानना ॥ ७३ ॥

अब मोहनीयकर्मके भेदोंके नोकर्म दिखाते हैं,—

आयदणाणायदणं सम्मे मिच्छे य होदि णोकम्मं ।
उभयं सम्मामिच्छे णोकम्मं होदि णियमेण ॥ ७४ ॥

आयतनानायतनं सम्यक्त्वे मिथ्यात्वे च भवति नोकर्म ।
उभयं सम्यग्मिथ्यात्वे नोकर्म भवति नियमेन ॥ ७४ ॥

अर्थ—जिन १, जिनमंदिर २, जिनागम ३, जिनागमके धारणकरनेवाले ४, तप ५, और तपके धारक ६, ये छह आयतन सम्यक्त्वप्रकृतिके नोकर्म हैं । और कुदेव १, कुदेवका मंदिर २, कुशास्त्र ३, कुशास्त्रके धारक ४, खोटी तपस्या ५, खोटी तपस्याके करनेवाले ६, ये ६ अनायतन मिथ्यात्वप्रकृतिके नोकर्म हैं । तथा आयतन और अनायतन दोनों मिलेहुए सम्यग्मिथ्यात्व दर्शनमोहनीयके नोकर्म हैं । ऐसा निश्चय कर समझना ॥ ७४ ॥

अणणोकम्मं मिच्छत्तायदणादी हु होदि सेसाणं ।
सगसगजोग्गं सत्थं सहायपहुदी हवे णियमा ॥ ७५ ॥

अननोकर्म मिथ्यात्वायतनादि हि भवति शेषाणाम् ।
स्वकस्वकयोग्यं शास्त्रं सहायप्रभृति भवेत् नियमात् ॥ ७५ ॥

अर्थ—अनन्तानुबंधीकषायके नोकर्म मिथ्याआयतन अर्थात् कुदेव वगैरह छह अनायतन हैं। और बाकी बची हुई बारह कषायोंके नोकर्म, देशचारित्र, सकलचारित्र तथा यथाख्यातचारित्रके घातमें सहायता करनेवाले काव्यनाटक कोक वगैरः शास्त्र, और पापी जार (कुशीली) पुरुषोंकी संगति करना, इत्यादिक हैं। ऐसा नियमसे जानना ॥ ७५ ॥

थीपुंसंढसरीरं ताणं णोकम्म दव्वकम्मं तु ।
वेलंबको सुपुत्तो हस्सरदीणं च णोकम्मं ॥ ७६ ॥

स्त्रीपुंषण्ढशरीरं तेषां नोकर्म द्रव्यकर्म तु ।
विडम्बकः सुपुत्रः हास्यरत्योः च नोकर्म ॥ ७६ ॥

अर्थ—स्त्रीवेदका नोकर्म स्त्रीका शरीर, पुरुषवेदका नोकर्म पुरुषका शरीर है, और नपुंसकवेदका नोकर्म द्रव्यकर्म उक्त दोनोंका कुछ कुछ मिश्रित चिन्हरूप नपुंसकका शरीर है। हास्यकर्मके नोकर्म विदूषक वा बहुरूपिया वगैरह हैं जो कि हँसी ठट्ठा करनेके पात्र हैं। रतिकर्मका नोकर्म अच्छा गुणवान् पुत्र है; क्योंकि गुणवान् पुत्रपर अधिक प्रीति होती है ॥ ७६ ॥

इट्ठाणिट्ठवियोग-जोगं अरदिस्स मुदसुपुत्तादी ।
सोगस्स य सिंहादी णिंदिददव्वं च भयजुगले ॥ ७७ ॥

इष्टानिष्टवियोगयोगः अरतेः मृतसुपुत्रादयः ।
शोकस्य च सिंहादयः निन्दितद्रव्यं च भययुगले ॥ ७७ ॥

अर्थ—अरतिकर्मका नोकर्मद्रव्य इष्टका (प्रियवस्तुका) वियोग होना और अनिष्ट अर्थात् अप्रियवस्तुका संयोग (प्राप्ति) होना है। शोकका नोकर्मद्रव्य सुपुत्र स्त्री वगैरहका मरना है। और सिंह आदिक भयके करनेवाले पदार्थ भयकर्मके नोकर्म द्रव्य हैं। तथा निंदित वस्तु जुगुप्साकर्मकी नोकर्मद्रव्य है ॥ ७७ ॥

अब आयुकर्मके भेदोंके तथा नामकर्मके भेदोंके नोकर्म कहते हैं;—

णिरयायुस्स अणिट्ठाहारो सेसाणमिट्ठमण्णादी ।
गदिणोकम्मं दव्वं चउग्गदीणं हवे खेत्तं ॥ ७८ ॥

निरयायुषः अनिष्टाहारः शेषाणामिष्टान्नादयः ।
गतिनोकर्म द्रव्यं चतुर्गतीनां भवेत् क्षेत्रम् ॥ ७८ ॥

अर्थ—अनिष्ट आहार अर्थात् नरककी विषरूप मट्टी आदि नरकायुका नोकर्मद्रव्य है। और बाकी तिर्यचआदि तीन आयुकर्मोंका नोकर्म इन्द्रियोंको प्रिय लगे ऐसा अन्न पानी वगैरः है। और गतिनामकर्मका नोकर्म द्रव्य चारगतियोंका क्षेत्र (स्थान) है ॥ ७८ ॥

णिरयादीण गदीणं णिरयादी खेत्तयं हवे णियमा ।
जाईए णोकम्मं दव्विंदियपोग्गलं होदि ॥ ७९ ॥

निरयादीनां गतीनां निरयादि क्षेत्रकं भवेत् नियमात् ।
जातेः नोकर्म द्रव्येन्द्रियपुद्गलो भवति ॥ ७९ ॥

अर्थ—नरकादि चार गतियोंका नोकर्मद्रव्य नियमसे नरकादि गतियोंका अपना अपना क्षेत्र है। और जातिकर्मका नोकर्म द्रव्येन्द्रियरूप पुद्गलकी रचना है ॥ ७९ ॥

एइंदियमादीणं सगसगदव्विंदियाणि णोकम्मं ।
देहस्स य णोकम्मं देहुदयजदेहखंधाणि ॥ ८० ॥

एकेन्द्रियादीनां स्वकस्वकद्रव्येन्द्रियाणि नोकर्म ।
देहस्य च नोकर्म देहोदयजदेहस्कंधाः ॥ ८० ॥

अर्थ—एकेन्द्रिय आदिक पांच जातियोंके नोकर्म अपनी २ द्रव्येन्द्रियें हैं। और शरीर नामकर्मका नोकर्मद्रव्य शरीरनाम कर्मके उदयसे उत्पन्न हुए अपने शरीरके स्कंधरूप पुद्गल जानना ॥ ८० ॥

ओरालियवेगुव्वियआहारयतेजकम्मणोकम्मं ।
ताणुदयजचउदेहा कम्मे विस्संचयं णियमा ॥ ८१ ॥

औदारिकवैगूर्विकाहारकतेजःकर्मनोकर्म ।
तेषामुदयजचतुर्देहा कर्मणि विश्रसोपचयो नियमात् ॥ ८१ ॥

अर्थ— औदारिक–वैक्रियिक–आहारक–तैजस शरीरनामकर्मका नोकर्मद्रव्य अपने २ उदयसे प्राप्त हुई शरीरवर्गणा हैं। क्योंकि उन वर्गणाओंसे ही शरीर बनता है। और कार्माणशरीरका नोकर्मद्रव्य विस्रसोपचयरूप (स्वभावसे कर्म रूप होनेयोग्य कार्मण वर्गणा) परामाणू हैं ॥ ८१ ॥

बंधणपहुदिसमण्णियसेसाणं देहमेव णोकम्मं ।
णवरि विसेसं जाणे सगखेत्तं आणुपुव्वीणं ॥ ८२ ॥

बन्धनप्रभृतिसमन्वितशेषाणां देहमेव नोकर्म ।
नवरि विशेषं जानीहि स्वकक्षेत्रमानुपूर्वीणाम् ॥ ८२ ॥

अर्थ—शरीरबंधननामकर्मसे लेकर जितनी पुद्गलविपाकी प्रकृतियां हैं उनका, और पहले कही हुई प्रकृतियोंके सिवाय जीवविपाकी प्रकृतियोंमेंसे जितनी बाकी बचीं उनका नोकर्म शरीर ही है। क्योंकि उन प्रकृतियोंसे उत्पन्न हुए सुखादिरूप कार्यका कारण शरीर ही है। क्षेत्रविपाकी चार आनुपूर्वी प्रकृतियोंका नोकर्मद्रव्य अपना २ क्षेत्र ही है, इतनी विशेष बात जाननी ॥ ८२ ॥

थिरजुम्मस्स थिराथिररसरुहिरादीणि सुहजुगस्स सुहं ।
असुहं देहावयवं सरपरिणदपोग्गलाणि सरे ॥ ८३ ॥

स्थिरयुग्मस्य स्थिरास्थिररसरुधिरादयः शुभयुगस्य शुभः ।
अशुभो देहावयवः स्वरपरिणतपुद्गलाः स्वरे ॥ ८३ ॥

अर्थ—स्थिरकर्मका नोकर्म अपने २ ठिकानेपर स्थिर रहनेवाले रस लोही वगैरः हैं और अस्थिर प्रकृतिके नोकर्म अपने २ ठिकानेसे चलायमान हुए रस लोही आदिक हैं। शुभ प्रकृतिके नोकर्मद्रव्य शरीरके शुभ अवयव हैं, तथा अशुभ प्रकृतिके नोकर्मद्रव्य शरीरके अशुभ (जो देखनेमें सुन्दर न हों ऐसे) अवयव हैं। स्वर नामकर्मका नोकर्म सुस्वर–दुःस्वररूप परिणमे पुद्गल परमाणु हैं ॥ ८३ ॥

अब गोत्रकर्म तथा अंतरायकर्मके भेदोंके नोकर्म दिखाते हैं;—

उच्चस्सुच्चं देहं णीचं णीचस्स होदि णोकम्मं ।
दाणादिचउक्काणं विग्घगणगपुरिसपहुदी हु ॥ ८४ ॥

उच्चस्योच्चं देहं नीचं नीचस्य भवति नोकर्म ।
दानादिचतुर्णां विघ्नकनगपुरुषप्रभृतयो हि ॥ ८४ ॥

अर्थ—उच्चगोत्रका नोकर्मद्रव्य लोकपूजितकुलमें उत्पन्न हुआ शरीर है। और नीच गोत्रका नोकर्म लोकनिंदित कुलमें प्राप्त हुआ शरीर है। दानादिक चारका अर्थात् दान १ लाभ २ भोग ३ और उपभोगान्तराय ४ कर्मका नोकर्मद्रव्य दानादिकमें विघ्न करनेवाले पर्वत, नदी, पुरुष, स्त्री वगैरः जानने ॥ ८४ ॥

विरियस्स य णोकम्मं रुक्खाहारादिबलहरं दव्वं ।
इदि उत्तरपयडीणं णोकम्मं दव्वकम्मं तु ॥ ८५ ॥

वीर्यस्य च नोकर्म रूक्षाहारादि बलहरं द्रव्यम् ।
इति उत्तरप्रकृतीनां नोकर्म द्रव्यकर्म तु ॥ ८५ ॥

अर्थ—वीर्यांतराय कर्मके नोकर्म रूखा आहार वगैरः बलके नाश करनेवाले पदार्थ हैं। इसप्रकार उत्तरप्रकृतियोंके नोकर्म द्रव्यकर्मका स्वरूप कहा ॥ ८५ ॥

अब नोआगमभावकर्मको कहते हैं;—

णोआगमभावो पुण सगसगकम्मफलसंजुदो जीवो ।
पोग्गलविवाइयाणं णत्थि खु णोआगमो भावो ॥ ८६ ॥

नोआगमभावः पुनः स्वकस्वककर्मफलसंयुतो जीवः ।
पुद्गलविपाकिनां नास्ति खलु नोआगमो भावः ॥ ८६ ॥

अर्थ—जिस २ कर्मका जो २ फल है उस फलको भोगतेहुए जीवको ही उस २ कर्मका नोआगमभावकर्म जानना । पुद्गलविपाकी प्रकृतियोंका नोआगमभावकर्म नहीं होता । क्योंकि उनका उदय होनेपर भी जीवविपाकी प्रकृतियोंकी सहायताके विना साताजन्य सुखादिककी उत्पत्ति नहीं होसकती ॥ इसतरह सामान्यकर्मकी मूल उत्तर दोनों प्रकृतियोंके चार निक्षेप कहे ॥ ८६ ॥

इति प्रकृतिसमुत्कीर्तननामा प्रथमोधिकारः ॥ १ ॥

अब बंध-उदय-सत्त्वनामा दूसरे अधिकारको कहनेके पूर्व आचार्य मंगलाचरणपूर्वक उसके कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं;—

णमिऊण णेमिचंदं असहायपरक्कमं महावीरं ।
बंधुदयसत्तजुत्तं ओघादेसे थवं वोच्छं ॥ ८७ ॥

नत्वा नेमिचन्द्रमसहायपराक्रमं महावीरम् ।
बन्धोदयसत्त्वयुक्तमोघादेशे स्तवं वक्ष्यामि ॥ ८७ ॥

अर्थ—मैं-नेमिचन्द्र आचार्य, कर्मरूप वैरीके जीतनेमें असहाय-किसी दूसरेकी सहायताकी अपेक्षा जिसमें नहीं है ऐसे पराक्रमवाले, तथा महावीर अर्थात् वंदनेवालोंको मनवांछित फलके देनेवाले, ऐसे नेमिनाथ तीर्थंकररूपी चंद्रमाको नमस्कार करके, गुणस्थान और मार्गणास्थानोंमें कर्मोंके बंध-उदय-सत्त्वको बतानेवाले, और जिसमें कि सर्वांग अर्थके विस्तारका संक्षेपसे कथन है ऐसे स्तवरूप ग्रंथको अब कहूंगा ॥ ८७ ॥

अब स्तवका लक्षण कहते हैं;—

सयलंगेक्कंगेक्कंगहियार सवित्थरं ससंखेवं ।
वण्णणसत्थं थयथुइधम्मकहा होइ णियमेण ॥ ८८ ॥

सकलाङ्गैकाङ्गैकाङ्गमधिकारं सविस्तरं ससंक्षेपम् ।
वर्णनशास्त्रं स्तवस्तुतिधर्मकथा भवति नियमेन ॥ ८८ ॥

अर्थ—जिसमें सर्वांगसंबंधी अर्थ विस्तारसहित अथवा संक्षेपतासे कहा जाय ऐसे शास्त्रको स्तव कहते हैं । और जिसमें एक अंग (अंश) का अर्थ विस्तारसे अथवा संक्षेपसे हो उस शास्त्रको स्तुति कहते हैं । तथा अंगके एक अधिकारका अर्थ (पदार्थ) जिसमें विस्तारसे वा संक्षेपसे कहाजाय उसे वस्तु कहते हैं । और प्रथमानुयोगादि शास्त्रोंको धर्मकथा कहते हैं ॥ ८८ ॥

इसलिये (स्तव कहनेसे) यहांपर बंध-उदय-सत्त्वका सब तरहसे विस्तारपूर्वक कथन किया जायगा, ऐसा समझना चाहिये ॥

आगे कर्मकी बंधआदि तीन–बंध उदय और सत्ता अवस्थाओंमेंसे क्रमानुसार पहिले बंध अवस्थाको कहते हैं;—

पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसबंधोत्ति चदुविहो बंधो।
उक्कस्समणुक्कस्सं जहण्णमजहण्णगंति पुधं॥ ८९॥

प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबन्ध इति चतुर्विधो बन्धः।
उत्कृष्टोनुत्कृष्टः जघन्योऽजघन्यक इति पृथक्॥ ८९॥

अर्थ—प्रकृतिबंध १ स्थितिबंध २ अनुभागबंध ३ और प्रदेशबंध ४ इसतरह बंधके चार भेद हैं। तथा इनमें भी हरएक बंधके उत्कृष्ट १ अनुत्कृष्ट २ जघन्य ३ और अजघन्य ४ इसतरह चार २ भेद हैं॥ ८९॥

प्रकृति आदि चार तरहके बंधोंका स्वरूप इसप्रकार है—प्रकृति अर्थात् स्वभाव उसका जो बंध सो प्रकृतिबंध। जैसे नीमका स्वभाव कडुआ और ईखका स्वभाव मीठा होता है, उसीतरह ज्ञानावरणादि कर्मोंकी प्रकृति (स्वभाव) ज्ञानको ढंकना (रोकना) आदिक है। कर्मोंके इन स्वभावोंका आत्माके संबंधको पाकर प्रकट होना **प्रकृतिबंध** है। और आत्माके साथ कर्मोंके रहनेकी मर्यादा (मियाद) को **स्थितिबंध** कहते हैं। कर्मोंके फल देनेकी शक्तिकी हीनता वा अधिकताको **अनुभागबंध** कहते हैं। तथा बंधनेवाले कर्मोंकी संख्याको **प्रदेशबंध** कहते हैं॥

आगे उत्कृष्टादिकके भी भेद कहते हैं;—

सादिअणादी धुव अद्धुवो य बंधो दु जेट्ठमादीसु।
णाणेगं जीवं पडि ओघादेसे जहाजोग्गं॥ ९०॥

साद्यनादी ध्रुवः अध्रुवश्च बन्धस्तु ज्येष्ठादिषु।
नानैकं जीवं प्रति ओघादेशे यथायोग्यम्॥ ९०॥

अर्थ—उत्कृष्ट आदिक भेदोंके भी सादि (जिसका छूटकर पुनः बंध हो) १, अनादिबंध (अनादिकालसे जिसके बंधका अभाव न हुआ हो) २, ध्रुवबंध ३ अर्थात् जिसका निरंतर बंध हुआ करै, और अध्रुवबंध ४ अर्थात् जो अंतरसहित बंध हो, इसप्रकार चार २ भेद हैं। इन बंधोंको नानाजीवोंकी तथा एक जीवकी अपेक्षासे गुणस्थान और मार्गणास्थानोंमें यथासंभव घटित करलेना चाहिये॥ ९०॥

ठिदिअणुभागपदेसा गुणपडिवण्णेसु जेसिमुक्कस्सा।
तेसिमणुक्कस्सो चउविहोऽजहण्णेवि एमेव॥ ९१॥

स्थित्यनुभागप्रदेशा गुणप्रतिपन्नेषु येषामुत्कृष्टाः।
तेषामनुत्कृष्टः चतुर्विधः अजघन्येपि एवमेव॥ ९१॥

अर्थ—गुणप्रतिपन्न अर्थात् मिथ्यादृष्टि सासादनादिक ऊपर ऊपरके गुणस्थानवर्ती जीवोंमें जिन कर्मोंका स्थिति-अनुभाग-प्रदेशबंध उत्कृष्ट होता है उन्हीं कर्मोंका अनुत्कृष्ट स्थिति, अनुभाग, प्रदेशबंध भी सादिबंधादिके भेदसे चार तरहका होता है। इसीतरह अजघन्य भी चार प्रकार है, अर्थात् जिन कर्मोंका स्थिति-अनुभाग-प्रदेशबंध ऊपर २ के गुणस्थानोंमें जघन्य पाया जाता है उन्हीं कर्मोंका अजघन्यबंध भी चार प्रकारका होता है ॥ ९१ ॥

इनका लक्षण आगे कहेंगे। परन्तु कुछ, उदाहरण के लिये थोड़ासा यहांपर भी दिखा-देते हैं—जैसे उपशमश्रेणी चढनेवाला जीव सूक्ष्मसांपराय (दशवां) गुणस्थानवर्ती हुआ। वहांपर ऊंचगोत्रका उत्कृष्ट अनुभाग बंध करके पीछे वह उपशांतकषाय (ग्यारहवां) गुण-स्थानवर्ती हुआ। फिर वहांसे उतरके सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानमें आया। तब वहांपर उसने अनुत्कृष्ट ऊंचगोत्रका अनुभागबंध किया। उस जगह इस अनुत्कृष्ट उच्चगोत्रके अनुभागको सादिबंध कहते हैं। क्योंकि पहले इस बंधका अभाव हुआ था फिर उत्पत्ति (सद्भाव) हुई। और सूक्ष्मसांपरायसे नीचे रहनेवाले जीवोंके वह बंध अनादि है। अभव्य जीवोंके वह बंध ध्रुव है। तथा उपशमश्रेणीवालेके अनुत्कृष्ट बंधको छोड़कर जो उत्कृष्ट बंध होता है वह अध्रुवबन्ध है। इसप्रकार अनुत्कृष्ट उच्चगोत्रके अनुभागबंधमें चार भेद दिखलाये॥ अब अजघन्यके चार भेद कहते हैं—जैसे कोई मिथ्यादृष्टि जीव सातवें नरककी पृथ्वीमें प्रथमोपशमसम्यक्त्वके सन्मुख हुआ। वहांपर मिथ्यादृष्टि (पहला) गुणस्थानके अंतसमयमें जघन्य नीचगोत्रका अनुभागबंध किया। फिर सम्यग्दृष्टि हुआ। उसके बाद फिर मिथ्यात्वके उदयसे मिथ्यादृष्टि हुआ। वहांपर वह नीचगोत्रके अजघन्य अनुभागको बांधता है। उस जगह इस अजघन्य नीचगोत्रके अनुभागबंधको सादि कहना। फिर उसी मिथ्यादृष्टि जीवके द्वितीयादिक समयोंमें जो बंध है वह अनादि है। अभव्य जीवके वह बंध ध्रुव है। और जहां अजघन्यको छोड़ जघन्यको प्राप्त हुआ वहांपर वह बंध अध्रुव है। इसतरह अजघन्य नीचगोत्रके अनुभागबंधमें सादि-अनादि-ध्रुव-अध्रुव चार भेद कहे॥ इसीप्रकार जहां जैसा संभव हो वहां वैसा अन्य बंधोंमें भी सादि वगैरः चार भेद समझलेना। प्रकृतिबंधमें उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट-अजघन्य-जघन्य ये भेद नहीं हैं। बाकी स्थिति अनुभाग और प्रदेशबंध इन तीनमें ही ये उत्कृष्टादिक भेद होते हैं॥

आगे गुणस्थानोंमें प्रकृतिबंधका नियम कहते हैं;—

सम्मेव तित्थबंधो आहारदुगं पमादरहिदेसु ।
मिस्सूणे आउस्स य मिच्छादिसु सेसबंधोदु ॥ ९२ ॥

सम्यक्त्वे एव तीर्थबन्ध आहारद्विकं प्रमादरहितेषु ।
मिश्रोने आयुषश्च मिथ्यात्वादिषु शेषबन्धस्तु ॥ ९२ ॥

अर्थ—असंयत-चतुर्थ-गुणस्थानसे लेकर आठवें गुणस्थान—अपूर्वकरणके छटे भागतक-

के सम्यग्दृष्टिके ही तीर्थंकर प्रकृतिका बंध होता है । आहारकशरीर और आहारक अङ्गोपाङ्ग प्रकृतियोंका बंध अप्रमत्त (सातवें) गुणस्थानसे लेकर अपूर्वकरणके छठे भागतक ही होता है । और आयुकर्मका बंध मिश्र गुणस्थान तथा निर्वृत्त्यपर्याप्त अवस्थाको प्राप्त मिश्रकाययोग इन दोनोंके सिवाय मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्त गुणस्थानतक ही होता है । तथा बाकी बची प्रकृतियोंका बंध मिथ्यादृष्टि वगैरः गुणस्थानोंमें अपनी २ बंधकी व्युच्छित्तितक होता है ॥ ९२ ॥

अब तीर्थंकरप्रकृतिके बंधका विशेष नियम दिखाते हैं;—

पढमुवसमिये सम्मे सेसतिये अविरदादिचत्तारि ।
तित्थयरबंधपारंभया णरा केवलिदुगंते ॥ ९३ ॥

प्रथमोपशमे सम्यक्त्वे शेषत्रये अविरतादिचत्वारः ।
तीर्थंकरबन्धप्रारम्भका नराः केवलिद्विकान्ते ॥ ९३ ॥

अर्थ—प्रथमोपशमसम्यक्त्वमें अथवा बाकीके तीनों—द्वितीयोपशमसम्यक्त्व—क्षायोपशमसम्यक्त्व और क्षायिकसम्यक्त्वकी अवस्थामें, असंयतसे लेकर अप्रमत्तगुणस्थानतक चार गुणस्थानोंवाले मनुष्य ही, केवली—तीन जगत्‌को प्रत्यक्ष देखनेवाले तीर्थंकर (हितोपदेशी सर्वज्ञ) तथा श्रुतकेवली (द्वादशाङ्गके पारगामी) के निकट ही तीर्थंकरप्रकृतिके बंधका आरंभ करते हैं ॥ ९३ ॥

अब चौदह गुणस्थानोंमें कर्मप्रकृतियोंके बंधकी व्युच्छित्तिकी संख्या कहते हैं.—

सोलस पणवीस णभं दस चउ छक्केक बंधवोछिण्णा ।
दुग तीस चदुरपुव्वे पण सोलस जोगिणो एक्को ॥ ९४ ॥

षोडश पञ्चविंशतिः नभः दश चतस्रः षडेकैकं बन्धव्युच्छिन्नाः ।
द्विकं त्रिंशत् चतस्रः अपूर्वे पञ्च षोडश योगिनः एका ॥ ९४ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि—पहले गुणस्थानके अन्तसमयमें सोलह प्रकृतियें बंधसे व्युच्छिन्न होती हैं (बिछुड़ जाती हैं) । अर्थात् पहले गुणस्थानतक ही उनका बंध होता है, उससे आगेके गुणस्थानोंमें उनका बंध नहीं होता । इसीप्रकार दूसरे गुणस्थानमें २५ प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है । तीसरेमें शून्य अर्थात् किसी प्रकृतिकी व्युच्छित्ति नहीं होती । चौथे

---

१ [illegible]

दशकी, पांचवेंमें चारकी, छट्ठेमें छहकी, सातवेंमें एक प्रकृतिकी व्युच्छित्ति होती है। आठवें अपूर्वकरणगुणस्थानके सात भागोंमेंसे पहले भागमें दोकी, तथा दूसरे भागसे पांचवें भागतक शून्य, छठे भागमें तीसकी, सातवें भागमें चार प्रकृतियोंकी बंधसे व्युच्छित्ति होती है। नवमेंमें पांचकी, दसवेंमें सोलहकी, ग्यारहवें बारहवें गुणस्थानमें शून्य, तेरहवें संयोगकेवली गुणस्थानमें एक प्रकृतिकी बंधव्युच्छित्ति होती है। चौदहवें गुणस्थानमें बंध भी नहीं और व्युच्छित्ति भी नहीं होती। क्योंकि वहांपर बंधके कारण–योगका ही अभाव है ॥ ९४ ॥

अब उन व्युच्छिन्न प्रकृतियोंके नाम गुणस्थानके क्रमसे आठ गाथाओंद्वारा दिखानेकेलिये क्रमसे पहले गुणस्थानकी सोलह प्रकृतियोंको गिनाते हैं;—

मिच्छत्तहुंडसंढाऽसंपत्तेयक्खथावरादावं।
सुहुमतियं वियलिंदिय णिरयदुणिरयाउगं मिच्छे ॥ ९५ ॥

मिथ्यात्वहुण्डपण्ढासंप्राप्तैकाक्षस्थावरातपः।
सूक्ष्मत्रयं विकलेन्द्रियं निरयद्विनिरयायुष्कं मिथ्यात्वे ॥ ९५ ॥

अर्थ—मिथ्यात्व १ हुण्डकसंस्थान २ नपुंसकवेद ३ असंप्राप्तासृपाटिका संहनन ४ एकेन्द्रिय ५ स्थावर नाम ६ आतप ७ सूक्ष्मादि तीन (सूक्ष्म ८ अपर्याप्त ९ साधारण १०) विकलेन्द्री तीन अर्थात् दो इन्द्री ११ ते इन्द्री १२ चौ इन्द्री १३, नरकगति १४ नरकगत्यानुपूर्वी १५ नरकायु १६। ये सोलह प्रकृतियां मिथ्यात्वगुणस्थानके अंतसमयमें बंधसे व्युच्छिन्न होजाती हैं। अर्थात् मिथ्यात्वसे आगेके गुणस्थानोंमें इनका बंध नहीं होता ॥ ९५ ॥

आगे दूसरे गुणस्थानके अंतमें जिन प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है उनकी संख्या दिखाते हैं;—

बिदियगुणे अणथीणतिदुभगतिसंठाणसंहदिचउक्कं।
दुग्गमणित्थीणीचं तिरियदुगुज्जोवतिरियाऊ ॥ ९६ ॥

द्वितीयगुणे अनस्त्यानत्रयदुर्भगत्रयसंस्थानसंहतिचतुष्कम्।
दुर्गमनस्त्रीनीचं तिर्यग्द्विकोद्योततिर्यगायुः ॥ ९६ ॥

अर्थ—दूसरे सासादनगुणस्थानके अंतसमयमें अनंतानुबंधी क्रोधादि चार; स्त्यानगृद्धि १ निद्रानिद्रा १ प्रचलाप्रचला १ ये तीन, दुर्भग १ दुःस्वर १ अनादेय १ ये तीन, न्यग्रोधादि चार संस्थान, वज्रनाराचादि चार संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्त्रीवेद, नीचगोत्र, तिर्यग्गति १ तिर्यगत्यानुपूर्वी २ ये दो, उद्योत, और तिर्यंचायु, इन पच्चीस प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है ॥ ९६ ॥ मिश्र गुणस्थानमें किसी भी प्रकृतिकी व्युच्छित्ति नहीं होती।

अब चौथे और पांचवें गुणस्थानमें व्युच्छिन्न प्रकृतिओंकी संख्या कहते हैं;—

अयदे विदियकसाया वज्जं ओरालमणुदुमणुवाऊ ।
देसे तदियकसाया णियमेणिह बंधवोच्छिण्णा ॥ ९७ ॥

अयते द्वितीयकषाया वज्रमोरालमनुष्यद्विमानवायुः ।
देशे तृतीयकषाया नियमेनेह बन्धव्युच्छिन्नाः ॥ ९७ ॥

अर्थ—चौथे असंयत गुणस्थानमें दूसरी अप्रत्याख्यानावरण क्रोधादि चार कषाय, वज्रर्षभनाराचसंहनन, औदारिक शरीर, औदारिक आंगोपांग, मनुष्यगति १ मनुष्यगत्यानुपूर्वी २ ये दो, और मनुष्यायु, ये दश प्रकृतियां बंधसे व्युच्छिन्न होती हैं । पांचवें देशव्रत गुणस्थानमें तिसरी प्रत्याख्यानावरणी क्रोधादि चार कषायें नियमसे बंधसे व्युच्छिन्न होती हैं ॥ ९७ ॥

अब छट्ठे और सातवें गुणस्थानमें व्युच्छित्तिकी संख्या कहते हैं;—

छट्ठे अथिरं असुहं असादमजसं च अरदिसोगं च ।
अपमत्ते देवाऊणिट्ठवणं चेव अत्थित्ति ॥ ९८ ॥

षष्टे अस्थिरमशुभमसातमयशश्च अरतिशोकं च ।
अप्रमत्ते देवायुर्निष्टापनं चैव अस्तीति ॥ ९८ ॥

अर्थ—छटे गुणस्थानके अंतिम समयमें अस्थिर, अशुभ, असातावेदनीय, अयशस्कीर्ति अरति, और शोक, इन छह प्रकृतियोंका बंधसे विछुड़ना होता है । और सातवें अप्रमत्त गुणस्थानमें एक देवायु प्रकृतिकी ही व्युच्छित्ति होती हैं ॥ ९८ ॥

आठवें अपूर्वकरण गुणस्थानके सात भागोंमेंसे पहले, छटे, और सातवें भागमें ही बंधकी व्युच्छित्ति होती है, अतएव क्रमसे उनकी संख्या दिखाते हैं;—

मरणूणम्हि णियट्टीपढमे णिद्दा तहेव पयला य ।
छट्ठे भागे तित्थं णिमिणं सग्गमणपंचिंदी ॥ ९९ ॥
तेजदुहारदुसमचउसुरवण्णागुरुचउक्कतसणवयं ।
चरमे हस्सं च रदी भयं जुगुच्छा य बंधवोच्छिण्णा ॥ १०० ॥ जुम्मं ।

मरणोने निवृत्तिप्रथमे निद्रा तथैव प्रचला च ।
षष्ठे भागे तीर्थं निर्माणं सद्गमनपञ्चेन्द्रियम् ॥ ९९ ॥
तेजोद्व्याहारद्विकसमचतुरस्रसुरवर्णागुरुचतुष्कत्रसनवकम् ।
चरमे हास्यं च रतिः भयं जुगुप्सा च बन्धव्युच्छिन्नाः ॥ १०० ॥ जुग्मम् ।

---

१ जो श्रेणी चढनेके संमुख नहीं है [illegible]

ओघे वा आदेसे णारयमिच्छम्हि चारि वोच्छिण्णा ।
उवरिम बारस सुरचउ सुराउ आहारयमबंधा ॥ १०५ ॥

ओघे इव आदेशे नारकमिथ्यात्वे चतस्रो व्युच्छिन्नाः ।
उपरितना द्वादश सुरचतुष्कं सुरायुराहारकमबन्धाः ॥ १०५ ॥

अर्थ—मार्गणाओंमें व्युच्छित्ति वगैरः तीनो अवस्थाएं गुणस्थानके समान जानना । परन्तु विशेष यह है कि नरकगतिमें मिथ्यात्वगुणस्थानके अन्तमें मिथ्यात्वादि चार प्रकृतियोंकी ही व्युच्छित्ति होती है । सोलहमेंसे आदिकी इन चार प्रकृतियोंके विना बाकी एकेन्द्री आदि बारह[1], और देवगति १ देवगत्यानुपूर्वी २ वैक्रियिकशरीर ३ वैक्रियिक आङ्गोपांग ४ ये चार, तथा देवायु, और आहारकशरीर १ आहारक आंगोपांग २, ये सब उन्नीस प्रकृतियां अबंध हैं । अर्थात् नरकगतिके मिथ्यात्वगुणस्थानमें १९ प्रकृतियोंका बंध नहीं होता । अतएव बंधयोग्य १२० प्रकृतियोंमेंसे बाकी १०१ प्रकृतियोंका ही वहांपर बंध होता है ॥ १०५ ॥

अब नरकगतिमें घर्मादि नरकोंकी अपेक्षा कुछ भेद दिखाते हैं;—

घम्मे तित्थं बंधदि वंसामेघाण पुण्णगो चेव ।
छट्ठोत्ति य मणुवाऊ चरिमे मिच्छेव तिरियाऊ ॥ १०६ ॥

घर्मे तीर्थं बध्नाति वंशामेघयोः पूर्णकश्चैव ।
षष्ठ इति च मानवायुः चरमे मिथ्यात्वे एव तिर्यगायुः ॥ १०६ ॥

अर्थ—घर्मा नामके पहले नरककी पृथिवीमें पर्याप्त और अपर्याप्त दोनों अवस्थाओंमें तीर्थंकर प्रकृतिका बंध होता है । वंशानाम दूसरे तथा मेघानाम तीसरे नरकमें पर्याप्त-जीव ही तीर्थंकर प्रकृतिको बांधता है । मघवीनामक छट्ठे नरकतकही मनुष्यायुका बंध होता है । और अंतके माघवी नाम सातवें नरकमें मिथ्यात्वगुणस्थानमेंही तिर्यंच आयुका बंध होता है ॥ १०६ ॥

मिस्साविरदे उच्चं मणुवदुगं सत्तमे हवे बंधो ।
मिच्छा सासणसम्मा मणुवदुगुच्चं ण बंधंति ॥ १०७ ॥

मिश्राविरते उच्चं मनुष्यद्वयं सप्तमे भवेत् बन्धः ।
मिथ्यात्विनः सासादनसम्यक्त्वा मनुष्यद्विकोच्चं न बध्नन्ति ॥ १०७ ॥

अर्थ—सातवें नरकमें मिश्रगुणस्थान और अविरतनामके चौथे गुणस्थानमें ही उच्चगोत्र, मनुष्यगति १, मनुष्यगत्यानुपूर्वी २, इन तीन प्रकृतियोंका बंध है । और मिथ्यात्वगुणस्था-

---

१ प्रकृतियोंकी संख्याका क्रम पहले लिखागया है उसके अनुसार १२ प्रकृतियां गिन लेना । ऐसेही आगेभी सर्व जगह पहले लिखा हुआ ही क्रम याद रखना चाहिये ।

नवाले तथा सासादनसम्यक्त्वी (दूसरे गुणस्थानवाले) जीव वहांपर उच्च गोत्र और मनुष्य-द्विक ऊपर कही हुई इन तीनों प्रकृतियोंको नहीं बांधते ॥ १०७ ॥

अब तिर्यंचगतिमें व्युच्छित्ति वगैरः कहते हैं:—

तिरिये ओघो तित्थाहारूणो अविरदे छिदी चउरो ।
उवरिमछण्हं च छिदी सासणसम्मे हवे णियमा ॥ १०८ ॥

तिरश्चि ओघः तीर्थाहारो न अविरते छितिः चत्वारः ।
उपरिमषण्णां च छितिः सासादनसम्यक्त्वे भवेन्नियमात् ॥ १०८ ॥

अर्थ—तिर्यंचगतिमें भी व्युच्छित्ति वगैरः गुणस्थानोंकी तरह ही समझना । परंतु इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर १ और आहारक शरीर २ तथा आहरक आंगोपांग ३, इन तीनोंका बंध नहीं होता । और इसीकारण तिर्यंचगतिमें बंध योग्य प्रकृतियां ११७ ही हैं । चौथे अविरतगुणस्थानमें अप्रत्याख्यान क्रोधादि ४ की ही व्युच्छित्ति है । चारसे आगेकी वज्रर्षभनाराच आदि ६ प्रकृतियां जो दशमेंसे बाकी बचती हैं उनकी व्युच्छित्ति दूसरे सासादनसम्यक्त्वगुणस्थानमें ही नियमसे होजाती है । क्योंकि यहांपर तिर्यंच मनुष्यगति सम्बंधी प्रकृतियोंका मिश्रादिकमें बंध नही होता ॥ १०८ ॥

सामण्णतिरियपंचिंदियपुण्णगजोणिणीसु एमेव ।
सुरणिरयाउ अपुण्णे वेगुव्वियछक्कमवि णत्थि ॥ १०९ ॥

सामान्यतिर्यक्पञ्चेन्द्रियपूर्णकयोनिनीषु एवमेव ।
सुरनिरयायुरपूर्णे वैगूर्विकषट्कमपि नास्ति ॥ १०९ ॥

अर्थ—तिर्यंच पांच तरहके होते हैं:—सामान्यतिर्यंच (सबभेदोंका समुदायरूप), पंचेन्द्रियतिर्यंच, पर्याप्ततिर्यंच, स्त्रीवेदरूप तिर्यंच, और लब्ध्यपर्याप्ततिर्यंच । इनमेंसे पहले चार तरहके तिर्यंचोंमें ऊपर लिखित रीतिसे ही व्युच्छित्ति आदिक समझना । किंतु पांचवें लब्धिअपर्याप्तक तिर्यंचमें देवायु, नरकायु, और वैक्रियिकषट्क (देवगति १ देवगत्यानुपूर्वी २ नरकगति ३ नरकगत्यानुपूर्वी ४ वैक्रियिकशरीर ५ वैक्रियिक आंगोपांग ६) इन आठ प्रकृतियोंका बंध नहीं होता है ॥ १०९ ॥

आगे मनुष्यगतिमें व्युच्छित्ति आदिकको दिखाते हैं:—

तिरियेव णरे णवरि हु तित्थाहारं च अत्थि एमेव ।
सामण्णपुण्णमणुसिणिणरे अपुण्णे अपुण्णेव ॥ ११० ॥

तिर्यगिव नरे नवरि हि तीर्थाहारं चास्ति एवमेव ।
सामान्यपूर्णमानुषीनरे अपूर्णे अपूर्ण इव ॥ ११० ॥

अर्थ—मनुष्यगतिमें व्युच्छित्ति वगैरः की रचना तिर्यंचगतिकी ही तरह जान... विशेषता इतनी है कि यहांपर तीर्थंकर, और आहारकद्विक इन तीनोंकाभी बंध होता... इसीकारण यहांपर बंध योग्य प्रकृतियां १२० हैं। और सामान्य (सब भेदोंका समुदायरू... मनुष्य, पर्याप्तमनुष्य, स्त्रीवेदरूप मनुष्य, इन तीनोंकी व्युच्छित्ति आदिकी रचना... मनुष्यगतिकीसी ही है। किंतु लब्ध्यपर्याप्तमनुष्यकी रचना तिर्यंचलब्ध्यपर्याप्तकी ... समझना ॥ ११० ॥

अब देवगतिमें व्युच्छित्ति वगैरः को कहते हैं;—

> **णिरयेव होदि देवे आईसाणोत्ति सत्त वाम छिदी ।**
> **सोलस चेव अबंधा भवणतिए णत्थि तित्थयरं ॥ १११ ॥**
>
> निरय इव भवति देवे आ ईशान इति सप्त वामे छित्तिः ।
> षोडश चैव अबन्धाः भवनत्रये नास्ति तीर्थकरम् ॥ १११ ॥

अर्थ—देवगतिमें व्युच्छित्ति आदिक नरकगतिके समान जानना। परंतु इतना वि... है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें दूसरे ईशान स्वर्गतक पहले गुणस्थानकी १६ प्रकृतियों... मिथ्यात्व आदि सात प्रकृतियोंकी ही व्युच्छित्ति होती है। बाकी बची हुई सूक्ष्मादि... तथा देवगति १ देवगत्यानुपूर्वी २ वैक्रियिक शरीर ३ वैक्रियिक आंगोपांग ४ ये सु... तुष्क, तथा देवायु, आहारक शरीर, और आहारक आंगोपांग, ये तीन मिलाकर स... सब ९+७ मिलाकर १६ प्रकृतियां अबंधरूप हैं, अर्थात् इन सोलहका बंध नहीं होत... इसीकारण यहां बंध योग्य प्रकृतियां १०४ हैं। तथा भवनत्रिक देवोंमें (भवनव... १ व्यंतर २ ज्योतिषीदेवोंमें ३) तीर्थंकर प्रकृति नहीं है, अर्थात् तीर्थंकर प्रकृतिका ... नहीं होता ॥ १११ ॥

> **कप्पित्थीसु ण तित्थं सदरसहस्सारगोत्ति तिरियदुगं ।**
> **तिरियाऊ उज्जोवो अत्थि तदो णत्थि सदरचऊ ॥ ११२ ॥**
>
> कल्पस्त्रीषु न तीर्थं शतारसहस्रारक इति तिर्यग्द्विकम् ।
> तिर्यगायुरुद्योतः अस्ति ततः नास्ति शतारचतुष्कम् ॥ ११२ ॥

अर्थ—कल्पवासिनी स्त्रियोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका बंध नहीं होता। और तिर्यंचग... १ तिर्यंचगत्यानुपूर्वी २ ये दो, और तिर्यंचायु, तथा उद्योत, इन चार प्रकृतियोंका ब... ग्यारहवें बारहवें–शतार सहस्रार नामके स्वर्गतक ही होता है। इसके ऊपर आनतादि स्वर्गो... रहनेवालोंके इन चार प्रकृतियोंका बंध नहीं होता। इन चार प्रकृतियोंका दूसरा ना... 'शतारचतुष्क' भी है; क्योंकि शतार युगलतक ही इनका बंध होता है ॥ ११२ ॥

अब इन्द्रियमार्गणामें बंधव्युच्छित्ति आदिकको कहते हैं;—

पुण्णिदरं विगिविगले तत्थुप्पण्णो हु ससाणो देहे ।
पज्जत्तिं णवि पावदि इदि णरतिरियाउगं णत्थि ॥ ११३ ॥

पूर्णेतरमिवैकविकले तत्रोत्पन्नो हि सासादनो देहे ।
पर्याप्तिं नापि प्राप्नोति इति नरतिर्यगायुष्कं नास्ति ॥ ११३ ॥

अर्थ—एकेंद्रिय तथा विकलत्रय अर्थात् दो इंद्री, ते इंद्री, चौ इंद्रीमें लब्धिअपर्याप्तक अवस्थाकी तरह बंध योग्य १०९ प्रकृतियां समझना; क्योंकि तीर्थंकर, आहारकद्वय, देवायु, नरकायु, और वैक्रियिक षट्क इसतरह ग्यारह प्रकृतियोंका बंध नहीं होता। तथा एकेन्द्रिय और विकलत्रयमें गुणस्थान आदिके दो–मिथ्यादृष्टि और सासादन ही होते हैं। इनमेंसे पहले गुणस्थानमें बंधव्युच्छि १५ प्रकृतियोंकी होती है। क्योंकि यद्यपि पहले गुणस्थानमें १६ प्रकृतियों के बंध व्युच्छिति कही है । परन्तु यहांपर उनमेंसे नरकद्विक और नरक आयु छूट जाती है तथा मनुष्य आयु और तिर्यंच आयु बढ़ जाती है। इससे १५ कीही व्युच्छिति होती है । मनुष्य आयु और तिर्यंच आयुकी बंधव्युच्छिति प्रथम गुणस्थानमें ही क्यों कही? तो इसका कारण यह है कि एकेन्द्रिय तथा विकलत्रयमें उत्पन्न हुवा जीव सासादन गुणस्थानमें देह (शरीर) पर्याप्तिको पूरा नहीं करसकता है, क्योंकि सासादनका काल थोड़ा और निर्वृति अपर्याप्त अवस्थाका काल बहुत है। इसीकारण सासादन गुणस्थानमें मनुष्यायु तथा तिर्यंचायुका भी बंध नहीं होता है; प्रथम गुणस्थानमें ही बंध और व्युच्छिति होती है ॥ ११३ ॥

अब पंचेन्द्रियमें, तथा काय मार्गणाकी अपेक्षा पृथ्वीकाय वगैरः एकेन्द्रियके पांच भेदोंमें व्युच्छिति दिखाते हैं:—

पंचेंदियेसु ओघं एयक्खे वा वणप्फदीयंते ।
मणुवदुगं मणुवाऊ उच्चं ण हि तेउवाउम्हि ॥ ११४ ॥

पञ्चेन्द्रियेषु ओघः एकाक्ष इव वनस्पत्यन्ते ।
मनुष्यद्वयं मनुष्यायुरुच्चं न हि तेजोवायौ ॥ ११४ ॥

अर्थ—पंचेंद्री जीवोंके व्युच्छित्ति आदिक गुणस्थानकी तरह समझना, कुछ विशेषता नहीं है। और कायमार्गणामें पृथ्वीकायादि वनस्पतिकायपर्यंतमें एकेन्द्रियकी तरह व्युच्छित्ति आदिक जानना। विशेष यह है कि तेजकाय तथा वायुकायमें मनुष्यगति १ मनुष्यगत्यानुपूर्वी २, मनुष्यायु और उच्चगोत्र इन चार प्रकृतियोंका बंध नहीं होता है। और गुणस्थान एक मिथ्यादृष्टि ही है ॥ ११४ ॥

आगे एक गुणस्थान होनेके कारणको तथा योगमार्गणामें व्युच्छित्ति आदिको कहते हैं:—

ण हि सासणो अपुण्णे साहारणसुहुमगे य तेउदुगे ।
ओघं तस मणवयणे ओराले मणुवगइभंगो ॥ ११५ ॥

न हि सासादन अपूर्णे साधारणसूक्ष्मके च तेजोद्विके ।
ओघः त्रसे मनोवचने औराले मनुष्यगतिभङ्गः ॥ ११५ ॥

अर्थ—लब्धि अपर्याप्तक अवस्थामें, साधारण शरीरसहित जीवोंमें, सब सूक्ष्मकायवालोंमें, और तेजोकाय १ वायुकायवालोंमें २ सासादननामा दूसरा गुणस्थान नहीं होता। इसका कारण कालका थोड़ा होना है सो पहले कहचुके हैं । इसलिये तेजःकाय तथा वायुकायवालोंके एक मिथ्यादृष्टि ही गुणस्थान समझना। और त्रसकायकी रचना गुणस्थानोंकी तरह समझनी। योगमार्गणामें मनोयोग तथा वचनयोगकी रचना गुणस्थानोंकी तरह जाननी। और औदारिक काययोगमें मनुष्यगतिकी तरह रचना जानना ॥ ११५ ॥

ओराले वा मिस्से ण सुरणिरयाउहारणिरयदुगं ।
मिच्छदुगे देवचओ तित्थं ण हि अविरदे अत्थि ॥ ११६ ॥

औराल इव मिश्रे न हि सुरनिरयायुराहारनिरयद्वयम् ।
मिथ्यात्वद्वये देवचतुष्कं तीर्थं न हि अविरते अस्ति ॥ ११६ ॥

अर्थ—औदारिकमिश्रकाययोगमें औदारिककाययोगवत् रचना जानना । विशेष बात यह है कि देवायु, नरकायु, आहारकशरीर १ आहारक आंगोपांग २, नरकगति १ नरकगत्यानुपूर्वी २, इन छह प्रकृतियोंका बंध नहीं होता। अर्थात् यहांपर ११४ काही बंध होता है। उसमें भी मिथ्यात्व तथा सासादन इन दो गुणस्थानोंमें देवचतुष्क और तीर्थंकर इन ५ प्रकृतियोंका बंध नहीं होता। किंतु अविरतनामा चौथे गुणस्थानमें इनका बंध होता है ॥ ११६ ॥

पण्णारसमुनतीसं मिच्छदुगे अविरदे छिदी चउरो ।
उवरिमपणसट्ठीवि य एक्कं सादं सजोगिम्हि ॥ ११७ ॥

पञ्चदशैकोनत्रिंशत् मिथ्यात्वद्विके अविरते छित्तयःचतस्रः ।
उपरिमपञ्चषष्टिरपि च एकं सातं सयोगिनि ॥ ११७ ॥

अर्थ—औदारिकमिश्रकाययोगमें मिथ्यात्व और सासादन इन दो गुणस्थानोंमें १५ तथा २९ प्रकृतियोंकी बंध व्युच्छित्ति क्रमसे जानना। और चौथे अविरत गुणस्थानमें ऊपरकी चार तथा ६५ दूसरीं सब ६९ प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है। तथा तेरहवें सयोगीकेवलीके एक सातवेदनीयकी ही व्युच्छित्ति जानना ॥ ११७ ॥

देवे वा वेगुव्वे मिस्से णरतिरियआउगं णत्थि ।
छट्ठगुणंवाहारे तम्मिस्से णत्थि देवाऊ ॥ ११८ ॥

देव इव वैगूर्वे मिश्रे नरतिर्यगायुष्कं नास्ति।
षष्ठगुणमिवाहारे तन्मिश्रे नास्ति देवायुः॥ ११८॥

अर्थ—वैक्रियिक काययोगमें देवगतिके समान जानना। और वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें सौधर्म-ऐशान संबंधी अपर्याप्त देवोंके समान व्युच्छिति कही है। परंतु इस मिश्रमें मनुष्यायु और तिर्यंचायुका बंध नहीं होता। और आहारक काययोगमें छठे गुणस्थानके समान रचना जानना। लेकिन आहारकमिश्रयोगमें देवायुका बंध नहीं होता है॥ ११८॥

कम्मे उरालमिस्सं वा णाउदुगंपि णव छिदी अयदे।
वेदादाहारोत्ति य सगुणट्ठाणाणमोघं तु॥ ११९॥

कर्म्मणि औरालिकमिश्रमिव नायुर्द्धिकमपि नव छित्तिरयते।
वेदादाहार इति च स्वगुणस्थानानामोघस्तु॥ ११९॥

अर्थ—कार्मोणकाययोगीकी रचना औदारिकमिश्रकी तरह जानना। परंतु विग्रहगतिमें आयुका बंध न होनेसे मनुष्यायु तथा तिर्यंचायु इन दोनोंका भी बंध नहीं होता, और चौथे असंयत गुणस्थानमें नौ प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है, इतनी विशेषता है। वेदमार्गणासे लेकर आहार मार्गणातक जैसा साधारण कथन गुणस्थानोमें है वैसाही जानना॥ ११९॥

परन्तु सम्यक्त्वमार्गणा तथा लेश्यामार्गणाकी रचनामेंसे शुभ लेश्याओंमें और आहारमार्गणामें कुछ विशेषता है सो उसको अब दो गाथाओं द्वारा दिखाते हैं;—

णवरि य सव्वुवसम्मे णरसुरआऊणि णत्थि णियमेण।
मिच्छस्संतिम णवयं वारं ण हि तेउपम्मेसु॥ १२०॥
सुक्के सदरचउक्कं वामंतिमवारसं च ण व अत्थि।
कम्मेव अणाहारे बंधस्संतो अणंतो य॥ १२१॥ जुम्मं॥

नवरि च सर्वोपशमे नरसुरायुषी नास्ति नियमेन।
मिथ्यात्वस्यान्तिमं नवकं द्वादश न हि तेज-पद्मयोः॥ १२०॥
शुक्लायां शतारचतुष्कं वामान्तिमद्वादश च न वा अस्ति।
कर्म्म इव अनाहारे वन्धस्यन्त अनन्तश्च॥ १२१॥ युग्म्॥

अर्थ—विशेषता यह है कि सम्यक्त्वमार्गणामें निश्चयकर सब ही अर्थात् दोनों ही उपशमसम्यक्त्वी जीवोंके मनुष्यायु और देवायुका बंध नहीं होता। और लेश्यामार्गणामें तेजोलेश्यावालेके मिथ्यात्व गुणस्थानकी अंतकी नौ, तथा पद्मलेश्यावालेके मिथ्यात्वगुणस्थानकी अंतकी बारह प्रकृतियोंका बंध नियमसे नहीं होता। शुक्लेश्यावालेके शतारचतुष्क (तिर्यंचगति वगैरः जो ११२ वें गाथामें कह चुके हैं) और वाम अर्थात्

मिथ्यादृष्टि गुणस्थानके अंतकी बारह, सब मिलकर १६ प्रकृतियोंका बंध नहीं होता है। और आहारमार्गणामें अनाहारक अवस्थामें कार्माण योगकीसी बंधव्युच्छित्ति आदिक तीनोंकी रचना समझ लेना ॥

इसप्रकार बंधकी व्युच्छित्ति, बंध और "न" शब्दसे अबंध इन तीनोंका स्वरूप जानना ॥ १२० ॥ १२१ ॥

आगे मूलप्रकृतियोंके सादि वगैरः बंधके भेदोंको विशेषपनेसे कहते हैं;—

सादि अणादी धुव अद्धुवो य बंधो दु कम्मछक्कस्स ।
तदियो सादियसेसो अणादिधुवसेसगो आऊ ॥ १२२ ॥

सादिरनादिः ध्रुव अध्रुवश्च बंधस्तु कर्मषट्कस्य ।
तृतीयः सादिकशेष अनादिध्रुवशेषक आयुः ॥ १२२ ॥

अर्थ—छह कर्मोका प्रकृतिबंध सादि १ अनादि २ ध्रुव ३ अध्रुव ४ रूप चारों प्रकारका होता है। परंतु तीसरे वेदनीय कर्मका बंध तीन प्रकारका होता है, सादि बंध नहीं होता। और आयुकर्मका अनादि तथा ध्रुव बंधके सिवाय दो प्रकारका अर्थात् सादि और अध्रुव ही बंध होता है ॥ १२२ ॥

आगे इन बंधोंका स्वरूप कहते हैं;—

सादी अबंधबंधे सेढिअणारूढगे अणादी हु ।
अभव्वसिद्धम्हि धुवो भवसिद्धे अद्धुवो बंधो ॥ १२३ ॥

सादिः अबन्धबन्धे श्रेण्यनारोहके अनादिर्हि ।
अभव्यसिद्धे ध्रुवो भवसिद्धे अध्रुवो बन्धः ॥ १२३ ॥

अर्थ—जिसकर्मके बंधका अभाव होकर फिर वही कर्म बँधै उसे **सादिबंध** कहते हैं। जैसे किसी जीवके दसवें गुणस्थानतक ज्ञानावरणकी पांच प्रकृतियोंका बंध था, जब वह जीव ग्यारहवेंमें गया तब बंधका अभाव हुआ, पीछे ग्यारहवें गुणस्थानसे पड़कर फिर दसवेंमें आया तब ज्ञानावरणकी पांच प्रकृतियोंका पुनः बंध हुआ, ऐसा बंध सादि कहलाता है। और जो गुणस्थानोंकी श्रेणीपर ऊपरको नहीं चढ़ा अर्थात् जिसके बंधका अभाव नहीं हुआ वह **अनादिबंध** है। जैसे दसवेंतक ज्ञानावरणका बंध। दसवें गुणस्थानवाला ग्यारहवेंमें जबतक प्राप्त नहीं हुआ वहांतक ज्ञानावरणका अनादि बंध है; क्योंकि वहांतक अनादिकालसे उसका बंध चला आता है। जिस बंधका आदि तथा अंत न हो वह **ध्रुवबंध** है—यह बंध अभव्यजीवके होता है। जिस बंधका अंत आजावे उसे **अध्रुवबंध** कहते हैं। यह अध्रुवबंध भव्यजीवोंके होता है ॥ १२३ ॥

---

१ बंधव्युच्छित्ति आदि तीनोंका खुलासा बंधादिके नकशामें लिखा जायगा। यहांपर ग्रन्थके बढ़जानेके भयसे नहीं लिखा है।

आगे उत्तर प्रकृतियोंमें इन चार बंधोंकी विशेषता दिखाते हैं;—

घादितिमिच्छकसाया भयतेजगुरुदुगणिमिणवण्णचओ ।
सत्तेतालधुवाणं चदुधा सेसाणयं तु दुधा ॥ १२४ ॥

घातित्रिमिथ्यात्वकषाया भयतेजोऽगुरुद्विकनिर्माणवर्णचतुष्कम् ।
सप्तचत्वारिंशद्ध्रुवाणां चतुर्धा शेषाणां तु द्विधा ॥ १२४ ॥

अर्थ—मोहनीयके विना तीन घातियाकर्मोंकी १९ प्रकृतियां, और मिथ्यात्व, तथा १६ कषाय, एवं भय तैजस और अगुरुलघुका जोड़ा अर्थात् भय १ जुगुप्सा २, तैजस १ कार्माण २, अगुरुलघु १ उपघात २, तथा निर्माण, और वर्णादि चार, ये ४७ प्रकृतियां ध्रुव हैं। इनका चारों प्रकारका बंध होता है। जब तक इनके बंधकी व्युच्छित्ति (विछुड़ना) न हो तबतक इन प्रकृतियोंका प्रति समय निरंतर बंध होता ही रहता है, इसकारण इनको ध्रुव कहते हैं। इनके विना जो बाकी बचीं वेदनीयकी २ मोहनीयकी ७ आयुकी ४ और नामकर्मकी गति आदिक ५८ तथा गोत्र कर्मकी २ ये ७३ प्रकृतियां वे अध्रुव हैं। इनके सादि और अध्रुव दोही बंध होते हैं। इनका किसी समय बंध होता है, और किसी समय किसीका बंध नहीं भी होता ॥ १२४ ॥

आगे इन प्रकृतियोंके अप्रतिपक्षी १ सप्रतिपक्षी २ (विरोधी) इन दो भेदोंको बताते हैं;—

सेसे तित्थाहारं परघादचउक्क सव्वआऊणि ।
अप्पडिवक्खा सेसा सप्पडिवक्खा हु बासट्ठी ॥ १२५ ॥

शेषासु तीर्थाहारं परघातचतुष्कं सर्वायूंषि ।
अप्रतिपक्षाः शेषाः सप्रतिपक्षा हि द्वाषष्टिः ॥ १२५ ॥

अर्थ—पहले कहीहुई ४७ ध्रुवप्रकृतियोंसे बाकी बची हुई ७३ प्रकृतियोंमेंसे तीर्थंकर, आहारकशरीरद्वय अर्थात् आहारकशरीर आहारक आंगोपांग, परघात आदि चार और चारों आयु, ये ग्यारह प्रकृतियां अप्रतिपक्षी हैं। अर्थात् इनकी कोई प्रकृति विरोधी नहीं है। जिस समयमें इनका बंध होता है उस समयमें वह होता ही है। यदि न होवै तो नहीं ही होता। जैसे तीर्थंकर प्रकृतिका बंध जिस समय होना चाहे उससमय उसका बंध होगा ही, न होना चाहे तब नहीं होगा। इस प्रकृतीकी कोई विरोधी प्रकृति नहीं जोकि इसके बंधको रोक लेवै। भावार्थ जिन प्रकृतियोंके बंध होनेसे कोईभी दूसरी प्रकृतिका बंध रोक न सके उनको अप्रतिपक्षी कहते हैं। ७३ मेंसे ११ घट जानेपर बाकी रहीं ६२ प्रकृतियां उनमें आपसमें विरोधीपना होनेसे वे सप्रतिपक्षी कही जाती हैं। जैसे कि सातावेदनीय, असातावेदनीय ये दोनों आपसमें प्रतिपक्षी हैं। जो जिस समय साताका बंध होता है उससमय असाताका नहीं होता: और जब असाताका बंध होता

है तब साताका नहीं होता । इसीतरह रति अरति आदि सभी परस्पर विरोधी प्रकृतियोंमें सप्रतिपक्षीपना समझ लेना ॥ १२५ ॥

आगे अध्रुव प्रकृतियोंका पहले सादि तथा अध्रुव ये दोनों प्रकारका जो बंध कहा है उसका कारण युक्तिपूर्वक बताते हैं;—

अवरो भिण्णमुहुत्तो तित्थाहाराण सव्वआऊणं ।
समओ छावट्ठीणं बंधो तम्हा दुधा सेसा ॥ १२६ ॥

अवरो भिन्नमुहूर्तः तीर्थाहाराणां सर्वायुषाम् ।
समयः षट्षष्टीनां बन्धः तस्मात् द्विधा शेषाः ॥ १२६ ॥

अर्थ—तीर्थंकर, आहारकद्वय, नरकादि चार आयु इन सातोंके निरंतर बंध होनेका जघन्यकाल अंतर्मुहूर्त है । और शेष छयासठि प्रकृतियोंके निरंतर बंध होनेका काल एक समय (क्षण) है । अर्थात् जिसका किसी एक समयमें बंध हुआ फिर दूसरे समयमें उस प्रकृतिका बंध होवे भी नहीं भी होवे । इसकारण ध्रुवसे बाकी रहीं ७३ अध्रुव प्रकृतियोंके सादि बंध तथा अध्रुव बंध दोनों भेद कहेगये हैं सो सिद्ध हुआ ॥ १२६ ॥

इसप्रकार प्रकृतिबंध समाप्त हुआ ॥

आगे स्थितिबंधको कहते हुए आचार्य प्रथम ही मूलप्रकृतियोंकी उत्कृष्टस्थिति बताते हैं;—

तीसं कोडाकोडी तिघादितदियेसु वीस णामदुगे ।
सत्तरि मोहे सुद्धं उवही आउस्स तेतीसं ॥ १२७ ॥

त्रिंशत् कोटीकोट्यः त्रिघातितृतीयेषु विंशतिर्नामद्वये ।
सप्ततिर्मोहे शुद्ध उदधिः आयुषः त्रयस्त्रिंशत् ॥ १२७ ॥

अर्थ—तीन घातियाओंकी अर्थात् ज्ञानावरण १ दर्शनावरण २ अंतरायकी और तीसरे वेदनीयकर्मकी उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ी सागरके प्रमाण है । नाम और गोत्र इन दोनोंका स्थिति समय बीस कोड़ाकोड़ी सागर है । मोहनीयकर्मकी बंधरूप रहनेकी स्थिति (कालकी मर्यादा) सत्तरि कोड़ाकोड़ी सागर है । और आयुकर्मकी स्थिति शुद्ध तेतीस सागर की ही जानना । अर्थात् एक समयके बंधे हुए अधिकसे अधिक ऊपर लिखे हुए कालतक कर्म आत्मासे बंधरूप रहसकते हैं । फिर अपना फल देकर खिरजाते हैं । नवीन २ कर्म बंधरूप होते ही रहते हैं ॥ १२७ ॥

अब उत्तरप्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको ६ गाथाओंसे दिखाते हैं;—

दुक्खतिघादीणोघं सादिच्छीमणुदुगे तदद्धं तु ।
सत्तरि दंसणमोहे चरित्तमोहे य चत्तालं ॥ १२८ ॥

संठाणसंहदीणं चरिमस्सोघं दुहीणमादित्ति ।
अट्ठरसकोडकोडी वियलाणं सुहुमतिण्हं च ॥ १२९ ॥
अरदीसोगे संढे तिरिक्खभयणिरयतेजुरालदुगे ।
वेगुव्वादावदुगे णीचे तसवण्णअगुरुतिचउक्के ॥ १३० ॥
इगिपंचेंदियथावरणिमिणासग्गमणअथिरछक्काणं ।
वीसं कोडाकोडीसागरणामाणमुक्कस्सं ॥ १३१ ॥
हस्सरदिउच्चपुरिसे थिरछक्के सत्थगमणदेवदुगे ।
तस्सद्धमंतकोडाकोडी आहारतित्थयरे ॥ १३२ ॥
सुरणिरयाऊणोघं णरतिरियाऊण तिण्णि पल्लाणि ।
उक्कस्सट्ठिदिबंधो सण्णीपज्जत्तगे जोगे ॥ १३३ ॥ कुलयं ।

दुःखत्रिघातीनामोघः सातस्त्रीमनुष्यद्विके तदर्धं तु ।
सप्ततिः दर्शनमोहे चारित्रमोहे च चत्वारिंशत् ॥ १२८ ॥
संस्थानसंहतीनां चरमस्योघः द्विहीनमादीति ।
अष्टादशकोटीकोटिः विकलानां सूक्ष्मत्रयाणां च ॥ १२९ ॥
अरतिशोके षण्ढे तिर्यग्भयनिरयतेजउरालद्वये ।
वैगूर्विकातपद्विके नीचे त्रसवर्णागुरुत्रिचतुष्के ॥ १३० ॥
एकपञ्चेन्द्रियस्थावरनिर्माणासद्गमनास्थिरषट्कानाम् ।
विंशं कोटीकोटीसागरनामानमुत्कृष्टम् ॥ १३१ ॥
हास्यरत्युच्चपुरुषे स्थिरषट्के शस्तगमनदेवद्विके ।
तस्यार्धमन्तःकोटीकोटिः आहारतीर्थकरे ॥ १३२ ॥
सुरनिरयायुषोरोघः नरतिर्यगायुषोः त्रीणि पल्यानि ।
उत्कृष्टस्थितिबन्धः संज्ञिपर्याप्तके योग्ये ॥ १३३ ॥ कुलकम् ।

अर्थ—उत्तरप्रकृतियोंमेंसे दुःख अर्थात् असाता वेदनीय १ और ज्ञानावरण ५ दर्शनावरण ९ अन्तराय ५ इन तीन घातियाकर्मोंकी १९ प्रकृतियां, सब मिलकर २० प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध ओघ अर्थात् सामान्य मूलप्रकृतिकी तरह तीस कोड़ाकोड़ीसागर प्रमाण है। सातावेदनीय, स्त्रीवेद, और मनुष्यगति १ मनुष्यगत्यानुपूर्वी २, ये दो; इन चार प्रकृतियोंका उससे आधा अर्थात् पंद्रह कोड़ाकोड़ी सागर स्थितिबन्ध प्रमाण है। दर्शनमोहनीयरूप जो एक मिथ्यात्व उसका सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है। और चारित्रमोहनीयरूप सोलह कषायोंका चालीस कोड़ाकोड़ी सागर है। १२८। और ६ संस्थान तथा ६ संहननोंमें चरम अर्थात् अन्तका हुंडकसंस्थान और असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन इन दोनोंका [illegible]

तरह वीस कोड़ाकोड़ी सागर है । और बाकीके ४ संस्थान तथा ४ संहननोंमें दो दो सागर पहले पहलेतक कम करना चाहिये । अर्थात् वामनसंस्थान और कीलितसंहननका १८, कुब्जकसंस्थान और अर्धनाराचसंहननका १६, स्वातिसंस्थान और नाराचसंहननका १४, न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थान और वज्रनाराचसंहननका १२, समचतुरस्रसंस्थान और वज्रर्षभनाराचसंहननका १० कोडाकोडीसागर प्रमाण है । विकलेन्द्री अर्थात् दोइंद्री तेइंद्री चौइंद्री, और सूक्ष्मादि तीन इस तरह ६ प्रकृतियोंका अठारह कोडाकोडी सागर प्रमाण स्थितिवन्ध है ॥ १२९ ॥ अरति, शोक, नपुंसकवेद, तिर्यंच-भय-नरक-तैजस-औदारिक इन पांचका जोड़ा अर्थात् तिर्यंचगति १ तिर्यंचगत्यानुपूर्वी २ इत्यादि, वैक्रियिक-आतप इन दोका जोड़ा, नीचगोत्र, त्रस-वर्ण-अगुरुलघु इन तीनोंकी चौकड़ी अर्थात् त्रस १ वादर २ पर्याप्त ३ प्रत्येक ४ इत्यादि, ॥ १३० ॥ एकेन्द्री, पंचेंद्री, स्थावर, निर्माण, असद्गमन अर्थात् अप्रशस्तविहायोगति, और अस्थिरादि छह, इसतरह ४१ प्रकृतियोंका वीस कोड़ाकोड़ीसागर उत्कृष्टस्थितिबंध है ॥ १३१ ॥ हास्य, रति, उच्चगोत्र, पुरुषवेद, स्थिरआदिक छह, शस्त गमन अर्थात् प्रशस्तविहायोगति, देवद्विक अर्थात् देवगति १ देवगत्यानुपूर्वी २, इन तेरह प्रकृतियोंका उससे आधा अर्थात् दस कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण है । आहारकशरीर, आहारक आंगोपांग और तीर्थंकरप्रकृति इन तीनोंका अंतःकोडाकोडी अर्थात् कोड़िसे ऊपर और कोड़ाकोड़िसे नीचे इतने सागरप्रमाण उत्कृष्ट स्थितिबंध है ॥ १३२ ॥ देवायु और नरकायु इन दोनोंका मूलप्रकृतिकी तरह ३३ सागर प्रमाण है, और मनुष्यायु तथा तिर्यंचायु इन दोनोंका तीन पल्य प्रमाण उत्कृष्ट स्थितिबंध कहा है । तीन शुभ आयुके सिवाय शेष कर्मोंका यह उत्कृष्टस्थितिबंध सैंनी पंचेंद्री पर्याप्तके उसमें भी योग्य जीवकेही होता है, हरएकके नहीं होता ॥ १३३ ॥

आगे तीन आयुके सिवाय शुभ-अशुभ प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके कारण संक्लेश परिणाम ही हैं, ऐसा कहते हैं;—

सव्वट्ठिदीणमुक्कस्सओ दु उक्कस्ससंकिलेसेण ।
विवरीदेण जहण्णो आउगतियवज्जियाणं तु ॥ १३४ ॥

सर्वस्थितीनामुत्कृष्टकस्तु उत्कृष्टसंक्लेशेन ।
विपरीतेन जघन्य आयुष्कत्रयवर्जितानां तु ॥ १३४ ॥

अर्थ—तीन आयु अर्थात् तिर्यंच-मनुष्य-देवायुके विना अन्य सब ११७ प्रकृतियोंका उत्कृष्टस्थितिबंध यथासंभव उत्कृष्ट संक्लेश (कषायसहित) परिणामोंसे होता है । और जघन्यस्थितिबंध विपरीतपरिणामोंसे अर्थात् संक्लेशसे उलटे—उत्कृष्टविशुद्धपरिणामोंसे होता

१ तीव्र कषायरूप उत्कृष्टसंक्लेशपरिणामोंवाला ही जीव अधिक स्थितिके योग्य कहागया है ।

है। तीन आयुप्रकृतियोंका इससे विपरीत अर्थात् उत्कृष्ट विशुद्धपरिणामोंसे उत्कृष्टस्थिति-बंध होता है तथा जघन्यस्थितिबंध उत्कृष्ट संक्लेशपरिणामोंसे होता है ॥ १३४ ॥

आगे उत्कृष्टस्थितिबंधके करनेवाले (स्वामीको) को कहते हैं;—

सव्वुक्कस्सठिदीणं मिच्छाइट्ठी दु बंधगो भणिदो ।
आहारं तित्थयरं देवाउं वा विमोत्तूण ॥ १३५ ॥

सर्वोत्कृष्टस्थितीनां मिथ्यादृष्टिस्तु बन्धको भणितः ।
आहारं तीर्थकरं देवायुर्वं वा विमुच्य ॥ १३५ ॥

अर्थ—आहारकद्विक, तीर्थंकर और देवायु इन चार प्रकृतियोंके सिवाय बाकी ११६ प्रकृतियोंकी उत्कृष्टस्थितियोंका मिथ्यादृष्टि जीवही बांधनेवाला होता है। इस कथनसे यह बात सिद्ध हुई कि इन आहारकादि चार प्रकृतियोंकी उत्कृष्टस्थितिका बंध सम्यग्दृष्टिके ही होता है ॥ १३५ ॥

अब इन चार प्रकृतियोंके बंधस्वामियोंमें जो विशेषता है उसको दिखाते हैं;—

देवाउगं पमत्तो आहारयमप्पमत्तविरदो दु ।
तित्थयरं च मणुस्सो अविरदसम्मो समज्जेइ ॥ १३६ ॥

देवायुर्षं प्रमत्त आहारकमप्रमत्तविरतस्तु ।
तीर्थकरं च मनुष्य अविरतसम्यक् समर्जयति ॥ १३६ ॥

अर्थ—देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिको छट्ठे प्रमत्तगुणस्थानवाला[1] बांधता है। आहारकको अर्थात् आहारकशरीर १ आहारक आंगोपांग २ इन दोनोंकी उत्कृष्ट स्थितिको सातवें अप्रमत्तगुणस्थानवाला[2] बांधता है। और उत्कृष्टस्थितिवाली तीर्थंकरप्रकृतिको चौथे गुणस्थानवाला असंयमी[3] सम्यग्दृष्टि मनुष्य ही उपार्जन करता है, अर्थात् बांधता है ॥ १३६ ॥

आगे ११६ प्रकृतियोंके बांधनेवाले (जोकि १३५ वीं गाथामें कहे हैं) मिथ्यादृष्टियोंके भी भेद दो गाथाओंसे कहते हैं;—

णरतिरिया सेसाउं वेगुव्वियछक्कवियलसुहुमतियं ।
सुरणिरया ओरालियतिरियदुगुज्जोवसंपत्तं ॥ १३७ ॥
देवा पुण एइंदियआदावं थावरं च सेसाणं ।
उक्कस्ससंकिलिट्ठा चदुगदिया ईसिमज्झिमया ॥ १३८ ॥ जुम्मं ।

नरतिर्यञ्चः शेषायुर्ष वैगूर्विकषट्कविकलसूक्ष्मत्रयम् ।
सुरनिरया औदारिकतिर्यग्द्वयोद्योतासंप्राप्तम् ॥ १३७ ॥

---

1 सातवें गुणस्थानके चढनेको सन्मुख हुआ प्रमत्तगुणस्थानवाला। 2 छट्टे गुणस्थानमें उतरनेको सन्मुख हुआ ऐसा अप्रमत्तवाला। 3 नरकमें जानेकेलिये सन्मुख हुआ अर्थात् नरकमें जानेवाला ऐसा अविरतसम्यग्दृष्टि।

देवाः पुनरेकेन्द्रियातपं स्थावरं च शेषाणाम् ।
उत्कृष्टसंक्लिष्टा चतुर्गतिका ईषन्मध्यमकाः ॥ १३८ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—देवायुसे शेष नरकादि तीन आयु, वैक्रियिकषट्क (नरकगति आदि ६), दो इंद्री आदि तीन विकलेंद्री, सूक्ष्मआदि तीन, इस तरह १५ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबंध मनुष्य और तिर्यंच जीव ही करते हैं । और औदारिकशरीरद्वय (औदारिकशरीर १ औदारिक आंगोपांग २), तिर्यंचगति १ तिर्यंचगत्यानुपूर्वी २ ये दो, उद्योत और असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन इन उत्कृष्ट–स्थिति–सहित प्रकृतियोंको देव और नारकी मिथ्यादृष्टि जीव ही बांधते हैं ॥ १३७ ॥ एकेंद्री, आतप, और स्थावर इन तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबंध मिथ्यादृष्टि देव करते हैं । और वाकी वचीं ९२ प्रकृतियोंको उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले तथा ईषन्मध्यमसंक्लेश परिणामवाले चारों गतियोंके जीव बांधते हैं ॥ १३८ ॥

आगे मूलप्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबंध बताते हैं;—

बारस य वेयणीये णामे गोदे य अट्ठ य मुहुत्ता ।
भिण्णमुहुत्तं तु ठिदी जहण्णयं सेसपंचण्हं ॥ १३९ ॥

द्वादश च वेदनीये नाम्नि गोत्रे च अष्ट च मुहूर्ताः ।
भिन्नमुहूर्तस्तु स्थितिः जघन्या शेषपञ्चानाम् ॥ १३९ ॥

अर्थ—वेदनीयकर्मकी जघन्यस्थिति १२ मुहूर्त है, और नाम तथा गोत्रकर्म इन दोनोंकी आठ मुहूर्त है, तथा वाकी वचे पांचकर्मोंकी जघन्य स्थिति अंतर्मुहूर्त है ॥ १३९॥

अब उत्तरप्रकृतियोंका जघन्यस्थितिबंध चार गाथाओंसे कहते हैं;—

लोहस्स सुहुमसत्तरसाणं ओघं दुगेकदलमासं ।
कोहतिये पुरिसस्स य अट्ठ य वस्सा जहण्णठिदी ॥ १४० ॥

लोभस्य सूक्ष्मसप्तदशानामोघः द्विकैकदलमासः ।
क्रोधत्रये पुरुषस्य च अष्ट च वर्षाणि जघन्यस्थितिः ॥ १४० ॥

अर्थ—लोभप्रकृति और दसवें सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानमें बंधनेवालीं १७ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबंध मूल प्रकृतियोंकी तरह समझना । अर्थात् इन प्रकृतियोंमेंसे यशस्कीर्ति और उच्चगोत्रका आठ आठ मुहूर्त, सातावेदनीयका १२ मुहूर्त; पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पांच अंतराय इन १४ का और लोभप्रकृतिका एक २ अंतर्मुहूर्त जानना । क्रोधादि तीन अर्थात् क्रोध, मान, मायाका क्रमसे दो महीने एक महीना तथा पंद्रहदिन जघन्यस्थितिबंध है । पुरुषवेदकी जघन्य स्थिति आठ वर्ष प्रमाण है ॥ १४० ॥

---

१ कषायरूप परिणाम तीव्र, मंद, मध्यमके भेदसे असंख्यात हैं । उनमेंसे तीव्र कषायरूप परिणामोंको उत्कृष्टसंक्लेश कहते हैं, मंद (थोड़ी) कषाय अवस्थारूप परिणामोंको ईषत्संक्लेश, और न बहुत न थोड़ी ऐसी मध्यमकषायअवस्थारूप परिणामोंको मध्यमसंक्लेशपरिणाम कहते हैं ।

तित्थाहाराणंतोकोडाकोडी जहण्णठिदिबंधो ।
खवगे सगसगबंधच्छेदणकाले हवे णियमा ॥ १४१ ॥

तीर्थाहाराणामन्तःकोटीकोटिः जघन्यस्थितिवन्धः ।
क्षपके स्वकस्वकबन्धच्छेदनकाले भवेत् नियमात् ॥ १४१ ॥

अर्थ—तीर्थंकर और आहारकका जोड़ा इन ३ प्रकृतियोंका जघन्यस्थितिबंध अंतः-कोड़ाकोड़ीसागर प्रमाण है। यह जघन्यस्थितिबंध क्षपकश्रेणीवालेके और अपनी २ बंधव्युच्छित्तिके समयमें ही नियमसे होता है ॥ १४१ ॥

भिण्णमुहुत्तो णरतिरियाऊणं वासदससहस्साणि ।
सुरणिरयआउगाणं जहण्णओ होदि ठिदिबंधो ॥ १४२ ॥

भिन्नमुहूर्तः नरतिर्यगायुषोः वर्षदशसहस्राणि ।
सुरनिरयायुषोः जघन्यकः भवति स्थितिबन्धः ॥ १४२ ॥

अर्थ—मनुष्यायु और तिर्यंच आयुका जघन्यस्थितिबंध अंतर्मुहूर्त है। देवायु और नरकायुका दश हजार वर्ष प्रमाण जघन्यस्थितिबंध होता है ॥ १४२ ॥

सेसाणं पज्जत्तो बादरएइंदियो विसुद्धो य ।
बंधदि सव्वजहण्णं सगसगउक्कस्सपडिभागे ॥ १४३ ॥

शेषाणां पर्याप्तो बादरैकेन्द्रियो विशुद्धश्च ।
बध्नाति सर्वजघन्यं स्वकस्वकोत्कृष्टप्रतिभागे ॥ १४३ ॥

अर्थ—बंधयोग्य १२० प्रकृतियोंमेंसे २९ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबंध ऊपर बता चुके हैं। अब बाकी बचीं ९१ प्रकृतियां; उनमेंभी वैक्रियिकषट्क और मिथ्यात्व इन सात-प्रकृतियोंके विना ८४ प्रकृतियोंकी जघन्यस्थितियोंको बादरपर्याप्त यथायोग्य विशुद्धपरिणा-मोंको धारणकरनेवाला एकेंद्री जीव ही बांधता है। और उसका प्रमाण गणितके अनुसार त्रैराशिकविधिसे भागकरनेपर अपनी २ स्थितिके प्रतिभागका जो जो प्रमाण आवे उतना ही जानना ॥ १४३ ॥

आगे उसी जघन्यस्थितिकी विधि और प्रमाणको दिखाते हैं;—

एयं पणकदि पण्णं सयं सहस्सं च मिच्छवरबंधो ।
इगिविगलाणं अवरं पल्लासंखूणसंखूणं ॥ १४४ ॥

एकं पञ्चकृतिः पञ्चाशत् शतं सहस्रं च मिथ्यात्ववरबंधः ।
एकविकलानामवरः पल्यासंख्योनसंख्योनम् ॥ १४४ ॥

अर्थ—एकेंद्री और विकल चतुष्क अर्थात् दोइन्द्री, ते इन्द्री, चौइन्द्री, और असंज्ञी-पंचेंद्री; इस तरह कुल पांच प्रकारके जीव, क्रमसे मिथ्यात्वकर्मकी उत्कृष्टस्थितिका बंध

एक सागर, २५ सागर, ५० सागर, १०० सागर, और १००० सागर प्रमाण करते हैं। अपनी उत्कृष्टस्थितिमेंसे पल्यका असंख्यातवां भाग हीन (कम) करनेपर जो प्रमाण वाकी रहै उतनी जघन्यस्थितिको एकेंद्री जीव वांधता है । और दोइन्द्री आदि विकल चतुष्क अपनी २ उत्कृष्ट स्थितिमेंसे पल्यके संख्यातवें भाग हीनकरनेपर वाकी जो प्रमाण आवै उतनी जघन्यस्थिति वांधते हैं ॥ १४४ ॥

आगे संज्ञीपंचेंद्रीकी उत्कृष्टस्थितिकी अपेक्षासे त्रैराशिकगणितद्वारा एकेंद्रियजीवोंके उत्कृष्ट वा जघन्यस्थितिवंधका प्रमाण निकालकर बताते हैं;—

जदि सत्तरिस्स एत्तियमेत्तं किं होदि तीसियादीणं ।
इदि संपाते सेसा-णं इगिविगलेसु उभयठिदी ॥ १४५ ॥

यदि सप्ततेः एतावन्मात्रं किं भवति त्रिंशदादीनाम् ।
इति संपाते शेषाणामेकविकलेषूभयस्थितिः ॥ १४५ ॥

अर्थ—जो सत्तरि कोड़ाकोड़ीसागरकी उत्कृष्टस्थितिवाला मिथ्यात्वकर्म एकेंद्री जीवके एक सागरप्रमाण वँधता है तो तीसकोड़ाकोड़ी सागरआदिकी स्थितिवाले वाकीके कर्मोंका एकेंद्री जीवके कितना स्थिति प्रमाण वंध सकता है? इसप्रकार संपात (त्रैराशिक) विधिकरनेसे एकेन्द्रीजीवकी उत्कृष्टस्थिति$\frac{3}{7}$अर्थात् एक सागरके सात भागमेंसे तीन भाग प्रमाण होती है । इसीतरह दोइन्द्री आदि विकलेन्द्रिय जीवोंके भी संज्ञी पंचेंद्रीकी उत्कृष्टस्थितिके हिसावसे सम्पूर्ण कर्मोंकी उत्कृष्टस्थिति निकाललेना चाहिये । और एकेंद्रियादि असंज्ञीपंचेंद्री तककी जघन्यस्थितिसे जघन्यस्थिति निकाललेनी चाहिये । इसतरह दोनों (उत्कृष्ट व जघन्य) स्थितियां त्रैराशिकके द्वारा निकलआती हैं ॥ १४५ ॥

अव जघन्यस्थितिमें कुछ विशेषता है उसको दिखाते हैं;—

सण्णि असण्णिचउक्के एगे अंतोमुहुत्तमावाहा ।
जेट्ठे संखेज्जगुणा आवलिसंखं असंखभागहियं ॥ १४६ ॥

संज्ञिनि असंज्ञिचतुष्के एके अन्तर्मुहूर्त आवाधा ।
ज्येष्ठे संख्येयगुणा आवलिसंख्यमसंख्यभागाधिकम् ॥ १४६ ॥

अर्थ—सैनी जीव, असंज्ञीकी चौकड़ी अर्थात् असंज्ञिपंचेन्द्री १ चौइन्द्री २ तेइंद्री ३ दोइंद्री ४, और एकेंद्री जीवकी प्रकृतियोंकी जघन्य आवाधा (इसका लक्षण आगे १५५ वें गाथामें कहेंगे) अंतर्मुहूर्त प्रमाण है । यद्यपि विशेष दृष्टिसे विचार करनेपर संज्ञीपंचेन्द्रियसे एकेन्द्रिय पर्यन्त यह आवाधा उत्तरोत्तर क्रमसे संख्यातगुणी २ कमती है, तो भी अंतर्मुहूर्तमें ही सामान्यसे वे सव गिनी जाती हैं । क्योंकि अंतर्मुहूर्तके वहुत भेद हैं । इसकारण यहांपर सामान्यसे अंतर्मुहूर्त ही काल कहा है । ज्येष्ठ अर्थात् उत्कृष्ट आवाधा सैनीजीवमें तो अपनी

जघन्यसे संख्यातगुणी जानना । और असंज्ञिचतुष्कमें अपनी जघन्यसे आवलिके संख्यातवें भाग अधिक तथा एकेन्द्रियमें अपनी जघन्य आवाधाके कालसे आवलीके असंख्यातवें भाग अधिक समझना ॥ १४६ ॥

इसप्रकार सब मनमें रखकर जघन्यस्थितिबंधको सिद्धकरनेकेलिये गणितका सूत्र कहते हैं;—

जेट्ठावाहोवट्टियजेट्ठं आवाहकंडयं तेण ।
आवाहवियप्पहदेणेगूणेणूणजेट्ठमवरठिदी ॥ १४७ ॥

ज्येष्ठावाधोद्वर्तितज्येष्ठमावाधाकाण्डकं तेन ।
आवाधाविकल्पहतेन एकोनेन ऊनज्येष्ठमवरस्थितिः ॥ १४७ ॥

अर्थ—एकेंद्रियादि जीवोंकी उत्कृष्ट आवाधासे भाजित (भाग की गई) जो अपने २ कर्मोकी उत्कृष्टस्थिति उसके प्रमाण (माप) कालको **आवाधाकाण्डक** कहते हैं । अर्थात् उतने २ स्थितिके भेदोंमें एकसरीखा आवाधाका प्रमाण जानना । उस अपने २ आवाधाकाण्डकके प्रमाणसे अपने २ आवाधाके भेदोंको गुणनेसे जो प्रमाण हो उसमें एक २ घटाकर जितना प्रमाण आवै उतना कम जो अपनी २ उत्कृष्टस्थिति है वह अपनी २ जघन्यस्थिति जानना । जैसे एकेंद्री जीवके मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट आवाधाका प्रमाण आवलिके असंख्यातवें भाग अधिक अंतर्मुहूर्त है । उसका भाग मिथ्यात्वकी उत्कृष्टस्थिति १ सागरमें देनेसे जो लब्ध आया वह **आवाधाकाण्डक** नामका प्रमाण हुआ । इस आवाधाकांडकसे और पूर्वकथित आवाधाके भेदोंसे अर्थात् अवलिके असंख्यातवें भाग अधिक अन्तर्मुहूर्त प्रमाणसे गुणाकार करनेपर जो प्रमाण हो उसमेंसे एक कम करै, पुनः उतने प्रमाण—गुणनफलको मिथ्यात्वकी उत्कृष्टस्थिति १ सागरमें घटानेसे जो प्रमाण बचै वही मिथ्यात्वकी जघन्यस्थितिका प्रमाण जानना । इसीप्रकार दो इंद्री आदिमें भी गणित करके समझलेना । विस्तार भयसे अधिक नहीं लिखा है ॥ १४७ ॥

अब जीवोंके चौदह भेदोंमें जघन्य और उत्कृष्टस्थितिबंधको जुदा २ करके दिखलाते हैं;—

वासूप-वासूअ-वरट्ठिदीओ सूवाअ-सूवाप-जहण्णकालो ।
वीवीवरो वीविजहण्णकालो सेसाणमेवं वयणीयमेदं ॥१४८॥

वासूप-वासूअ-वरस्थितिः सूवाअ-सूवाप-जघन्यकालः ।
वीवीवरः वीविजघन्यकालः शेषाणामेवं वक्तव्यमेतत् ॥ १४८ ॥

---

१ एकेन्द्रीके दो भेद—बादर और सूक्ष्म, तथा द्वीन्द्रिय त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय असंज्ञी पंचेन्द्रिय और संज्ञी पंचेन्द्रिय । इन सात भेदोंके पर्याप्त और अपर्याप्तके भेदोंसे जीवोंके १४ भेद होवे हैं ।

अर्थ—बासूप अर्थात् बादर-सूक्ष्मपर्याप्त और बासूअ अर्थात् बादर-सूक्ष्मअपर्याप्त दोनों मिलकर चार तरहके जीवोंके कर्मोंकी उत्कृष्टस्थिति, तथा सूक्ष्म-बादरअपर्याप्त और सूक्ष्म-बादरपर्याप्त जीवोंके कर्मोंकी जघन्यस्थिति, इस तरह एकेन्द्री जीवकी कर्म स्थितिके आठ भेद हुए। बीबीवरः अर्थात् दोइंद्री पर्याप्त और दोइंद्री अपर्याप्त इन दोनोंकी उत्कृष्ट कर्मस्थिति तथा दोइंद्री अपर्याप्त और दोइंद्री पर्याप्त इन दोनोंका जघन्यकाल; इस प्रकार दोइन्द्रीकी स्थितिके चार भेद होते हैं । इसीतरह तेइंद्रीसेलेकर संज्ञीपंचेन्द्रीतक की स्थितिके भी चार २ भेद जानना । सब मिलकर चौदह तरहके जीवोंकी अपेक्षा स्थितिके ८+४+४+४+४+४=२८ भेद हुए ॥ १४८ ॥

ऐसा सब कथन मनमें धारणकर स्थितिकी शलाका (हिस्सा) ओंको जाननेकेलिये गाथासूत्र कहते हैं;—

मज्झे थोवसलागा हेट्ठा उवरिं च संखगुणिदकमा ।
सव्वजुदी संखगुणा हेट्ठुवरिं संखगुणमसण्णित्ति ॥ १४९ ॥

मध्ये स्तोकशलाका अधस्तनमुपरि च संख्यगुणितक्रमाः ।
सर्वयुतिः संख्यगुणा अधस्तनोपरि संख्यगुणा असंज्ञीति ॥ १४९ ॥

अर्थ—संज्ञी जीवकी स्थितिके ४ भेदोंको छोडकर बाकी जीवोंकी स्थितिके २४ भेदोंकी जो संख्यास्वरूप शलाकाएं हैं वे मध्यभागमें थोड़ी हैं। अर्थात् मध्यके भेदोंकी संख्या अल्प है। किंतु नीचेके भाग तथा ऊपरके भागके भेदोंकी संख्या पहलेसे क्रमसे संख्यातगुणी जानना। तथा सबका जोड़ अर्थात् सब भेदोंकी संख्या मिलकर संख्यातगुणी होती है। इस तरह नीचेके भागसे लेकर ऊपरके भाग तकमें असंज्ञी पंचेन्द्रीजीवोंतककी ही संख्यातगुणी शलाका जाननी। अर्थात् एकेन्द्रीसे लेकर असंज्ञीपंचेन्द्री तक स्थितिके कुल भेद संख्यात हैं ॥ १४९॥

अब संज्ञीजीवोंकी स्थितिके चार भेदोंमें कुछ विशेषता दिखाते हैं,—

सण्णिस्स दु हेट्ठादो ठिदिटाणं संखगुणिदमुवरुवरिं ।
ठिदिआयामोवि तहा सगठिदिटाणं व आबाहा ॥ १५० ॥

संज्ञिनः हि अधस्तनात् स्थितिस्थानं संख्यगुणितमुपर्युपरि ।
स्थित्यायामोपि तथा स्वकस्थितिस्थानं च आबाधा ॥ १५० ॥

अर्थ—संज्ञी (मनसहित) पंचेन्द्रीके चार भेदोंमें नीचेसे लेकर अर्थात् संज्ञीपर्याप्तके जघन्यस्थितिभेदसे ऊपर २ चौथे भेदतक स्थितिके स्थान (भेदोंका प्रमाण) संख्यातगुणे क्रमसे जानने । और स्थितिका काल (समय प्रमाण) भी संख्यातगुणा है। तथा आबाधाकालका प्रमाण स्थितिके स्थानोंकी तरह समझना। भावार्थ—जिस प्रकार स्थितिस्थान और स्थिति आयामका प्रमाण बहु भाग और एक भागके विभागसे निकाला जाता है उसी विधिसे आबाधाका प्रमाण भी निकालना चाहिये ॥ १५० ॥

आगे जघन्यस्थितिबंधके स्वामी (करनेवाले) को कहते हैं:—

सत्तरसपंचतित्थाहाराणं सुहुमबादरापुव्वो ।
छव्वेगुव्वमसण्णी जहण्णमाऊण सण्णी वा ॥ १५१ ॥

सप्तदशपञ्चतीर्थाहाराणां सूक्ष्मबादरापूर्वः ।
षड्वैगूर्वमसंज्ञी जघन्यमायुषां संज्ञी वा ॥ १५१ ॥

अर्थ—ज्ञानावरणादि (ज्ञानावरण ५, दर्शनावरण ४, अंतराय ५, यशस्कीर्ति, उच्चगोत्र, सातावेदनीय) १७ प्रकृतियोंकी जघन्यस्थितिको दसवें सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवाला बांधता है । पुरुषवेदादिक (पुंवेद १ संज्वलन ४) पांचकी जघन्यस्थिति बादर अर्थात् नवमें गुणस्थानवाला, तीर्थंकरप्रकृति तथा आहारकद्वय इन तीनकी जघन्यस्थितिको आठवें अपूर्वकरणगुणस्थानवाला, और वैक्रियिकषट्क जो देवगति आदि छह हैं उनकी जघन्यस्थितिको असैनी पंचेंद्री जीव, तथा आयुकर्मकी जघन्यस्थितिको संज्ञी अथवा असंज्ञी दोनों ही बांधते हैं ॥ १५१ ॥

आगे अजघन्यादि स्थितिके भेदोंमें जो साद्यादिभेद संभव होसकते हैं उनको कहते हैं;—

अजहण्णट्ठिदिबंधो चउविहो सत्तमूलपयडीणं ।
सेसतिये दुवियप्पो आउचउक्केवि दुवियप्पो ॥ १५२ ॥

अजघन्यस्थितिबन्धः चतुर्विधः सप्तमूलप्रकृतीनाम् ।
शेषत्रये द्विविकल्प आयुश्चतुष्केपि द्विविकल्पः ॥ १५२ ॥

अर्थ—आयुके विना सात मूल प्रकृतियोंका अजघन्य स्थितिबंध सादि आदिकके भेदसे चार तरहका है । और बाकीके उत्कृष्ट वगैरः तीन बंधोंके सादि, अध्रुव ये दो ही भेद हैं । तथा आयुकर्मके उत्कृष्टादिक चार भेदोंमें भी स्थितिबंध सादि, अध्रुव ऐसे दोप्रकारका है ॥ १५२ ॥

अब उत्तरप्रकृतियोंमें विशेषता दिखाते हैं;—

संजलणसुहुमचोद्दस-घादीणं चदुविधो दु अजहण्णो ।
सेसतिया पुण दुविहा सेसाणं चदुविधावि दुधा ॥ १५३ ॥

संज्वलनसूक्ष्मचतुर्दशघातिनां चतुर्विधस्तु अजघन्यः ।
शेषत्रयः पुनः द्विविधाः शेषाणां चतुर्विधापि द्विधा ॥ १५३ ॥

अर्थ—संज्वलनकषायकी चौकड़ी, दसवें सूक्ष्मसांपरायकी मतिज्ञानावरणादि घातियाकर्मोंकी १४ प्रकृतियां, इन १८ प्रकृतियोंका अजघन्यस्थितिबंध सादि आदिकके भेदसे चारप्रकार है, और बाकीके जघन्यादि तीन भेदोंके सादि, अध्रुव ये दो ही भेद हैं । शेष प्रकृतियोंके जघन्यादिक चार भेदोंके भी सादि, अध्रुव दो भेद हैं ॥ १५३ ॥

सव्वाओ दु ठिदीओ सुहासुहाणंपि होंति असुहाओ ।
माणुसतिरिक्खदेवाउगं च मोत्तूण सेसाणं ॥ १५४ ॥

सर्वास्तु स्थितयः शुभाशुभानामपि भवन्ति अशुभाः ।
मनुष्यतिर्यग्देवायुष्कं च मुक्त्वा शेषाणाम् ॥ १५४ ॥

अर्थ—मनुष्य, तिर्यंच, देवायुके सिवाय बाकी सब शुभ तथा अशुभ प्रकृतियोंकी स्थितियाँ अशुभरूप ही हैं; क्योंकि संसारका कारण हैं । इसीलिये इन प्रकृतियोंको वहुतकषायी जीव ही उत्कृष्टस्थितिके साथ बांधता है ॥ १५४ ॥

पहले जो आबाधा कही थी उसका अब लक्षण कहते हैं;—

कम्मसरूवेणागयदव्वं ण य एदि उदयरूवेण ।
रूवेणुदीरणस्स व आबाहा जाव ताव हवे ॥ १५५ ॥

कर्मस्वरूपेणागतद्रव्यं न च एति उदयरूपेण ।
रूपेणोदीरणाया वा आबाधा यावत्तावद्भवेत् ॥ १५५ ॥

अर्थ—कार्मणशरीरनामा नामकर्मके उदयसे योगद्वारा आत्मामें कर्मस्वरूपसे परिणमता हुआ जो पुद्गलद्रव्य वह जब तक उदयस्वरूप (फल देने स्वरूप) अथवा उदीरणा (विना समयके कर्मका पाक होना) स्वरूप न हो तब तक के उस कालको आबाधा कहते हैं ॥ १५५ ॥

अब उस आबाधाको उदयकी अपेक्षा मूलप्रकृतियोंमें बतलाते हैं;—

उदयं पडि सत्तण्हं आबाहा कोडकोडि उवहीणं ।
वाससयं तप्पडिभागेण य सेसट्ठिदीणं च ॥ १५६ ॥

उदयं प्रति सप्तानामाबाधा कोटीकोटिः उदधीनाम् ।
वर्षशतं तत्प्रतिभागेन च शेषस्थितीनां च ॥ १५६ ॥

अर्थ—एक कोड़ाकोड़ीसागर प्रमाण स्थितीकी आबाधा सौ वर्ष प्रमाण जानना । और बाकी स्थितियोंकी आबाधा इसी के अनुसार त्रैराशिकविधिसे भाग देनेपर जो २ प्रमाण आवै उतनी २ जानना । यह क्रम आयुकर्मके सिवाय सात कर्मोंकी आबाधाके लिये उदयकी अपेक्षासे है ॥ १५६ ॥

आगे अंतःकोड़ाकोड़ीसागर प्रमाण स्थितीकी आबाधा कहते हैं;—

अंतोकोडाकोडिट्ठिदिस्स अंतोमुहुत्तमाबाहा ।
संखेज्जगुणविहीणं सव्वजहण्णट्ठिदिस्स हवे ॥ १५७ ॥

अन्तःकोटीकोटिस्थितेः अन्तर्मुहूर्त आबाधा ।
संख्यातगुणविहीनः सर्वजघन्यस्थितेः भवेत् ॥ १५७ ॥

अर्थ—अंतः कोड़ाकोड़ी सागर स्थितीकी अन्तर्मुहूर्त आवाधा है। और सब जघन्य-स्थितियोंकी उससे संख्यातगुणी कम (संख्यातवें भाग) आवाधा होती है ॥ १५७ ॥

अब शेष (बचे) आयुकर्मकी आवाधा कहते हैं;—

पुव्वाणं कोडितिभा-गादासंखेपअद्ध वोत्ति हवे ।
आउस्स य आवाहा ण ट्ठिदिपडिभागमाउस्स ॥ १५८ ॥

पूर्वाणां कोटित्रिभागादासंक्षेपाद्धा वा इति भवेत् ।
आयुषश्च आवाधा न स्थितिप्रतिभाग आयुषः ॥ १५८ ॥

अर्थ—आयुकर्मकी आवाधा कोड़पूर्वके तीसरे भागसे लेकर असंक्षेपाद्धा प्रमाण अर्थात् जिससे थोड़ा काल कोई न हो ऐसे आवलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण तक है। आयुकर्मकी आवाधा स्थितिके अनुसार भाग की हुई नहीं है। अर्थात्—जैसे अन्य कर्मोंमें स्थितिके अनुसार भाग करनेसे आवाधाका प्रमाण होता है, इसतरह इस आयुकर्ममें नहीं है ॥१५८॥

आगे उदीरणाकी अपेक्षा आवाधा कहते हैं;—

आवलियं आवाहा उदीरणमासिज्ज सत्तकम्माणं ।
परभवियआउगस्स य उदीरणा णत्थि णियमेण ॥ १५९ ॥

आवलिकमावाधा उदीरणामाश्रित्य सप्तकर्मणाम् ।
परभवीयायुष्कस्य च उदीरणा नास्ति नियमेन ॥ १५९ ॥

अर्थ—सात कर्मोंकी आवाधा उदीरणाकी अपेक्षासे एक आवली मात्र है। और परभवकी आयु जो बांधलीनी है उसकी उदीरणा निश्चय कर नहीं होती । अर्थात् वर्तमान आयुकी उदीरणा तो हो सकती, है परंतु आगामी आयुकी नहीं होती ॥ १५९ ॥

अब कर्मोंके निषेकका स्वरूप कहते हैं;—

आवाहूणियकम्मट्ठिदी णिसेगो दु सत्तकम्माणं ।
आउस्स णिसेगो पुण सगट्ठिदी होदि णियमेण ॥ १६० ॥

आवाधोनितकर्मस्थितिः निषेकस्तु सप्तकर्मणाम् ।
आयुषः निषेकः पुनः स्वकस्थितिः भवति नियमेन ॥ १६० ॥

अर्थ—अपनी २ कर्मोंकी स्थितीमें आवाधाका काल घटानेसे जो काल शेष रहे उसके समयोंके प्रमाण सात कर्मोंके निषेक (समय २ में जो कर्म खिरें उनके समूहरूप निषेक) जानना। और आयुकर्मका निषेक अपनी २ स्थिति प्रमाण है, ऐसा नियमसे समझना ॥१६०॥

अब निषेकका क्रम दिखाते हैं;—

आवाहं बोलाविय पढमणिसेगम्मि देय बहुगं तु ।
तत्तो विसेसहीणं बिदियस्सादिमणिसेओत्ति ॥ १६१ ॥

आबाधां वा अपलाप्य प्रथमनिषेके देयं बहुकं तु ।
ततो विशेषहीनं द्वितीयसादिमनिषेक इति ॥ १६१ ॥

अर्थ—आबाधा कालको छोड़कर जो अनंतर (उसके बाद) का समय है वहां पहली गुणहानिके प्रथम निषेकमें बहुत द्रव्य देना। अर्थात् वहां बहुत कर्मपरमाणू फल देकर खिर-जाते हैं (दूर हो जाते हैं)। और दूसरे निषेकसे लेकर दूसरी गुणहानिके प्रथमनिषेकपर्यंत विशेषकर अर्थात् चयकर हीन (कम) कर्मपरमाणू फल देकर दूर होते हैं ॥ १६१ ॥

बिदिये बिदियणिसेगे हाणी पुव्विल्लहाणिअद्धं तु ।
एवं गुणहाणिं पडि हाणी अद्धद्धयं होदि ॥ १६२ ॥

द्वितीये द्वितीयनिषेके हानिः पूर्वहान्यर्धं तु ।
एवं गुणहानिं प्रति हानिः अर्धार्धं भवति ॥ १६२ ॥

अर्थ—द्वितीय गुणहानिके दूसरे निषेकमें पहली गुणहानिके चयसे आधा चय तीसरी गुणहानिके पहले निषेकतक घटाना। इसीप्रकार तीसरी आदि गुणहानिके दूसरे निषेकसे लेकर चौथी आदि सब गुणहानियोंमें क्रमसे आधा आधा चय कम कर्मपरमाणुद्रव्य समझना ॥ १६२ ॥

इस कथनको आगे विस्तारसे कहेंगे; परंतु उदाहरणद्वारा नाममात्र यहांपर भी दिखादेते हैं।—जैसे कर्मकी परमाणु ६३००, आबाधाके विना स्थितिका प्रमाण ४८ समय, एक एक गुणहानि ८ समय प्रमाण, सब स्थिति ४८ समयकी ६ नानागुणहानि, दो गुणहानिका आयाम (काल) १६, अन्योन्याभ्यस्तराशि ६४। इतनी सब संज्ञा मनमें धारण कर लेना। इन सब गुणहानियोंमेंसे प्रथम गुणहानिमें परमाणू ३२०० खिरते हैं। द्वितीयादिक गुणहानिमें आधे २ खिरते हैं। इत्यादि कथन अन्यत्र टीकासे जानना। यहां विस्तारभयसे अधिक नहीं लिखा है। इसप्रकार स्थितिबंधका प्रकरण समाप्त हुआ ॥

आगे अनुभागबन्धको बाईस गाथाओंसे कहते हैं;—

सुहपयडीण विसोही तिव्वो असुहाण संकिलेसेण ।
विवरीदेण जहण्णो अणुभागो सव्वपयडीणं ॥ १६३ ॥

शुभप्रकृतीनां विशुद्ध्या तीव्र अशुभानां संक्लेशेन ।
विपरीतेन जघन्य अनुभागः सर्वप्रकृतीनाम् ॥ १६३ ॥

अर्थ—सातावेदनीयादिक शुभ (पुण्य) प्रकृतियोंका अनुभागबंध विशुद्धपरिणामोंसे उत्कृष्ट होता है। असातावेदनीय आदि अशुभ प्रकृतियोंका अनुभागबंध क्लेशरूप परिणामोंसे उत्कृष्ट होता है। और विपरीत परिणामोंसे जघन्य अनुभागबंध होता है। अर्थात्—शुभप्रकृतियोंका संक्लेश (तीव्र कषायरूप) परिणामोंसे और अशुभप्रकृतियोंका विशुद्ध (मंद कषायरूप) परिणामोंसे जघन्य अनुभागबंध होता है। इसप्रकार सब प्रकृतियोंका अनुभागबंध जानना ॥ १६३ ॥

आगे तीव्र अनुभागबन्धके स्वामीको दिखाते हैं;—

वादालं तु पसत्था विसोहिगुणमुक्कडस्स तिव्वाओ ।
वासीदि अप्पसत्था मिच्छुक्कडसंकिलिट्ठस्स ॥ १६४ ॥

द्वाचत्वारिंशत्तु प्रशस्ता विशुद्धिगुणोत्कटस्य तीव्राः ।
व्यशीतिः अप्रशस्ता मिथ्योत्कटसंक्लिष्टस्य ॥ १६४ ॥

अर्थ—पहले कहीगई जो ४२ पुण्य प्रकृतियां हैं उनका उत्कृष्ट अनुभागबंध विशुद्धतारूप गुणकी उत्कृष्टतावाले जीवके होता है । और असातादिक ८२ अशुभ प्रकृतियां उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामवाले मिथ्यादृष्टि जीवके तीव्र (उत्कृष्ट) अनुभाग लेकर बंधती हैं ॥ १६४ ॥

आदाओ उज्जोओ मणुवतिरिक्खाउगं पसत्थासु ।
मिच्छस्स होंति तिव्वा सम्माइट्ठिस्स सेसाओ ॥ १६५ ॥

आतप उद्योतः मानवतिर्यगायुष्कं प्रशस्तासु ।
मिथ्यस्य भवन्ति तीव्राः सम्यग्दृष्टेः शेषाः ॥ १६५ ॥

अर्थ—उक्त ४२ प्रशस्त प्रकृतियोंमेंसे आतप, उद्योत, मनुष्यायु और तिर्यंचायु इन चारका उत्कृष्ट अनुभागबंध विशुद्धमिथ्यादृष्टिके होता है । और शेष ३८ प्रकृतियोंका विशुद्धसम्यग्दृष्टिके तीव्र अनुभागबंध होता है ॥ १६५ ॥

मणुओरालदुवज्जं विसुद्धसुरणिरयअविरदे तिव्वा ।
देवाउ अप्पमत्ते खवगे अवसेसबत्तीसा ॥ १६६ ॥

मनुष्यौदारिकद्विवज्रं विशुद्धसुरनिरयाविरते तीव्राः ।
देवायुरप्रमत्ते क्षपके अवशेषद्वात्रिंशत् ॥ १६६ ॥

अर्थ—सम्यग्दृष्टिकी ३८ प्रकृतियोंमेंसे मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर तथा उसके आंगोपांग, वज्रवृषभनाराचसंहनन इन पांचोंका तीव्र अनुभागबंध अनंतानुबंधी कषायके विसंयोजन करनेमें (अप्रत्याख्यानादिरूप परिणमावनेमें) तीन करण करता हुआ अनिवृत्तिकरणके अन्तसमयमें विशुद्ध देव वा नारकी असंयतसम्यग्दृष्टि करता है । और देवायुको अप्रमत्तगुणस्थानवाला तीव्र अनुभागसहित बांधता है । बाकी ३२ प्रकृतियोंका तीव्र अनुभागबंध क्षपकश्रेणीवाले जीवके होता है ॥ १६६ ॥

इन बाकीकी ३२ प्रकृतियोंके नाम गिनाते हैं:—

उवघादहीणतीसे अपुव्वकरणस्स उच्चजससादे ।
संमेलिदे हवंति हु खवगस्सऽवसेसबत्तीसा ॥ १६७ ॥

उपघातहीनत्रिंशत् अपूर्वकरणस्य उच्चयशःसातम् ।
संमेलिते भवन्ति हि क्षपकस्यावशेषद्वात्रिंशत् ॥ १६७ ॥

अर्थ—अपूर्वकरणके छट्ठे भागकी ३० व्युच्छित्ति प्रकृतियोंमेंसे एक उपघात प्रकृतिको छोड़ बाकी २९ प्रकृतियां, और उच्च गोत्र, यशस्कीर्ति, सातवेदनीय ये तीन प्रकृतियां, इसप्रकार सब ३२ प्रकृतियां क्षपकश्रेणीवालेके पूर्व गाथामें कहीं थीं सो जानना ॥ १६७ ॥

मिच्छस्संतिमणवयं णरतिरियाऊणि वामणरतिरिये ।
एइंदियआदावं थावरणामं च सुरमिच्छे ॥ १६८ ॥

मिथ्यात्वस्यान्तिमनवकं नरतिर्यगायुषी वामनरतिरश्चि ।
एकेन्द्रियमातापं स्थावरनाम च सुरमिथ्ये ॥ १६८ ॥

अर्थ—मिथ्यात्वगुणस्थानकी व्युच्छित्ति प्रकृतियोंमेंसे अंतकी सूक्ष्मादि नव प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबंध संक्लेश परिणामवाले मिथ्यादृष्टि मनुष्य वा तिर्यंच करते हैं, और विशुद्ध (मंदकषाय) परिणामवाले मनुष्य वा तिर्यंच मनुष्यायु, तिर्यंचायुके उत्कृष्ट अनुभागको बांधते हैं । तथा मिथ्यादृष्टि देव संक्लेशपरिणामोंसे एकेन्द्री और स्थावर प्रकृतिका उत्कृष्ट अनुभाग बांधता है, और विशुद्धपरिणामोंसे अपनी आयुके छह महीने बाकी रहनेपर आताप प्रकृतिका तीव्र अनुभागबंध करता है ॥ १६८ ॥

उज्जोवो तमतमगे सुरणारयमिच्छगे असंपत्तं ।
तिरियदुगं सेसा पुण चदुगदिमिच्छे किलिट्ठे य ॥ १६९ ॥

उद्योतः तमस्तमके सुरनारकमिथ्यके असंप्राप्तम् ।
तिर्यग्द्विकं शेषाः पुनः चतुर्गतिमिथ्ये क्लिष्टे च ॥ १६९ ॥

अर्थ—सातवें तमस्तमक नामा नरकमें उपशमसम्यक्त्वके सन्मुख हुआ विशुद्ध मिथ्यादृष्टि नारकी जीव उद्योत प्रकृतिका, और देव व नारकी मिथ्यादृष्टि जीव असंप्राप्तसृपाटिका संहनन, तिर्यंच गति, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी इन तीनोंका उत्कृष्ट अनुभाग बांधते हैं । और बाकी रहीं ६८ प्रकृतियोंको चारोंगतिके संक्लेश परिणामवाले मिथ्यादृष्टि जीव उत्कृष्ट अनुभागसहित बांधते हैं ॥ १६९ ॥

अब जघन्य अनुभागबन्धके स्वामियोंको कहते हैं;—

वण्णचउक्कमसत्थं उवघादो खवगघादि पणवीसं ।
तीसाणमवरबंधो सगसगवोच्छेदठाणम्हि ॥ १७० ॥

वर्णचतुष्कमशस्तमुपघातः क्षपकघाति पञ्चविंशतिः ।
त्रिंशतामवरबन्धः स्वकस्वकव्युच्छेदस्थाने ॥ १७० ॥

अर्थ—अशुभ वर्णादि चार, तथा उपघात और क्षय होनेवाली घातियाकर्मोंकी पचीस अर्थात् ज्ञानावरण ५ अंतराय ५ दर्शनावरण ४ निद्रा, प्रचला, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पुरुषवेद, संज्वलन ४, इन सब ३० प्रकृतियोंका अपनी अपनी बंधव्युच्छित्तिके ठिकानेपर जघन्य अनुभागबंध होता है ॥ १७० ॥

अणथीणतियं मिच्छं मिच्छे अयदे हु विदियकोधादी ।
देसे तदियकसाया संजमगुणपच्छिदे सोलं ॥ १७१ ॥

अन-स्त्यानत्रयं मिथ्यात्वं मिथ्ये अयते हि द्वितीयक्रोधादयः ।
देशे तृतीयकषायाः संयमगुणप्रस्थिते षोडश ॥ १७१ ॥

अर्थ—अनंतानुबंधी कषाय ४ स्त्यानगृद्ध्यादिक ३ और मिथ्यात्व ये आठ मिथ्यादृष्टिमें, और दूसरी अप्रत्याख्यानकषाय ४ असंयतमें, तीसरी प्रत्याख्यानकषाय ४ देशसंयत (पांचवे) गुणस्थानमें; इसप्रकार १६ प्रकृतियोंको इन गुणस्थानोंमें जो संयमगुणके धारनेको सन्मुख हुआ है ऐसा विशुद्ध परिणामवाला जीव जघन्य अनुभागसहित बांधता है ॥१७१॥

आहारमप्पमत्ते पमत्तसुद्धे य अरदिसोगाणं ।
णरतिरिये सुहुमतियं वियलं वेगुव्वछक्काओ ॥ १७२ ॥

आहारमप्रमत्ते प्रमत्तशुद्धे च अरतिशोकयोः ।
नरतिरश्चि सूक्ष्मत्रयं विकलं वैगूर्वषट्कायुः ॥ १७२ ॥

अर्थ—आहारकशरीर और आहारक आंगोपांग ये दो प्रकृतियां शुभ होनेसे प्रमत्त गुणस्थानके सन्मुख हुए संक्लेशपरिणामवाले अप्रमत्तगुणस्थानवालेके; तथा अरति, शोक ये दो प्रकृतियां अशुभ होनेसे अप्रमत्तगुणस्थानके सन्मुख हुआ ऐसे विशुद्ध प्रमत्तगुणस्थानवर्ती जीवके जघन्य अनुभागसहित बंधती हैं। और सूक्ष्मादि तीन, विकलेन्द्रिय तीन, देवगति आदि वैक्रियिक छहका समूह; और ४ आयु, ये सोलह प्रकृतियां मनुष्य अथवा तिर्यंचके जघन्य अनुभागसहित बंधती हैं ॥ १७२ ॥

सुरणिरये उज्जोवोरालदुगं तमतमम्हि तिरियदुगं ।
णीचं च तिगदिमज्झिमपरिणामे थावरेयक्खं ॥ १७३ ॥

सुरनिरये उद्योतौरालद्विकं तमस्तमसि तिर्यग्द्विकम् ।
नीचं च त्रिगतिमध्यमपरिणामे स्थावरैकाक्षम् ॥ १७३ ॥

अर्थ—उद्योत, औदारिक द्विक-ये तीन देव नारकीके, और सातवें तमस्तमक नरकमें विशुद्ध नारकीके तिर्यग्गतिका जोड़ा, तथा नीचगोत्र ये तीन, और स्थावर, एकेन्द्री ये दो प्रकृतियां नारकीके विना तीनगतिवाले तीव्र विशुद्ध संक्लेश रहित मध्यमपरिणामी जीवोंके जघन्य अनुभागसहित बंधती हैं ॥ १७३ ॥

सोहम्मोत्ति य तावं तित्थयरं अविरदे मणुस्सम्हि ।
चदुगदिवामकिलिट्ठे पण्णरस दुवे विसोहीये ॥ १७४ ॥

सौधर्म इति च आतपं तीर्थकरमविरते मनुष्ये ।
चतुर्गतिवामक्लिष्टे पञ्चदश द्वे विशुद्धे ॥ १७४ ॥

अर्थ—भवनत्रिकसे लेकर सौधर्मद्विक तक अर्थात् सौधर्म ऐशाननामक पहले दूसरे स्वर्गतकके संक्लेशपरिणामी देवोंके आतप प्रकृति, तथा नरक जानेको संमुख हुए अविरतगुणस्थानवर्ती मनुष्यके ही तीर्थंकर प्रकृति, चारों गतिके संक्लेशपरिणामी मिथ्यादृष्टि जीवोंके १५ प्रकृतियां, और चारों गतिके विशुद्ध परिणामी जीवोंके दो प्रकृतियां, जघन्य अनुभागसहित बंधती हैं ॥ १७४ ॥

अब उन १५ तथा दो प्रकृतियोंके नाम कहते हुए उक्त गाथाके उत्तरार्धको स्पष्ट करते हैं;—

परघाददुगं तेजदु तसवण्णचउक्क णिमिणपंचिंदी ।
अगुरुलहुं च किलिट्ठे इत्थिणउंसं विसोहीये ॥ १७५ ॥

परघातद्विकं तेजद्वि त्रसवर्णचतुष्कं निर्माणपञ्चेन्द्रियम् ।
अगुरुलघु च क्लिष्टे स्त्रीनपुंसकं विशुद्धे ॥ १७५ ॥

अर्थ—परघात, उच्छ्वास ये दो, तैजसद्विक, त्रसादि चार, शुभ वर्णादि चार, निर्माण, पंचेंद्री और अगुरुलघु, ये १५ संक्लेशपरिणामी जीवकी; तथा स्त्रीवेद, नपुंसकवेद ये दो विशुद्धपरिणामी जीवकी प्रकृतियां जानना ॥ १७५ ॥

सम्मो वा मिच्छो वा अट्ठ अपरियत्तमज्झिमो य जदि ।
परियत्तमाणमज्झिममिच्छाइट्ठी दु तेवीसं ॥१७६ ॥

सम्यग्वा मिथ्यो वा अष्ट अपरिवर्तमध्यमश्च यदि ।
परिवर्तमानमध्यममिथ्यादृष्टिस्तु त्रयोविंशतिः ॥ १७६ ॥

अर्थ—आगेकी गाथामें जो ३१ प्रकृति कहेंगे, उनमेंसे पहली आठ प्रकृतियोंको अपरिवर्तमान[1] मध्यमपरिणामवाला सम्यग्दृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि जीव जघन्य अनुभाग सहित बांधता है। और शेष (बाकी) २३ प्रकृतियोंको परिवर्तमानमध्यमपरिणामी मिथ्यादृष्टि जीव ही जघन्य अनुभागसहित बांधता है ॥ १७६ ॥

अब उन ३१ प्रकृतियोंको गिनाते हैं;—

थिरसुहजससाददुगं उभये मिच्छेव उच्चसंठाणं ।
संहदिगमणं णरसुरसुभगादेज्जाण जुम्मं च ॥ १७७ ॥

स्थिरशुभयशस्सातद्विकमुभयस्मिन् मिथ्ये एव उच्चसंस्थानम् ।
संहतिगमनं नरसुरसुभगादेयानां युग्मं च ॥ १७७ ॥

---

१ जो समय २ बढ़ते ही जावें अथवा घटते ही जावें ऐसे परिणाम अपरिवर्तमान कहे जाते हैं। क्योंकि वे पलट कर उल्टे नहीं आते, बढते ही जाते हैं या घटते ही जाते हैं। अतएव जो उल्टे (पीछे) नहीं आते, इनमें मध्यम परिणामोंको अपरिवर्तमानमध्यम कहते हैं।

अर्थ—स्थिर, शुभ, यशस्कीर्ति, सातावेदनीय इन चारोंका जोड़ा अर्थात् स्थिर १ अस्थिरादि आठ प्रकृतियां सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि इन दोनोंके जघन्य अनुभाग (कर्मोंका रस) सहित बंधती हैं। और उच्च गोत्र, ६ संस्थान, ६ संहनन, विहायोगतिका जोड़ा, तथा मनुष्यगति-देवगति-सुभग-आदेय इन चारोंका जोड़ा, सब मिलकर २३ प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबंध मिथ्यादृष्टिके ही होता है ॥ १७७ ॥

आगे मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्ट आदि अनुभागके सादि आदिक भेद कहते हैं;—

घादीणं अजहण्णोऽणुक्कस्सो वेयणीयणामाणं।
अजहण्णमणुक्कस्सो गोदे चदुधा दुधा सेसा ॥ १७८ ॥

घातीनामजघन्योऽनुत्कृष्टो वेदनीयनाम्नोः।
अजघन्य अनुत्कृष्टो गोत्रे चतुर्धा द्विधा शेषाः ॥ १७८ ॥

अर्थ—चारों घातियाकर्मोंका अजघन्य अनुभागबंध, वेदनीय और नामकर्मका अनुत्कृष्ट अनुभागबंध, और गोत्रकर्मका अजघन्य तथा अनुत्कृष्ट अनुभागबंध, इन सबके सादि आदिक चार २ भेद हैं। और बाकीके चारों घातिया कर्मोंके अजघन्यके विना तीन भेद, वेदनीयके तथा नामके अनुत्कृष्टके सिवाय तीन भेद, गोत्रकर्मके अजघन्य तथा अनुत्कृष्टके विना दो भेद, इन सबके सादि और अध्रुव दोही भेद हैं ॥ १७८ ॥

अब प्रशस्तादि ध्रुवप्रकृतियोंके जघन्यादि संभव भेदोंके सादि आदिक भेद कहते हैं;—

सत्थाणं धुवियाणमणुक्कस्समसत्थगाण धुवियाणं।
अजहण्णं च य चदुधा सेसा सेसाणयं च दुधा ॥ १७९ ॥

शस्तानां ध्रुवाणामनुत्कृष्ट अशस्तकानां ध्रुवाणाम्।
अजघन्यश्च च चतुर्धा शेषा शेषाणां च द्विधा ॥ १७९ ॥

अर्थ—ध्रुवप्रकृतियोंमें तैजस आदि आठ शुभ प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागबंधके, मतिज्ञानावरणादि अशुभध्रुवप्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागबंधके सादि आदिक चारों भेद हैं। बाकी ध्रुव प्रकृतियोंके जघन्यादि तीन भेद, तथा ७३ अध्रुव प्रकृतियोंके जघन्यादि चारों भेद, इन सबके सादि और अध्रुव ये दोही भेद हैं ॥ १७९ ॥

आगे अनुभागबंधका लक्षण प्रथम घातियाकर्मोंमें दिखाते हैं:—

सत्ती य लदादारूअट्ठीसेलोवमाहु घादीणं।
दारुअणंतिमभागोत्ति देसघादी तदो सव्वं ॥ १८० ॥

शक्तिश्च लतादार्वस्थिशैलोपमा आहुः घातिनाम्।
दार्वनन्तिमभाग इति देशघाति ततः सर्वम् ॥ १८० ॥

अर्थ—घातियाकर्मोंकी फल देनेकी शक्ति (स्पर्द्धक) लता (बेलि) दारु, हड्डी और पत्थरके समान समझना। अर्थात् इनमें जैसा क्रमसे अधिक २ कठोरपना है वैसा ही अनु-

भागमें भी समझना । ऐसा दारुभागके अनंतवें भागतक लेकर स्पर्द्धक देशघाती हैं । और शेष बहुभागसे लेकर शैलभाग तकके स्पर्द्धक सर्वघाती हैं । क्योंकि इनके उदय होने पर आत्माके गुण प्रगट नहीं होते ॥ १८० ॥

अब मिथ्यात्वप्रकृतिमें विशेषता दिखाते हैं;—

देसोत्ति हवे सम्मं तत्तो दारुअणंतिमे मिस्सं ।
सेसा अणंतभागा अट्ठिसिलाफड्डया मिच्छे ॥ १८१ ॥

देश इति भवेत् सम्यक्त्वं ततः दार्वनन्तिमे मिश्रम् ।
शेषा अनन्तभागा अस्थिशिलास्पर्धका मिथ्यात्वे ॥ १८१ ॥

अर्थ—मिथ्यात्वप्रकृतिके लताभागसे दारु भागके अनंतवें भागतक देशघाति स्पर्द्धक सम्यक्त्वप्रकृतिके हैं, तथा दारुभागके अनंत बहुभागके अनंतवें भागप्रमाण जुदीजातिके ही सर्वघातियास्पर्द्धक मिश्र प्रकृतिके जानना । और शेष अनंत बहुभाग तथा अस्थिभाग, शैलभागरूप स्पर्द्धक मिथ्यात्वप्रकृतिके जानना ॥ १८१ ॥

आवरणदेसघादंतरायसंजलणपुरिससत्तरसं ।
चदुविधभावपरिणदा तिविधा भावा हु सेसाणं ॥ १८२ ॥

आवरणदेशघातान्तरायसंज्वलनपुरुषसप्तदश ।
चतुर्विधभावपरिणताः त्रिविधा भावा हि शेषाणाम् ॥ १८२ ॥

अर्थ—आवरणोंमें देशघातिकी ७ प्रकृतियां (४ ज्ञानावरण ३ दर्शनावरण), अंतराय ५, संज्वलन ४, और पुरुषवेद, ये १७ प्रकृतियां शैल आदिक चारोंतरहके भावरूप परिणमन करती हैं । और बाकी सब प्रकृतियोंके शैल आदि तीन तरहके परिणमन होते हैं, केवल लतारूप परिणमन नहीं होता ॥ १८२ ॥

आगे शेष अघातिया कर्मोंकी प्रकृतियोंको कहते हैं;—

अवसेसा पयडीओ अघादिया घादियाण पडिभागा ।
ता एव पुण्णपावा सेसा पावा मुणेयव्वा ॥ १८३ ॥

अवशेपाः प्रकृतयः अघातिका घातिकानां प्रतिभागाः ।
ता एव पुण्यपापाः शेपाः पापा मन्तव्याः ॥ १८३ ॥

अर्थ—शेष अघातियां कर्मोंकी प्रकृतियां घातियाकर्मोंकी तरह प्रतिभागसहित जाननी । अर्थात् तीन भावरूप परिणमती हैं । और वेही पुण्यरूप तथा पापरूप होती हैं । तथा बाकीबची घातियाकर्मोंकी सब प्रकृतियां पापरूप ही हैं ॥ १८३ ॥

अब प्रशस्त तथा अप्रशस्तरूप अघातिया कर्मोंकी जो शक्तियां (स्पर्द्धक) हैं उनको दूसरे २ नामसे कहते हैं;—

गुडखंडसक्करामियसरिसा सत्था हु णिंबकंजीरा ।
विसहालाहलसरिसाऽसत्था हु अघादिपडिभागा ॥ १८४ ॥

गुडखण्डशर्करामृतसदृशाः शस्ता हि निम्बकाञ्जीराः ।
विषहालाहलसदृशा अशस्ता हि अघातिप्रतिभागाः ॥ १८४ ॥

अर्थ—अघातियाकर्मोंमें प्रशस्तप्रकृतियोंके शक्तिभेद गुड, खांड, मिश्री और अमृतके समान जानने। और अप्रशस्त प्रकृतियोंके नींव, कांजीर, विष, हालाहलके समान शक्तिभेद (स्पर्द्धक) जानना। अर्थात् सांसारिक सुख-दुःखके कारण-दोनों ही-पुण्य पाप कर्मोंकी शक्तियोंको चार २ तरहका तरतमरूपसे समझना ॥ १८४ ॥ इसप्रकार अनुभागबंधका स्वरूप कहा ॥

अब प्रदेशबंधको ३३ गाथाओंमें कहते हैं;—

एयक्खेत्तोगाढं सव्वपदेसेहिं कम्मणो जोग्गं ।
बंधदि सगहेदूहिं य अणादियं सादियं उभयं ॥ १८५ ॥

एकक्षेत्रावगाढं सर्वप्रदेशैः कर्मणो योग्यम् ।
बध्नाति स्वकहेतुभिश्च अनादिकं सादिकमुभयम् ॥ १८५ ॥

अर्थ—जघन्य अवगाहनारूप एक क्षेत्रमें स्थित और कर्मरूप परिणमनेके योग्य अनादि अथवा सादि अथवा दोनों स्वरूप जो पुद्गलद्रव्य है उसको यह जीव अपने सब प्रदेशोंसे मिथ्यात्वादिकके निमित्तसे बांधता है। अर्थात् कर्मरूप पुद्गलोंका आत्माके प्रदेशोंके साथ संबंध होना प्रदेशबंध है। यहांपर सूक्ष्मनिगोद जीवकी घनांगुलके असंख्यातवें भाग अवगाहना (जगह) को एक क्षेत्र जानना ॥ १८५ ॥

एयसरीरोगाहियमेयक्खेत्तं अणेयखेत्तं तु ।
अवसेसलोयखेत्तं खेत्तणुसारिट्ठियं रूवी ॥ १८६ ॥

एकशरीरावगाहितमेकक्षेत्रमनेकक्षेत्रं तु ।
अवशेषलोकक्षेत्रं क्षेत्रानुसारिस्थितं रूपि ॥ १८६ ॥

अर्थ—एक शरीरसे रुकी हुई जगहको एक क्षेत्र कहते हैं, और बाकी सब लोकके क्षेत्रको अनेक क्षेत्र कहते हैं। तथा अपने २ क्षेत्रके अनुसार ठहरे हुए पुद्गलद्रव्यका प्रमाण त्रैराशिकसे समझलेना। यहांपर एक शरीर शब्दसे जघन्यशरीर ही लेना; क्योंकि निगोदशरीरवाले जीव बहुत हैं। इसीकारण मुख्यतासे घनांगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण एक क्षेत्र समझना ॥ १८६ ॥

एयाणेयक्खेत्तट्ठियरूविअणंतिमं हवे जोग्गं ।
अवसेसं तु अजोग्गं सादि अणादी हवे तत्थ ॥ १८७ ॥

एकानेकक्षेत्रस्थितरूप्यनन्तिमं भवेत् योग्यम् ।
अवशेषं तु अयोग्यं सादि अनादि भवेत् तत्र ॥ १८७ ॥

अर्थ—एक तथा अनेक क्षेत्रोंमें ठहरा हुआ जो पुद्गलद्रव्य उसके अनंतवें भाग पुद्गलपरमाणुओंका समूह कर्मरूप होने योग्य हैं, और वाकी अनंत बहुभाग प्रमाण कर्मरूप होनेके अयोग्य है। इसप्रकार एक क्षेत्रस्थित योग्य १ एक क्षेत्रस्थित अयोग्य २ अनेक क्षेत्रस्थित योग्य ३ अनेक क्षेत्रस्थित अयोग्य ४ ये चार भेद हुए। इन चारोंमें भी एक एकके सादि तथा अनादि भेद जानना ॥ १८७ ॥

अब सादिआदिके प्रमाणको कहते हैं;—

जेट्ठे समयपबद्धे अतीदकाले हदेण सव्वेण ।
जीवेण हदे सव्वं सादी होदित्ति णिद्दिट्ठं ॥ १८८ ॥

ज्येष्ठे समयप्रबद्धे अतीतकालेन हतेन सर्वेण ।
जीवेन हते सर्वं सादि भवतीति निर्दिष्टम् ॥ १८८ ॥

अर्थ—उत्कृष्ट योगोंके परिणमनसे उपार्जन (पैदा) किया जो उत्कृष्ट समयप्रबद्धका प्रमाण उसको अतीत कालके समयोंसे गुणाकरै। फिर जो प्रमाण आवै उसे सब जीवराशिसे गुणा करनेपर सब जीवोंके सादि द्रव्यका प्रमाण होता है ॥ १८८ ॥

आगें पूर्व कहेगये भेदोंमें सादिद्रव्यका प्रमाण कहते हैं;—

सगसगखेत्तगयस्स य अणंतिमं जोग्गदव्वगयसादी ।
सेसं अजोग्गसंगयसादी होदित्ति णिद्दिट्ठं ॥ १८९ ॥

स्वकस्वकक्षेत्रगतस्य च अनन्तिमं योग्यद्रव्यगतसादि ।
शेषमयोग्यसंगतसादि भवतीति निर्दिष्टम् ॥ १८९ ॥

अर्थ—अपने २ एक तथा अनेक क्षेत्रमें रहनेवाले पुद्गल द्रव्यके अनंतवें भाग योग्य सादि द्रव्य है, और इससे बाकी अनंत बहुभाग अयोग्य सादि द्रव्य है, ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है ॥ १८९ ॥

अब अनादि द्रव्यका प्रमाण कहते हैं;—

सगसगसादिविहीणे जोग्गाजोग्गे य होदि णियमेण ।
जोग्गाजोग्गाणं पुण अणादिदव्वाण परिमाणं ॥ १९० ॥

स्वकस्वकसादिविहीने योग्यायोग्ये च भवति नियमेन ।
योग्यायोग्यानां पुनः अनादिद्रव्याणां परिमाणम् ॥ १९० ॥

अर्थ—एक क्षेत्रमें स्थित योग्य अयोग्य द्रव्य तथा अनेक क्षेत्रमें मौजूद योग्य वा अयोग्य द्रव्यका जो परिणाम है उसमें अपना २ सादि द्रव्यका प्रमाण घटानेसे जो बचै

का क्रमसे एक क्षेत्रस्थित योग्य अनादि द्रव्यका, एक क्षेत्रस्थित अयोग्य अनादि द्रव्यका, अनेकक्षेत्रस्थित योग्य अनादि द्रव्यका, अनेक क्षेत्रस्थित अयोग्य अनादि द्रव्यका परिमाण जानना ॥

भावार्थः—यह जीव मिथ्यात्वादिकके निमित्तसे समय समय प्रति कर्मरूप परिणमने योग्य समयप्रबद्ध प्रमाण परमाणुओंको ग्रहणकर कर्मरूप परिणमाता है। उनमें किसी समय तो पहले ग्रहण किये जो सादि द्रव्यरूप परिमाणु हैं उनकाही ग्रहण करता है, किसी समयमें अभीतक ग्रहण करनेमें नहीं आये ऐसे अनादि द्रव्यरूप परमाणुओंको, और कभी दोनोंको ग्रहण करता है ॥ १९० ॥

आगे समयप्रबद्धका प्रमाण कहते हैं;—

सयलरसरूवगंधेहिं परिणदं चरमचदुहिं फासेहिं ।
सिद्धादोऽभव्वादोऽणंतिमभागं गुणं दव्वं ॥ १९१ ॥

सकलरसरूपगन्धैः परिणतं चरमचतुर्भिः स्पर्शैः ।
सिद्धादभव्यादनन्तिमभागं गुणं द्रव्यम् ॥ १९१ ॥

अर्थ—वह समयप्रबद्ध, सब अर्थात् पांच प्रकार रस, पांच प्रकार वर्ण, दो प्रकार गंध तथा शीतादि चार अंतके स्पर्श, इन गुणोंकर सहित परिणमता हुआ, सिद्धराशिके अनंतवें भाग अथवा अभव्य राशिसे अनंतगुणा कर्मरूप पुद्गलद्रव्य जानना ॥ १९१ ॥

एक समयमें ग्रहण किया हुआ समयप्रबद्ध आठ मूलप्रकृतिरूप परिणमता है। उसमें एक एक मूलप्रकृतिका बटवारा जिसतरह होता है उस तरहको बताते हैं;—

आउगभागो थोवो णामागोदे समो तदो अहियो ।
घादितियेवि य तत्तो मोहे तत्तो तदो तदिये ॥ १९२ ॥

आयुष्कभागः स्तोकः नामगोत्रे समः ततः अधिकः ।
घातित्रयेपि च ततः मोहे ततः ततः तृतीये ॥ १९२ ॥

अर्थ—सब मूल प्रकृतियोंमें आयुकर्मका हिस्सा थोड़ा है। नाम और गोत्रकर्मका हिस्सा आपसमें समान है, तौभी आयुकर्मके बाँटसे अधिक है। अन्तराय—दर्शनावरण—ज्ञानावरण इन तीन घातिया कर्मोंका भाग आपसमें समान है, तौभी नामगोत्रके भागसे अधिक है। इससे अधिक मोहनीय कर्मका भाग है। तथा मोहनीयसे भी अधिक वेदनीय कर्मका भाग है। जहां जितने कर्मोंका बंध हो वहां उतनेही कर्मोंका बांट करलेना ॥ १९२ ॥

आगे वेदनीयकर्मका अधिक भाग होनेमें कारण बतलाते हैं;—

सुहदुक्खणिमित्तादो बहुणिज्जरगोत्ति वेयणीयस्स ।
सव्वेहिंतो बहुगं दव्वं होदित्ति णिद्दिट्ठं ॥ १९३ ॥

सुखदुःखनिमित्तात् बहुनिर्जरक इति वेदनीयस्य ।
सर्वेभ्यः बहुकं द्रव्यं भवतीति निर्दिष्टम् ॥ १९३ ॥

अर्थ—वेदनीयकर्म सुखदुःखका कारण है, इसलिये इसकी निर्जरा भी बहुत होती है। इसीवास्ते सब कर्मोंसे बहुत द्रव्य इस वेदनीयका ही जिनेन्द्र भगवानने कहा है ॥ १९३ ॥

आगे अन्यकर्मोंका द्रव्यविभाग स्थितिके अनुसार दिखाते हैं;—

सेसाणं पयडीणं ठिदिपडिभागेण होदि दव्वं तु ।
आवलिअसंखभागो पडिभागो होदि णियमेण ॥ १९४ ॥

शेषाणां प्रकृतीनां स्थितिप्रतिभागेन भवति द्रव्यं तु ।
आवल्यसंख्यभागः प्रतिभागो भवति नियमेन ॥ १९४ ॥

अर्थ—वेदनीयके सिवाय वाकी सब मूलप्रकृतियोंके द्रव्यका स्थितिके अनुसार बटवारा होता है। जिसकी स्थिति अधिक है उसका अधिक, कमको कम, तथा समानस्थितिवालेको समान द्रव्य हिस्सामें आता है, ऐसा जानना। और इनके बांट करनेमें प्रतिभागहार नियमसे आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण समझना ॥ १९४ ॥

अब विभाग (हिस्सा) होनेका क्रम दिखाते हैं;—

बहुभागे समभागो अट्ठण्हं होदि एक्कभागम्हि ।
उत्तकमो तत्थवि बहुभागो बहुगस्स देओ दु ॥ १९५ ॥

बहुभागे समभागः अष्टानां भवति एकभागे ।
उक्तक्रमः तत्रापि बहुभागो बहुकस्य देयस्तु ॥ १९५ ॥

अर्थ—बहुभागका समान भाग करके आठ प्रकृतियोंको देना, और बचेहुए एक भागमें पहले कहेहुए क्रमसे आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देते जाना। उसमें भी जो बहुत द्रव्यवाला हो उसको बहुभाग देना। ऐसा अंततक प्रतिभाग (भागमेंसे भाग) करते जाना ॥ १९५ ॥

भावार्थः—कार्माण समय प्रबद्धके द्रव्य प्रमाणमें आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देना। उसमें एक भागको पृथक् रखकर, बहुभागके आठ समान भाग करना, और यह एक २ भाग आठ मूल प्रकृतियोंको देना। शेष एक भागमें आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देना। उसमें भी एक भागको जुदा रखकर शेष बहुभाग वेदनीयको देना। पुनः जुदे रक्खे हुए एक भागमें प्रतिभागका (आवलीके असंख्यातवें भागका) भाग देना और एक भागको जुदा रख बहुभाग मोहनीयको देना। पुनः एक भागमें प्रतिभागका भाग देना उसमें भी एक भागको जुदा रख बहुभागके तीन समान भाग करना और एक २ भाग ज्ञानावरण दर्शनावरण अंतरायको देना। पुनः एक भागमें प्रतिभागका भाग दे एक भागको

जुदा रख वहुभागके दो समान भाग करना और एक २ भाग नाम गोत्रको देना, शेप एक भाग आयुकर्मको देना. इस क्रमसे " आउगभागो थोवो " इस गाथामें कहा हुआ क्रम सिद्ध होता है ।

अब उत्तर प्रकृतियोंमें वटवारा (हिस्सा) होनेका क्रम दिखाते हैं;—

उत्तरपयडीसु पुणो मोहावरणा हवंति हीणकमा ।
अहियकमा पुण णामाविग्घा य ण भंजणं सेसे ॥ १९६ ॥

उत्तरप्रकृतिषु पुनः मोहावरणा भवन्ति हीनक्रमाः ।
अधिकक्रमाः पुनः नामविघ्नाश्च न भञ्जनं शेषे ॥ १९६ ॥

अर्थ—उत्तर प्रकृतियोंमें मोहनीय, ज्ञानावरण, दर्शनावरणके भेदोंमें क्रमसे हीन २ द्रव्य है । और नामकर्म–अंतराय कर्मके भेदोंमें क्रमसे अधिक २ है । तथा वाकी वचे वेदनीय-गोत्र-आयुकर्म इन तीनोंके भेदोंमें वटवारा नहीं होता । क्योंकि इनकी एक एकही प्रकृति एक कालमें वंधती है । जैसे वेदनीयमें साताका वंध होवै या असाताका वंध होवै, परंतु दोनोंका एक साथ वंध नहीं होता । इसकारण मूलप्रकृतिके द्रव्यके प्रमाण ही इन तीनोंमें द्रव्य जानना ॥ १९६ ॥

आगे घातिया कर्मोंमें सर्वघाती तथा देशघातीका वटवारा कहते हैं;—

सव्वावरणं दव्वं अणंतभागो दु मूलपयडीणं ।
सेसा अणंतभागा देसावरणं हवे दव्वं ॥ १९७ ॥

सर्वावरणं द्रव्यमनन्तभागस्तु मूलप्रकृतीनाम् ।
शेषा अनन्तभागा देशावरणं भवेत् द्रव्यम् ॥ १९७ ॥

अर्थ—ज्ञानावरण दर्शनावरण मोहनीय इन तीन मूल प्रकृतियोंके अपने २ द्रव्यमें यथायोग्य अनंतका भाग देनेसे एक भाग सर्वघातीका द्रव्य होता है, और वाकी अनंत बहुभागप्रमाण द्रव्य देशघाती प्रकृतियोंका कहा है ॥ १९७ ॥

अब सर्वघाती द्रव्यका प्रमाण निकालनेकेलिये प्रतिभागहारका प्रमाण कहते हैं;—

देसावरणण्णोण्णब्भत्थं तु अणंतसंखमेत्तं खु ।
सव्वावरणधणट्ठं पडिभागो होदि घादीणं ॥ १९८ ॥

देशावरणान्योन्याभ्यस्तं तु अनन्तसंख्यामात्रं खलु ।
सर्वावरणधनार्थं प्रतिभागो भवति घातिनाम् ॥ १९८ ॥

अर्थ—चार ज्ञानावरणादि देशघाती प्रकृतियोंकी अन्योन्याभ्यस्तराशि अनंतसंख्या प्रमाण है । वही राशि सर्वघाती प्रकृतियोंके द्रव्य प्रमाणको निकालनेकेलिये घातिया कर्मोंका प्रतिभाग जानना ॥ १९८ ॥

आगे सर्वघाती, देशघाती द्रव्यका विशेष विभाग (हिस्सा) दिखाते हैं;—

सव्वावरणं दव्वं विभंजणिज्जं तु उभयपयडीसु ।
देसावरणं दव्वं देसावरणेसु णेविदरे ॥ १९९ ॥

सर्वावरणं द्रव्यं विभजनीयं तु उभयप्रकृतिषु ।
देशावरणं द्रव्यं देशावरणेषु नैवेतरस्मिन् ॥ १९९ ॥

अर्थ—सर्वघाती द्रव्यका सर्वघाती देशघाती दोनों प्रकृतियोंमें विभाग करदेना । और देशघाती द्रव्यका विभाग देशघातीमेंही देना । केवलज्ञानावरणादि सर्वघातीरूप प्रकृतियोंमें नहीं देना ॥ १९९ ॥

आगे उत्तर प्रकृतियोंमें विभाग दिखाते हैं;—

बहुभागे समभागो बंधाणं होदि एक्कभागम्हि ।
उत्तकमो तत्थवि बहुभागो बहुगस्स देओ दु ॥ २०० ॥

बहुभागे समभागो बन्धानां भवति एकभागे ।
उक्तक्रमः तत्रापि बहुभागः बहुकस्य देयस्तु ॥ २०० ॥

अर्थ—जिनका एक समयमें बंध हो उन प्रकृतियोंमें अपने २ पिंड-द्रव्यको आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देकर पूर्वोक्त रीतिसे बहुभागका तो बराबर बांटकर अपनी २ उत्तर प्रकृतियोंमें समान द्रव्य देना । और शेष एक भागमें भी पूर्व कहे क्रमसे ही भाग कर २ के बहुभाग बहुत द्रव्यवालेको देना ॥ २०० ॥

यही बात दिखाते हैं:—

घादितियाणं सगसगसव्वावरणीयसव्वदव्वं तु ।
उत्तकमेण य देयं विवरीयं णामविग्घाणं ॥ २०१ ॥

घातित्रयाणां स्वकस्वकसर्वावरणीयसर्वद्रव्यं तु ।
उक्तक्रमेण च देयं विपरीतं नामविघ्नानाम् ॥ २०१ ॥

अर्थ—ज्ञानावरण–दर्शनावरण–मोहनीय इन घातिया कर्मोंका क्रमसे–आदि प्रकृतिसे लगाय अंतकी प्रकृति पर्यंत अपना २ सर्वघाती द्रव्य घटता घटता देना । और नाम तथा अंतराय इनकी प्रकृतियोंका द्रव्य विपरीत अर्थात् वढ़ता वढ़ता अथवा अंतसे लेकर आदि प्रकृति पर्यन्त घटता २ देना ॥ २०१ ॥

आगे मोहनीयकर्ममें विशेषता दिखाते हैं;—

मोहे मिच्छत्तादीसत्तरसण्हं तु दिज्जदे हीणं ।
संजलणाणं भागेव होदि पणणोकसायाणं ॥ २०२ ॥

मोहे मिथ्यात्वादिसप्तदशानां तु दीयते हीनम्।
संज्वलनानां भाग इव भवति पञ्चनोकषायाणाम् ॥ २०२ ॥

अर्थ—मोहनीय कर्ममें मिथ्यात्वादिक (मिथ्यात्व और चारो तरहका लोभ माया क्रोध मान) सत्रह प्रकृतियोंको क्रमसे हीन २ (कम २) द्रव्य देना। और पांच नोकषायका भाग संज्वलन कषायके भागके समान जानना ॥ २०२ ॥

अब इनके विभाग होनेके क्रमको दिखाते हैं;—

संजलणभागबहुभागद्धं अकसायसंगयं दव्वं।
इगिभागसहियबहुभागद्धं संजलणपडिबद्धं ॥ २०३ ॥

संज्वलनभागबहुभागार्द्धमकषायसंगतं द्रव्यम्।
एकभागसहितबहुभागार्द्धं संज्वलनप्रतिबद्धम् ॥ २०३ ॥

अर्थ—मोहनीय कर्मके सम्पूर्ण द्रव्यका प्रमाण पहले बता चुके हैं। उसमें अनन्तैक भाग सर्वघाती और बहुभाग देशघातीका है। देशघातीके द्रव्यमें आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देना और एक भागको जुदा रखना. उस बहुभागका आधा नोकषायका द्रव्य जानना। और शेष एक भाग सहित आधा बहुभाग संज्वलन कषायका देशघाती संबंधी द्रव्य होता है ॥ २०३ ॥

आगे नोकषायरूप प्रकृतियोंमें विशेषता दिखाते हैं;—

तण्णोकसायभागो सबंधपणणोकसायपयडीसु।
हीणकमो होदि तहा देसे देसावरणदव्वं ॥ २०४ ॥

तन्नोकषायभागः सबन्धपञ्चनोकषायप्रकृतिषु।
हीनक्रमो भवति तथा देशे देशावरणद्रव्यम् ॥ २०४ ॥

अर्थ—वह नोकषायके हिस्सामें आया हुआ द्रव्य एकसाथ बंधनेवाली पांच नोकषाय प्रकृतियोंमें क्रमसे हीन २ देना। और इसी प्रकार देशघाती संज्वलनकषायका देशघाती संबंधी जो द्रव्य है वह युगपत् (एक कालमें) जितनी प्रकृति बंधैं उनको हीनक्रमसे देना ॥ २०४ ॥

आगे नोकषायका बंध निरंतर (हमेशा) होय तो कितने कालतक हो, यह बताते हैं;—

पुंबंधऽद्धा अंतोमुहुत्त इत्थिम्हि हस्सजुगले य।
अरदिदुगे संखगुणा णपुंसकऽद्धा विसेसहिया ॥ २०५ ॥

---

१. यद्यपि नोकषाय ९ हैं; किंतु एक कालमें बंध पांचका ही होता है। क्योंकि ३ वेदोंमेंसे, और रति अरतिमेंसे, तथा हास्य शोकमेंसे एक २ का ही युगपत् बंध होता है। इसलिये यहांपर पांच ही नोकषाय ग्रहण किये हैं।

पुंवन्धाद्धा अन्तर्मुहूर्तः स्त्रियां हास्ययुगले च ।
अरतिद्विके संख्यगुणा नपुंसकाद्धा विशेषाधिकः ॥ २०५ ॥

अर्थ—पुरुषवेदके निरंतर बंध होनेका काल अंतर्मुहूर्त है। यह अंतर्मुहूर्त सबसे छोटा समझना। स्त्रीवेदका उससे संख्यात गुणा, हास्य और रतिका काल उससे भी संख्यात गुणा, अरति और शोकका उससे भी संख्यात गुणा; किंतु अन्तर्मुहूर्त ही है। और नपुंसकवेदका काल उससे भी कुछ अधिक जानना ॥ २०५ ॥

आगे अन्तरायकी पांच प्रकृतियोंमें तथा नामके बंधस्थानोंमें जो क्रम है उसको कहते हैं;—

पणविग्घे विवरीयं सबंधपिंडिदरणामठाणेवि ।
पिंडं दव्वं च पुणो सबंधसगपिंडपयडीसु ॥ २०६ ॥

पञ्चविघ्ने विपरीतं सबन्धपिण्डेतरनामस्थानेपि ।
पिण्डं द्रव्यं च पुनः सबन्धस्वकपिण्डप्रकृतिषु ॥ २०६ ॥

अर्थ—दानान्तराय आदिक पांच प्रकृतियोंमें उलटा, अर्थात् अंतसे लेकर आदितक क्रम जानना। और नामकर्मके स्थानोंमें जो एक ही कालमें बंधको प्राप्त होनेवालीं गत्यादि पिंडरूप और अगुरुलघुआदि अपिंडरूप प्रकृतियां हैं उनमें भी उलटा ही क्रम जानना। इसप्रकार प्रदेश जो परमाणु हैं उनके बंधका विधान कहा ॥ २०६ ॥

अब उत्कृष्टादि प्रदेशबंधके सादि आदि भेद मूल प्रकृतियोंमें कहते हैं;—

छण्हंपि अणुकस्सो पदेसबंधो दु चदुवियप्पो दु ।
सेसतिये दुवियप्पो मोहाऊणं च दुवियप्पो ॥ २०७ ॥

षण्णामपि अनुत्कृष्टः प्रदेशबन्धस्तु चतुर्विकल्पस्तु ।
शेषत्रये द्विविकल्पः मोहायुषोश्च द्विविकल्पः ॥ २०७ ॥

अर्थ—ज्ञानावरणादि छह कर्मोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशबंध सादि आदिके भेदसे चार तरहका है, बाकी उत्कृष्टादि तीन बंध सादि अध्रुवके भेदसे दो तरहके हैं। और मोहनीय तथा आयुकर्मके उत्कृष्टादि चारों भेद भी सादि आदि दो तरहके हैं ॥ २०७ ॥

आगे उत्तर प्रकृतियोंमें भेद दिखाते हैं;—

तीसण्हमणुक्कस्सो उत्तरपयडीसु चउविहो बंधो ।
सेसतिये दुवियप्पो सेसचउक्केवि दुवियप्पो ॥ २०८ ॥

त्रिंशतामनुत्कृष्टः उत्तरप्रकृतिषु चतुर्विधो बन्धः ।
शेषत्रये द्विविकल्पः शेषचतुष्केपि द्विविकल्पः ॥ २०८ ॥

अर्थ—उत्तर प्रकृतियोंमें तीस प्रकृतियोंका अनुत्कृष्टबंध सादि आदिक चार प्रकारका है। शेष उत्कृष्टादि तीनके सादि अध्रुव ये दोही भेद हैं। और शेषवर्चीं ९० प्रकृतियोंका उत्कृष्टादि चारों तरहका भी बंध सादिआदिक दो तरहका है ॥ २०८ ॥

अब उन तीस प्रकृतियोंको गिनाते हैं;—

णाणंतरायदसयं दंसणछक्कं च मोहचोद्दसयं ।
तीसण्हमणुक्कस्सो पदेसबंधो चदुवियप्पो ॥ २०९ ॥

ज्ञानान्तरायदशकं दर्शनषट्कं च मोहचतुर्दशकम् ।
त्रिंशतामनुत्कृष्टः प्रदेशबन्धः चतुर्विकल्पः ॥ २०९ ॥

अर्थ—ज्ञानावरण और अंतरायकी १०, दर्शनावरणकी ६, मोहनीयकी अप्रत्याख्यानादि (अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान संज्वलन कषाय और भय जुगुप्सा) १४, इन सब मिलकर ३० प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशबंध चार प्रकारका है ॥ २०९ ॥

आगे उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध होनेकी सामग्री दिखाते हैं;—

उक्कडजोगो सण्णी पज्जत्तो पयडिबंधमप्पदरो ।
कुणदि पदेसुक्कस्सं जहण्णये जाण विवरीयं ॥ २१० ॥

उत्कृष्टयोगः संज्ञी पर्याप्तः प्रकृतिबन्धाल्पतरः ।
करोति प्रदेशोत्कृष्टं जघन्यके जानीहि विपरीतम् ॥ २१० ॥

अर्थ—जो जीव उत्कृष्ट योगोंकर सहित, संज्ञी, पर्याप्त, और थोड़ी प्रकृतियोंका बंध करनेवाला होता है, वही जीव उत्कृष्ट प्रदेशबंधको करता है । तथा जघन्य प्रदेशबंधमें इससे उलटा जानना ॥ २१० ॥

आगे मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्टबंधका स्वामीपना गुणस्थानोंमें कहते हैं;—

आउक्कस्स पदेसं छक्कं मोहस्स णव दु ठाणाणि ।
सेसाण तणुकसाओ बंधदि उक्कस्सजोगेण ॥ २११ ॥

आयुष्कस्य प्रदेशं षट्कं मोहस्य नव तु स्थानानि ।
शेषाणां तनुकषायो बध्नाति उत्कृष्टयोगेन ॥ २११ ॥

अर्थ—आयुकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशबंध छः गुणस्थानोंके अनंतर सातवें गुणस्थानमें रहनेवाला करता है। मोहनीयका उत्कृष्ट प्रदेशबंध नवमें गुणस्थानवर्ती करता है। और शेष बचे ज्ञानावरणादि छह कर्मोंका उत्कृष्ट प्रदेशबंध उत्कृष्ट योगोंके धारण करनेवाला सूक्ष्मसांपराय (दसवां) गुणस्थानवाला जीव करता है । यहां सब जगह उत्कृष्ट योगद्वारा ही बंध जानना ॥ २११ ॥

अब उत्तर प्रकृतियोंमें उत्कृष्ट प्रदेश बंधके स्वामित्वको दिखाते हैं;—

सत्तर सुहुमसरागे पंचऽणियट्टिम्हि देसगे तदियं ।
अयदे विदियकसायं होदि हु उक्कस्सदव्वं तु ॥ २१२ ॥
छण्णोकसायणिद्दापयलातित्थं च सम्मगो य जदी ।
सम्मो वामो तेरं णरसुरआऊ असादं तु ॥२१३ ॥
देवचउक्कं वज्जं समचउरं सत्थगमणसुभगतियं ।
आहारमप्पमत्तो सेसपदेसुक्कडो मिच्छो ॥ २१४ ॥ विसेसयं ।

सप्तदश सूक्ष्मसरागे पञ्चानिवृत्तौ देशके तृतीयम् ।
अयते द्वितीयकषायं भवति हि उत्कृष्टद्रव्यं तु ॥ २१२ ॥
षट्नोकषायनिद्राप्रचलातीर्थं च सम्यक् च यदि ।
सम्यग्वामः त्रयोदश नरसुरायुरसातं तु ॥ २१३ ॥
देवचतुष्कं वज्रं समचतुरस्रं शस्तगमनसुभगत्रयम् ।
आहारमप्रमत्तः शेषप्रदेशोत्कटो मिथ्यः ॥ २१४ ॥ विशेषकम् ।

अर्थ—मतिज्ञानावरणादि ५ दर्शनावरण ४ अंतराय ५ यशस्कीर्ति, ऊंचा गोत्र, और सातावेदनीय, इन सत्रह प्रकृतियोंका सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानमें उत्कृष्ट प्रदेशबंध होता है। नवमें गुणस्थानमें पुरुषवेदादि पांचका, तीसरी प्रत्याख्यानकी चौकड़ीका देशविरत नामा पांचवें गुणस्थानमें, दूसरी अप्रत्याख्यान चार कषायोंका चौथे असंयत गुणस्थानमें उत्कृष्ट प्रदेशबंध होता है ॥ २१२ ॥ छः नोकषाय, निद्रा, प्रचला, और तीर्थंकर, इन नौका उत्कृष्ट प्रदेशबंध सम्यग्दृष्टि करता है। तथा मनुष्यायु, देवायु, असातावेदनीय, देवगति आदि देवचतुष्क, वज्रर्षभनाराच संहनन, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्तविहायोगति, सुभगादि तीन, इन तेरह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबंध सम्यग्दृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि दोनों ही करते हैं। और आहारकद्विकका उत्कृष्ट प्रदेशबंध अप्रमत्त गुणस्थानवाला करता है। इन चौवनके विना अवशेष ६६ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशबंध मिथ्यादृष्टि जीव उत्कृष्ट योगोंसे करता है ॥ २१३ ॥ २१४ ॥

आगे जघन्य प्रदेशबंधका स्वामीपना मूलप्रकृतियोंमें कहते हैं;—

सुहुमणिगोदअपज्जत्तयस्स पढमे जहण्णये जोगे ।
सत्तण्हं तु जहण्णं आउगबंधेवि आउस्स ॥ २१५ ॥

सूक्ष्मनिगोदापर्याप्तकस्य प्रथमे जघन्यके योगे ।
सप्तानां तु जघन्यमायुष्कबन्धेपि आयुषः ॥ २१५ ॥

अर्थ—सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवके अपने पर्यायके पहले समयमें जघन्य

योगोंसे आयुके सिवाय सात मूलप्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशबंध होता है। आयुका बंध होनेपर उसी जीवके आयुका भी जघन्य प्रदेशबंध होता है ॥ २१५ ॥

अब उत्तर प्रकृतियोंमें दिखाते हैं;

घोडणजोगोऽसण्णी णिरयदुसुरणिरयआउगजहण्णं।
अपमत्तो आहारं अयदो तित्थं च देवचऊ ॥ २१६ ॥

घोटमानयोगः असंज्ञी निरयद्विसुरनिरयायुष्कजघन्यम्।
अप्रमत्तः आहारमयतः तीर्थं च देवचतुः ॥ २१६ ॥

अर्थ—घोटमान[1] योगोंका धारी असैनी जीव नरकद्वय, देवायु तथा नरकायुका जघन्य प्रदेशबंध करता है। और आहारकद्वयका अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती, तथा चौथे असंयत गुणस्थानवाला तीर्थंकर प्रकृति और देवचतुष्क इसतरह पांच प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशबंध करता है ॥ २१६ ॥

आगे ११ प्रकृतियोंसे वचीहुई प्रकृतियोंमें विशेषपना बताते हैं;—

चरिमअपुण्णभवत्थो तिविग्गहे पढमविग्गहम्मि ठिओ।
सुहमणिगोदो बंधदि सेसाणं अवरबंधं तु ॥ २१७ ॥

चरमापूर्णभवस्थः त्रिविग्रहे प्रथमविग्रहे स्थितः।
सूक्ष्मनिगोदो बध्नाति शेषाणामवरबन्धं तु ॥ २१७ ॥

अर्थ—छहहजार बारह अपर्याप्त (क्षुद्र) भवोंमेंसे अंतके भवमें स्थित (मौजूद), और विग्रहगतिके तीन मोड़ाओंमेंसे पहली वक्रगतिमें ठहरा हुआ जो सूक्ष्मनिगोदिया जीव है वह पूर्वोक्त ११ से शेषरहीं १०९ प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशबंध करता है ॥ २१७ ॥

आगे प्रकृति और प्रदेशबंधके कारण जो योगस्थान हैं उनका स्वरूप, संख्या तथा स्वामियोंको ४२ गाथाओंसे कहते हैं;—

जोगट्ठाणा तिविहा उववादेयंतवड्ढिपरिणामा।
भेदा एक्केक्कंपि चोद्दसभेदा पुणो तिविहा ॥ २१८ ॥

योगस्थानानि त्रिविधानि उपपादैकान्तवृद्धिपरिणामानि।
भेदात् एकैकमपि चतुर्दशभेदाः पुनः त्रिविधाः ॥ २१८ ॥

अर्थ—उपपाद[2] योगस्थान १ एकांतवृद्धि योगस्थान २ परिणाम योगस्थान ३ इस प्रकार योगस्थान तीन प्रकारके हैं। और एक २ भेदके भी १४ जीव समासकी अपेक्षा

---

१. जिन योगस्थानोंकी वृद्धि भी हो, हानि भी हो, अथवा जैसेके तैसे भी रहैं, उन योगस्थानोंको घोटमानयोग कहते हैं। इनका दूसरा नाम परिणामयोगस्थान भी है। २. पर्यायके प्रथम समयमें जघन्य उपपाद योगका धारक।

चौदह २ भेद हैं । तथा ये १४ भी सामान्य, जघन्य और उत्कृष्टकी अपेक्षा तीन २ प्रकारके हैं । उनमेंसे सामान्यकी अपेक्षा १४ भेद, सामान्य और जघन्यकी अपेक्षा २८ भेद, तथा सामान्य-जघन्य और उत्कृष्ट की अपेक्षा ४२ भेद होते हैं ॥ २१८ ॥

अब उपपाद योगस्थानका स्वरूप कहते हैं;—

उववादजोगठाणा भवादिसमयट्ठियस्स अवरवरा ।
विग्गहइजुगइगमणे जीवसमासे मुणेयव्वा ॥ २१९ ॥

उपपादयोगस्थानानि भवादिसमयस्थितस्यावरवराणि ।
विग्रहर्जुगतिगमने जीवसमासे मन्तव्यानि ॥ २१९ ॥

अर्थ—पर्याय धारण करनेके पहले समयमें तिष्ठते हुए जीवके उपपाद योगस्थान होते हैं। क्योंकि "उपपद्यते"—जीवके द्वारा जो पर्यायके पहिले समयमें प्राप्त हो "इति उपपादः" वह उपपाद है ।—ऐसा व्याकरणसे शव्दार्थ होता है । उनमेंसे जघन्य उपपाद स्थान उस जीवके होते हैं जोकि वक्रगतिसे (वीचमें मुड़कर) नवीन पर्यायको प्राप्त हो, और जो जीव ऋजुगति (अर्थात् वीचमें नहीं मुड़े ऐसी गति) से नवीन पर्याय धारण करै उसके उत्कृष्ट उपपाद योगस्थान होते हैं । ये सब उपपाद योगस्थान चौदह जीवसमासों (भेदों) में जानलेना ॥ २१९ ॥

आगे परिणामयोगस्थानका स्वरूप दिखलाते हैं;—

परिणामजोगठाणा सरीरपज्जत्तगादु चरिमोत्ति ।
लद्धिअपज्जत्ताणं चरिमतिभागम्हि वोधव्वा ॥ २२० ॥

परिणामयोगस्थानानि शरीरपर्याप्तकात् तु चरम इति ।
लब्ध्यपर्याप्तकानां चरमत्रिभागे बोद्धव्यानि ॥ २२० ॥

अर्थ—शरीरपर्याप्तिके पूर्ण होनेके समयसे लेकर आयुके अंततक परिणामयोगस्थान कहे जाते हैं । और जिसकी शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती ऐसे लब्ध्यपर्याप्तक जीवके अपनी आयु (श्वासके अठारहवें भाग प्रमाण) के अंतके त्रिभागके प्रथम समयसे लेकर अंतके समय तक स्थितिके सब भेदोंमें उत्कृष्ट और जघन्य दोनों प्रकारके परिणाम योगस्थान जानना ॥ २२० ॥

सगपज्जत्तीपुण्णे उवरिं सव्वत्थ जोगमुक्कस्सं ।
सव्वत्थ होदि अवरं लद्धिअपुण्णस्स जेट्ठंपि ॥ २२१ ॥

स्वकपर्याप्तिपूर्णे उपरि सर्वत्र योगोत्कृष्टम् ।
सर्वत्र भवत्यवरं लब्ध्यपर्याप्तस्य ज्येष्ठमपि ॥ २२१ ॥

अर्थ—अपनी २ शरीर पर्याप्तिके पूर्ण होनेके समयसे लेकर अपनी २ आयुके अंत-

समयतक सम्पूर्ण समयोंमें परिणामयोगस्थान उत्कृष्ट भी होते हैं, और जघन्य भी संभवते हैं। और इसीतरह लब्ध्यपर्याप्तकके भी अपनी स्थितीके सब भेदोंमें दोनों परिणामयोगस्थान संभव हैं। सो ये सब परिणामयोगस्थान घोटमानयोग समझने। क्योंकि ये घटते भी हैं, बढते भी हैं, और जैसेके तैसे भी रहते हैं ॥ २२१ ॥

आगे एकान्तानुवृद्धि योगस्थानका स्वरूप कहते हैं;—

एयंतवड्ढिठाणा उभयट्ठाणाणमंतरे होंति ।
अवरवरट्ठाणाओ सगकालादिम्हि अंतम्हि ॥ २२२ ॥

एकान्तवृद्धिस्थानानि उभयस्थानानामन्तरे भवन्ति ।
अपरवरस्थानानि स्वककालादौ अन्ते ॥ २२२ ॥

अर्थ—एकान्तानुवृद्धि योगस्थान, उपपाद आदि दोनों स्थानोंके बीचमें, अर्थात् पर्यायधारण करनेके दूसरे समयसे लेकर एक समय कम शरीर पर्याप्तिके अंतर्मुहूर्तके अंतसमयतक होते हैं। उनमें जघन्यस्थान तो अपने कालके पहले समयमें और उत्कृष्टस्थान अंतके समयमें होता है। इसीलिये एकान्त अर्थात् नियमकर अपने समयोंमें समय समय प्रति असंख्यात गुणी अविभाग प्रतिच्छेदोंकी वृद्धि जिसमें हो वह एकान्तानुवृद्धिस्थान, ऐसा नाम कहा गया है ॥ २२२ ॥

अब योगस्थानोंके अवयव (अंग) कहते हैं;—

अविभागपडिच्छेदो वग्गो पुण वग्गणा य फड्ढयगं ।
गुणहाणीवि य जाणे ठाणं पडि होदि णियमेण ॥ २२३ ॥

अविभागप्रतिच्छेदो वर्गः पुनः वर्गणा च स्पर्धकम् ।
गुणहानिरपि च जानीहि स्थानं प्रति भवति नियमेन ॥ २२३ ॥

अर्थ—सब योगस्थान जगच्छ्रेणीके असंख्यातवे भाग प्रमाण हैं। [illegible] स्थानके प्रति अविभाग प्रतिच्छेद १ वर्ग २ वर्गणा ३ स्पर्धक ४ गुणहानि ५, ये पांच भेद होते हैं, ऐसा नियमसे जानना ॥ २२३ ॥

आगे इनका स्वरूप कहते हैं;—

पल्लासंखेज्जदिमा गुणहाणिसला हवंति इगिठाणे ।
गुणहाणिफड्ढयाओ असंखभागं तु सेढीए ॥ २२४ ॥

पल्यासंख्येयभागा गुणहानिशलाका भवन्ति एकस्थाने ।
गुणहानिस्पर्धकानि असंख्यभागं तु श्रेण्याः ॥ २२४ ॥

अर्थ—एक योगस्थानमें गुणहानियें [illegible] प्रमाण हैं। [illegible] गुणहानिशलाका प्रमाण हैं। और एक गुणहानिमें स्पर्धक [illegible] असंख्यातवे भाग प्रमाण हैं। २२४ ।

फड्डयगे एक्केक्के वग्गणसंखा हु तत्तियालावा ।
एक्केक्कवग्गणाए असंखपदरा हु वग्गाओ ॥ २२५ ॥

स्पर्धके एकैके वर्गणासंख्या हि तावदालापा ।
एकैकवर्गणायामसंख्यप्रतरा हि वर्गाः ॥ २२५ ॥

अर्थ—एक २ स्पर्धकमें वर्गणाओंकी संख्या उतनी ही अर्थात् जगच्छ्रेणीके असंख्या-वें भाग प्रमाण है। और एक २ वर्गणामें असंख्यात जगत्प्रतर प्रमाण वर्ग हैं॥ २२५॥

एक्केक्के पुण वग्गे असंखलोगा हवंति अविभागा ।
अविभागस्स पमाणं जहण्णउड्डी पदेसाणं ॥ २२६ ॥

एकैके पुनः वर्गे असंख्यलोका भवन्ति अविभागाः ।
अविभागस्य प्रमाणं जघन्यवृद्धिः प्रदेशानाम् ॥ २२६ ॥

अर्थ—एक २ वर्गमें असंख्यातलोक प्रमाण अविभाग प्रतिच्छेद होते हैं । और अविभाग प्रतिच्छेदका प्रमाण प्रदेशोंमें जघन्य वृद्धिस्वरूप जानना ॥ भावार्थ—जिसका दूसरा भाग न हो ऐसे शक्तिके अंशको **अविभागप्रतिच्छेद** कहते हैं । सो यहांपर उलटे क्रमसे कहा है, इसकारण सीधा क्रम ऐसा जानना कि अविभागप्रतिच्छेदका समूह वर्ग, वर्गका समूह वर्गणा, वर्गणाका समूह स्पर्द्धक, स्पर्द्धकका समूह गुणहानि, गुणहानिका समूह स्थान ॥ २२६ ॥

आगे एक योगस्थानमें सव स्पर्द्धकादिकोंका प्रमाण कहते हैं;—

इगिठाणफड्डयाओ वग्गणसंखा पदेसगुणहाणी ।
सेढिअसंखेज्जदिमा असंखलोगा हु अविभागा ॥ २२७ ॥

एकस्थानस्पर्धकानि वर्गणासंख्या प्रदेशगुणहानिः ।
श्रेण्यसंख्यातिमा असंख्यलोका हि अविभागाः ॥ २२७ ॥

अर्थ—एक योगस्थानमें सव स्पर्धक, सव वर्गणाओंकी संख्या, और असंख्यात प्रदेशोंमें गुणहानिका आयाम (काल) इनका प्रमाण सामान्यपनेसे जगच्छ्रेणीके असंख्यातवें भाग मात्र है। क्योंकि असंख्यातके वहुत भेद हैं, इसलिये इन सवका प्रमाण भी सामान्यसे पूर्वोक्त—श्रेणीके असंख्यातवें भागमात्र ही कहा है । एक योगस्थानमें अविभागप्रतिच्छेद असंख्यातलोक प्रमाण होते हैं ॥ २२७ ॥

सव्वे जीवपदेसे दिवड्ढगुणहाणिभाजिदे पढमा ।
उवरिं उत्तरहीणं गुणहाणिं पडि तदद्धकमं ॥ २२८ ॥

सर्वस्मिन् जीवप्रदेशे द्व्यर्धगुणहानिभाजिते प्रथमा ।
उपरि उत्तरहीनं गुणहानिं प्रति तदर्द्धक्रमः ॥ २२८ ॥

अर्थ—सब लोक प्रमाण (असंख्यात) जीवके प्रदेशोंको डेढगुणहानिका भाग देनेपर पहली गुणहानीकी पहली वर्गणा होती है। इसके बाद एक एक चय घटानेसे द्वितीयादि वर्गणाओंका प्रमाण होता है । और पूर्व गुणहानिसे उत्तर गुणहानिका प्रमाण क्रमसे आधा २ जानना ॥ २२८ ॥

फड्डयसंखाहि गुणं जहण्णवग्गं तु तत्थ तत्थादी ।
विदियादिवग्गणाणं वग्गा अविभागअहियकमा ॥ २२९ ॥

स्पर्धकसंख्याभिः गुणो जघन्यवर्गस्तु तत्र तत्रादिः ।
द्वितीयादिवर्गणानां वर्गा अविभागाधिकक्रमाः ॥ २२९ ॥

अर्थ—जघन्य वर्गको अपने २ स्पर्धककी संख्यासे गुणाकरनेपर उस २ गुणहानिकी पहली वर्गणाका प्रमाण होता है। और दूसरी आदि वर्गणा क्रमसे वर्गमें एक एक अवि-भाग प्रतिच्छेद बढ़ानेपर होती हैं ॥ २२९ ॥

इसका अधिक कथन बड़ी टीकामें है सो यहां विस्तार भयसे नहीं लिखा है। इसप्रकार जघन्य योगस्थानका कथन जानना ॥

अंगुलअसंखभागप्पमाणमेत्तऽवरफड्डयावड्ढी ।
अंतरछक्कं मुचा अवरट्ठाणादु उक्कस्सं ॥ २३० ॥

अङ्गुलासंख्यभागप्रमाणमात्रावरस्पर्धकवृद्धिः ।
अन्तरषट्कं मुक्त्वा अवरस्थानादुत्कृष्टम् ॥ २३० ॥

अर्थ—जघन्यस्थानसे लेकर उत्कृष्ट स्थानपर्यंत छह अंतरस्थानोंको छोड़कर सूच्यं-गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण जघन्य स्पर्धकोंकी वृद्धि क्रमसे जानना। अर्थात् एकस्थानसे दूसरे योग स्थानमें पूर्वोक्त प्रमाण स्पर्धक बढती होते हैं। इसीप्रकार तीसरे आदि स्थानोंमें भी ऐसा ही क्रम जानना ॥ २३० ॥

ऐसा होनेपर जो कुछ हुआ उसे कहते हैं;—

सरिसायामेणुवरिं सेढिअसंखेज्जभागठाणाणि ।
चडिदेक्केक्कमपुव्वं फड्डयमिह जायदे चयदो ॥ २३१ ॥

सदृशायामेनोपरि श्रेण्यसंख्येयभागस्थानानि ।
चटितैकैकमपूर्वं स्पर्द्धकमिह जायते चयतः ॥ २३१ ॥

अर्थ—समान आयामके धारण करनेवाले सर्वजघन्य योगस्थानके ऊपर चयनामकी उत्तरोत्तर क्रमसे वृद्धि करते २ एक अपूर्व स्पर्धक उत्पन्न होता है। चयका प्रमाण ऊपर बता चुके हैं । कितनेस्थानतक चयवृद्धि होनेसे अपूर्व स्पर्धककी उत्पत्ति होती है? तो त्रैराशिक गणितके हिसाबसे उन स्थानोंका प्रमाण जगच्छ्रेणीका असंख्यातवां भाग होता है

इसी तरह समान आयामके धारक दूसरे योगस्थानके ऊपर भी श्रेणीके असंख्यातवें भाग प्रमाण स्थानतक उत्तरोत्तर क्रमसे चयवृद्धि होनेपर दूसरा अपूर्व स्पर्धक उत्पन्न होता है। इसी क्रमसे एक गुणहानिके स्पर्धकोंका जितना प्रमाण कहा है उतने अपूर्व स्पर्धकोंके उत्पन्न हो जानेपर जघन्य योगस्थानका प्रमाण दूना हो जाता है । इसी क्रमसे योगस्थानोंका प्रमाण भी दूना २ होता जाता है, और अंतमें चलकर संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तजीवका सर्वोत्कृष्ट योगस्थान उत्पन्न होता है ॥ २३१ ॥

आगे इसी विषयमें और भी विशेष जो कथन करेंगे उसकी प्रतिज्ञा आचार्य करते हैं;—

एदेसिं ठाणाणं जीवसमासाण अवरवरविसयं ।
चउरासीदिपदेहिं अप्पाबहुगं परूवेमो ॥ २३२ ॥

एतेषां स्थानानां जीवसमासानामवरवरविषयं ।
चतुरशीतिपदैः अल्पबहुकं प्ररूपयामः ॥ २३२ ॥

अर्थ—ये जो योगस्थान कहे हैं उनमें चौदह जीवसमासोंके जघन्य और उत्कृष्टकी अपेक्षा तथा उपपादादिक तीन प्रकारके योगोंकी अपेक्षा चौरासीस्थानोंमें अब अल्पबहुत्व—थोड़े बहुतपनेका कथन करते हैं ॥ २३२ ॥

अब उसीको दिखाते हैं,—

सुहुमगलद्धिजहण्णं तण्णिव्वत्तीजहण्णयं तत्तो ।
लद्धिअपुण्णुक्कस्सं बादरलद्धिस्स अवरमदो ॥ २३३ ॥

सूक्ष्मकलब्धिजघन्यं तन्निर्वृत्तिजघन्यकं ततः ।
लब्ध्यपूर्णोत्कृष्टं बादरलब्धेरवरमतः ॥ २३३ ॥

अर्थ—सूक्ष्मनिगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवका जघन्य उपपादस्थान सबसे थोड़ा है। उससे सूक्ष्मनिगोदिया निर्वृत्त्यपर्याप्तक जीवका जघन्य उपपादस्थान पल्यके असंख्यातवें भाग गुणा है । उससे अधिक सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तका उत्कृष्ट उपपादयोगस्थान और उससे अधिक बादरलब्ध्यपर्याप्तका जघन्य उपपाद योगस्थान जानना ॥ २३३ ॥

णिव्वत्तिसुहुमजेट्ठं बादरणिव्वत्तियस्स अवरं तु ।
बादरलद्धिस्स वरं बीइंदियलद्धिगजहण्णं ॥ २३४ ॥

निर्वृत्तिसूक्ष्मज्येष्ठं बादरनिर्वृत्तिकस्यावरं तु ।
बादरलब्धेः वरं द्वीन्द्रियलब्धिकजघन्यम् ॥ २३४ ॥

अर्थ—फिर उससे अधिक सूक्ष्म निर्वृत्त्यपर्याप्तकजीवका उत्कृष्ट उपपादयोगस्थान है। उससे अधिक बादरनिर्वृत्त्यपर्याप्तकका जघन्ययोगस्थान है, उससे बादरलब्ध्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट योगस्थान अधिक है, उससे अधिक दो इंद्री लब्ध्यपर्याप्तकका जघन्ययोगस्थान है ॥ २३४ ॥

वादरणिव्वत्तिवरं णिव्वत्तिविइंदियस्स अवरमदो ।
एवं वितिवितितिचतिच चउविमणो होदि चउविमणो॥२३५॥

वादरनिर्वृत्तिवरं निर्वृत्तिद्वीन्द्रियस्यावरमतः ।
एवं द्वित्रिद्वित्रित्रिचत्रिच चतुःविमनो भवति चतुःविमनः ॥ २३५ ॥

अर्थ—इसके वाद उससे भी अधिक वादर एकेंद्रीनिर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट योगस्थान है, उससे अधिक दोइंद्री निर्वृत्त्यपर्याप्तकका जघन्ययोगस्थान जानना । और इसी तरह दो इन्द्री लब्धिअपर्याप्तका उत्कृष्ट तथा तेइंद्री लब्ध्यपर्याप्तकका जघन्य उपपादस्थान, दो इंद्री निर्वृत्त्यपर्याप्तका उत्कृष्ट, ते इन्द्री निर्वृत्त्यपर्याप्तका जघन्य, ते इंद्री लब्धिअपर्याप्तकका उत्कृष्ट, चौ इन्द्री लब्धि अपर्याप्तका जघन्य, निर्वृत्त्यपर्याप्तक तेइंद्रीका उत्कृष्ट, निर्वृत्ति-अपर्याप्तक चौइन्द्रीका जघन्य, लब्धि अपर्याप्तक चौइंद्रीका उत्कृष्ट, लब्ध्यपर्याप्तक असंज्ञी (मनरहित) पंचेन्द्रीका जघन्य, निर्वृत्तिअपर्याप्तक चौइंद्रीका उत्कृष्ट और निर्वृत्त्यपर्याप्तक मनरहित (असंज्ञी) पंचेन्द्रीका जघन्य उपपाद योगस्थान क्रमसे अधिक २ जानना ॥२३५॥

तह य असण्णीसण्णी असण्णिसण्णिस्स सण्णिउववादं ।
सुहुमेइंदियलद्धिगअवरं एयंतवड्ढिस्स ॥ २३६ ॥

तथा च असंज्ञीसंज्ञी असंज्ञीसंज्ञिनः संज्ञ्युपपादम् ।
सूक्ष्मैकेन्द्रियलब्धिकावरं एकान्तवृद्धेः ॥ २३६ ॥

अर्थ—और इसीप्रकार उससे अधिक असंज्ञीलब्ध्यपर्याप्तकका उत्कृष्टस्थान, और संज्ञीलब्ध्यपर्याप्तकका जघन्यस्थान, उससे अधिक असंज्ञी निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट और संज्ञीनिर्वृत्त्यपर्याप्तकका जघन्यस्थान, उससे संज्ञी पंचेंद्री लब्ध्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट उपपादयोगस्थान पल्यके असंख्यातवें भाग गुणा है । और उससे अधिकगुणा सूक्ष्म एकेन्द्री लब्ध्यपर्याप्तकका जघन्य एकांतानुवृद्धियोगस्थान जानना ॥ २३६ ॥

सण्णिस्सुववादवरं णिव्वत्तिगदस्स सुहुमजीवस्स ।
एयंतवड्ढिअवरं लद्धिदरे थूलथूले य ॥ २३७ ॥

संज्ञिन उपपादवरं निर्वृत्तिगतस्य सूक्ष्मजीवस्य ।
एकान्तवृद्ध्यवरं लब्धीतरस्मिन् स्थूलस्थूले च ॥ २३७ ॥

अर्थ—उससे अधिक संज्ञीपंचेंद्री निर्वृत्त्यपर्याप्तकका उत्कृष्ट उपपादयोगस्थान, उससे अधिक सूक्ष्म एकेंद्री निर्वृत्त्यपर्याप्तकका जघन्य एकांतानुवृद्धि योगस्थान है, उससे अधिक बादर एकेंद्री लब्धिअपर्याप्तका और बादर (सूक्ष्म) एकेन्द्री निर्वृत्त्यपर्याप्तकका जघन्य एकांतानुवृद्धि योगस्थान [illegible] ॥ २३७

तह सुहुमसुहुमजेट्ठं तो वादरवादरे वरं होदि ।
अंतरमवरं लद्धिगसुहुमिदरवरंपि परिणामे ॥ २३८ ॥

तथा सूक्ष्मसूक्ष्मज्येष्ठं ततो वादरवादरे वरं भवति ।
अर्थ—वैक्रियिक काययोगमें देवगतिवत् ७७ में देवानुपूर्वीके घटाने और नरकायु, नरकगति, हुण्डसंस्थान, नपुंसकवेद, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भगादि चार, नीच गोत्र के १० मिलानेसे ८६ प्रकृतियां उदय योग्य हैं ॥ ३१४ ॥

आगे वैक्रियिकमिश्र काययोगमें दो गाथाओंसे कहते हैं;—

वेगुव्वं वा मिस्से ण मिस्स परघादसरविहायदुगं ।
साणे ण हुंडसंढं दुब्भगणादेज अजसयं ॥ ३१५ ॥
णिरयगदिआउणीचं ते मिस्सयदेऽवणिय थीवेदं ।
छुड्डुणं सासणे ण णिरयसमयदथीवेदं ॥ ३१६ ॥ जुम्मं ।

वैगूर्वं वा मिश्रे न मिश्रं परघातस्वरविहायोद्विकम् ।
साने न हुण्डषण्ढं दुर्भगानादेयमयशस्कम् ॥ ३१५ ॥
निरयगतिआयुर्नीचं ताः क्षिपायतेऽपनीय स्त्रीवेदम् ।
षष्ठगुणं वाऽहारे न स्त्यानत्रयषण्ढस्त्रीवेदम् ॥ ३१६ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—वैक्रियिकमिश्रयोगमें वैक्रियिककी ८६ प्रकृतियोंमेंसे मिश्रमोहनीय, परघात-स्वर-विहायोगति इनका जोड़ा, ये प्रकृतियां उदयरूप नहीं हैं; इसकारण ७९ उदय योग्य जानना । उनमें भी सासादन गुणस्थानमें हुण्डसंस्थान, नपुंसकवेद, दुर्भग अनादेय, अयशस्कीर्ति, नरकगति, नरकायु, नीचगोत्र-इनका उदय नहीं है । क्योंकि सासादन गुणस्थानवाला मरकर नरकको नहीं जाता । किंतु असंयतमें इन प्रकृतियोंका उदय रहताहै । सासादनमें स्त्रीवेद, और अनंतानुबंधी चार इन पांचकी व्युच्छित्ति है । असंयतमें अप्रत्याख्यान कषाय ४ वैक्रियिक २ देवगति नरकगति देवायु नरकायु और दुर्भगादि ३ ऐसे १३ प्रकृयोंकी व्युच्छित्ति होती है ॥

आहारक काययोगमें, छठे गुणस्थानकी ८१ प्रकृतियोंमेंसे स्त्यानगृद्धि आदि ३, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, ॥ ३१५ ॥ ३१६ ॥ और:—

दुग्गदिदुस्सरसंहदि ओरालदु चरिमपंचसंठाणं ।
ते तम्मिस्से सुस्सर परघाददुसत्थगदि हीणा ॥ ३१७ ॥

दुर्गतिदुःस्वरसंहतिः औरालद्वे चरमपञ्चसंस्थानम् ।
ताः तन्मिश्रे सुस्वरं परघातद्विशस्तगतिः हीनाः ॥ ३१७ ॥

अर्थ—अप्रशस्तविहायोगति, दुःस्वर, संस्थान ६, औदारिक शरीर दो, अंतके पांच संस्थान, इन २० प्रकृतियोंका उदय नहीं है । और आहारकमिश्र काययोगमें इन ६१ मेंसे सुस्वर, परघातादि दो, प्रशस्तविहायोगति, इन चारको घटानेसे उदय योग्य ५७ हैं ऐसा जानना ॥ ३१७ ॥

आगे कार्माणकाययोगमें उदयादिको दो गाथाओंसे कहते हैं;—

ओघं कम्मे सरगदिपत्तेयाहारुरालदुग मिस्सं ।
उवघादपणविगुव्वदुथीणतिसंठाणसंहदी णत्थि ॥ ३१८ ॥

ओघः कर्मणि स्वरगतिप्रत्येकाहारौरालद्विकं मिश्रम् ।
उपघातपञ्चवैगूर्वद्विस्त्यानत्रिसंस्थानसंहतिर्नास्ति ॥ ३१८ ॥

अर्थ—कार्मणकाययोगमें सामान्यगुणस्थानकी १२२ प्रकृतियोंमेंसे स्वर-विहायोगति-प्रत्येक-आहारकशरीर-औदारिकशरीर इन सबका युगल (जोड़ा), मिश्र मोहनीय, उपघातादि पांच, वैक्रियिकका जोड़ा, स्त्यानगृद्धि आदि तीन, संस्थान ६, संहनन ६ ये सब नहीं होनेसे उदय योग्य ८९ प्रकृतियां हैं ॥ ३१८ ॥

साणे थीवेदछिदी णिरयदुणिरयाउगं ण णिरयदुगं ।
इगिवण्णं पणवीसं मिच्छादिसु चउसु वोच्छेदो ॥ ३१९ ॥
सासने स्त्रीवेदच्छित्तिः निरयद्विनिरयायुष्कं न निरयद्विकम् ।
एकपञ्चाशत् पञ्चविंशतिः मिथ्यादिषु चतुर्षु व्युच्छेदः ॥ ३१९ ॥

अर्थ—उसमेंभी सासादन गुणस्थानमें स्त्रीवेदकी व्युच्छित्ति होती है । और नरकगत्यादि २, नरकायु इन तीनका उदय नहीं होता । तथा मिथ्यात्वादि (मिथ्यात्व १ सासादन २ असंयत ३ सयोग केवली ४) चार गुणस्थानोंमें क्रमसे तीन, दश, ५१, २५, इतनी प्रकृतियोंकी उदय व्युच्छित्ति होती है ॥ ३१९ ॥

अब वेदमार्गणामें उदयादिको कहते हैं;—

मूलोघं पुंवेदे थावरचउणिरयजुगलतित्थयरं ।
इगिविगलं थीसंढं तावं णिरयाउगं णत्थि ॥ ३२० ॥
मूलौघः पुंवेदे स्थावरचतुर्निरययुगलतीर्थकरम् ।
एकविकलं स्त्रीषण्ढमातपं निरयायुष्कं नास्ति ॥ ३२० ॥

अर्थ—पुरुषवेदमें मूलवत् १२२ प्रकृतियोंमेंसे स्थावर आदि चार, नरकगतिद्विक, तीर्थंकर प्रकृति, एकेन्द्रिय, विकल तीन, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, आतप प्रकृति, नरकायु ये १५ नहीं हैं । इसकारण उदय योग्य १०७ प्रकृतियां हुईं ॥ ३२० ॥

आगे स्त्रीवेद और नपुंसक वेदमें उदयादि दिखाते हैं;—

इत्थीवेदेवि तहा हारदुपुरिसूणमित्थिसंजुत्तं ।
ओघं संढे ण हि सुरहारदुथीपुंसुराउतित्थयरं ॥ ३२१ ॥
स्त्रीवेदेपि तथाऽऽहारद्विपुरुषोनं स्त्रीसंयुक्तम् ।
ओघः षण्ढे न हि सुराहारद्विस्त्रीपुंसुरायुस्तीर्थंकरम् ॥ ३२१ ॥

अर्थ—स्त्रीवेदमें भी उसीप्रकार १०७ प्रकृतियोंमें आहारक शरीर युगल, पुरुषवेद ये तीन कमकरके तथा स्त्रीवेद मिलाके १०५ प्रकृतियां उदय योग्य हैं । नपुंसकवेदमें सामान्यवत् १२२ मेंसे देवगति युगल, आहारकद्विक, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, देवायु और तीर्थंकर प्रकृति ये ८ सिवाय ११४ प्रकृतियां उदय योग्य हैं ॥ ३२१ ॥

अब कषायमार्गणामें कहते हैं;—

तित्थयरमाणमायालोहचऊकूणमोघमिह कोहे ।
अणरहिदे णिगिविगलं तावऽणकोहाणुथावरचउक्कं ॥ ३२२ ॥

---

१. 'सान' शब्दसे सासादन लेना, क्योंकि अन अर्थात् अनन्तानुवंधी कषायके उदयके स–अर्थात् साथही रहे उसको सान कहते । उपशम सम्यक्त्वसे गिर जानेपर और मिथ्यात्वमें न पहुंचनेतक जीव अनंतानुबंधीके उदयके साथही रहता है । जीवकांडमें इस शब्दका खुलासा कर चुके हैं ।

तीर्थंकरमानमायालोभचतुष्कोनमोघ इह क्रोधे ।
अनरहिते नैकविकलमातापानक्रोधानुस्थावरचतुष्कम् ॥ ३२२ ॥

अर्थ—क्रोध कषायमार्गणामें सामान्य १२२ मेंसे तीर्थंकर प्रकृति १, तथा चार तरहके क्रोधको छोड़ बाकी मानमायालोभचतुष्क (तीन चौकड़ीं) संबंधी १२ कषाय—इन १३ के विना १०९ प्रकृतियां उदय योग्य हैं । तथा अनंतानुबंधी रहित क्रोधमें एकेन्द्री, विकल तीन, आतप, अनंतानुबंधी क्रोध, आनुपूर्वी ४, स्थावर आदि ४, इस प्रकार १०९ मेंसे १४ प्रकृतियोंके सिवाय तथा अनंतानुबंधी मानादि ३ और मिथ्यात्व इन चारको और मिलाकर कुल १८ को छोड़कर उदय योग्य ९१ प्रकृतियां हैं ॥ ३२२ ॥

एवं माणादितिए मदिसुदअण्णाणगे दु सगुणोघं ।
वेभंगेवि ण ताविगिविगलिंदी थावराणुचऊ ॥ ३२३ ॥

एवं मानादित्रये मतिश्रुताज्ञानके तु स्वगुणौघः ।
वैभङ्गेपि नातापैकविकलेन्द्रियं स्थावरानुचत्वारि ॥ ३२३ ॥

अर्थ—इसीप्रकार मानादि तीन कषायोंमें भी अपनेसे अन्य १२ कषाय तथा तीर्थंकर प्रकृति, इन १३ के न होनेसे १०९ एकसौ नव सब जगह उदय योग्य समझना । तथा ज्ञान-मार्गणामेंसे कुमति और कुश्रुतज्ञानमें सामान्य गुणस्थानवत् १२२ मेंसे आहारकादि ५ के सिवाय ११७ प्रकृतियां उदय योग्य हैं । विभंग (कुअवधि) ज्ञानमें भी इन ११७ मेंसे आताप, एकेन्द्री, विकलेन्द्री ३, स्थावरादि चार, आनुपूर्वी ४ सब मिलकर १३ प्रकृतियां उदय न होनेके कारण १०४ प्रकृतियां उदय होने योग्य हैं ॥ ३२३ ॥

सण्णाणपंचयादी दंसणमग्गणपदोत्ति सगुणोघं ।
मणपज्जवपरिहारे णवरि ण संढित्थि हारदुगं ॥ ३२४ ॥

सद्ज्ञानपञ्चकादि दर्शनमार्गणापदमिति स्वगुणौघः ।
मनःपर्ययपरिहारे नवरि न षण्ढस्त्री आहारद्वयम् ॥ ३२४ ॥

अर्थ—पांच सम्यग्ज्ञानसे लेकर दर्शन मार्गणास्थानपर्यंत अपने २ गुणस्थान सरीखी रचना समझना । लेकिन मनःपर्ययज्ञानको छोड़ देना । क्योंकि इसमें विशेषता यह है कि नपुंसकवेद, स्त्रीवेद और आहारकका जोड़ा ये चार उदय योग्य नहीं हैं ॥ ३२४ ॥

अब दूसरी मार्गणाओंमेंकी विशेषता दिखाते हैं:—

चक्खुम्मि ण साहारणताविगिवितिजाइ थावरं सुहुमं ।
किण्हदुगे सगुणोघं मिच्छे णिरयाणुवोच्छेदो ॥ ३२५ ॥

चक्षुषि न साधारणातापैकद्वित्रिजातिः स्थावरं सूक्ष्मम् ।
कृष्णद्विके स्वगुणौघो मिथ्ये निरयानुव्युच्छेदः ॥ ३२५ ॥

अर्थ—दर्शनमार्गणाके चक्षुर्दर्शनमें १२२ मेंसे साधारण, आतप, एकेन्द्री, दो इंद्री, तेइंद्री जाति, स्थावर, सूक्ष्म, तीर्थंकर प्रकृति, इन ८ का उदय न होनेके कारण ११४ प्रकृतियां उदय योग्य हैं। और लेश्यामार्गणामें कृष्ण, नील इन दो लेश्याओंमें अपने २ गुणस्थानवत् तीर्थंकरादि तीन प्रकृतियोंके सिवाय ११९ प्रकृतियां उदय योग्य हैं। लेकिन मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें नरकगत्यानुपूर्वीकी भी व्युच्छित्ति समझना ॥ ३२५ ॥

साणे सुराउसुरगदिदेवतिरिक्खाणुवोछिदी एवं ।
काओदे अयदगुणे णिरयतिरिक्खाणुवोछेदो ॥ ३२६ ॥

सासने सुरायुःसुरगतिदेवतिर्यगानुव्युच्छित्तिरेवम् ।
कापोते अयतगुणे निरयतिर्यगानुव्युच्छेदः ॥ ३२६ ॥

अर्थ—सासादन गुणस्थानमें देवायु, देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी इन चारकी व्युच्छित्ति जाननी । इसीप्रकार ११९ प्रकृतियां कपोत लेश्यामें भी हैं, परंतु असंयतगुणस्थानमें नरकगतिआनुपूर्वी और तिर्यंचगत्यानुपूर्वी इन दो प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति है ३२६ ॥

आगे तीन शुभलेश्याओंमें कहते हैं—

तेउतिये सगुणोघं णादाविगिविगलथावरचउक्कं ।
णिरयदुतदाउतिरियाणुगं णराणू ण मिच्छदुगे ॥ ३२७ ॥

तेजस्त्रये स्वगुणौघः नातापैकविकलस्थावरचतुष्कम् ।
निरयद्वितदायुस्तिर्यगानुकं नरानु न मिथ्यद्विके ॥ ३२७ ॥

अर्थ—तेजोलेश्यादि तीन शुभलेश्याओंमें अपने २गुणस्थानवत् १२२ मेंसे आतपादि दो, एकेन्द्री, विकलेन्द्री तीन, स्थावर आदि चार, नरकगत्यादि दो, नरकायु, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी इन १३ का उदय न होनेके कारण १०९ उदय योग्य हैं। उसमें भी मिथ्यादृष्टि आदि दो गुणस्थानोंमें मनुष्यगत्यानुपूर्वीका भी उदय नहीं है ॥ ३२७ ॥

अब भव्यमार्गणा और सम्यक्त्वमार्गणामें कहते हैं;—

भवियद्रुवसमवेदगखइये सगुणोघमुवसमे खयिये ।
ण हि सम्ममुवसमे पुण णादितियाणू य हारदुगं ॥ ३२८ ॥

भव्येतरोपशमवेदकक्षायिके स्वगुणौघ उपशमे क्षायिके ।
न हि सम्यक्त्वमुपशमे पुनः नादित्रयानु सहारद्विकम् ॥ ३२८ ॥

अर्थ—भव्य, अभव्य, उपशमसम्यक्त्व, वेदक (क्षायोपशमिक) सम्यक्त्व और क्षायिकसम्यक्त्व मार्गणाओंमें अपने २ गुणस्थानोंके कथनकी तरह जानना, विशेष बात यह है कि उपशम सम्यक्त्व तथा क्षायिक सम्यक्त्वमें सम्यक्त्वमोहनी प्रकृति उदययोग्य नहीं है। तथा

उपशम सम्यक्त्वमें आदिकी नरकगत्यानुपूर्वी वगैरः तीन अनुपूर्वी प्रकृतियां और आहारकका जोड़ा ये प्रकृतियां उदय योग्य नहीं हैं ॥ ३२८ ॥

किस तरहसे ? सो दो क्षेपक गाथाओंसे कहते हैं;—

मिस्साहारस्सयया खवगा चडमाणपढमपुव्वा य ।
पढमुवसमया तमतमगुणपडिवण्णा य ण मरंति ॥ १ ॥
अणसंजोगे मिच्छे मुहुत्तअंतोत्ति णत्थि मरणं तु ।
कदकरणिज्जं जाव दु सव्वपरट्ठाण अट्ठपदा ॥ २ ॥ जुम्मं ।

मिश्राहारश्रयकाः क्षपकाः चटमानप्रथमापूर्वाश्च ।
प्रथमोपशमकाः तमस्तमोगुणप्रतिपन्नाश्च न मरन्ति ॥ १ ॥
अनसंयोगे मिथ्ये मुहूर्तान्तरिति नास्ति मरणं तु ।
कृतकरणीयं यावत्तु सर्वपरस्थानानि अष्टपदानि ॥ २ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—निवृत्त्यपर्याप्तक अवस्थाका धारक १ आहारक मिश्रयोगका धारण करनेवाला २ क्षपक श्रेणीवाला ३ उपशमश्रेणी चढनेमें अपूर्वकरण नामा आठवें गुणस्थानके पहले भागवाला ४ और तमस्तमक नामकी सातवीं नरकभूमिमें सम्यक्त्वगुणसहित ५ प्रथमोपशमसम्यक्त्ववाला ६ इन अवस्थाओंवाले जीव मरते नहीं हैं । और अनन्तानुबंधी कषायको विसंयोजन (जुदा) करके अन्य कषायरूप परिणमानेवाला जो द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टी ७ वह यदि मिथ्यात्वगुणस्थानको प्राप्त हुआ होतो उसका अंतर्मुहूर्ततक मरण नहीं होता । और दर्शनमोहके क्षय करनेवाले जीवके ८ जबतक कृतकृत्यवेदकसम्यग्दृष्टीपना है तबतक मरण नहीं होता है । इस प्रकार सब परस्थान आठ हुए । इनमें मरण नहीं है ॥ १ ॥ २ ॥

खाइयसम्मो देसो णर एव जदो तहिं ण तिरियाऊ ।
उज्जोवं तिरियगदी तेसिं अयदम्हि वोच्छेदो ॥ ३२९ ॥

क्षायिकसम्यग् देशो नर एव यतस्तस्मिन् न तिर्यगायुः ।
उद्योतः तिर्यग्गतिस्तेषामयते व्युच्छेदः ॥ ३२९ ॥

अर्थ—देशसंयत नामा पांचवें गुणस्थानमें रहनेवाला क्षायिक सम्यग्दृष्टी मनुष्य ही होता है, इसकारण उसके तिर्यंचआयु १ उद्योत २ और तिर्यंचगति ३ इन तीनोंका उदय नहीं है । इसीलिये इन तीनोंकी उदयव्युच्छित्ति असंयतगुणस्थानमें होजाती है ॥ ३२९ ॥

सेसाणं सगुणोघं सण्णिस्सवि णत्थि तावसाहरणं ।
थावरसुहुमिगिविगलं असण्णिणोवि य ण मणुदुच्चं ॥ ३३० ॥

१ ये दो गाथा क्षेपक हैं प्रकरण वश यहां रक्खे गये हैं ।

वेगुव्वछक्कसंहदिसंठाणं सुगमणं सुभगमादितियं ।
आहारे सगुणोघं णवरि ण सव्वाणुपुव्वीओ ॥ ३३१ ॥ जुम्मं ।

शेषाणां स्वगुणौघः संज्ञिनोऽपि नास्ति आतपसाधारणम् ।
स्थावरसूक्ष्मैकविकलमसंज्ञिनोऽपि न च मनुजोच्चम् ॥ ३३० ॥
वैगूर्विकषट्कसंहतिसंस्थानं सुगमनं सुभगादित्रयम् ।
आहारे स्वगुणौघः नवरि न सर्वानुपूर्व्यः ॥ ३३१ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—शेष मिथ्यात्व १ सासादन २ मिश्रसम्यक्त्व ३ इन तीनोंमें अपने २ गुणस्थानकी तरह उदयादि जानना । अर्थात् मिथ्यात्वमें उदय योग्य ११७ प्रकृतियां हैं इत्यादि जानना चाहिये । और संज्ञीमार्गणामें संज्ञीके भी सामान्य १२२ मेंसे आतप, साधारण, स्थावर, सूक्ष्म, एकेन्द्री, विकलेंद्री तीन, तथा पूर्वोक्त तीर्थंकर प्रकृति इसप्रकार ९ प्रकृतियां उदय योग्य नहीं हैं । असंज्ञीके मनुष्यगति आदि दो, ऊंच गोत्र, वैक्रियिक शरीरादि छह, पहले पांच संहनन, आदिके पांच संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभगादि तीन, नरकादि आयु तीन—ये छब्बीस प्रकृतियां उदय योग्य नहीं हैं, इसकारण मिथ्यादृष्टिकी ११७ मेंसे २६ घटानेपर ९१ प्रकृतियां उदय योग्य हैं । और आहारमार्गणामें आहारक अवस्थामें सामान्य गुणस्थानवत् उदयादि समझना, परंतु सब (चारों) आनुपूर्वी प्रकृतियोंका उदय नहीं होता, इसकारण उदय योग्य ११८ प्रकृतियां हैं ॥ ३३० ॥ ३३१ ॥

आगे अनाहारअवस्थामें उदयादि कहते हुए उदयके प्रकारणको समाप्त करते हैं;—

कम्मे व अणाहारे पयडीणं उदयमेवमादेसे ।
कहियमिणं बलमाहवचंदच्चियणेमिचंदेण ॥ ३३२ ॥

कार्मे इवानाहारे प्रकृतीनामुदय एवमादेशे ।
कथितोऽयं बलमाधवचन्द्रार्चितनेमिचन्द्रेण ॥ ३३२ ॥

अर्थ—अनाहारक अवस्थामें कार्माण काययोगकी तरह ८९ प्रकृतियां उदय योग्य हैं । इसप्रकार मार्गणादिस्थानोंमें ये प्रकृतियोंका उदय बलभद्र और नारायणकर पूजित ऐसे नेमिनाथतीर्थंकर देवने, अथवा अपने भाई बलदेव और माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवकर पूजित ऐसे नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने कहा है, ऐसा जानना ॥ ३३२ ॥ इति उदयप्रकरणम् ॥

आगे प्रकृतियोंके सत्त्वका निरूपण करते हुए पहले गुणस्थानोंमें सत्त्व कहते हैं;—

तित्थाहारा जुगवं सव्वं तित्थं ण मिच्छगादितिए ।
तस्सत्तकम्मियाणं तग्गुणठाणं ण संभवदि ॥ ३३३ ॥

---

१. केवली तीर्थंकरके भावमन नहींहै इसकारण उनको संज्ञी नहीं कह सक्ते । और तिर्यंचोंके सिवाय दूसरी जगह असंज्ञीपना नहीं होता इससे असंज्ञीभी नहीं कहसकते हैं ।

तीर्थाहारा युगपत् सर्वं तीर्थं न मिथ्यकादित्रये ।
तत्सत्त्वकर्मकाणां तद्गुणस्थानं न संभवति ॥ ३३३ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि, सासादन, मिश्र इन तीनों गुणस्थानोंमेंसे क्रमसे पहलेमें तीर्थंकर और आहारक द्वय एककालमें नहीं होते, तथा दूसरेमें सब (तीनों) ही किसी कालमें नहीं होते, और मिश्रमें तीर्थंकर प्रकृति नहीं होती । अर्थात् मिथ्यात्वमें नानाजीवोंकी अपेक्षा सब-१४८ प्रकृतियोंकी सत्ता है । सासादनमें तीनोंहीके किसी कालमें न होनेसे १४५ की सत्ता है । और मिश्रगुणस्थानमें एक तीर्थंकर प्रकृतिके न होनेसे १४७ प्रकृतियोंकी सत्ता है । क्योंकि इन सत्त्वप्रकृतियोंवाले जीवोंके वे मिथ्यात्वादि गुणस्थानही संभव नहीं हैं । भावार्थ—जिनके तीर्थंकर और आहारकद्वयकी युगपत् सत्ता है वे मिथ्यादृष्टि नहीं हो सकते, और तीनोंमेंसे किसी भी प्रकृतिकी सत्ता रखनेवाला सासादन गुणस्थानवाला नहीं हो सकता, तथा तीर्थंकरकी सत्तावाला मिश्र गुणस्थानवर्ती नहीं हो सकता ॥ ३३३ ॥

चत्तारिवि खेत्ताइं आउगबंधेण होइ सम्मत्तं ।
अणुवदमहव्वदाइं ण लहइ देवाउगं मोत्तुं ॥ ३३४ ॥

चतुर्णामपि क्षेत्राणामायुष्कबन्धेन भवति सम्यक्त्वम् ।
अणुव्रतमहाव्रतानि न लभते देवायुष्कं मुक्त्वा ॥ ३३४ ॥

अर्थ—चारों ही गतियोंमें किसी भी आयुके बंध होनेपर सम्यक्त्व होता है, परंतु देवायुके बंधके सिवाय अन्य तीन आयुके बन्धवाला अणुव्रत तथा महाव्रत नहीं धारण कर सक्ता है, क्योंकि वहां व्रतके कारणभूत विशुद्ध परिणाम नहीं हैं ॥ ३३४ ॥

णिरयतिरिक्खसुराउगसत्ते ण हि देससयलवदखवगा ।
अयदचउक्कं तु अणं अणियट्टीकरणचरिमम्हि ॥ ३३५ ॥
जुगवं संजोगित्ता पुणोवि अणियट्टिकरणबहुभागं
वोलिय कमसो मिच्छं मिस्सं सम्मं खवेदि कमे ॥३३६॥ जुम्मं ।

निरयतिर्यक्सुरायुष्कसत्त्वे न हि देशसकलव्रतक्षपकाः ।
अयतचतुष्कस्तु अनमनिवृत्तिकरणचरमे ॥ ३३५ ॥
युगपत् विसंयोज्य पुनरपि अनिवृत्तिकरणबहुभागम् ।
व्यतीत्य क्रमशो मिथ्यं मिश्रं सम्यक् क्षपयति क्रमेण ॥ ३३६ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—नरक, तिर्यंच तथा देवायुके सत्त्व होनेपर क्रमसे देशव्रत, सर्वव्रत (महाव्रत) और क्षपक श्रेणी नहीं होती । और असंयतादि चार गुणस्थानवाले अनंतानुबंधी आदि सात प्रकृतियोंका क्रमसे क्षपकर क्षायिक सम्यग्दृष्टि होते हैं । उन सातोंमेंसे पहले अनंतानुबंधीचारका अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके अंतर्मुहूर्त कालके अंतसमयमें एकही वार

विसंयोजन अर्थात् अनंतानुबंधीकी चौकड़ीको अप्रत्याख्यानादि बारह कषायरूप परिणमन करा देता है । तथा अनिवृत्तिकरणकालके बहुभागको छोड़के शेष संख्यातवें एक भागमें पहले समयसे लेकर क्रमसे मिथ्यात्व, मिश्र तथा सम्यक्त्व प्रकृतिका क्षय करते हैं। इसप्रकार सात प्रकृतियोंके क्षयका क्रम है। यहांपर तीन गुणस्थानोंका प्रकृतिसत्त्व पूर्वोक्त ही समझना । तथा असंयतसे लेकर सातवें गुणस्थानतक उपशम सम्यग्दृष्टि तथा क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि इन दोनोंके चौथे गुणस्थानमें अनंतानुबंधी आदिकी उपशमरूप सत्ता होनेसे १४८ प्रकृतियोंका सत्त्व है। पांचवें गुणस्थानमें नरकायु न होनेसे १४७ का, प्रमत्तगुणस्थानमें नरक तथा तिर्यंचायु इन दोनोंका सत्त्व न होनेसे १४६ का, तथा अप्रमत्तमें भी १४६ ही का सत्त्व है। और क्षायिक सम्यग्दृष्टीके अनंतानुबंधी चार तथा दर्शन मोहनीय ३ इन सात प्रकृतियोंके क्षय होनेसे सात सात कम समझना । और अपूर्वकरण गुणस्थानमें दो श्रेणी हैं। उनमेंसे क्षपकश्रेणीमें तो १३८ प्रकृतियोंका सत्त्व है। क्योंकि अनंतानुबंधी आदि ७ प्रकृतियोंका तो पहले ही क्षय कियाथा, और नरक, तिर्यंच तथा देवायु इन तीनोंकी सत्ता ही नहीं है। इस प्रकार ७+३=१० प्रकृतियां कम होजाती हैं ॥ ३३५॥ ३३६ ॥

अब अनिवृत्तिकरणनामक नवमें गुणस्थानादिकमें क्षययोग्य प्रकृतियोंका क्रम कहते हैं;—

सोलट्ठेक्किगिछक्कं चदुसेक्कं बादरे अदो एक्कं ।
खीणे सोलसऽजोगे बायत्तरि तेरुवत्तंते ॥ ३३७ ॥

षोडशाष्टैकैकषट्कं चतुर्ष्वेकं बादरे अत एकम् ।
क्षीणे षोडशायोगे द्वासप्ततिस्त्रयोदश उपान्त्यान्त्ययोः ॥ ३३७ ॥

अर्थ—बादर अर्थात् अनिवृत्तिकरणके ९ भागोंमेंसे पांच भागोंमें क्रमसे १६, ८, १, १, ६, प्रकृतियां उपराम करती हैं,—अर्थात् क्षय अथवा सत्तासे व्युच्छिन्न होती हैं। तथा चार भागोंमें एक एक ही की सत्तासे व्युच्छित्ति है। इसके बाद सूक्ष्म सांपरायनामा दशवें गुणस्थानमें एकही की व्युच्छित्ति है। ग्यारहवेंमें योग्यताही नहीं। बारहवें क्षीणकषायगुणस्थानके अंतसमयमें १६ प्रकृतियोंकी सत्त्वसे व्युच्छित्ति होती है । सयोगीमें किसीभी प्रकृतिकी व्युच्छित्ति नहीं है। अयोगकेवली चौदहवें गुणस्थानके अंतके दो समयोंमेंसे पहले समयमें ७२ की तथा दूसरे समयमें १३ प्रकृतियोंकी व्युच्छित्ति होती है ॥३३७॥

आगें उन १६ आदि प्रकृतियोंके नाम गिनाते हैं, जिनकी कि गुणस्थानोंमें व्युच्छित्ति कही है;—

णिरयतिरिक्खदु वियलंथीणतिगुज्जोवतावएइंदी ।
साहरणसुहुमथावर सोलं मज्झिमकसायट्ठं ॥ ३३८ ॥
संढित्थि छक्कसाया पुरिसो कोहो य माण मायं च ।
थूले सुहुमे लोहो उदयं वा होदि खीणम्हि ॥ ३३९ ॥ युग्मं ।

निरयतिर्यग्द्वि विकलस्त्यानत्रिकमुद्योतातपैकेन्द्रियम् ।
साधारणसूक्ष्मस्थावरं षोडश मध्यमकषायाष्टौ ॥ ३३८ ॥
षण्डस्त्री षट्कषायाः पुम्पः क्रोधश्च मानं माया च ।
स्थूले सूक्ष्मे लोभ उदयो वा भवति क्षीणे ॥ ३३९ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—अनिवृत्तिकरणके पहले भागकी नरकगति आदि २, तिर्यंचगति आदि २, विकलेंद्री तीन, स्त्यानगृद्धि आदि तीन, उद्योत, आतप, एकेन्द्री, साधारण, सूक्ष्म, स्थावर—ये १६ व्युच्छिन्न प्रकृतियां हैं। दूसरे भागकी अप्रत्याख्यान चार तथा प्रत्याख्यान चार कषाय मिलकर आठ प्रकृतियां हैं। तीसरे भागकी नपुंसकवेद, चौथे भागकी स्त्रीवेद, पांचवेंकी हास्यादि ६ नोकषाय; और छठे, सातवें, आठवें, नवमें भागमें क्रमसे पुरुषवेद, संज्वलनक्रोध, मान, तथा माया हैं। इसप्रकार स्थूल अर्थात् बादरकषाय—नववें गुणस्थानमें ३६ प्रकृतियां व्युच्छिन्न होती हैं। और सूक्ष्मकषायनामा दशवेंकी लोभसंज्वलन प्रकृति है। तथा क्षीणकषाय नामा बारहवेंकी उदयकी तरह ज्ञानावरण ५ दर्शनावरण ४ अंतराय ५ और निद्रा १ प्रचला १ इसप्रकार १६ प्रकृतियां हैं॥ ३३८ ॥ ३३९ ॥

अब अयोगीकी व्युच्छिन्न प्रकृतियोंको कहते हैं;—

देहादीफस्संता थिरसुहसरसुरविहायदुग दुभगं ।
णिमिणाजसऽणादेज्जं पत्तेयापुण्ण अगुरुचऊ ॥ ३४० ॥
अणुदयतदियं णीचमजोगिदुचरिमम्मि सत्तवोच्छिण्णा ।
उदयगबार णराणू तेरस चरिमम्हि वोच्छिण्णा ॥३४१॥ जुम्मं।

देहादिस्पर्शान्ताः स्थिरशुभस्वरसुरविहायोद्विकं दुर्भगम् ।
निर्माणायशअनादेयं प्रत्येकापूर्णमगुरुचत्वारि ॥ ३४० ॥
अनुदयतृतीयं नीचमयोगिद्विचरिमे सत्त्वव्युच्छिन्नाः ।
उदयगद्वादश नरानुः त्रयोदश चरमे व्युच्छिन्नाः ॥ ३४१ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—पांच शरीरसे लेकर आठ स्पर्शतक ५०, स्थिर—शुभ—स्वर—देवगति—विहायोगति इनका जोड़ा, दुर्भग, निर्माण, अयशस्कीर्ति, अनादेय, प्रत्येक, अपर्याप्त, अगुरुलघु-आदि ४, तीसरे वेदनीयकर्मकी दोनोंमेंसे अनुदयरूप १, नीचगोत्र—ये ७२ प्रकृतियां अयोगकेवलीके अंतके समीपके दूसरे—उपान्त्य समयमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न होती हैं। तथा जिनका उदय अयोगी गुणस्थानमें है ऐसी उदयगत १२ प्रकृतियां और एक मनुष्यगत्यानुपूर्वी इसप्रकार १३ प्रकृतियां अयोगीके अंतके समयमें अपनी सत्तासे छूटती हैं॥ ३४० ॥ ३४१ ॥

अब सत्त्व और असत्त्व प्रकृतियोंकी संख्या गुणस्थानोंमें क्रमसे दिखाते हैं;—

णभतिगिणभइगि दोद्दो दस दससोलट्ठगादिहीणेसु ।
सत्ता हवंति एवं असहायपरक्कमुद्दिट्ठं ॥ ३४२ ॥

नभस्त्र्येकनभएकं द्वे द्वे दश दशषोडशाष्टकादिहीनेषु ।
सत्ता भवन्ति एवमसहायपराक्रमोद्दिष्टम् ॥ ३४२ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टिआदि अपूर्वकरण गुणस्थानतक क्रमसे शून्य ३, १, शून्य १, २, २, १० इतनी प्रकृतियोंका असत्त्व जानना, अर्थात् ये प्रकृतियां नहीं रहतीं । और अनिवृत्तिकरणके पहले भागमें १०, दूसरेमें १६, तीसरे आदिभागमें ८ आदि प्रकृतियां असत्त्व जाननी । और इन असत्त्वप्रकृयोंको सब सत्त्वप्रकृयोंमें घटानेसे अवशेष प्रकृतियां अपने २ गुणस्थानोंमें सत्त्वप्रकृतियां हैं । ऐसा सहायतारहित पराक्रमके धारणकरनेवाले श्रीमहावीरस्वामीने कहा है ॥ ३४२ ॥

आगे उपशम श्रेणीवालेके चारित्रमोहनीयकी शेष २१ प्रकृतियोंके उपशम करनेका विधान बताते हैं,—

खवणं वा उवसमणे णवरि य संजलणपुरिसमज्झम्हि ।
मज्झिमदोद्दो कोहादीया कमसोवसंता हु ॥ ३४३ ॥

क्षपणामिव उपशमने नवरि च संज्वलनपुरुषमध्ये ।
मध्यमद्वौ द्वौ क्रोधादिकौ क्रमश उपशान्तौ हि ॥ ३४३ ॥

अर्थ—उपशमके विधानमें भी क्षपणा विधानकी तरह क्रम जानना । परंतु विशेष बात यह है कि संज्वलनकषाय और पुरुषवेदके मध्यमें बीचके जो अप्रत्याख्यान तथा प्रत्याख्यान कषाय संबंधी दो दो क्रोधादि हैं सो पहले उनको क्रमसे उपशमन करता है, पीछे संज्वलन क्रोधादिका उपशम करता है । भावार्थ—क्षपकश्रेणीकी तरह उपशमश्रेणीमें ९ वें गुणस्थानके २ रे भागमें मध्यम ८ कषायोंका उपशम नहीं होता, किंतु पुरुषवेदके बाद और संज्वलनके पहले होता है । और उसका क्रम ऐसा है कि पुरुषवेदके बाद अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान दोनोंके क्रोधका उपशम, पश्चात् संज्वलनक्रोधका उपशम, इत्यादि । मानादिमें भी ऐसा ही क्रम जानना ॥ ३४३ ॥

मिच्छादिसु पयडिट्ठिदिअणुभागपदेसबंधमिणमत्थ ।
सत्तस्स य सामित्तं णदव्वमिदो जहाजोग्गं ॥ ३४४ ॥

मिथ्यादिषु प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबन्धमिदमत्र ।
सत्त्वस्य च स्वामित्वं नेतव्यमितो यथायोग्यम् ॥ ३४४ ॥

अर्थ—इसके बाद मिथ्यात्वादि आदि मार्गणाओंमें भी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग, प्रदेश, इन चार भेदोंको लिये हुए जो प्रकृतियोंका सत्त्व है वह यथा योग्य समझना ॥ ३४४ ॥

अब गत्यादि मार्गणाओंमें सत्त्वको दिखानेके लिये परिभाषा (नियम) सूत्र कहते हैं:—

तिरिए ण तित्थसत्तं णिरयादिसु तिय चउक्क चउ तिण्णि ।
आऊणि होंति सत्ता सेसं ओघादु जाणेज्जो ॥ ३४५ ॥

तिरश्चि न तीर्थसत्त्वं निरयादिषु त्रीणि चतुष्कं चत्वारि त्रीणि ।
आयूंषि भवन्ति सत्त्वाः शेषमोघात् ज्ञातव्यम् ॥ ३४५ ॥

अर्थ—तिर्यंचगतिमें तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्ता नहीं होती । और नरक, तिर्यंच, मनुष्य तथा देवगतिमें क्रमसे भुज्यमान नरकायु—बध्यमान तिर्यंच और मनुष्यायु इन २ आयुओंकी, भुज्यमान तिर्यंचायु—बध्यमान—नरक—तिर्यग्—मनुष्य—देवायु इन ४ की, भुज्यमान मनुष्यायु—बध्यमान नरक—तिर्यंच—मनुष्य—देव आयु इन चारों आयुकर्मोंकी, भुज्यमान देवायु—बध्यमान तिर्यंच और मनुष्यायु—इन २ आयुकर्मोंकी सत्ता रहने योग्य है । और शेष प्रकृतियोंकी सत्ता गुणस्थानकी तरह समझना ॥ ३४५ ॥

अब उनमें भी नरकादि गतिमें सत्ता दिखाते हैं:—

ओघं वा णेरइये ण सुराऊ तित्थमत्थि तदियोत्ति ।
छट्ठित्ति मणुस्साऊ तिरिए ओघं ण तित्थयरं ॥ ३४६ ॥

ओघ इव नैरयिके न सुरायुः तीर्थमस्ति तृतीय इति ।
षष्ट इति मनुष्यायुः तिरश्चि ओघो न तीर्थकरम् ॥ ३४६ ॥

अर्थ—नरकगतिमें गुणस्थानवत् सत्ता जानना । परंतु देवायुका सत्त्व नहीं है; इसकारण १४७ प्रकृतियां सत्त्व योग्य हैं । और तीसरे नरक तक ही तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व है, तथा मनुष्यायुका सत्त्व छठी नरकपृथिवीतक ही है । तिर्यंचगतिमें भी गुणस्थानवत् जानना । लेकिन तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व नहीं है, इसकारण सत्त्व योग्य १४७ प्रकृतियां हैं ॥ ३४६ ॥

एवं पंचतिरिक्खे पुण्णिदरे णत्थि णिरयदेवाऊ ।
ओघं मणुसतियेसुवि अपुण्णगे पुण अपुण्णेव ॥ ३४७ ॥

एवं पञ्चतिरश्चि पूर्णेतरस्मिन् नास्ति निरयदेवायुः ।
ओघः मनुष्यत्रयेष्वपि अपूर्णके पुनरपूर्णे इव ॥ ३४७ ॥

अर्थ—इसीप्रकार पांच जातिके तिर्यंचोंमें भी सामान्यरीतिसे सत्त्व जानना । परंतु विशेष बात यह है कि लब्ध्यपर्याप्तक तिर्यंचमें नरकायु और देवायु—इन दोका सत्त्व नहीं है । और मनुष्यके तीन भेदोंमें भी गुणस्थानवत् सत्त्व समझना । परंतु लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्यमें लब्ध्यपर्याप्तक तिर्यंचकी तरह नरकायु देवायु तीर्थंकर इन तीन प्रकृतियोंके विना १४५ प्रकृतियां सत्तायोग्य हैं ॥ ३४७ ॥

आगे कौन २ जीव किस २ प्रकृतीकी उद्वेलना करता है? इसका उत्तर आचार्य महाराज देते हैं;—

चदुगदिमिच्छे चउरो इगिविगले छप्पि तिण्णि तेउदुगे ।
सिय अत्थि णत्थि सत्तं सपदे उप्पण्णठाणेवि ॥ ३५१ ॥

चतुर्गतिमिथ्ये चतस्रः एकविकले षडपि तिस्रः तेजोद्विके ।
स्यादस्ति नास्ति सत्त्वं स्वपदे उत्पन्नस्थानेपि ॥ ३५१ ॥

अर्थ—चारों गतिवाले मिथ्यादृष्टि जीवोंके चार प्रकृतियां, एकेंद्री तथा दो इंद्री आदि विकलत्रयमें ६ प्रकृतियां, तेजःकाय-वायुकाय इन दोनोंके तीन प्रकृतियां उद्वेलनके योग्य हैं। तथा अपने स्थानमें और उत्पन्न स्थानमें ये किसी तरह-कथंचित् सत्त्वरूप हैं, और कथंचित्-किसी तरह सत्त्वरूप नहीं भी हैं। अर्थात् जो उद्वेलना न हुई हो तब तो सत्त्व, यदि उद्वेलना हुई हो तो उन प्रकृतियोंकी असत्ता जानना ॥ ३५१ ॥

आगे योगमार्गणामें सत्त्व दिखाते हैं;—

पुण्णेकारसजोगे साहारयमिस्सगेवि सगुणोघं
वेगुव्वियमिस्सेवि य णवरि ण माणुसतिरिक्खाऊ ॥ ३५२ ॥

पूर्णैकादशयोगे साहारकमिश्रकेपि स्वगुणौघः ।
वैगूर्विकमिश्रेपि च नवरि न मानुषतिर्यगायुः ॥ ३५२ ॥

अर्थ—मनोयोगादि ११ पूर्ण योगोंमें और आहारकमिश्र योगमें अपने २ गुणस्थानोंकी तरह सत्त्व प्रकृतियां जानना। इसीप्रकार वैक्रियिक मिश्र योगमें भी गुणस्थानवत् ही सत्त्व जानना। परंतु विशेष बात यह है कि यहांपर मनुष्यायु और तिर्यंचायु इनकी सत्ता नहीं है, इसकारण १४६ सत्त्व प्रकृतियां हैं ॥ ३५२ ॥

अब औदारिकमिश्रयोगमें और कार्मणकाययोगमें सत्त्व कहते हैं;—

ओरालमिस्सजोगे ओघं सुरणिरयआउगं णत्थि ।
तम्मिस्सवामगे ण हि तित्थं कम्मेवि सगुणोघं ॥ ३५३ ॥

औरालमिश्रयोगे ओघः सुरनिरयायुष्कं नास्ति ।
तन्मिश्रवामके न हि तीर्थं कार्मेपि स्वगुणौघः ॥ ३५३ ॥

अर्थ—औदारिकमिश्रयोगमें सामान्य गुणस्थानवत् सत्त्व जानना। परंतु देवायु तथा नरकायु ये दो नहीं हैं, इस कारण १४६ का सत्त्व है। औदारिकमिश्रमिथ्यादृष्टिके तीर्थंकर प्रकृति नहीं, इसलिये पहले गुणस्थानमें १४५ का सत्त्व है। इसीप्रकार कार्मणकाययोगमें भी गुणस्थानवत् १४८ प्रकृतियोंका सत्त्व समझना ॥ ३५३ ॥

आगे वेदमार्गणा आदिकमें सत्त्व कहते हैं;—

वेदादाहारोत्ति य सगुणोघं णवरि संढथीखवगे ।
किण्हदुगसुहतिलेस्सियवामेवि ण तित्थयरसत्तं ॥ ३५४ ॥

वेदादाहार इति च स्वगुणौघः नवरि षण्ढस्त्रीक्षपके ।
कृष्णद्विकशुभत्रिलेश्यिकवामेपि न तीर्थकरसत्त्वम् ॥ ३५४ ॥

अर्थ—वेदमार्गणासे लेकर आहारमार्गणापर्यंत अपने २ गुणस्थानवत् सामान्य सत्त्व जानना। परंतु विशेषता यह है कि नपुंसकवेद और स्त्रीवेद क्षपकश्रेणीवालेके तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्ता नहीं है। इसीप्रकार कृष्णलेश्या तथा नीललेश्या इन दो लेश्यावाले मिथ्यादृष्टिके, और पीतादि तीन शुभलेश्यावाले मिथ्यादृष्टिके भी तीर्थंकर प्रकृतिका सत्त्व नहीं है ॥ ३५४ ॥

अब अभव्यमार्गणामें विशेषता कहते हैं;—

अभवसिद्धे णत्थि हु सत्तं तित्थयरसम्ममिस्साणं ।
आहारचउक्कस्सवि असण्णिजीवे ण तित्थयरं ॥ ३५५ ॥

अभव्यसिद्धे नास्ति हि सत्त्वं तीर्थकरसम्यग्मिश्राणाम् ।
आहारचतुष्कस्यापि असंज्ञिजीवे न तीर्थकरम् ॥ ३५५ ॥

अर्थ—अभव्यमार्गणामें अर्थात् अभव्यजीवके तीर्थंकरप्रकृति, सम्यक्त्वप्रकृति और मिश्रमोहनीय इन तीनका, तथा आहारक चतुष्कका अर्थात् आहारक शरीर १ आहारक आंगोपांग २ आहारक बंधन ३ आहारक संघात ४ इन चारका—इस प्रकार सात प्रकृतियोंका सत्त्व नहीं है। और असंज्ञी जीवके तीर्थंकरप्रकृतिका सत्त्व नहीं है ॥ ३५५ ॥

आगे अनाहार मार्गणामें सत्त्वकी विशेषता कहते हुए आचार्य महाराज सत्त्वाधिकारको पूर्ण करते हैं;—

कम्मेवाणाहारे पयडीणं सत्तमेवमादेसे ।
कहियमिणं बलमाहवचंदच्चियणेमिचंदेण ॥ ३५६ ॥

कार्मणवदनाहारे प्रकृतीनां सत्त्वमेवमादेशे ।
कथितमिदं बलमाधवचन्द्रार्चितनेमिचन्द्रेण ॥ ३५६ ॥

अर्थ—अनाहार मार्गणामें कार्मण काययोगवत् सत्त्वप्रकृतियोंकी रचना जानना। इस प्रकार मार्गणास्थानोंमें यह "प्रकृतियोंका सत्त्व" बलदेव—वासुदेवकर पूजित श्रीनेमिचन्द्र तीर्थंकरदेवने अथवा अपने भाई बलदेव तथा माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवकर पूजित नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने कहा है ॥ ३५६ ॥

अब इस ग्रंथ द्वारा सत्त्वाधिकारको पूर्ण करते हुए अन्तिम मङ्गलाचरण करते हैं;—

सो मे तिहुवणमहियो सिद्धो बुद्धो णिरंजणो णिच्चो ।
दिसदु वरणाणलाहं बुहजणपरिपत्थणं परमसुद्धं ॥ ३५७ ॥

स मे त्रिभुवनमहितः सिद्धो बुद्धो निरञ्जनो नित्यः ।
दिशतु वरज्ञानलाभं बुधजनपरिप्रार्थनं परमशुद्धम् ॥ ३५७ ॥

अर्थ—आचार्य महाराज प्रार्थना करते हैं कि जो तीनलोककर पूजित, सिद्ध, बुद्ध, कर्मरूपी अंजनकर रहित, और नित्य अर्थात् जन्ममरण रहित ऐसे श्रीनेमिचन्द्र तीर्थंकर, मुझको, ज्ञानीजनोंकर प्रार्थना करने योग्य, परमशुद्ध ऐसे उत्कृष्ट ज्ञानका लाभदो । अर्थात् मुझे उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त हो ऐसी आचार्य प्रार्थना करते हैं ॥ ३५७ ॥

इति आचार्य श्रीनेमिचन्द्रविरचित गोम्मटसार दूसरा नाम पंचसंग्रहग्रंथमें कर्मकांडमें बंधोदयसत्त्वके कहनेवाला दूसरा अधिकार पूर्ण हुआ ॥ २ ॥

आगे आचार्य महाराज मङ्गलाचरणपूर्वक प्रकृतियोंके भङ्गसहित सत्त्वस्थानको कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं;—

णमिऊण वड्ढमाणं कणयणिहं देवरायपरिपुज्जं ।
पयडीण सत्तठाणं ओघे भंगे समं वोच्छं ॥ ३५८ ॥

नत्वा वर्द्धमानं कनकनिभं देवराजपरिपूज्यम् ।
प्रकृतीनां सत्त्वस्थानमोघे भङ्गेन समं वक्ष्यामि ॥ ३५८ ॥

अर्थ—मैं ग्रन्थकर्ता सुवर्णके समान वर्णवाले, इन्द्रकर पूजनीक ऐसे श्रीवर्धमान तीर्थंकर देवको नमस्कार करके गुणस्थानोंमें प्रकृतियोंके भङ्गसहित सत्त्वस्थानको कहता हूं ॥ ३५८ ॥ एक जीवके एक कालमें जितनी प्रकृतियोंकी सत्ता पाई जाय उनके समूहका नाम स्थान है । और उस स्थानकी एकसी—समान संख्यारूप प्रकृतियोंमें जो संख्या समानही रहे परन्तु प्रकृतियां बदल जाय तो उसे भङ्ग कहते हैं । जैसे किसी जीवके १४६ की सत्ता और किसीके १४५ प्रकृत्योंकी सत्ता हो तो इस जगह पर स्थान दो हुए । परंतु उस एक स्थानकी संख्यामें जैसे कि १४५ के स्थानमें किसी जीवके तो मनुष्यायु तथा देवायु सहित १४५ की सत्ता है, तथा किसीके तिर्यंचायु और नरकायुकी सत्ता सहित १४५ की सत्ता है । अत एव यहांपर स्थान तो एक ही रहा; क्योंकि संख्या एक है, परंतु प्रकृतियोंके बदलनेसे भङ्ग दो हुए । इसीप्रकार सब जगह स्थान और भङ्ग समझलेना ॥

आगे गुणस्थानोंमें स्थान और भङ्गके कहनेका विधान दिखाते हैं;—

आउगबंधाबंधणभेदमकाऊण वण्णणं पढमं ।
भेदेण य भंगसमं परूवणं होदि विदियम्हि ॥ ३५९ ॥

आयुर्बन्धाबन्धनभेदमकृत्वा वर्णनं प्रथमम् ।
भेदेन च भङ्गसमं प्ररूपणं भवति द्वितीयस्मिन् ॥ ३५९ ॥

द्विगुणनव चत्वारि अष्ट मिथ्यत्रये अयतचतुर्षु चत्वारिंशत् ।
त्रीणि उपशामके शान्ते चतुर्विंशतिः भवन्ति प्रत्येकम् ॥ ३६२ ॥

चतुःषट्कृतिः चतुरष्ट चतुःषट्कं च भवन्ति सत्त्वस्थानानि ।
आयुष्कबन्धावन्धे अयोग्यन्ते ततो भङ्गाः ॥ ३६३ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि तीन गुणस्थानपर्यंत क्रमसे दोगुणित नौ अर्थात् १८, ४ और ८ सत्त्वस्थान हैं । तथा असंयतादि चार गुणस्थानोंमें चालीस चालीस स्थान हैं । अपूर्वकरणादि तीन उपशमश्रेणीवाले गुणस्थानोंमें तथा उपशांतकषाय गुणस्थानमें प्रत्येक (हरएक) के चौवीस २ स्थान हैं । और क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा अपूर्वकरणआदि अयोगीपर्यंत क्रमसे ४, छहका वर्ग अर्थात् ३६, ४, ८, ४, ६ सत्त्वस्थान हैं । इसप्रकार आयुके बंध वा अबंधकी अपेक्षासे अयोगीपर्यंत गुणस्थानोंमें सत्त्वस्थान हैं ॥ इसके आगे जो स्थानोंके भङ्ग (भेद) हैं सो आगेकी गाथामें कहते हैं ॥ ३६२ ॥ ३६३ ॥

पण्णास वार छक्कदि वीससयं अट्ठदाल दुसु दालं ।
अडवीसा वासट्ठी अडचउवीसा य अट्ठ चउ अट्ठ ॥ ३६४ ॥

पञ्चाशत् द्वादश षट्कृतिः विंशशतं अष्टचत्वारिंशत् द्वयोः चत्वारिंशत् ।
अष्टाविंशतिः द्वाषष्टिः अष्टचतुर्विंशतिः च अष्ट चत्वारि अष्ट ॥ ३६४ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टिआदि सात गुणस्थानोंमें तथा उपशमादि दोनों मिली हुई श्रेणियोंमें तथा उपशांतकषायादि गुणस्थानोंमें अठारहआदि स्थानोंके क्रमसे ५०, १२, ३६, १२०, ४८, ४०, ४०, २८, ६२, २८, २४, ८, ४, ८, भंग जानना ॥ ३६४ ॥

आगे मिथ्यादृष्टि गुणस्थानके १८ स्थानोंमें प्रकृतियोंकी संख्याको आयुके बंध वा अबंधकी अपेक्षासे कहते हैं;—

दुतिछस्सत्तट्ठणवेक्करसं सत्तरसमूणवीसमिगिवीसं ।
हीणा सव्वे सत्ता मिच्छे बद्धाउगिदरमेगूणं ॥ ३६५ ॥

द्वित्रिषट्सप्ताष्टनवैकादश सप्तदशोनविंशमेकविंशन् ।
हीना सर्वा सत्ता मिथ्ये बद्धायुष्कानितरदेकोनम् ॥ ३६५ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि बद्धायुवालेके सब सत्त्वप्रकृतियोंमेंसे २, ३, ६, ७, ८, ९, ११ १७, १९, २१, प्रकृतियां कमकरनेसे १० स्थान हुए । तथा अबद्धायुवालेके आठ स्थानतक इनमेंसे एक एक कमती करना, और दो स्थान पहलेकी ही तरह समझना । इसप्रकार १० स्थान हुए । सब मिलकर २० स्थान होते हैं । उनमेंसे नवमां दशवां स्थान दोनोंका समान होनेसे २० मेंसे दो कम किये । इसतरह बाकी बचे १८ स्थान ही मिथ्यादृष्टि गुणस्थानके कहे गये हैं ॥ ३६५ ॥

वैगूर्वाष्टरहिते पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जातिपूपपन्ने ।
सुरषड्बन्धे तृतीयो नरेषु तद्बन्धने तुरीयः ॥ ३६९ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—बद्धायुके सातवें स्थानकेबाद अबद्धायुका १३६ प्रकृतिरूप सातवां स्थान है। वहां जिसके देवगतिआदि दो प्रकृतियोंकी उद्वेलना हुई है उसके चार भंग हैं । वे इस-तरहसे हैं—अपने स्थानमें अर्थात् एकेन्द्री वा विकलत्रय जीवके अपनी ही पर्यायमें १३६ प्रकृतिरूपस्थान होना पहलाभंग है । तथा वही जीव मरणकरके मनुष्य उत्पन्न हुआ उस जगह दूसरा भंग है। जिसके वैक्रियिक शरीरादि आठकी उद्वेलना (अभाव) हुई ऐसा वही एकेन्द्री वा विकलत्रय जीव मरणकरके तिर्यंच पंचेन्द्री जातिमें उत्पन्न हुआ, और वहां देवगतिआदि छह प्रकृतियोंका बंध करनेपरभी आहारक चतुष्क आदि बारहके विना १३६ प्रकृतिरूप तीसरा भंग हुआ। वही जीव मरणकरके मनुष्य उत्पन्न हुआ। यहांपर देवगति-आदि छह प्रकृतियोंका बंध करता है किंतु १२ के विना १३६ का ही बंध करता है. अतः उस जगह चौथा भंग हुआ । इसप्रकार चार भंग जानना ॥ ३६८ ॥ ३६९ ॥ यहांपर प्रकृतियोंके बदलनेसे भंग तो जुदे २ हुए, परंतु संख्या एक होनेसे स्थान एक एक ही हुआ ॥

अब आठवें अबद्धायुस्थानके दो भंग कहते हैं;—

णारकछक्कुव्वेल्ले आउगबंधुज्झिदे दुभंगा हु ।
इगिविगलेसिगिभंगो तम्मि णरे विदियमुप्पण्णे ॥ ३७० ॥

नारकषट्कोद्वेल्ये आयुर्बन्धोज्झिते द्विभङ्गौ हि ।
एकविकलेष्वेकभङ्गः तस्मिन्नरे द्वितीयमुत्पन्ने ॥ ३७० ॥

अर्थ—आठवें अबद्धायुस्थानमें आयुबंधके बदलनेसे दो भंग होते हैं । उनमेंसे नरक-गतिआदि ६ प्रकृतियोंकी उद्वेलना करनेवाले एकेन्द्री वा विकलेन्द्री जीवके अपनी ही पर्यायमें १३० प्रकृतिरूपस्थान होना पहला भंग है। तथा वही जीव मरणकर मनुष्य उत्पन्न हुआ वहां आयुके बदलनेसे १३० रूपस्थान होना दूसरा भंग है ॥ ३७० ॥

आगे अठारह स्थानोंके पुनरुक्त और समभंगके विना जो ५० भंग कहे हैं उनमेंसे किस किस स्थानमें कितने २ भंग होते हैं उनकी संख्या कहते हैं;—

विदिये तुरिये पणगे छट्ठे पंचेव सेसगे एक्कं ।
विगचउपणछस्सत्तयठाणे चत्तारि अट्ठगे दोण्णि ॥ ३७१ ॥

द्वितीये चतुर्थे पञ्चमे षष्ठे पञ्चैव शेषके एकः ।
द्विकचतुःपञ्चषट्सप्तकस्थाने चत्वारः अष्टमे द्वौ ॥ ३७१ ॥

अर्थ—बद्धायुके दूसरे, चौथे, पांचवें, छठे, स्थानमें ५ पांच ही भंग होते हैं । और शेष पहले, तीसरे, सातवें, आठवें, नववें, दशवें स्थानमें एक एक ही भंग है। तथा

अवद्धायुके दूसरे, चौथे, पांचवें, छठे, सातवें स्थानमें चार २ भंग, और आठवें स्थानमें २ भंग हैं । और शेष बचे पहले, तीसरे स्थानमें एक एक भंग है । इसप्रकार मिथ्यादृष्टिके अठारह सत्त्व स्थानोंके ५० भंग जानना ॥ ३७१ ॥

अब सासादनगुणस्थान तथा मिश्रगुणस्थानमें स्थान और भंगोंकी संख्या चार गाथाओंसे कहते हैं;—

सत्ततिगं आसाणे मिस्से तिगसत्तसत्तएयारा ।
परिहीण सव्वसत्तं बद्धस्सियरस्स एगूणं ॥ ३७२ ॥

सप्तत्रिकमासाने मिश्रे त्रिकसप्तसप्तैकादश ।
परिहीनं सर्वसत्त्वं बद्धस्येतरस्यैकोनम् ॥ ३७२ ॥

अर्थ—सासादन गुणस्थानमें सब प्रकृतियोंके सत्त्वमेंसे सात कम अथवा तीन कम ऐसे दो सत्त्वस्थान हैं । और मिश्रगुणस्थानमें सब सत्त्वप्रकृतियोंमेंसे तीन कम, सात कम, सात कम, ग्यारह कम ऐसे चार स्थान बद्धायुकी अपेक्षा जानना । और अबद्धायुकी अपेक्षा इनमेंसेभी एक एक बध्यमानआयु कम स्थान जानने । इसप्रकार ४ सासादनके और ८ मिश्रके स्थान हुए ॥ ३७२ ॥

आगे सासादनकी हीन प्रकृतियोंको कहते हैं;—

तित्थाहारचउक्कं अण्णदराउगदुगं च सत्तेदे ।
हारचउक्कं वज्जिय तिण्णि य केइं समुद्दिट्ठं ॥ ३७३ ॥

तीर्थाहारचतुष्कमन्यतरायुष्कद्विकं च सप्तैताः ।
आहारचतुष्कं वर्जयित्वा तिस्रश्च केश्चित् समुद्दिष्टम् ॥ ३७३ ॥

अर्थ—तीर्थंकर प्रकृति, आहारक शरीरकी चौकड़ी, भुज्यमान–बध्यमान आयुके सिवाय कोईसी दो आयु, ये सात प्रकृतियां हीन कहीं हैं । तथा इनमेंसे आहारक शरीरादि चार प्रकृतियोंको छोड़कर तीनही प्रकृतियां कम हैं ऐसा कोई आचार्य कहते हैं । इसलिये १४१ तथा १४५ प्रकृतिरूप दो स्थान हुए ॥ ३७३ ॥

अब मिश्रगुणस्थानकी हीनप्रकृतियोंको कहते हैं;—

तित्थण्णदराउदुगं तिण्णिवि अणसहिय तह य सत्तं च ।
हारचउक्कसहिया ते चेव य होंति एयारा ॥ ३७४ ॥

तीर्थान्यतरायुर्द्विकं तिस्र अपि अनसहिताः तथा च सप्त च ।
आहारचतुष्केण सहितास्ताः चैव च भवन्ति एकादश ॥ ३७४ ॥

अर्थ—तीर्थंकर प्रकृति, भुज्यमान और बध्यमान आयुको छोड़कर कोईसी दो आयु, इस प्रकार तीन प्रकृतियां; तथा ये तीनों और अनंतानुबंधी चार प्रकृतियां इसप्रकार सात,

अथवा वे तीनों तथा आहारकादि चार–इसप्रकार सात, और ये सब मिलकर हुई ११ प्रकृतियां–इसतरहसे मिश्रगुणस्थानके चार स्थान हुए ॥ ३७४ ॥

आगे सासादन और मिश्रके स्थानोंके भंग गिनाते हैं;—

साणे पण इगि भंगा बद्धस्सियरस्स चारि दो चेव ।
मिस्से पणपण भंगा बद्धस्सियरस्स चउ चऊ णेया ॥ ३७५ ॥

सासने पञ्च एको भङ्गा बद्धस्येतरस्य चत्वारो द्वौ चैव ।
मिश्रे पञ्चपञ्च भङ्गा बद्धस्येतरस्य चत्वारश्चत्वारो ज्ञेयाः ॥ ३७५ ॥

अर्थ—सासादन गुणस्थानमें बद्धायुस्थानोंके पांच और एक, तथा अवद्धायुस्थानोंके ४ और २ भंग हैं। इसतरह चारस्थानोंके १२ भंग जानना । मिश्रगुणस्थानमें बद्धायुस्थानके पांच पांच भंग और अवद्धायु स्थानके चार चार भंग हैं । इसप्रकार आठस्थानोंके ३६ भंग हुए ॥ ३७५ ॥

आगे असंयत गुणस्थानमें ४० स्थानोंकी सिद्धि और उनस्थानोंके १२० भंग छह गाथाओंसे कहते हैं;—

दुग छक्क सत्त अट्ठं णवरहियं तह य चउपडिं किच्चा ।
णभसिगि चउ पण हीणं बद्धस्सियरस्स एगूणं ॥ ३७६ ॥

द्विकं षट्कं सप्त अष्ट नवरहितं तथा च चतुःपङ्क्तीः कृत्वा ।
नभएकं चतुष्कं पञ्च हीनं बद्धस्येतरस्यैकोनम् ॥ ३७६ ॥

अर्थ—दो, छह, सात, आठ, नौ प्रकृतियोंकर रहित स्थान बराबर लिखना, और इनकी नीचे नीचे चार पङ्क्ती करनी । उन चार पंक्तियोंमें (लाइनोंमें) क्रमसे शून्य, १, ४, और ५ हरएक कोठेमेंसे घटाना । इसप्रकार बद्धायुके २० सत्तास्थान हुए । और इन्हीं वीसस्थानोंमें एक एक स्थानकी प्रकृतियोंमें एक एक औरभी कम करनेसे अबद्धायुके स्थानभी २० हुए । इसप्रकार असंयत गुणस्थानमें ४० सत्त्व स्थान हुए ॥ ३७६ ॥

आगे चारों पंक्तियोंमें तीर्थंकरप्रकृति और आहारकशरीरप्रकृतिकी अपेक्षाही विशेषता है ऐसा कहते हैं;—

तित्थाहारे सहियं तित्थूणं अह य हारचउहीणं ।
तित्थाहारचउक्केणूणं इति चउपडिट्ठाणं ॥ ३७७ ॥

तीर्थाहारेण सहितं तीर्थोनमथ चाहारचतुर्हीनम् ।
तीर्थाहारचतुष्केनोनमिति चतुःपङ्क्तिस्थानम् ॥ ३७७ ॥

अर्थ—बद्धायु और अबद्धायुकी पहली दो पङ्क्तियोंके पांच पांच स्थान तीर्थंकर और आहारक शरीरचतुष्क सहित हैं, इसलिये शून्य कम किया । अर्थात् वहां जितनी प्रकृति-

अर्थ—पहलीपंक्तिके दशस्थानोंके भंगोंके समान तीसरी पंक्तिके दशस्थानोंके भंग होते हैं । तथा दूसरी पंक्तिके दशस्थानोंके भंगोंके समान चौथी पंक्तिके दशस्थानोंके भंग समझना । इसप्रकार सब मिलकर असंयत गुणस्थानमें ४० सत्त्वस्थानोंके १२० भंग हुए ॥ ३८१ ॥

अब देशसंयतादि तीन गुणस्थानोंमें स्थान और भंग कहते हैं;—

देसतियेसुवि एवं भंगा एक्केक्क देसगस्स पुणो ।
पडिरासि विदियतुरियस्सादीविदियम्मि दो भंगा ॥ ३८२ ॥

देशत्रयेष्वपि एवं भङ्गा एकैकं देशकस्य पुनः ।
प्रतिराशि द्वितीयचतुर्थस्यादिद्वितीयस्मिन् द्वौ भङ्गौ ॥ ३८२ ॥

अर्थ—इसीतरह–असंयतगुणस्थानके समान देशविरतादि तीन गुणस्थानोंमें भी चालीस २ सत्त्वस्थान जानने, और सब स्थानोंमें एक एक भंग है । परंतु देशसंयत गुणस्थानमें दूसरी दो पंक्ति तथा चौथी दो (बद्धायु–अबद्धायुरूप) पंक्तियोंके पहले और दूसरे स्थानमें दो दो भंग जानना ॥ ३८२ ॥

आगे उपशमश्रेणीके चार गुणस्थानोंमें स्थान और भंग कहनेकी इच्छासे आचार्य पहले अपूर्वकरणमें स्थान और भङ्गोंको कहते हैं;—

दुगछक्कतिण्णिवग्गेणूणापुव्वस्स चउपडिं किच्चा ।
णभमिगिचउपणहीणं बद्धस्सियरस्स एगूणं ॥ ३८३ ॥

द्विकषट्त्रिवर्गेनोनानि अपूर्वस्य चतुःप्रतिं कृत्वा ।
नभेकचतुःपञ्चहीनं बद्धस्येतरस्यैकोनम् ॥ ३८३ ॥

अर्थ—उपशमश्रेणीके अपूर्व करण गुणस्थानमें दो, छह, तीनकावर्ग अर्थात् नौ प्रकृति कम जो तीन स्थान हैं उनकी चार पंक्तियां करके पंक्तिके क्रमसे शून्य, एक, ४, पांच कम करै तो बद्धायुके स्थान होते हैं । और इतर अर्थात् अबद्धायुके स्थान उनमेंसे भी एक एक प्रकृति कम करनेपर होते हैं । इसतरह २४ स्थान हुए ॥ ३८३ ॥

अब कम कीहुई प्रकृतियोंके नाम और भंग कहते हैं;—

णिरयतिरियाउ दोण्णिवि पढमकसायाणि दंसणतियाणि ।
हीणा एदे णेया भंगे एक्केक्कगा होंति ॥ ३८४ ॥

निरयतिर्यगायुषी द्वे अपि प्रथमकषाया दर्शनत्रीणि ।
हीनानि एतानि ज्ञेयानि भङ्गा एकैकका भवन्ति ॥ ३८४ ॥

अर्थ—नरकायु और तिर्यंचायुये दो, ये दोनों और पहली (अनंतानुबंधी) चार कषाय इसतरह ६, तथा ६ ये और तीन दर्शन मोहनीय ऐसे सब ९, इसप्रकार इन प्रकृतियोंसे हीन तीन स्थान जानने । और इनके भंग एक एक ही होते हैं ॥ ३८४ ॥

आगे बाकीबचे दो उपशमक और एक उपशांत कषाय ऐसे तीन गुणस्थानोंमें और क्षपकश्रेणीके अपूर्वकरण गुणस्थानमें स्थान तथा भंग कहते हैं;—

एवं तिसु उवसमगे खवगापुव्वम्मि दसहिं परिहीणं ।
सव्वं चउपडि किच्चा णभमेकं चारि पण हीणं ॥ ३८५ ॥

एवं त्रिषु उपशमकेषु क्षपकापूर्वे दशभिः परिहीनम् ।
सर्वं चतुःप्रतिकं कृत्वा नभमेकं चत्वारि पञ्च हीनम् ॥ ३८५ ॥

अर्थ—इस उपशमक अपूर्वकरणकी तरह उपशमक अनिवृत्तिकरणादि तीन गुणस्थानोंमें सत्त्वस्थान और भंग चौवीस चौवीस जानना । तथा क्षपक अपूर्व करणमें १० प्रकृतियों रहित एक स्थानकी चारपंक्तियां करके क्रमसे पहलेकी तरह शून्य, १, ४, ५, प्रकृतियां कम करना चाहिये । इसतरह चार स्थान और चार ही भंग होते है ॥३८५॥

अब क्षपक अनिवृत्तिकरणमें स्थान और भंग कहते हैं;—

एदे सत्तट्ठाणा अणियट्टिस्सवि पुणोवि खविदेवि ।
सोलस अट्ठेक्केक्कं छक्केक्कं एक्कमेक्क तहा ॥ ३८६ ॥

एतानि सत्त्वस्थानानि अनिवृत्तेरपि पुनरपि क्षपितेपि ।
षोडशाष्टैकैकं षट्कैकमेकमेकं तथा ॥ ३८६ ॥

अर्थ—ये जो क्षपक अपूर्वकरणमें चार स्थान कहे हैं वे क्षपक अनिवृत्तिकरणमें भी जानना । और इसीप्रकार १६, ८, १, १, ६, १, १, १, प्रकृति कम करनेसे आठ स्थान अन्य भी होते हैं । इनकीभी चार पंक्तियां करके पूर्ववत् क्रमसे शून्यादि घटानेपर ३२ भेद होजाते हैं । इसप्रकार ४+३२ मिलकर अनिवृत्तिकरण क्षपकके स्थान ३६ हुए, ऐसा जानना ॥ ३८६ ॥

अब इन स्थानोंके भंग दोगाथाओंसे कहते हैं;—

भंगा एक्केक्का पुण णउंसयक्खविदचउसु ठाणेसु ।
बिदियतुरियेसु दो दो भंगा तित्थयरहीणेसु ॥ ३८७ ॥

भंगाः एकैकाः पुनः नपुंसकक्षपितचतुर्षु स्थानेषु ।
द्वितीयतुरीययोः द्वौ द्वौ भङ्गौ तीर्थकरहीनयोः ॥ ३८७ ॥

अर्थ—इन ३६ स्थानोंमें एक एक भंग है, परंतु जहांपर नपुंसक वेदका क्षय है ऐसे चारों स्थानोंमें तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्ता रहित दूसरी और चौथी पंक्तिके दो स्थानोंमें दो दो भंग हैं ॥ ३८७ ॥

यही कहते हैं;—

थीपुरिसोदयचडिदे पुव्वं संढं खवेदि थी अत्थि ।
संढस्सुदये पुव्वं थीखविदं संढमत्थित्ति ॥ ३८८ ॥

स्त्रीपुरुषोदयचटिते पूर्वं षण्ढं क्षपयति स्त्री अस्ति।
षण्ढस्योदये पूर्वं स्त्रीक्षपितं षण्ढमस्तीति ॥ ३८८ ॥

अर्थ—जो जीव स्त्रीभाववेद अथवा पुरुषवेदके उदयसहित क्षपक श्रेणी चढते हैं वे पहले नपुंसकभाववेदका क्षय करते हैं, स्त्रीवेदकी तो सत्ता वहां पर मौजूद रहती है। और नपुंसकवेदके उदयसहित जो क्षपकश्रेणी चढते हैं वे पहले स्त्रीवेदका क्षय करते हैं, उनके पूर्व कहे दो स्थानोंमें नपुंसक वेदकी सत्ता रहती है। इसप्रकार दो स्थानोंके दो दो भंग हैं ऐसा होनेपर ३६ स्थानोंके ३८ भंग हुए॥ ३८८॥

आगे क्षपक सूक्ष्मसांपराय और क्षीणकषाय गुणस्थानमें स्थान तथा भंगोंको कहते हैं:—

अणियट्टिचरिमठाणा चत्तारिवि एक्कहीण सुहुमस्स।
ते इगिदोण्णिविहीणं खीणस्सवि होंति ठाणाणि ॥ ३८९ ॥

अनिवृत्तिचरमस्थानानि चत्वार्यपि एकहीनं सूक्ष्मस्य।
तानि एकद्विविहीनं क्षीणस्यापि भवन्ति स्थानानि ॥ ३८९ ॥

अर्थ—अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके अंतके जो चार स्थान कहे हैं उनमेंसे हरएकमें संज्वलन माया कषाय कमकरनेपर सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानके चार स्थान होते हैं। और सूक्ष्मसांपरायके इन चारों स्थानोंमेंसे प्रत्येकमें एक संज्वलन लोभ प्रकृति घटानेपर क्षीणकषाय गुणस्थानके उपान्त्य समयमें चार स्थान होते हैं। तथा इन्हीं चारों स्थानोंमें निद्रा-प्रचला, ये दो प्रकृतियां कमकरनेसे इसी गुणस्थानके अंतके समयमें चारस्थान होते हैं। इस प्रकार आठ स्थान क्षीणकषायके जानना॥ ३८९॥

आगे सयोगी और अयोगी गुणस्थानमें स्थानादि कहते हैं;—

ते चोद्दसपरिहीणा जोगिस्स अजोगिचरिमगेवि पुणो।
बावत्तरिमडसट्टिं दुसु दुसु हीणेसु दुगदुगा भंगा ॥ ३९० ॥

तानि चतुर्दशपरिहीनानि योगिन अयोगिचरमकेपि पुनः।
द्वासप्ततिरष्टषष्टिः द्वयोर्द्वयोः हीनयोः द्विकद्विकौ भङ्गाः ॥ ३९० ॥

अर्थ—क्षीणकषायके अंतके चारस्थानोंमें चौदह प्रकृतियां कम करनेसे ८५ आदिकके चारस्थान सयोग केवलीके होते हैं। और अयोग केवलीके अंतके दो समय शेष रहें तबतक वे चारस्थान हैं। सयोग केवलीके चारस्थानोंमेंसे पहले और दूसरे स्थानमें बहत्तर प्रकृतियां कमकरने तथा तीसरे चौथे स्थानमें अडसठि घटानेपर चार स्थान होते हैं। यहांपर पुनरुक्तपना होनेसे दो स्थानही समझना। और अंतके दो समयोंमें दो दो स्थान हैं वहांपर दो दो भंग हैं। इसप्रकार ६ स्थान और उनके ८ भंग अयोगकेवलीके अंत-समयतक जानना॥ ३९०॥

आगे "दुगछक्कतिण्णिवग्गे" इत्यादि गाथाकेद्वारा पहले अनंतानुबंधी सहित आठ स्थान उपशम श्रेणीवालोंके कहे थे। वे अपनी (श्रीकनकनंदि आचार्यकी) पक्षमें नहीं हैं। इत्यादि विशेषको और उनकी भंग संख्याको चार गाथाओंसे कहते हैं;—

णत्थि अणं उवसमगे खवगापुव्वं खवित्तु अट्ठा य ।
पच्छा सोलादीणं खवणं इदि केइं णिद्दिट्ठं ॥ ३९१ ॥

नास्ति अनमुपशमके क्षपकापूर्वं क्षपयित्वा अष्टौ च ।
पश्चात् शोडशादीनां क्षपणमिति कैर्निर्दिष्टम् ॥ ३९१ ॥

अर्थ—श्रीकनकनंदी आचार्यकी संप्रदाय (पक्ष) में ऐसा कहा है कि उपशमश्रेणीवाले चार गुणस्थानोंमें अनंतानुबंधी चारका सत्त्व नहीं है। इसकारण २४ स्थानोंमेंसे बद्धायु और अबद्धायु दोनोंके आठस्थान कम करनेपर १६ स्थानही हैं। और क्षपक अपूर्वकरण-वाले पहले मध्यकी आठ कषायोंका क्षयकरके पीछे १६ आदिक प्रकृतियोंका क्षय करते हैं॥ ३९१ ॥

अणियट्टिगुणट्ठाणे मायारहिदं च ठाणमिच्छंति ।
ठाणा भंगपमाणा केइं एवं परूवेंति ॥ ३९२ ॥

अनिवृत्तिगुणस्थाने मायारहितं च स्थानमिच्छन्ति ।
स्थानानि भङ्गप्रमाणानि केचिदेवं प्ररूपयन्ति ॥ ३९२ ॥

अर्थ—कोई आचार्य, अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें माया कषाय रहित चार स्थान हैं, ऐसा मानते हैं। तथा कोई स्थानोंको भंगके प्रमाण अर्थात् दोनोंकी एकसी संख्या कहते हैं॥ ३९२ ॥

ऐसा होनेपर स्थान और भंगोंकी संख्या कहते हैं;—

अट्ठारह चउ अट्ठं मिच्छतिये उवरि चाल चउठाणे ।
तिसु उवसमगे संते सोलस सोलस हवे ठाणा ॥ ३९३ ॥

अष्टादश चत्वारि अष्ट मिथ्यत्रये उपरि चत्वारिंशत् चतुःस्थाने ।
त्रिषु उपशमके शान्ते षोडश षोडश भवंति स्थानानि ॥ ३९३ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि तीन गुणस्थानोंमें पूर्वोक्त प्रकार १८, ४, ८, स्थान हैं। ऊपरके असंयतादि चार गुणस्थानोंमें चालीस चालीस स्थान हैं। तथा उपशमश्रेणीवाले तीन गुणस्थान तथा उपशांतमोह—इन चारमें सोलह सोलह स्थान हैं॥ ३९३ ॥

अब इनस्थानोंके भंगोंकी संख्या कहते हैं,—

पण्णेकारं छक्कदि वीससयं अट्ठदाल दुसु तालं ।
वीसडतिण्णं वीसं सोलट्ठ य चारि अट्ठेव ॥ ३९४ ॥

पञ्चाशदेकादश षट्कृतिः विंशशतमष्टचत्वारिंशत् द्वयोश्चत्वारिंशत् ।
विंशाष्टत्रिंशत् विंशं षोडशाष्ट च चत्वार अष्टैव ॥ ३९४ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि स्थानोंके क्रमसे पूर्वोक्त प्रकार ५०, ११, ३६, १२०, ४८, ४०, ४०, दोनों श्रेणियोंके मिलकर २०, २८, २०, १६, ८, ४, ८ भंग जानने । यहांपर गुरुओंके संप्रदाय भेदसे अनेकप्रकारका कथन किया है, वह सभी श्रद्धान करने योग्य है । क्योंकि इनकी अपेक्षाओंका प्रत्यक्षकेवली श्रुतकेवली विना निश्चय नहीं होसक्ता ॥ ३९४ ॥

अब सत्त्वस्थानाधिकारको पूर्ण करनेके इच्छुक आचार्य इसके पढ़नेका फल दिखाते हैं:—

एवं सत्तट्ठाणं सवित्थरं वण्णियं मए सम्मं ।
जो पढइ सुणइ भावइ सो पावइ णिव्वुदिं सोक्खं ॥ ३९५ ॥

एवं सत्त्वस्थानं सविस्तरं वर्णितं मया सम्यक् ।
यः पठति शृणोति भावयति स प्राप्नोति निर्वृतिं सौख्यम् ॥ ३९५ ॥

अर्थ—इसप्रकार सत्त्वस्थानका विस्तारसे अच्छीतरह मैंने वर्णन किया है । जो इस कर्मोंके सत्त्वस्थानको पढैगा, सुनैगा और चिंतवन करैगा वह मोक्ष सुखको अवश्य प्राप्त होगा ॥ ३९५ ॥

वरइंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंतं ।
सिरिकणयणंदिगुरुणा सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं ॥ ३९६ ॥

वरेन्द्रनन्दिगुरोः पार्श्वे श्रुत्वा सकलसिद्धान्तम् ।
श्रीकनकनन्दिगुरुणा सत्त्वस्थानं समुद्दिष्टम् ॥ ३९६ ॥

अर्थ—आचार्योंमें श्रेष्ठ ऐसे श्रीइन्द्रनंदि गुरुके पास सकल सिद्धान्तको सुनकर श्री कनकनंदि सिद्धान्तचक्रवर्ती गुरुने इस सत्त्वस्थानको सम्यक्रीतिसे कहा है ॥ ३९६ ॥

अब आचार्य महाराज अपनेको चक्रवर्तीकी समानता दिखाते हुए इस सत्त्वस्थानकथ-नके अधिकारको समाप्त करते हैं:—

जह चक्केण य चक्की छक्खंडं साहियं अविग्घेण ।
तह मइचक्केण मया छक्खंडं साहियं सम्मं ॥ ३९७ ॥

यथा चक्रेण च चक्रिणा षट्खण्डं साधितमविघ्नेन ।
तथा मतिचक्रेण मया षट्खण्डं साधितं सम्यक् ॥ ३९७ ॥

अर्थ—जैसे चक्रवर्तीने चक्ररत्नसे छह खंडोंको [illegible] निर्विघ्न [illegible] अर्थात् अपने वशमें किये हैं, उसी प्रकार मैंने भी बुद्धिरूप चक्रसे जीवस्थान १, क्षुद्रबंध २, बंधस्वामी ३, वेदनाखंड ४, वर्गणा खं० ५, और महाबंध ६, ये छह खंड [illegible] सिद्धान्त [illegible] सम्यक्रीतिसे [illegible] किये हैं ॥ ३९७ ॥

इति गोम्मटसार ग्रंथके कर्मकाण्डकी [illegible] भाषाटीकामें [illegible]
सत्त्वस्थानभंग प्ररूपणा [illegible] अधिकार समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

अब त्रिचूलिका अधिकार कहनेकी प्रतिज्ञा करते हुए नमस्कारात्मक मंगल करते हैं;—

असहायजिणवरिंदे असहायपरक्कमे महावीरे ।
पणमिय सिरसा वोच्छं तिचूलियं सुणह एयमणा ॥ ३९८ ॥

असहायजिनवरेन्द्रानसहायपराक्रमान् महावीरान् ।
प्रणम्य शिरसा वक्ष्यामि त्रिचूलिकं शृणुतैकमनसः ॥ ३९८ ॥

अर्थ—इन्द्रियादिकोंकी सहायता रहित है ज्ञानादि शक्तिरूप पराक्रम जिनका ऐसे श्रीमहावीरगुरु और शेष वृषभादितीर्थंकर जिनेन्द्रदेवोंको मस्तक नवाके (नमस्कार करके) मैं नेमिचन्द्राचार्य त्रिचूलिका नाम अधिकारको कहूंगा । सो हे भव्यजीवो ! तुम एकाग्रचित्त होकर सुनो ॥ ३९८ ॥ जो कहे हुए अथवा न कहे हुए वा विशेषतासे न कहेहुए अर्थका चिंतवन करना उसे चूलिका कहते हैं । यहांपर नव प्रश्न १ पंचभागहार २ और दशकरण ३ इन तीन विषयोंका चिंतवन किया जायगा; इसीलिये इस अधिकारक नाम त्रिचूलिका है ।

अब उन तीन चूलिकाओंमेंसे पहले नवप्रश्न चूलिकाको कहते हैं;—

किं बंधो उदयादो पुव्वं पच्छा समं विणस्सदि सो ।
सपरोभयोदयो वा णिरंतरो सांतरो उभयो ॥ ३९९ ॥

को बन्ध उदयात्पूर्वं पश्चात् समं विनश्यति सः ।
स्वपरोभयोदयो वा निरन्तरः सान्तर उभयः ॥ ३९९ ॥

अर्थ—१ पहले जो प्रकृतियां कहीं हैं उनमें उदय व्युच्छित्तिके पहले बंधकी व्युच्छित्ति किन २ प्रकृतियोंकी होती है ? २ उदयव्युच्छित्तिके पीछे बंधकी व्युच्छित्ति किन २ प्रकृतियोंकी होती है ? और ३ उदयव्युच्छित्तिके साथ २ बंधव्युच्छित्ति कौन २ प्रकृतिकी होती है ? तथा ४ जिनका अपना उदय होनेपर बंध हो ऐसीं प्रकृतियां कौन २ हैं ? ५ जिनका अन्य प्रकृतिके उदय होनेपर बंध हो ऐसीं प्रकृति कौन २ हैं ? और ६ जिनका दोनोंके—अपने व अन्यप्रकृतियोंके उदय होनेपर बंध हो ऐसीं प्रकृतियां कौन २ हैं ? । इसीतरह ७ जिनका निरंतर बंध हो ऐसीं प्रकृतियां कौन २ हैं ? ८ जिनका सांतर बंध अर्थात् कमी हो कमी न हो ऐसीं प्रकृतियां कौन २ हैं ? तथा ९ जिनका निरंतर व सांतर दोनों प्रकारका बंध हो वे प्रकृतियां कौनसी २ हैं ? इसप्रकार ये नौ प्रश्न हैं जिनका कि इस अधिकारमें विचार किया जायगा ॥ ३९९ ॥

आगे इन नौ प्रश्नोंमेंसे पहले तीन प्रश्नोंका उत्तर देनेके लिये प्रकृतियोंको गिनाते हैं;—

देवचउक्काहारदुगज्जसदेवाउगाण सो पच्छा ।
मिच्छत्तादावाणं णराणुथावरचउक्काणं ॥ ४०० ॥
पण्णरकसायभयदुगहस्सदुचउजाइपुरिसवेदाणं ।
सममेक्कत्तीसाणं सेसिगिसीदाण पुव्वं तु ॥ ४०१ ॥ जुम्मं ।

देवचतुष्काहारद्विकायशोदेवायुष्कानां स पश्चात् ।
मिथ्यात्वातापानां नरानुस्थावरचतुष्कानाम् ॥ ४०० ॥
पञ्चदशकषायभयद्विकहास्यद्विचतुर्जातिपुरुषवेदानाम् ।
सममेकत्रिंशतां शेषैकाशीतेः पूर्वं तु ॥ ४०१ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—देवगति आदिकी चौकड़ी, आहारक शरीर युगल, अयशस्कीर्ति और देवायु इन ८ प्रकृतियोंकी वंध व्युच्छित्ति उदयकी व्युच्छित्ति (अभाव होने) के पीछे होती है। और मिथ्यात्व, आताप, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, संज्वलनलोभके विना १५ कषाय, भय-जुगुप्सा, हास्य-रति २, एकेन्द्री आदि चार जाति, और पुरुषवेद-इन ३१ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति और वंधव्युच्छित्ति एक कालमें होती है। तथा इनसे शेष ज्ञानावरणादि ८१ प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्तिके पहले वंधव्युच्छित्ति होती है ॥ ४०० ॥ ४०१ ॥

आगे दूसरे तीन प्रश्नोंका समाधान दो गाथाओंसे करते हैं;—

सुरणिरयाऊ तित्थं वेगुव्वियछक्कहारमिदि जेसिं ।
परउदयेण य वंधो मिच्छं सुहुमस्स घादीओ ॥ ४०२ ॥
तेजदुगं वण्णचऊ थिरसुहजुगलगुरुणिमिणधुवउदया ।
सोदयवंधा सेसा वासीदा उभयवंधाओ ॥ ४०३ ॥ जुम्मं ।

सुरनिरयायुषी तीर्थं वैगूर्विकषट्काहारनिति यासाम् ।
परोदयेन च वन्धो मिथ्यं सूक्ष्मस्य घातिन्यः ॥ ४०२ ॥
तेजोद्विकं वर्णचत्वारि स्थिरशुभयुगलागुरुनिर्माणध्रुवोदयाः ।
स्वोदयवन्धाः शेषाः द्व्यशीतिरुभयवन्धाः ॥ ४०३ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—देवायु, नरकायु, तीर्थंकरप्रकृति, वैक्रियिकका षट्क, आहरकशरीरका जोड़ा, इन ११ प्रकृतियोंका परके उदयसे वंध है। और मिथ्यात्व, सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानमें व्युच्छिन्न होनेवाली घातिया कर्मोंकी १४ प्रकृतियां, तैजसका युगल, वर्णादिक चार, स्थिर और शुभका जोड़ा, अगुरुलघु, निर्माण ये ध्रुव (नित्य) उदयवाली १२ प्रकृतियां-सब मिलकर २७ प्रकृतियोंका अपने उदय होनेपर ही वंध होता है। तथा शेषरहीं पांच निद्रादि ८२ प्रकृतियां उभयवंधी हैं। अर्थात् इनका उदय होनेपर अथवा न होनेपरभी वंध होता है ॥ ४०२ ॥ ४०३ ॥

अब तीसरे तीन प्रश्नोंकी उत्तररूप प्रकृतियां चार गाथाओंसे कहते हैं;—

सत्तेताल धुवावि य तित्थाहाराउगा णिरंतरगा ।
णिरयदुजाइचउक्कं संहदिसंठाणपणपणगं ॥ ४०४ ॥

दुग्गमणादावदुगं थावरदसगं असादसंढित्थि ।
अरदीसोगं चेदे सांतरगा होंति चोत्तीसा ॥ ४०५ ॥ जुम्मं ।

सप्तचत्वारिंशत् ध्रुवा अपि च तीर्थाहारायुष्का निरन्तरकाः ।
निरयद्विजातिचतुष्कं संहतिसंस्थानपञ्चपञ्चकम् ॥ ४०४ ॥
दुर्गमनातापद्विकं स्थावरदशकमसातषण्ढस्त्री ।
अरतिः शोकं चैताः सान्तरका भवन्ति चतुस्त्रिंशत् ॥ ४०५ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—ज्ञानावरणादि पूर्वोक्त ४७ ध्रुव प्रकृतियां, तीर्थंकर, आहारका युगल, आयु ४–ये ५४ प्रकृतियां निरंतर बंधवाली हैं। और नरकगतिका जोड़ा, एकेन्द्री आदि चार जाति, आदिके संहनन और संस्थान विना ५ संहनन और ५ संस्थान, अप्रशस्तविहायोगति, आताप–उद्योत, स्थावर आदि १०, असातावेदनीय, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, अरति, शोक, ये ३४ प्रकृतियां सांतरबंधी हैं। अर्थात् किसीसमय किसी प्रकृतिका, किसीसमय कोई प्रकृतिका बंध होता है ॥ ४०४ ॥ ४०५ ॥

सुरणरतिरियोरालियवेगुव्वियदुगपसत्थगदिवज्जं ।
परघाददुसमचउरं पंचिंदिय तसदसं सादं ॥ ४०६ ॥
हस्सरदिपुरिसगोदद्दु सप्पडिवक्खम्मि सांतरा होंति ।
णट्ठे पुण पडिवक्खे णिरंतरा होंति बत्तीसा ॥ ४०७ ॥ जुम्मं ।

सुरनरतिर्यगौरालिकवैगूर्विकद्विकप्रशस्तगतिवज्रम् ।
परघातद्विसमचतुरस्रं पञ्चेन्द्रियं त्रसदश सातम् ॥ ४०६ ॥
हास्यरतिपुरुषगोत्रद्विकं सप्रतिपक्षे सान्तरा भवन्ति ।
नष्टे पुनः प्रतिपक्षे निरन्तरा भवन्ति द्वात्रिंशत् ॥ ४०७ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—देवगति-मनुष्यगति-तिर्यंचगति-औदारिकशरीर-वैक्रियिकशरीर—इन पांचोंका जोड़ा, प्रशस्तविहायोगति, वज्रर्षभनाराचसंहनन, परघात युगल, समचतुरस्रसंस्थान, पंचेन्द्रियजाति, त्रस आदि १०, सातावेदनीय, हास्य, रति, पुरुषवेद, गोत्र दो-ये ३२ प्रकृतियां प्रतिपक्षी (विरोधी) के रहते हुए सांतर बंधवाली हैं। और विरोधीप्रकृतियोंके नाश होनेपर निरंतर बंधवाली हैं; अर्थात् उभयबंधी हैं ॥ ४०६ ॥ ४०७ ॥ इसप्रकार नवप्रश्न नामकी प्रथमचूलिका कही।

अब पंचभागहार नामकी द्वितीयचूलिकाको कहते हुए मंगलाचरण करते हैं;—

जत्थ वरणेमिचंदो महणेण विणा सुणिम्मलो जादो ।
सो अभयणंदिणिम्मलसुओवही हरउ पावमलं ॥ ४०८ ॥

यत्र वरनेमिचन्द्रो मथनेन विना सुनिर्मलो जातः ।
स अभयनन्दिनिर्मलश्रुतोदधिर्हरतु पापमलम् ॥ ४०८ ॥

अर्थ—जिसमें मथनके विना ही अत्यंत निर्मल उत्कृष्टनेमिचन्द्र उत्पन्न हुआ ऐसा श्रीअभयनंदि आचार्यका उपदेशित निर्मल शास्त्ररूपी समुद्र भव्यजीवोंके पापमलको दूर करो ॥ ४०८ ॥

अब पांच भागहारोंको कहते हैं;—

उव्वेलणविज्झादो अधापवत्तो गुणो य सव्वो य ।
संकमदि जेहिं कम्मं परिणामवसेण जीवाणं ॥ ४०९ ॥

उद्वेलनविध्यात अधःप्रवृत्तः गुणश्च सर्वश्च ।
संक्रामति यैः कर्म परिणामवशेन जीवानाम् ॥ ४०९ ॥

अर्थ—संसारी जीवोंके अपने जिन परिणामोंके निमित्तसे शुभकर्म और अशुभकर्म संक्रमण करें–अर्थात् अन्य प्रकृतिरूप परिणमे उसको भागहार कहते हैं । उसके उद्वेलन, विध्यात, अधःप्रवृत्त, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रमणके भेदसे पांच प्रकार हैं ॥ ४०९ ॥

अब संक्रमणका स्वरूप कहते हैं;—

बंधे संकामिज्जदि णोबंधे णत्थि मूलपयडीणं ।
दंसणचरित्तमोहे आउचउक्के ण संकमणं ॥ ४१० ॥

बन्धे संक्रामति नोबन्धे नास्ति मूलप्रकृतीनाम् ।
दर्शनचरित्रमोहे आयुश्चतुष्के न संक्रमणम् ॥ ४१० ॥

अर्थ—अन्य प्रकृतिरूप परिणमनको संक्रमण कहते हैं । सो जिस प्रकृतिका बंध होता है उसी प्रकृतिका संक्रमण भी होता है । यह सामान्य विधान है कि जिसका बंध नहीं होता उसका संक्रमण भी नहीं होता। इस कथनका ज्ञापनसिद्ध प्रयोजन यह है कि दर्शनमोहनीयके विना शेष सब प्रकृतियां बंध होनेपर संक्रमण करती हैं, ऐसा नियम जानना । तथा मूल-प्रकृतियोंका संक्रमण अर्थात् अन्यका अन्यरूप परस्परमें परिणमन नहीं होता । ज्ञानावरणकी प्रकृति कभी दर्शनावरणरूप नहीं होती । इससे सारांश यह निकला कि उत्तरप्रकृतियोंमें ही संक्रमण होता है । परंतु दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयका. तथा चारों आयुओंका परस्परमें संक्रमण नहीं होता ॥ ४१० ॥

सम्मं मिच्छं मिस्सं सगुणट्ठाणम्मि णेव संकमदि ।
सासणमिस्से णियमा दंसणतियसंकमो णत्थि ॥ ४११ ॥

सम्यं मिथ्यं मिश्रं स्वगुणस्थाने नैव संक्रामति ।
सासनमिश्रे नियमात् दर्शनत्रिकसंक्रमो नास्ति ॥ ४११ ॥

अर्थ—सम्यक्त्वमोहनीय, मिथ्यात्वमोहनीय, मिश्रमोहनीय, अपने २ असंयतादि गुण-स्थानोंमें तथा मिथ्यात्व गुणस्थानके और किसीमें संक्रमण नहीं करतीं । और सासादन तथा

मिश्रगुणस्थानमें नियमसे दर्शनमोहनीयके त्रिकका संक्रमण नहीं होता। असंयतादि चारमें होता है ॥ ४११ ॥

मिच्छे सम्मिस्साणं अधापवत्तो मुहुत्तअंतोत्ति ।
उव्वेलणं तु तत्तो दुचरिमकंडोत्ति णियमेण ॥ ४१२ ॥

मिथ्ये सम्यग्मिश्रयोरधःप्रवृत्तः मुहूर्त्तान्तरिति ।
उद्वेलनं तु ततो द्विचरमकाण्ड इति नियमेन ॥ ४१२ ॥

अर्थ—मिथ्यात्वगुणस्थानको प्राप्त होनेपर सम्यक्त्वमोहनीय और मिश्रमोहनीयका अंतर्मुहूर्ततक अधःप्रवृत्तसंक्रमण होता है। और उद्वेलननामा संक्रमण अंतके समीपके–उपान्त्य कांडकपर्यंत नियमसे प्रवर्तता है। वहांपर अधःप्रवृत्तसंक्रमण फालिरूप रहता है ॥ ४१२ ॥ एक समयमें संक्रमण होनेको **फालि** कहते हैं। समयसमूहमें संक्रमण होना **कांडक** कहा जाता है ॥

उव्वेलणपयडीणं गुणं तु चरिमम्हि कंडये णियमा ।
चरिमे फालिम्मि पुणो सव्वं च य होदि संकमणं ॥ ४१३ ॥

उद्वेलनप्रकृतीनां गुणं तु चरमे काण्डके नियमात् ।
चरमे फालौ पुनः सर्वं च च भवति संक्रमणम् ॥ ४१३ ॥

अर्थ—उद्वेलन प्रकृतियोंका अंतके कांडकमें नियमसे गुणसंक्रमण होता है। और अंतकी फालिमें सर्वसंक्रमण होता है ऐसा जानना ॥ ४१३ ॥

यहांपर प्रसंगवश पांचो संक्रमणोंका स्वरूप कहते हैं। अधःप्रवृत्त आदि तीन करणरूप परिणामोंके विना ही कर्मप्रकृतियोंके परमाणुओंका अन्य प्रकृतिरूप परिणमन होना वह **उद्वेलनसंक्रमण** है। मंद विशुद्धतावाले जीवकी, स्थिति अनुभागके घटानेरूप, भूतकालीन स्थितिकाण्डक और अनुभाग कांडक तथा गुणश्रेणीआदि परिणामोंमें प्रवृत्ति होना **विध्यातसंक्रमण** है। बंधरूप हुई प्रकृतियोंका अपने बंधमें संभवती प्रकृतियोंमें परमाणुओंका जो प्रदेश संक्रम होना वह **अधःप्रवृत्तसंक्रमण** है। जहांपर प्रतिसमय असंख्यातगुण श्रेणीके क्रमसे परमाणु–प्रदेश अन्य प्रकृतिरूप परिणमे सो **गुणसंक्रमण** है। और जो अंतके कांडककी अंतकी फालिके सर्व प्रदेशोंमेंसे जो अन्य प्रकृतिरूप नहीं हुए हैं उन परमाणुओंका अन्य प्रकृतिरूप होना वह **सर्वसंक्रमण** है। इसप्रकार पांचोंका स्वरूप कहा है ॥

आगे सर्व संक्रमण प्रकृतियोंमें तिर्यगेकादश–जिनका उदय तिर्यग्गतिमें ही पाया जाता है उन ११ प्रकृतियोंके नाम गिनाते हैं,—

तिरियदुजाइचउक्कं आदावुज्जोवथावरं सुहुमं ।
साहारणं च एदे तिरियेयारं मुणेयव्वा ॥ ४१४ ॥

तिर्यग्द्विजातिचतुष्कमातापोद्योतस्थावरं सूक्ष्मम्।
साधारणं चैताः तिर्यगेकादश मन्तव्याः॥ ४१४॥

अर्थ—तिर्यंचगति आदि दो, एकेन्द्रियादि जाति ४, आताप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण—ये तिर्यक् ११ प्रकृतियां हैं। अर्थात् इनका उदय तिर्यंचोंमेंही होता है। इसीसे इनका "तिर्यगेकादश" ऐसा नाम है॥ ४१४॥

अब उद्वेलन प्रकृतियोंको कहते हैं;—

आहारदुगं सम्मं मिस्सं देवदुगणारयचउक्कं।
उच्चं मणुदुगमेदे तेरस उवेल्लणा पयडी॥ ४१५॥

आहारद्विकं सम्यं मिश्रं देवद्विकनारकचतुष्कम्।
उच्चं मनुद्विकमेताः त्रयोदश उद्वेलना प्रकृतयः॥ ४१५॥

अर्थ—आहारकयुगल, सम्यक्त्वमोहनीय, मिश्रमोहनीय, देवगतिका जोड़ा, नरकगतिका चतुष्क, उच्चगोत्र, और मनुष्यगतिका युगल—ये १३ उद्वेलन प्रकृतियां हैं॥ ४१५॥

बंधे अधापवत्तो विज्झादं सत्तमोत्ति हु अबंधे।
एत्तो गुणो अबंधे पयडीणं अप्पसत्थाणं॥ ४१६॥

बन्धे अधःप्रवृत्तो विध्यातः सप्तम इति हि अबन्धे।
इतो गुणः अबन्धे प्रकृतीनामप्रशस्तानाम्॥ ४१६॥

अर्थ—प्रकृतियोंके बंध होनेपर अपनी २ बंधव्युच्छित्तिपर्यंत अधःप्रवृत्तसंक्रमण होता है। परंतु मिथ्यात्वप्रकृतिका नहीं होता। क्योंकि "सम्मं मिच्छं मिस्सं"–इत्यादि गाथाके द्वारा इसका निषेध पहलेही बता चुके हैं। और बंधकी व्युच्छित्ति होनेपर असंयतसे लेकर अप्रमत्तपर्यंत विध्यातनामा संक्रमण होता है। तथा अप्रमत्तसे आगे उपशांत कषाय पर्यंत बंधरहित अप्रशस्त प्रकृतियोंका गुणसंक्रमण होता है। इसीतरह प्रथमोपशम सम्यक्त्व आदि अन्य जगह भी गुणसंक्रमण होता है ऐसा जानना। तथा मिश्र और सम्यक्त्व प्रकृतिके पूरण कालमें और मिथ्यात्वके क्षय करनेमें अपूर्वकरण परिणामोंके द्वारा मिथ्यात्वके अंतिम काण्डककी उपान्त्य फालिपर्यन्त गुणसंक्रमण और अंतिम फालिमें सर्व संक्रमण होता है॥ ४१६॥

अब उन सर्वसंक्रमणरूप प्रकृतियोंको कहते हैं;—

तिरियेयारुवेल्लणपयडी संजलणलोहसम्ममिस्सूणा।
मोहा थीणतिगं च य वावण्णे सव्वसंकमणं॥ ४१७॥

तिर्यगेकादशोद्वेलनप्रकृतयः संज्वलनलोभसम्यग्मिश्रोनाः।
मोहाः स्त्यानत्रिकं च च द्वापञ्चाशत् सर्वसंक्रमणम्॥ ४१७॥

अर्थ—पूर्वकथित तिर्यगेकादश (११), उद्वेलनकी १३, संज्वलन लोभ-सम्यक्त्वमोहनीय-मिश्रमोहनीय इन तीनके विना मोहनीयकी २५, और स्त्यानगृद्धि आदि ३ प्रकृतियां—इन सब ५२ प्रकृतियोंमें सर्वसंक्रमण होता है ॥ ४१७ ॥

आगे प्रकृतियोंके संक्रमणका नियम कहते हैं;—

> उगुदालतीससत्तयवीसे एकेक्कबारतिचउक्के ।
> इगिचदुदुगतिगतिगचदुपणदुगदुगतिण्णि संकमणा ॥ ४१८ ॥
>
> एकोनचत्वारिंशत्त्रिंशत्सप्तकविंशे एकैकद्वादशत्रिचतुष्के ।
> एकचतुर्द्विकत्रिकत्रिकचतुःपञ्चद्विकद्विकत्रयः संक्रमणाः ॥ ४१८ ॥

अर्थ—३९ प्रकृतियोंमें, ३० में, ७ में, २० में, १ में, १ में, १२ में, ४ में, ४ में, ४ में, क्रमसे १, ४, २, ३, ३, ४, ५, २, २, और ३ संक्रमण होते हैं ॥४१८॥

आगे उन प्रकृतियोंको तथा उनके संक्रमणोंको क्रमसे सात गाथाओंकर कहते हैं,—

> सुहुमस्स बंधघादी सादं संजलणलोहपंचिंदी ।
> तेजदुसमवण्णचऊ अगुरुगपरघादउस्सासं ॥ ४१९ ॥
> सत्थगदी तसदसयं णिमिणुगुदाले अधापवत्तो दु ।
> थीणतिबारकसाया संढित्थी अरइ सोगो य ॥ ४२० ॥
> तिरियेयारं तीसे उव्वेलणहीणचारि संकमणा ।
> णिद्दा पयला असुहं वण्णचउक्कं च उवघादे ॥ ४२१ ॥
> सत्तण्हं गुणसंकममधापवत्तो य दुक्खमसुहगदी ।
> संहदि संठाणदसं णीचापुण्णथिरछक्कं च ॥ ४२२ ॥
> वीसण्हं विज्झादं अधापवत्तो गुणो य मिच्छत्ते ।
> विज्झादगुणे सव्वं सम्मे विज्झादपरिहीणा ॥ ४२३ ॥ कुलयं ।
>
> सूक्ष्मस्य बंधघातिन्यः सातं संज्वलनलोभपञ्चेन्द्रियम् ।
> तेजोद्विसमवर्णचतुरगुरुकपरघातोच्छ्वासम् ॥ ४१९ ॥
> शस्तगतिः त्रसदशकं निर्माणमेकोनचत्वारिंशत्सु अधःप्रवृत्तस्तु ।
> स्त्यानत्रिद्वादशकषायाः षण्ढस्त्री अरतिः शोकश्च ॥ ४२० ॥
> तिर्यगेकादश त्रिंशत्सु उद्वेलनहीनचत्वारः संक्रमणाः ।
> निद्राप्रचला अशुभं वर्णचतुष्कं च उपघातम् ॥ ४२१ ॥
> सप्तानां गुणसंक्रमोऽधःप्रवृत्तश्च दुःखमशुभगतिः ।
> संहतिसंस्थानदश नीचापूर्णमस्थिरषट्कं च ॥ ४२२ ॥
> विंशानां विध्यातः अधःप्रवृत्तो गुणश्च मिथ्यात्वे ।
> विध्यातगुणौ सर्वः सम्यक्त्वे विध्यातपरिहीनाः ॥ ४२३ ॥ कुलकम् ।

अर्थ—सूक्ष्मसांपरायमें बंधव्युच्छिन्न होनेवाली घातियाकर्मोंकी १४ प्रकृतियां, सातावेदनीय, संज्वलनलोभ, पंचेन्द्रीजाति, तैजसका युगल, समचतुरस्र, वर्णादि ४, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, शस्तविहायोगति, त्रस आदि १० और निर्माण—इन ३९ प्रकृतियोंमें, १ अधःप्रवृत्त संक्रमण है। स्त्यानगृद्धि आदि ३, १२ कषाय, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, अरति, शोक और तिर्यक्एकादशकी ११—इन तीस प्रकृतियोंमें उद्वेलनसंक्रमणके विना चार संक्रमण होते हैं। निद्रा, प्रचला, अशुभवर्णादि ४ और उपघात—इन सात प्रकृतियोंके गुणसंक्रमण और अधःप्रवृत्तसंक्रमण-ये दो पाये जाते हैं। असातावेदनीय, अप्रशस्तविहायोगति, पहलेके विना पांच संहनन और पांच संस्थान-ये १०, नीचगोत्र, अपर्याप्त और अस्थिरादि ६, इसप्रकार २० प्रकृतियोंके विध्यातसंक्रमण—अधःप्रवृत्तसंक्रमण और गुणसंक्रमण ये तीन संक्रमण पाये जाते हैं। मिथ्यात्वप्रकृतिमें विध्यात-गुण और सर्वसंक्रमण ये तीन हैं। तथा सम्यक्त्वमोहनीयमें विध्यातसंक्रमणके विना चार संक्रमण पाये जाते हैं॥ ४१९।४२०।४२१।४२२।४२३ ॥

सम्मविहीणुव्वेल्ले पंचेव य तत्थ होंति संकमणा ।
संजलणतिये पुरिसे अधापवत्तो य सव्वो य ॥ ४२४ ॥

सम्यग्विहीनोद्वेल्ये पञ्चैव च तत्र भवन्ति संक्रमणाः ।
संज्वलनत्रये पुरुषे अधःप्रवृत्तश्च सर्वश्च ॥ ४२४ ॥

अर्थ—सम्यक्त्वमोहनीयके विना १२ उद्वेलन प्रकृतियोंमें पांचोही संक्रमण होते हैं। और संज्वलनक्रोधादि तीन तथा पुरुषवेद—इन चारोंमें अधःप्रवृत्त और सर्वसंक्रमण ये दो ही संक्रमण पाये जाते हैं॥ ४२४ ॥

ओरालदुगे वज्जे तित्थे विज्झादधापवत्तो य ।
हस्सरदिभयजुगुच्छे अधापवत्तो गुणो सव्वो ॥ ४२५ ॥

औरालद्विके वज्रे तीर्थे विध्यातोऽधःप्रवृत्तश्च ।
हास्यरतिभयजुगुप्सास्वधःप्रवृत्तो गुणः सर्वः ॥ ४२५ ॥

अर्थ—औदारिकशरीरका द्विक, वज्रर्षभनाराचसंहनन, तीर्थंकर प्रकृति—इन चारोंमें विध्यातसंक्रमण और अधःप्रवृत्त ये दो संक्रमण हैं। तथा हास्य, रति, भय और जुगुप्सा—इन चार प्रकृतियोंमें अधःप्रवृत्त, गुण और सर्वसंक्रमण ये तीन संक्रमण पाये जाते हैं॥४२५॥

आगे विध्यातसंक्रमणकी प्रकृतियोंको दिखाते हैं:—

सम्मत्तूणुव्वेलणथीणतितीसं च दुक्खवीसं च ।
वज्जोरालदुतित्थं मिच्छं विज्झादसत्तट्ठी ॥ ४२६ ॥

सम्यक्त्वोनोद्वेलनस्त्यानत्रिंशत् दुःखविंशश्च ।
वज्रौरालद्विर्तीर्थं मिथ्यं विध्यातसप्तषष्टिः ॥ ४२६ ॥

अर्थ—सम्यक्त्वमोहनीयके विना उद्वेलनप्रकृतियां १२, स्त्यानगृद्धि तीन आदिक ३०, असातावेदनीयादिक २०, वज्रर्षभनाराचसंहनन, औदारिक युगल, तीर्थंकर प्रकृति, मिथ्यात्व—ये ६७ प्रकृतियां विध्यातसंक्रमणवाली हैं ॥ ४२६ ॥

अब अधःप्रवृत्तसंक्रमण और गुणसंक्रमणकी प्रकृतियोंको कहते हैं;—

मिच्छूणिगिवीससयं अधापवत्तस्स होंति पयडीओ ।
सुहुमस्स वंधघादिप्पहुदी उगुदालुरालदुगतित्थं ॥ ४२७ ॥
वज्जं पुंसंजलणति ऊणा गुणसंकमस्स पयडीओ ।
पणहत्तरिसंखाओ पयडीणियमं विजाणाहि ॥ ४२८ ॥ जुम्मं ।

मिथ्योनैकविंशशतमधःप्रवृत्तस्य भवन्ति प्रकृतयः ।
सूक्ष्मस्य वंधघातिप्रभृतयः एकोनचत्वारिंशदौरालद्विकतीर्थम् ॥ ४२७ ॥
वज्रं पुंसंज्वलनत्रिकमूना गुणसंक्रमस्य प्रकृतयः ।
पञ्चसप्ततिसंख्याः प्रकृतिनियमं विजानीहि ॥ ४२८ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—मिथ्यात्वप्रकृतिके विना १२१ प्रकृतियां अधःप्रवृत्तसंक्रमणकी होती हैं । और सूक्ष्मसांपरायमें वंध होनेवाली घातियाकर्मोंकी चौदह प्रकृतिओंको आदि लेकर ३९ प्रकृतियां, औदारिककी दो, तीर्थंकर, वज्रर्षभनाराच, पुरुषवेद, संज्वलनक्रोधादि तीन—इन ४७ प्रकृतियोंको कमकरके शेष बचीं ७५ प्रकृतियां गुणसंक्रमणकी हैं । इसप्रकार प्रकृतियोंमें संक्रमणका नियम जानना ॥ ४२७।४२८ ॥

आगे स्थिति और अनुभाग वंधके, तथा प्रदेशवंधके संक्रमणके गुणस्थानोंकी संख्या कहते हैं;

ठिदिअणुभागाणं पुण वंधो सुहुमोत्ति होदि णियमेण ।
वंधपदेसाणं पुण संकमणं सुहुमरागोत्ति ॥ ४२९ ॥

स्थित्यनुभागयोः पुनः वन्धः सूक्ष्म इति भवति नियमेन ।
वन्धप्रदेशानां पुनः संक्रमणं सूक्ष्मराग इति ॥ ४२९ ॥

अर्थ—स्थिति और अनुभागका वंध नियमसे सूक्ष्मसांपरायगुणस्थान पर्यंत ही है । क्योंकि उक्त वंधका कारण कषाय वहींतक है । और वन्धरूप प्रदेशों (कर्मपरमाणुओं) का संक्रमण भी सूक्ष्मसांपराय गुणस्थान तक ही है । क्योंकि "वंधे अधापवत्तो" इस गाथासूत्रके अभिप्रायसे स्थितिवंध पर्यंत ही संक्रमण होना संभव है ॥ ४२९ ॥

आगे पांच भागहारोंका अल्पबहुपना ६ गाथाओंसे कहते हैं;—

सव्वस्सेकं रूवं असंखभागो दु पल्लछेदाणं ।
गुणसंकमो दु हारो ओकट्टुकट्टणं तत्तो ॥ ४३० ॥

हारं अधापवत्तं तत्तो जोगम्हि जो दु गुणगारो ।
णाणागुणहाणिसला असंखगुणिदक्कमा होंति ॥ ४३१ ॥
तत्तो पल्लसलायच्छेदहिया पल्लछेदणा होंति ।
पल्लस्स पढममूलं गुणहाणीवि य असंखगुणिदक्कमा ॥ ४३२ ॥
अण्णोण्णब्भत्थं पुण पल्लमसंखेज्जरूवगुणिदक्कमा ।
संखेज्जरूवगुणिदं कम्मुक्कस्सट्ठिदी होदि ॥ ४३३ ॥
अंगुलअसंखभागं विज्झादुव्वेल्लणं असंखगुणं ।
अणुभागस्स य णाणागुणहाणिसला अणंताओ ॥ ४३४ ॥
गुणहाणिअणंतगुणं तस्स दिवड्ढं णिसेयहारो य ।
अहियकमाणण्णोण्णब्भत्थो रासी अणंतगुणो ॥४३५॥ कुलयं ।

सर्वस्यैकं रूपमसंख्यभागस्तु पल्यच्छेदानाम् ।
गुणसंक्रमस्तु हार अपकर्षणोत्कर्षणं ततः ॥ ४३० ॥
हारः अधःप्रवृत्तस्ततो योगे यस्तु गुणकारः ।
नानागुणहानिशला असंख्यगुणितक्रमा भवन्ति ॥ ४३१ ॥
ततः पल्यशलाकच्छेदाधिकाः पल्यच्छेदना भवन्ति ।
पल्यस्य प्रथममूलं गुणहानिरपि च असंख्यगुणितक्रमा ॥ ४३२ ॥
अन्योन्याभ्यस्तं पुनः पल्यमसंख्येयरूपगुणितक्रमम् ।
संख्येयरूपगुणिता कर्मोत्कृष्टस्थितिर्भवति ॥ ४३३ ॥
अङ्गुलासंख्यभागं विध्यातोद्वेलनमसंख्यगुणम् ।
अनुभागस्य च नानागुणहानिशला अनन्ताः ॥ ४३४ ॥
गुणहानिरनन्तगुणा तस्या द्व्यर्धं निषेकहारश्च ।
अधिकक्रमाणामन्योन्याभ्यस्तो राशिरनन्तगुणः ॥ ४३५ ॥ कुलकम् ।

अर्थ—'सर्वसंक्रमण' नामा भागहार सबसे थोड़ा है। उसका प्रमाण १ रूप कल्पना किया गया है। इससे असंख्यातगुणा—पल्यके अर्धच्छेदोंके असंख्यातवें भाग प्रमाण 'गुणसंक्रमण' भागहार है। इससे असंख्यातगुणे अपकर्षण और उत्कर्षण भागहार हैं, तौभी ये दोनों जुदे २ पल्यके अर्धच्छेदोंके असंख्यातवें भाग प्रमाण ही हैं। क्योंकि असंख्यातके छोटे बड़ेकी अपेक्षा बहुत भेद हैं। इससे 'अधःप्रवृत्तसंक्रमण' भागहार असंख्यातगुणा है। इससे असंख्यातगुणा योगोंके कथनमें जो गुणकार कहा है वह जानना। इससे कर्मोंकी स्थितिकी नानागुणहानिशलाकाका प्रमाण असंख्यातगुणा है। वह पल्यकी

---

१ इन अपकर्षणादिकोंके [illegible] है।

वर्गशलाकाके अर्धच्छेदोंको पल्यके अर्धच्छेदोंमें घटाकर जो प्रमाण रहे उतना है। इससे पल्यके अर्धच्छेदोंका प्रमाण अधिक है। यह अधिकता पल्यकी वर्गशलाकाके अर्धच्छेदोंके प्रमाण है। इससे पल्यका प्रथम वर्गमूल असंख्यात गुणा है। इससे कर्मोंकी स्थितिकी जो एक गुणहानि उसके समयोंका प्रमाण असंख्यात गुणा है। इससे असंख्यातगुणा कर्मोंकी स्थितिकी अन्योन्याभ्यस्तराशिका प्रमाण है। इससे असंख्यातगुणा पल्यका प्रमाण है। क्योंकि उस अन्योन्याभ्यस्तराशिके प्रमाणको पल्यकी वर्गशलाकासे गुणाकार करनेपर पल्य होता है। इससे कर्मोंकी उत्कृष्टस्थितिका प्रमाण संख्यातगुणा है। इससे 'विध्यात-संक्रमण' नामा भागहार असंख्यातगुणा है, वह सूच्यंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। तथा इससे असंख्यातगुणा 'उद्वेलन संक्रमण' भागहार है। इससे कर्मोंके अनुभागकी नानागुणहानि शलाकाका प्रमाण अनंतगुणा है। इससे उस अनुभागकी एक गुणहानिके आयामका प्रमाण अनंतगुणा है। इससे उसीकी डेढ़गुणहानिका प्रमाण उसके आधे प्रमाणकर अधिक है। इससे दोगुणहानिका प्रमाण आधा गुणहानिके प्रमाणकर अधिक है। इसीको **निषेकहार** कहते हैं। इससे उस अनुभागकी अन्योन्याभ्यस्तराशिका प्रमाण अनंतगुणा जानना ॥ ४२०।४२१।४२२।४२३।४२४।४२५ ॥ इसप्रकार पंचभागहारोंके अल्पबहुत्वका तथा प्रसंगसे अन्यके अल्पबहुत्वकाभी कथन किया। इसतरह **पंचभागहारचूलिका** समाप्त हुई।

अब दशकरणचूलिकाको १४ गाथाओंसे कहते हुए पहले अपने श्रुतगुरुको नमस्कार करते हैं;—

जस्स य पायपसायेणणंतसंसारजलहिमुत्तिण्णो ।
वीरिंदणंदिवच्छो णमामि तं अभयणंदिगुरुं ॥ ४३६ ॥

यस्य च पादप्रसादेनानन्तसंसारजलधिमुत्तीर्णः ।
वीरेन्द्रनन्दिवत्सो नमामि तमभयनन्दिगुरुम् ॥ ४३६ ॥

अर्थ—वीरेन्द्रनन्दि नामा आचार्यका शिष्य ऐसा जो मैं ग्रन्थकर्ता नेमिचंद्र हूं सो जिस शास्त्रशिक्षादायक गुरुके चरणोंके प्रसादसे अनंत संसारसमुद्रके पारको प्राप्त हुआ उस श्रुतगुरु **अभयनन्दि** आचार्यको नमस्कार करता हूं ॥ ४३६ ॥

अब उन दश करणोंके नाम कहते हैं;—

बंधुक्कट्टण करणं संकममोकट्टुदीरणा सत्तं ।
उदयुवसामणिधत्ती णिकाचणा होदि पडिपयडी ॥ ४३७ ॥

बंधोत्कर्षणकरणं संक्रममपकर्षणोदीरणा सत्त्वम् ।
उदयोपशान्तनिधत्तिः निःकाचना भवति प्रतिप्रकृति ॥ ४३७ ॥

अर्थ—बंध १ उत्कर्षण २ संक्रमण ३ अपकर्षण ४ उदीरणा ५ सत्त्व ६ उदय ७ उपशम ८ निधत्ति ९ निकाचना १० ये दश करण (अवस्था) हरएक प्रकृतिके होते हैं ॥ ४३७ ॥

आगे इन करणोंका स्वरूप तीन गाथाओंसे कहते हैं;—

कम्माणं संबंधो बंधो उक्कट्टणं हवे वड्ढी।
संकमणमणत्थगदी हाणी ओकट्टणं णाम ॥ ४३८ ॥

कर्मणां संबन्धो बन्ध उत्कर्षणं वृद्धिर्भवेत्।
संक्रमणमन्यत्रगतिः हानिरपकर्षणं नाम ॥ ४३८ ॥

अर्थ—कर्मोंका आत्मासे संबंध होना, अर्थात् मिथ्यात्वादि परिणामोंसे जो पुद्गलद्रव्यका ज्ञानावरणादिरूप होकर परिणमन करना जोकि ज्ञानादिका आवरण करता है, वह बंध है। जो कर्मोंकी स्थिति तथा अनुभागका बढ़ना वह उत्कर्षण है। जो बंधरूप प्रकृतिका दूसरी प्रकृतिरूप परिणमजाना वह संक्रमण है। जो स्थिति तथा अनुभागका कम होजाना वह अपकर्षण है ॥ ४३८ ॥

अण्णत्थठियस्सुदये संथुहणमुदीरणा हु अत्थित्तं।
सत्तं सकालपत्तं उदओ होदित्ति णिद्दिट्ठो ॥ ४३९ ॥

अन्यत्र स्थितस्योदये संस्थापनमुदीरणा हि अस्तित्वम्।
सत्त्वं स्वकालप्राप्तमुदयो भवतीति निर्दिष्टः ॥ ४३९ ॥

अर्थ—उदयकालके बाहिर स्थित, अर्थात् जिसके उदयका काल नहीं आया है, ऐसा जो कर्मद्रव्य उसको अपकर्षणके बलसे उदयावली कालमें प्राप्त करना (लाना) उसको उदीरणा कहते हैं। जो पुद्गलका कर्मरूप रहना वह सत्त्व है। और जो कर्मका अपनी स्थितिको प्राप्त होना अर्थात् फल देनेका समय प्राप्त होजाना वह उदय है। ऐसा श्रीजिनेन्द्रदेवने कहा है ॥ ४३९ ॥

उदये संकममुदये चउसुवि दादुं कमेण णो सक्कं।
उवसंतं च णिधत्तिं णिकाचिदं होदि जं कम्मं ॥ ४४० ॥

उदये संक्रमोदययोः चतुर्ष्वपि दातुं क्रमेण नो शक्यम्

इसप्रकार दश करणोंका स्वरूप कहकर अब प्रकृतियों तथा गुणस्थानोंमें इन करणोंके संभव प्रकारोंको दो गाथासूत्रोंसे दिखाते हैं;—

संकमणाकरणूणा णवकरणा होंति सव्वआऊणं ।
सेसाणं दसकरणाअपुव्वकरणोत्ति दसकरणा ॥ ४४१ ॥

संक्रमणाकरणोनानि नवकरणानि भवन्ति सर्वायुषाम् ।
शेषाणां दशकरणान्यपूर्वकरण इति दशकरणानि ॥ ४४१ ॥

अर्थ—नरकादि चारों आयुकर्मोंके संक्रमणकरणके विना ९ करण होते हैं । और शेषवर्चीं सब प्रकृतियोंके १० करण होते हैं । तथा मिथ्यादृष्टिसे लेकर आठवें अपूर्वकरण गुणस्थानपर्यंत १० करण होते हैं ॥ ४४१ ॥

आदिमसत्तेव तदो सुहुमकसाओत्ति संकमेण विणा ।
छच्च सजोगित्ति तदो सत्तं उदयं अजोगित्ति ॥ ४४२ ॥

आदिमसप्तैव ततः सूक्ष्मकषाय इति संक्रमेण विना ।
षट् च सयोगीति ततः सत्त्वमुदय अयोगीति ॥ ४४२ ॥

अर्थ—उस अपूर्वकरणगुणस्थानके ऊपर १० वें सूक्ष्मकषायगुणस्थानपर्यंत आदिके ७ ही करण होते हैं । उससे आगे सयोगकेवली तक संक्रमणकरणके विना ६ ही करण होते हैं । उसके वाद अयोगकेवलीके सत्व और उदय—ये दो ही करण पाये जाते हैं ॥ ४४२ ॥

अब ११ वें उपशांतकषायमें कुछ विशेषता है उसको कहते हैं;—

णवरि विसेसं जाणे संकममवि होदि संतमोहम्मि ।
मिच्छस्स य मिस्सस्स य सेसाणं णत्थि संकमणं ॥ ४४३ ॥

नवरि विशेषं जानीहि संक्रममपि भवति शान्तमोहे ।
मिथ्यस्य च मिश्रस्य च शेषाणां नास्ति संक्रमणम् ॥ ४४३ ॥

अर्थ—विशेष वात यह है कि उपशांतकषायगुणस्थानमें मिथ्यात्व और मिश्रमोहनीयका संक्रमणकरण भी होता है; अर्थात् इन दोनोंके कर्मपरमाणू सम्यक्त्वमोहनीयरूप परिणम जाते हैं । किंतु शेष प्रकृतियोंका संक्रमण नहीं होता, ६ ही करण होते हैं ॥ ४४३ ॥

वंधुकट्टणकरणं सगसगवंधोत्ति होदि णियमेण ।
संकमणं करणं पुण सगसगजादीण वंधोत्ति ॥ ४४४ ॥

वन्धोत्कर्षणकरणं स्वकस्वकवन्ध इति भवति नियमेन ।
संक्रमणं करणं पुनः स्वकस्वकजातीनां वन्ध इति ॥ ४४४ ॥

अर्थ—वंधकरण और उत्कर्षणकरण ये दोनों, अपनी २ प्रकृतियोंकी वन्धव्युच्छित्ति पर्यंत होते हैं । और प्रकृतियोंकी अपनी २ जातिकी (जैसे कि ज्ञानावरणकी पांचोंही प्रकृ-

तियां परस्परमें स्वजाति हैं) जहां बंधसे व्युच्छित्ति है वहांतक संक्रमण करण होता है ॥ ४४४ ॥

ओकट्टणकरणं पुण अजोगिसत्ताण जोगिचरिमोत्ति ।
खीणं सुहुमंताणं खयदेसं सावलीयसमयोत्ति ॥ ४४५ ॥

अपकर्षणकरणं पुनरयोगिसत्त्वानां योगिचरम इति ।
क्षीणं सूक्ष्मान्तानां क्षयदेशं सावलिकसमय इति ॥ ४४५ ॥

अर्थ—अयोगीकी ८५ सत्त्वप्रकृतियोंका सयोगीके अंतसमयतक अपकर्षण करण होता है । तथा क्षीणकषायगुणस्थानमें सत्त्वसे व्युच्छिन्न हुई १६ तथा सूक्ष्मसांपरायमें सत्त्वसे व्युच्छित्तिरूप हुआ जो सूक्ष्मलोभ–इसप्रकार १७ प्रकृतियोंका क्षयदेशपर्यंत अपकर्षण करण जानना । उस क्षयदेशका काल यहांपर एक समय अधिक आवलिमात्र है । क्योंकि ये १७ प्रकृतियाँ स्वमुखोदयी हैं । सारांश यह है कि प्रकृतियां दो प्रकारकी हैं—एक स्वमुखोदयी दूसरी परमुखोदयी। उनमेंसे जो अपने ही रूप उदयफल देकर नष्ट हो जांय वे **स्वमुखोदयी** हैं। उनका काल एकसमय अधिक आवलि प्रमाण है; वही क्षयदेश (क्षय होनेका ठिकाना) है । जो प्रकृति अन्यप्रकृतिरूप उदयफल देकर विनष्ट होजाती हैं वे **परमुखोदयी हैं,** उनका अंतकांडककी अंतफालि क्षयदेश है ऐसा जानना ॥ ४४५ ॥

उवसंतोत्ति सुराऊ मिच्छत्तिय खवगसोलसाणं च ।
खयदेसोत्ति य खवगे अट्ठकसायादिवीसाणं ॥ ४४६ ॥

उपशान्त इति सुरायुः मिथ्यत्रयं क्षपकषोडशानां च ।
क्षयदेश इति च क्षपके अष्टकषायादिविंशानाम् ॥ ४४६ ॥

अर्थ—देवायुका अपकर्षणकरण उपशांतकषाय पर्यंत है । मिथ्यात्वादि तीन और "णिर यतिरिक्खे" इत्यादि सूत्रसे कथित अनिवृत्तिकरणमें क्षय हुई १६ प्रकृतियां इनका क्षयदेश पर्यंत अर्थात् अन्तकांडकके अंतफालिपर्यंत अपकर्षण करण है । और क्षपक अवस्थामें अनिवृत्तिकरणमें क्षय हुई जो आठकषायको लेकर २० प्रकृतियां हैं उनका भी अपने २ क्षयदेश पर्यंत अपकर्षण करण है। जिसस्थानमें क्षय हुआ हो उसको क्षयदेश कहते हैं ॥४४६॥

मिच्छतियसोलसाणं उवसमसेढिम्मि संतमोहोत्ति ।
अट्ठकसायादीणं उवसमियट्ठाणगोत्ति हवे ॥ ४४७ ॥

मिथ्यात्रयषोडशानामुपशमश्रेण्यां शान्तमोह इति ।
अष्टकषायादीनामुपशमितस्थानक इति भवेत् ॥ ४४८ ॥

अर्थ—उपशमश्रेणीमें मिथ्यात्वादि तीन दर्शनमोहनीय और नरकद्विकादिक १६ इन प्रकृतियोंका उपशान्तकषायगुणस्थान पर्यंत अपकर्षण करण है । तथा आठ कषायादिकोंका अपने २ उपशमकरनेके ठिकाने तक अपकर्षण करण है ॥ ४४७ ॥

पढमकसायाणं च विसंजोजकं वोत्ति अयददेसोत्ति ।
णिरयतिरियाउगाणमुदीरणसत्तोदया सिद्धा ॥ ४४८ ॥

प्रथमकषायाणां च विसंयोजकं वा इति अयतदेश इति ।
निरयतिर्यगायुषोरुदीरणसत्त्वोदयाः सिद्धाः ॥ ४४८ ॥

अर्थ—अनंतानुबंधी चारकषायका असंयतादि चार गुणस्थानोंमें यथासंभव जहां विसंयोजन (अन्यरूप परिणमन) हो वहांतक ही अपकर्षणकरण है । तथा नरकायुके असंयतगुणस्थानतक और तिर्यंचायुके देशसंयतगुणस्थानतक उदीरणा, सत्व, उदयकरण—ये तीन करण प्रसिद्ध ही हैं; क्योंकि पूर्वमें इनका कथन होचुका है ॥ ४४८ ॥

मिच्छस्स य मिच्छोत्ति य उदीरणा उवसमाहिमुहियस्स ।
समयाहियावलित्ति य सुहुमे सुहुमस्स लोहस्स ॥ ४४९ ॥

मिथ्यस्य च मिथ्येति च उदीरणा उपशमाभिमुखस्य ।
समयाधिकावलीति च सूक्ष्मे सूक्ष्मस्य लोभस्य ॥ ४४९ ॥

अर्थ—उपशमसम्यक्त्वके सन्मुख हुए जीवके मिथ्यात्वगुणस्थानके अंतमें एक समय अधिक आवलि कालतक मिथ्यात्वप्रकृतिका उदीरणाकरण होता है । क्योंकि उसका उदय उतने ही कालतक है । और सूक्ष्मलोभका सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानमें ही उदीरणा करण है; क्योंकि इससे आगे अथवा अन्यत्र उसका उदय ही नहीं है ॥ ४४९ ॥

उदये संकममुदये चउसुवि दादुं कमेण णो सक्कं ।
उवसंतं च णिधत्तिं णिकाचिदं तं अपुव्वोत्ति ॥ ४५० ॥

उदये संक्रमोदययोः चतुर्ष्वपि दातुं क्रमेण नो शक्यम् ।
उपशान्तं च निधत्तिः निकाचितं तत् अपूर्व इति ॥ ४५० ॥

अर्थ—जो कर्म उदयावलीमें प्राप्त नहीं कियाजासके अर्थात् जिसकी उदीरणा न होसके ऐसा उपशांतकरण, जो उदीरणारूप भी न होसके और संक्रमणरूपभी न होसके ऐसा निधत्तिकरण, तथा जो उदयावलीमें भी न आसकै—जिसका संक्रमण भी न होसकै—उत्कर्षण और अपकर्षण भी न होसकें, अर्थात् जिसकी ये चारों क्रिया नहीं होसक्ती हों—ऐसा निकाचितकरण, ये तीन करण अपूर्वकरणगुणस्थानतक ही होते हैं भावार्थ—इसके ऊपर यथासंभव उदयावली आदिमें प्राप्त होनेकी सामर्थ्यवाले ही कर्मपरमाणू पाये जाते हैं ॥४५०॥

इति श्रीनेमिचन्द्राचार्यविरचितपंचसंग्रहद्वितीयनामवाले गोम्मटसार ग्रंथके कर्मकाण्डमें त्रिचूलिका नामका चौथा अधिकार समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

आगे श्रीनेमिचन्द्राचार्य सिद्धान्तचक्रवर्ती अपने इष्ट देवको नमस्कार करते हुए स्थानसमुत्कीर्तन नामक अधिकारके कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं;—

णमिऊण णेमिणाहं सच्चजुहिट्ठिरणमंसियंघिजुगं ।
बंधुदयसत्तजुत्तं ठाणसमुक्कित्तणं वोच्छं ॥ ४५१ ॥

नत्वा नेमिनाथं सत्ययुधिष्ठिरनमस्कृताङ्घ्रियुगम् ।
बन्धोदयसत्त्वयुक्तं स्थानसमुत्कीर्तनं वक्ष्ये ॥ ४५१ ॥

अर्थ—प्रत्यक्ष वंदनाकरनेवाला जो सत्यरूप 'युधिष्ठिर' नामा पांडव उसकरके जिनके चरणकमलको नमस्कार कियागया है ऐसे श्री नेमिनाथ तीर्थंकरको नमस्कार करके मैं नेमिचन्द्राचार्य प्रकृतियोंकि स्थानसमुत्कीर्तनको कहूंगा ॥ ४५१ ॥ एकजीवके एककालमें जितनी प्रकृतियोंका संभव होसके उन प्रकृतियोंके समूहका नाम स्थान है । इसीका व्याख्यान इस अधिकारमें किया जायगा ॥

अब पहले मूलप्रकृतियोंके बंध–उदय–उदीरणा–सत्त्वके भेदको लियेहुए स्थानोंके कथनको गुणस्थानोंमें छह गाथाओंसे कहते हैं;—

छसु सगविहमट्ठविहं कम्मं बंधंति तिसु य सत्तविहं ।
छव्विहमेकट्ठाणे तिसु एकमबंधगो एक्को ॥ ४५२ ॥

षट्सु सप्तविधमष्टविधं कर्म बध्नन्ति त्रिषु च सप्तविधम् ।
षड्विधमेकस्थाने त्रिषु एकमबन्धकमेकम् ॥ ४५२ ॥

अर्थ—मिश्रगुणस्थानके विना अप्रमत्त पर्यंत ६ गुणस्थानोंमें जीव आयुके विना सातप्रकारके अथवा आयुसहित आठप्रकारके कर्मको बांधते हैं । मिश्र, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण–इन तीनगुणस्थानों में आयुविना सातप्रकारके ही कर्म बंधरूप होते हैं । एक सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानमें आयु–मोहके विना ६ प्रकारके ही कर्मोंका बंध होता है । उपशांतकषायादि तीन गुणस्थानोंमें एक वेदनीयकर्मका ही बंध है । और अयोगीगुणस्थान बंधरहित है, अर्थात् उसमें किसी प्रकृतिका भी बंध नहीं होता ॥ ४५२ ॥

चत्तारि तिण्णि तिय चउ पयडिट्ठाणाणि मूलपयडीणं ।
भुजगारप्पदराणि य अवट्ठिदाणिवि कमे होंति ॥ ४५३ ॥

चत्वारि त्रीणि त्रीणि चत्वारि प्रकृतिस्थानानि मूलप्रकृतीनाम् ।
भुजाकाराल्पतराणि च अवस्थितान्यपि क्रमेण भवन्ति ॥ ४५३ ॥

अर्थ—इस पूर्वोक्तरीतिसे मूलप्रकृतियोंके बंधस्थान चार हैं । इन स्थानोंके भुजाकार बंध, अल्पतर बंध और अवस्थित बंध ये तीन प्रकारके बंध होते हैं । तथा 'च' शब्द से चौथा अवक्तव्यबंध भी समझना चाहिये । किंतु यह चौथा बंध मूलप्रकृतियोंमें नहीं होता । इन चारोंका स्वरूप आगे ४६९ वीं गाथामें कहेंगे । इनमेंसे उपशमश्रेणीसे उतरनेवालेके ३ प्रकारका भुजाकार बंध, चढनेवालेके ३ प्रकारका अल्पतर बंध और अपने २ स्थानमें बंध होनेपर चार प्रकारका अवस्थित बंध होता है ॥ ४५३ ॥

अट्ठुदओ सुहुमोत्ति य मोहेण विणा हु संतखीणेसु ।
घादिदराण चउक्कस्सुदओ केवलिदुगे णियमा ॥ ४५४ ॥

अष्टोदयः सूक्ष्म इति च मोहेन विना हि शान्तक्षीणयोः ।
घातीतराणां चतुष्कस्योदयः केवलिद्विके नियमात् ॥ ४५४ ॥

अर्थ—सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानतक आठ मूलप्रकृतियोंका उदय है, उपशांतकषाय और क्षीणकषाय इन दो गुणस्थानोंमें मोहनीयके विना सात का उदय है, तथा सयोगी और अयोगी इन दोनोंके चार अघातिया कर्मोंका उदय नियमसे जानना ॥ ४५४ ॥

घादीणं छदुमट्ठा उदीरगा रागिणो हि मोहस्स ।
तदियाऊण पमत्ता जोगंता होंति दोण्हंपि ॥ ४५५ ॥

घातिनां छद्मस्था उदीरका रागिणो हि मोहस्य ।
तृतीयायुषोः प्रमत्ता योग्यन्ता भवन्ति द्वयोरपि ॥ ४५५ ॥

अर्थ—चार घातिया कर्मोंकी उदीरणा क्षीणकषायगुणस्थानतक छद्मस्थ ज्ञानी करते हैं, मोहनीयकर्मकी उदीरणा करनेवाले सरागी सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानतक कहेगये हैं, वेदनीय और आयुकर्मकी उदीरणा करनेवाले प्रमत्तगुणस्थानतक प्रमादी जीव होते हैं, तथा नाम और गोत्र इन दोनोंकी उदीरणा सयोगीपर्यंत जीव करते हैं ॥ ४५५ ॥

मिस्सूणपमत्तंते आउस्सद्धा हु सुहुमखीणाणं ।
आवलिसिट्ठे कमसो सग पण दो चेवुदीरणा होंति ॥४५६॥

मिश्रोनप्रमत्तान्ते आयुष अद्धा हि सूक्ष्मक्षीणयोः ।
आवलिशिष्टे क्रमशः सप्त पञ्च द्वौ चैवोदीरणा भवन्ति ॥ ४५६ ॥

अर्थ—मिश्रगुणस्थानके विना प्रमत्तगुणस्थानतक पांच गुणस्थानोंमें आयुकी स्थितिमें आवलिमात्र काल शेष रहनेपर आयु विना सात कर्मोंकी उदीरणा होती है, सूक्ष्मसांपरायमें उतना ही काल बाकी रहनेपर आयु–मोहनीय–वेदनीय इन तीनके विना पांच कर्मोंकी उदीरणा होती है । तथा क्षीणकषाय गुणस्थानमें उतना ही काल कम रहनेपर नाम और गोत्र इन दो कर्मोंकी उदीरणा होती है ॥ ४५६ ॥

संतोत्ति अट्ठ सत्ता खीणे सत्तेव होंति सत्ताणि ।
जोगिम्मि अजोगिम्मि य चत्तारि हवंति सत्ताणि ॥ ४५७ ॥

शान्त इति अष्ट सत्ताः क्षीणे सप्तैव भवन्ति सत्त्वानि ।
योगिनि अयोगिनि च चत्वारि भवन्ति सत्त्वानि ॥ ४५७ ॥

अर्थ—उपशान्तकषाय गुणस्थानपर्यंत आठों प्रकृतियोंकी सत्ता है । क्षीणकषाय गुणस्थानमें मोहनीयके विना सात कर्मोंकी ही सत्ता है, और सयोगकेवली तथा अयोगकेवली इन दोनोंमें चार अघातिया कर्मोंहीकी सत्ता है ॥ ४५७ ॥

आगे उत्तरप्रकृतियोंके स्थानोंका भलेप्रकार कथन करते हैं;—

तिण्णि दस अट्ठ ठाणाणि दंसणावरणमोहणामाणं।
एत्थेव य भुजगारा सेसेसेयं हवे ठाणं॥ ४५८॥

त्रीणि दश अष्ट स्थानानि दर्शनावरणमोहनाम्नाम्।
अत्रैव च भुजाकाराः शेषेष्वेकं भवेत् स्थानम्॥ ४५८॥

अर्थ—दर्शनावरण, मोहनीय और नामकर्मके क्रमसे ३, १० और ८ स्थान हैं, तथा भुजाकार बंध भी इन्हींमें होते हैं। और शेष ज्ञानावरणादिकोंमें एक २ ही स्थान है। उन शेषमेंसे ज्ञानावरण और अंतरायका तो पांच प्रकृतिका बंधरूप स्थान एक ही है। और गोत्र आयु वेदनीयका एकात्मक और एक २ ही बंध स्थान है॥ ४५८॥—

णव छक्क चदुक्कं च य विदियावरणस्स बंधठाणाणि।
भुजगारप्पदराणि य अवट्ठिदाणिवि य जाणाहि॥ ४५९॥

नव षट्कं चतुष्कं च च द्वितीयावरणस्य बन्धस्थानानि।
भुजाकाराल्पतराणि च अवस्थितान्यपि च जानीहि॥ ४५९॥

अर्थ—दूसरे दर्शनावरणके ९ प्रकृतिरूप, स्त्यानादि तीनके विना ६ प्रकृतिरूप, और निद्रा-प्रचलाकेभी विना ४ प्रकृतिरूप—इसतरह ३ बंधस्थान हैं; तथा उनके भुजाकार अल्पतर और अवस्थित बंध—ये तीन बंध होते हैं। 'अपि' शब्दसे अवक्तव्यबंधभी होता है॥ ४५९॥

इसी वातको प्रगट करते हैं;—

णव सासणोत्ति बंधो छच्चेव अपुव्वपढमभागोत्ति।
चत्तारि होंति तत्तो सुहुमकसायस्स चरिमोत्ति॥ ४६०॥

नव सासन इति बन्धः षट्चैव अपूर्वप्रथमभाग इति।
चतस्रो भवन्ति ततः सूक्ष्मकषायस्य चरम इति॥ ४६०॥

अर्थ—दर्शनावरणका ९ प्रकृतिरूपबंध सासादनगुणस्थानपर्यंत होता है। इसके ऊपर अपूर्वकरण गुणस्थानके पहले भागतक दर्शनावरणकी ६ प्रकृतियोंकाही बंध होता है। इसके वाद सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानके अंतसमयतक उसीकी ४ प्रकृतियोंका बंध होता है॥ ४६०॥

खीणोत्ति चारि उदया पंचसु णिद्दासु दोसु णिद्दासु।
एक्के उदयं पत्ते खीणदुचरिमोत्ति पंचुदया॥ ४६१॥

क्षीण इति चतस्र उदयाः पञ्चसु निद्रासु द्वयोर्निद्रयोः।
एकस्यामुदयं प्राप्तायां क्षीणद्विचरम इति पञ्चोदयाः॥ ४६१॥

अर्थ—दर्शनावरणकी चक्षुर्दर्शनावरणादि चार प्रकृतियोंका उदयरूप स्थान जागृताव-स्थावाले जीवके क्षीणकषायगुणस्थानपर्यंत है, और निद्रावान् जीवके प्रमत्तगुणस्थानपर्यंत

पांच निद्राओंमेंसे एकका उदय [illegible] प्रकृतियोंका [illegible] क्षीणकषायके [illegible] समयके [illegible] निद्रा और प्रचला इन दो निद्राओंमेंसे एकका [illegible] दर्शनावरणकी पांच प्रकृतिरूप उदयस्थान जानना ॥ ४६१ ॥

मिच्छादुवसंतोत्ति य अणियट्टीखवगपढमभागोत्ति ।
णवसत्ता खीणस्स दुचरिमोत्ति य छच्चदुचरिमे ॥ ४६२ ॥

मिथ्यात्वादुपशान्त इति च अनिवृत्तिक्षपकप्रथमभाग इति ।
नवसत्ता क्षीणस्य द्विचरम इति च षट् चतुश्चरमे ॥ ४६२ ॥

अर्थ—मिथ्यात्वगुणस्थानसे उपशांतकषाय गुणस्थानतक और क्षपक श्रेणीमें अनिवृत्तिकरणके पहले भागतक दर्शनावरणका ९ प्रकृतिरूप सत्त्वस्थान है। इसके बाद क्षीणकषायगुणस्थानके अंतके पहले समयतक दर्शनावरणकी ६ प्रकृतिरूप, तथा उसके बाद अंतके समयमें ४ प्रकृतिरूप स्थान है ॥ ४६२ ॥

आगे मोहनीयके बंधादिकी अपेक्षा स्थान कहते हैं;—

बावीसमेक्कवीसं सत्तारस तेरसेव णव पंच ।
चदुतियदुगं च एक्कं बंधट्ठाणाणि मोहस्स ॥ ४६३ ॥

द्वाविंशतिरेकविंशतिः सप्तदश त्रयोदशैव नव पञ्च ।
चतुस्त्रिकद्विकं चैकं बन्धस्थानानि मोहस्य ॥ ४६३ ॥

अर्थ—मोहनीयकर्मके बंधस्थान २२, २१, १७, १३, ९, ५, ४, ३, २ और १ प्रकृतिरूप जानना चाहिये ॥ ४६३ ॥

अब उन्हीं स्थानोंको गुणस्थानोंकी अपेक्षा दिखाते हैं;—

बावीसमेक्कवीसं सत्तर सत्तार तेर तिसु णवयं ।
थूले पणचदुतियदुगमेक्कं मोहस्स ठाणाणि ॥ ४६४ ॥

द्वाविंशतिरेकविंशतिः सप्तदश सप्तदश त्रयोदश त्रिषु नवकम् ।
स्थूले पञ्चचतुष्कत्रिकद्विकमेकं मोहस्य स्थानानि ॥ ४६४ ॥

अर्थ—उक्त मोहनीयके बंधस्थानोंमें मिथ्यादृष्टि आदि देशसंयतगुणस्थानतक क्रमसे २२, २१, १७, १७, १३ बंधस्थान हैं। प्रमत्तआदि तीन गुणस्थानोंमें प्रत्येकमें नौ नौके स्थान हैं। स्थूल अर्थात् नवमे गुणस्थानमें ५, ४, ३, २, १ प्रकृतिरूप ५ स्थान हैं ॥४६४॥

अब उन स्थानोंमें ध्रुव बंधी (जिनका निरंतर बंध हो) प्रकृतियोंको कहते हैं;—

उगुवीसं अट्ठारस चोद्दस चोद्दस य दस य तिसु छक्कं ।
थूले चदुतिदुगेक्कं मोहस्स य होंति धुवबंधा ॥ ४६५ ॥

एकोनविंशतिरष्टादश चतुर्दश चतुर्दश च दश च त्रिषु षट्कम् ।
स्थूले चतुस्त्रिद्विकैकं मोहस्य च भवन्ति ध्रुवबन्धाः ॥ ४६५ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि अनिवृत्तिकरण नामक गुणस्थानके उक्त भागोंतक क्रमसे १९, १८, १४, १४, १०, प्रमत्तादि तीनमें ६–६–६, नवमेंमें ४–३–२–१, इसप्रकार मोहनीयकी ध्रुवबंधी प्रकृतियां हैं ॥ ४६५ ॥

सगसंभवधुवबंधे वेदेक्के दोजुगाणमेक्के य ।
ठाणो वेदजुगाणं भंगहदे होंति तब्भंगा ॥ ४६६ ॥

स्वकसंभवध्रुवबन्धे वेदे एका द्वियुगयोरेका च ।
स्थानं वेदयुगानां भङ्गहते भवन्ति तद्भङ्गाः ॥ ४६६ ॥

अर्थ—पूर्वोक्त ध्रुवप्रकृतियोंमें यथासंभव तीन वेदोंमेंसे एक वेद, तथा हास्यका युगल और रतिका जोड़ा—इन दो जोड़ाओंमेंसे एक एक मिलानेसे स्थान होते हैं। तथा वेदके प्रमाणको युगलके प्रमाणके साथ गुणाकार करनेसे स्थानोंके भंग होते हैं ॥ ४६६ ॥

आगे उन भंगोंकी संख्या कहते हैं;—

छव्वावीसे चदु इगिवीसे दो द्दो हवंति छट्ठोत्ति ।
एक्केक्कमदो भंगो बंधट्ठाणेसु मोहस्स ॥ ४६७ ॥

षट् द्वाविंशतौ चत्वार एकविंशतौ द्वौ द्वौ भवन्ति षष्ठ इति ।
एकैकोतो भङ्गो बन्धस्थानेषु मोहस्य ॥ ४६७ ॥

अर्थ—मोहनीयके बन्धस्थानोंमेंसे २२ के ६ भंग, २१ प्रकृतिरूपके ४, और इसके ऊपर प्रमत्तगुणस्थानतक दो दो, इसके आगे सब स्थानोंमें एक एक—इसप्रकार स्थानोंके भङ्ग हैं ऐसा जानना ॥ ४६७ ॥

अब उक्त १० बंधस्थानोंके भुजाकार बंधादिकी संख्या दिखाते हैं;—

दस वीसं एक्कारस तेत्तीसं मोहबंधठाणाणि ।
भुजगारप्पदराणि य अवट्ठिदाणिवि य सामण्णे ॥ ४६८ ॥

दशसु विंशतिरेकादश त्रयस्त्रिंशत् मोहबन्धस्थानानि ।
भुजाकाराल्पतराणि च अवस्थितान्यपि च सामान्ये ॥ ४६८ ॥

अर्थ—पहले कहे हुए मोहनीयके १० बंधस्थानोंमें सामान्यरीतिसे भुजाकारबंध २० हैं, अल्पतर बंध ११ हैं, और अवस्थित बंध ३३ हैं ॥ ४६८ ॥

आगे इन भुजाकारादिबंधोंका लक्षण कहते हैं;—

अप्पं बंधंतो बहुबंधे बहुगादु अप्पबंधेवि ।
उभयत्थ समे बंधे भुजगारादी कमे होंति ॥ ४६९ ॥

अल्पं बध्नतो बहुबन्धे बहुकादल्पबन्धेपि ।
उभयत्र समे बन्धे भुजाकारादयः क्रमेण भवन्ति ॥ ४६९ ॥

अर्थ—पहले थोडी प्रकृतियोंका बंध किया हो पीछे बहुत प्रकृतियोंके बांधनेपर भुजाकार, पहले बहुतका बंध किया था पीछे थोडी प्रकृतियोंके बंध करने पर अल्पतर, और पहले पीछे दोनों समयोंमें समान (एकसा) बंध होनेपर अवस्थित बंध होता है। तथा 'अपि' शब्दसे इन स्थानोंमें अवक्तव्यबंध भी होता है, ऐसा आचार्य महाराजने प्रकट किया है ॥ ४६९ ॥

आगे सामान्य अवक्तव्यभंगोंकी संख्या कहते हैं—

सामण्णअवत्तव्वो ओदरमाणम्मि एक्कयं मरणे ।
एक्कं च होदि एत्थवि दो चेव अवट्ठिदा भंगा ॥ ४७० ॥

सामान्यावक्तव्य अवतरमाने एको मरणे ।
एकश्च भवति अत्रापि द्वौ चैव अवस्थितौ भङ्गौ ॥ ४७० ॥

अर्थ—सामान्यपनेसे (भंगोंकी विवक्षाके विना) अवक्तव्यबंध उपशमश्रेणीसे उतरनेमें १ है, और वहां पर मरण होनेसे एक होता है, इसतरह दो बंध हैं । और दूसरे समय आदिमें उसीप्रकार बंध होनेपर अवस्थित बंध भी यहां पर दो ही हैं ॥ ४७० ॥

अब विशेषपनेसे भुजाकारादिबंधोंकी संख्या कहते हैं—

सत्तावीसहियसयं पणदालं पंचहत्तरिहियसयं ।
भुजगारप्पदराणि य अवट्ठिदाणिवि विसेसेण ॥ ४७१ ॥

सप्तविंशाधिकशतं पञ्चचत्वारिंशत् पञ्चसप्तत्यधिकशतम् ।
भुजाकारात्पतराणि च अवस्थितान्यपि विशेषेण ॥ ४७१ ॥

अर्थ—विशेषपनेसे अर्थात् भंगोंकी अपेक्षा १२७ भुजाकार बंध हैं, अल्पतर बंध ४५ हैं, और अवक्तव्यबंध १७५ हैं ॥ ४७१ ॥

अब उन १२७ को दिखाते हैं;—

णभ चउवीसं बारस वीसं चउरट्ठवीस दो द्दो य ।
थूले पणगादीणं तियतिय मिच्छादिभुजगारा ॥ ४७२ ॥

नभश्चतुर्विंशं द्वादश विंशं चतुरष्टविंशं द्वौ द्वौ च ।
स्थूले पञ्चकादीनां त्रयस्त्रयो मिथ्यादिभुजाकाराः ॥ ४७२ ॥

अर्थ—भंगोंकी विवक्षासे मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंमें भुजाकार बंध क्रमसे शून्य, २४, १२, २०, २४, २८, २, २, और अनिवृत्ति करणमें पांच आदिके तीन तीन। इसप्रकार कुल भुजाकार बंधोंकी संख्या १२७ होती है ॥ ४७२ ॥

अब ४५ अल्पतरबंधोंको कहते हैं;—

अप्पदरा पुण तीसं णभ णभ छद्दोण्णि दोण्णि णभ एक्कं ।
थूले पणगादीणं एक्केक्कं अंतिमे सुण्णं ॥ ४७३ ॥

अल्पतराः पुनः त्रिंशत् नभो नभः षट् द्वौ द्वौ नभ एकः ।
स्थूले पञ्चकादीनामेकैकः अन्तिमे शून्यम् ॥ ४७३ ॥

अर्थ—अल्पतर बंध मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंमें ३०, शून्य, शून्य, ६, २, २, शून्य, १ प्रकृतिरूप क्रमसे अपूर्वकरणतक होता है । स्थूल कषायवाले नवमे गुणस्थानमें पांच आदि प्रकृतिरूपका एक एक ही अल्पतर बंध होता है; किंतु अंतके पांचवें भागमें शून्य अर्थात् अल्पतर बंध नहीं होता ॥ ४७३ ॥ इसप्रकार १२७ भुजाकार, और ४५ अल्पतर तथा ३ अवक्तव्य बंध जिनका कि स्वरूप आगे कहेंगे—इसतरह सब मिलकर १७५ बंधोंके भेद हैं । इसके सिवाय इन सभीमें यदि जितनी २ प्रकृतियोंका पहले समयमें बंध हो उतनीही प्रकृतियोंका द्वितीयादि समयमें भी बंध हो तो वहांपर "अवस्थितबंध" जानना चाहिये । अतएव अवस्थितबंधके भी भेद १७५ ही समझने चाहिये ।

भेदेण अवत्तव्वा ओदरमाणम्मि एक्कयं मरणे ।
दो चेव होंति एत्थवि तिण्णेव अवट्ठिदा भंगा ॥ ४७४ ॥

भेदेन अवक्तव्या अवतरति एकको मरणे ।
द्वौ चैव भवत अत्रापि त्रय एव अवस्थिता भङ्गाः ॥ ४७४ ॥

अर्थ—भंगकी विवक्षाके विशेपसे अवक्तव्यबंध, सूक्ष्मसांपरायसे उतरनेमें एक होता है । अर्थात् १० वेंसे उतरके जब नवमेमें आता है तब संज्वलन लोभका बंध करता है । तथा उसी १० वेंमें मरणकर देव असंयत हुआ तब दो अवक्तव्य बंध होते हैं । क्योंकि देव होकर १७ प्रकृतियोंको दोप्रकारसे बांधता है । इसतरह ३ अवक्तव्य बंध हुए । अतएव अवस्थितबंधके भंग यहांभी तीन ही समझने चाहिये । क्योंकि द्वितीयादि समयमें समान प्रकृतियोंका जहां बंध होता है, वहां अवस्थित बंध कहा जाता है ॥ ४७४ ॥ इसप्रकार मोहनीयकर्मके सामान्य विशेप रूपसे भुजाकारादि बंध कहे हैं ।

अब मोहनीयके उदयस्थान कहते हैं;—

दस णव अट्ठ य सत्त य छप्पण चत्तारि दोण्णि एक्कं च ।
उदयट्ठाणा मोहे णव चैव य होंति णियमेण ॥ ४७५ ॥

दश नवाष्ट च सप्त च षट् पञ्च चत्वारि द्वे एकं च ।
उदयस्थानानि मोहे नव चैव च भवन्ति नियमेन ॥ ४७५ ॥

अर्थ—मोहनीयके उदयस्थान १०, ९, ८, ७, ६, ५, ४, २, १ प्रकृतिरूप ९ हैं ऐसा नियमसे जानना ॥ ४७५ ॥

मिच्छं मिस्सं सगुणे वेदगसम्मेव होदि सम्मत्तं ।
एका कसायजादी वेदजुगलाणमेक्कं च ॥ ४७६ ॥

मिथ्यं मिश्रं स्वगुणे वेदकसम्ये एव भवति सम्यक्त्वम् ।
एका कषायजातिः वेदद्वियुगलयोरेकं च ॥ ४७६ ॥

अर्थ—मोहनीयकी उदय प्रकृतियोंमेंसे मिथ्यात्व और मिश्रमोहनीयका उदय अपने २–पहले और तीसरे गुणस्थानमें है। तथा सम्यक्त्वमोहनीयका उदय वेदकसम्यक्त्वी जीवके चौथेसे लेकर चार गुणस्थानतक है। इसप्रकार गुणस्थानोंमें उदयका नियम दिखाकर उदयके कूटोंको कहते हैं। अनंतानुबंधी आदि चार कषायोंकी क्रोध मान माया लोभ रूप चार जाति उसमेंसे एक कषायजाति, तीन वेदोमेंसे एक वेदका उदय, हास्य–शोकका युगल और रति–अरतिका जोड़ा इन दो युगलोमेंसे एक २ प्रकृतिका उदय पाया जाता है ॥ ४७६ ॥

भयसहियं च जुगुच्छासहियं दोहिंवि जुदं च ठाणाणि ।
मिच्छादिअपुव्वंते चत्तारि हवंति णियमेण ॥ ४७७ ॥

भयसहितं च जुगुप्सासहितं द्वाभ्यामपि युतं च स्थानानि ।
मिथ्याद्यपूर्वान्ते चत्वारि भवन्ति नियमेन ॥ ४७७ ॥

अर्थ—एककालमें एक जीवके भयसहित ही प्रकृतियोंका उदय होनेसे, अथवा केवल जुगुप्सासहित ही उदय होनेसे, अथवा भय–जुगुप्सा दोनोंसहितही उदय होनेसे अथवा 'च' शब्दसे दोनोंही करके रहित उदय होनेसे कूटके आकार चार २ मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरण गुणस्थानपर्यंत निश्चयकर होते हैं। इसीकारण यहांपर चार २ कूट कहेगये हैं ॥ ४७७ ॥ इनकी विशेष रचना बड़ी टीकामें विस्तारसे कही है सो वहांसे जानना।

आगे मिथ्यादृष्टिमें वा असंयतादि चार गुणस्थानोंमें विशेष बात कहते हैं;—

अणसंजोजिदसम्मे मिच्छं पत्ते ण आवलित्ति अणं ।
उवसमखइये सम्मं ण हि तत्थवि चारि ठाणाणि ॥ ४७८ ॥

अनसंयोजितसम्ये मिथ्यं प्राप्ते न आवलीति अनम् ।
उपशमक्षायिके सम्यं न हि तत्रापि चत्वारि स्थानानि ॥ ४७८ ॥

अर्थ—अनंतानुबंधीकषायके विसंयोजन (अन्यप्रकृतिरूप) करनेवाले क्षायोपशमसम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्वकर्मोदयसे मिथ्यात्वगुणस्थानमें प्राप्त होनेपर आवलिमात्रकालतक अनंतानुबंधीकषायका उदय नहीं होता, क्योंकि विसंयोजन करनेके पीछे प्रथम गुणस्थानमें प्राप्त होनेपर पहले समयमें ही बंधी हुई अनंतानुबंधीको आवलिप्रमाणकालतक अपकर्षणद्वारा उदयावलीमें लानेकी सामर्थ्य नहीं है। इस अपेक्षा मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अनंतानुबंधीरहित चार कूट औरभी जानने। तथा उपशमसम्यक्त्वी और क्षायिकसम्यक्त्वीके सम्यक्त्वमोहनीयका उदय नहीं है सो यहांपरभी उपशम और क्षायिककी अपेक्षा असंयतादि चार गुणस्थानोंमें चार चार कूट दूसरे होते हैं। असंयतादिक चार गुणस्थानोंमें पहले जो चार कूट सम्यक्त्वमोहनीसहित बनाये हैं सो वेदकसम्यक्त्वकी अपेक्षासे हैं ॥ ४७८ ॥

पुव्विल्लेसुवि मिलिदे अड चउ चत्तारि चदुसु अट्ठेव ।
चत्तारि दोण्णि एक्कं ठाणा मिच्छादिसुहुमंते ॥ ४७९ ॥

पूर्व्येष्वपि मिलितेषु अष्ट चत्वारि चत्वारि चतुर्षु अष्टैव ।
चत्वारि द्वे एकं स्थानानि मिथ्यादिसूक्ष्मान्ते ॥ ४७९ ॥

अर्थ—इन कूटोंमें पहले कहे हुए कूट मिलानेसे मिथ्यादृष्टिको आदि लेकर सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानपर्यंत क्रमसे ८, ४, ४, असंयतादि चारमें आठ आठ, और आगे ४, २, १ कूट जानना चाहिये ॥ ४७९ ॥

आगे इनमें अपुनरुक्तस्थानोंको गुणस्थानोंमें कहते हैं;—

दसणवणवादि चउतियतिट्ठाण णवट्ठसगसगादि चऊ ।
ठाणा छादि तियं च य चदुवीसगदा अपुव्वोत्ति ॥ ४८० ॥

दशनवनवादि चतुस्त्रिकत्रिस्थानं नवाष्टसप्तसप्तादि चतुष्कम् ।
स्थानानि षडादि त्रिकं च च चतुर्विंशगता अपूर्व इति ॥ ४८० ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि तीन गुणस्थानोंमें क्रमसे दशआदिके चार उदय स्थान, नव आदिके तीन उदयस्थान, और तीसरेमें भी नव आदिके ही तीन उदयस्थान हैं। असंयतादि चार गुणस्थानोंमें क्रमसे नव आदिके चार, आठ आदिके चार, सात आदिके चार, सात आदिके चार उदयस्थान हैं। तथा अपूर्वकरण गुणस्थानमें छह आदिके तीन स्थान हैं। वे ६, ५, ४ प्रकृतिरूप हैं। इसप्रकार अपूर्वकरणपर्यंत सब स्थान प्रत्येक चौवीस चौवीस भङ्गो (भेदों) कर सहित हैं ॥ ४८० ॥ यहांपर किसी २ स्थानकी संख्या एकसी होनेपरभी प्रकृतियोंके वदलनेसे अपुनरुक्तपनाही है।

एक्क य छक्केयारं एयारेयारसेव णव तिण्णि ।
एदे चउवीसगदा चदुवीसेयार दुगठाणे ॥ ४८१ ॥

एकं च षट्कमेकादश एकादशैकादशैव नव त्रीणि ।
एतानि चतुर्विंशतिगतानि चतुर्विंशैकादश द्विकस्थाने ॥ ४८१ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानोंमें मिलकर दस प्रकृतिरूप १ स्थान है, नव प्रकृतिरूप ६ स्थान हैं, ८ प्रकृतिरूप ७ प्रकृतिरूप तथा ६ प्रकृतिरूप ग्यारह २ स्थान हैं, पांच प्रकृतिरूप ९ स्थान हैं, चार प्रकृतिरूप ३ स्थान हैं। ये सब स्थान चौवीस चौवीस भङ्गोंकर सहित हैं। तथा दो प्रकृतिरूप १ स्थानके २४ भंग और एक प्रकृतिरूप एक स्थानके ११ भंग हैं ॥ ४८१ ॥

आगे इन दो और एक प्रकृतिरूप दो स्थानोंके भंगोंका विधान कहते हैं;—

---

१ यह स्थान मिथ्यादृष्टिके ही होता है।

उदयट्ठाणं दोण्हं पणबंधे होदि दोण्हमेकस्स ।
चदुविहबंधट्ठाणे सेसेसेयं हवे ठाणं ॥ ४८२ ॥

उदयस्थानं द्वयोः पञ्चबन्धे भवति द्वयोरेकस्य ।
चतुर्विधबन्धस्थाने शेषेष्वेकं भवेत् स्थानम् ॥ ४८२ ॥

अर्थ—अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें पांच प्रकृतिके बंधस्वरूप तथा चार प्रकृतिके बंधस्वरूप–इसप्रकार दो भागोंमें तीन वेद और चार संज्वलनकषायोंका उदय होता है । अतएव वहांपर चार चार कषाय एकएक वेदके साथ उदयरूप होनेसे एक भागके १२ भंग होते हैं और दोनोंके मिलकर २४ भंग होते हैं । किंतु कनकनन्दि आचार्यकी पक्षमें जिस जगह ४ प्रकृतियोंका बंध पायाजाता है उसके अंतसमयमें वेदोंके उदयका अभाव ही है, अतएव वहांपर, और तीन दो एक प्रकृतिके बंध स्थानोंमें तथा अबंध स्थानमें क्रमसे ४, ३, २, १, १ संज्वलन कषायोंमेंसे एक एकका ही उदय रहता है । अतएव वहांपर क्रमसे ४, ३, २, १, १, भंग होते हैं । इसप्रकार एकप्रकृतिरूप बंधस्थानमें ११ ही भंग सिद्ध हुए ॥ ४८२ ॥

अब इसी अर्थके प्रगट करनेकेलिये चार गाथासूत्र कहते हैं;—

अणियट्टिकरणपढमा संढित्थीणं च सरिस उदयद्धा ।
तत्तो मुहुत्तअंते कमसो पुरिसादिउदयद्धा ॥ ४८३ ॥

अनिवृत्तिकरणप्रथमात् पण्डस्त्रियोः च सदृश उदयाद्धा ।
ततो मुहूर्तान्तः क्रमश पुरुषाद्युदयाद्धा ॥ ४८३ ॥

अर्थ—अनिवृत्तिकरणगुणस्थानके प्रथमभागके पहले समयसे लेकर नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका काल समान है, परंतु थोड़ा है । इससे पुरुषवेद और संज्वलनक्रोधादि चारका उदय काल यथासंभव अंतर्मुहूर्त २ क्रमसे अधिक अधिक जानना ॥ ४८३ ॥

पुरिसोदएण चडिदे बंधुदयाणं च जुगवदुच्छित्ती ।
सेसोदयेण चडिदे उदयदुचरिमम्हि पुरिसबंधछिदी ॥ ४८४ ॥

पुरुषोदयेन चटिते बन्धोदययोश्च युगपदुच्छित्तिः ।
शेषोदयेन चटिते उदयद्विचरमे पुरुषबन्धच्छित्तिः ॥ ४८४ ॥

अर्थ—पुरुषवेदके उदय सहित जीवके श्रेणी चढनेपर पुरुषवेदकी बंधव्युच्छित्ति और [illegible] एक कालमें होती हैं । अथवा 'च' शब्दसे बंधकी व्युच्छित्ति उदयके द्विचरमसमयमें होती है । और शेष स्त्रीवेद तथा नपुंसकवेदके उदयसहित श्रेणी चढनेवाले जीवके पुरुषवेदकी बंधव्युच्छित्ति उदयके द्विचरमसमयमें अर्थात् अंतसमयके समीपके समयमें होती है ॥ ४८४ ॥

पणबंधगम्मि बारस भंगा दो चेव उदयपयडीओ ।
दोउदये चदुबंधे बारेव हवंति भंगा हु ॥ ४८५ ॥

पञ्चबन्धके द्वादश भङ्गा द्वे चैव उदयप्रकृती ।
द्व्युदये चतुर्बन्धे द्वादशैव भवन्ति भङ्गा हि ॥ ४८५ ॥

अर्थ—जहांपर पांच प्रकृतियोंका बंध है ऐसे अनिवृत्तिकरणगुणस्थानमें कषाय और वेद इन दो प्रकृतियोंका ही उदय है, इसकारण चार कषाय और ३ वेदको गुणाकार करनेसे १२ भंग होते हैं । इसीप्रकार जहां चार प्रकृतियोंका बंध होता है वहांपरभी दोके उदयरूप स्थानमें १२ ही भंग होते हैं ॥ ४८५ ॥

कोहस्स य माणस्स य मायालोहाणियट्टिभागम्हि ।
चदुतिदुगेकंभंगा सुहुमे एको हवे भंगो ॥ ४८६ ॥

क्रोधस्य च मानस्य च मायालोभानिवृत्तिभागे ।
चतुस्त्रिद्विकैकभङ्गाः सूक्ष्मे एको भवेत् भङ्गः ॥ ४८६ ॥

अर्थ—क्रोध मान माया और लोभके उदयरूप अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके जिन चार भागोंमें ४, ३, २, १ के बंध हैं उनमें क्रमसे कषाय बदलनेकी अपेक्षाही ४, ३, २, १ भंग हैं । और सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानमें सूक्ष्म लोभके उदयरूपस्थानमें १ ही भंग है । इसप्रकार ११ भंग होते हैं ॥ ४८६ ॥

आगे सब उदयस्थानोंकी तथा उनकी प्रकृतियोंकी संख्या कहते हैं;—

बारससयतेसीदीठाणवियप्पेहिं मोहिदा जीवा ।
पणसीदिसदसगेहिं पयडिवियप्पेहिं ओघम्मि ॥ ४८७ ॥

द्वादशशतत्र्यशीतिस्थानविकल्पैर्मोहिता जीवाः ।
पञ्चाशीतिशतसप्तभिः प्रकृतिविकल्पैरोघे ॥ ४८७ ॥

अर्थ—गुणस्थानोंमें मोहनीयकर्मके सब १२८३ उदयस्थानोंमें तथा ८५०७ प्रकृतिभेदोंमें जगतके चराचर जीव मोहित होरहे हैं ॥ ४८७ ॥

अब अपुनरुक्तस्थानोंकी तथा उनकी प्रकृतियोंकी संख्या कहते हैं;—

एक्क य छक्केयारं दससगचदुरेक्कयं अपुणरुत्ता ।
एदे चदुवीसगदा बार दुगे पंच एक्कम्मि ॥ ४८८ ॥

एकं च षट्कैकादश दशसप्तचतुरेकमपुनरुक्तानि ।
एतानि चतुर्विंशगतानि द्वादश द्विके पञ्च एकस्मिन् ॥ ४८८ ॥

अर्थ—दशप्रकृतिरूप १ स्थान, नवादि प्रकृतिरूप क्रमसे ६, ११, १०, ७, ४, १

अर्थ—इसप्रकार गुणाकार करनेसे उपयोगकी अपेक्षासे मोहनीयके उदय स्थानोंके भेद ७७९९ जानने चाहिये ॥ ४९२ ॥

अब उपयोगकी अपेक्षासे प्रकृतिसंख्या कहते हैं;—

एक्कावण्णसहस्सं तेसीदिसमण्णियं वियाणाहि
पयडीणं परिमाणं उवजोगे मोहणीयस्स ॥ ४९३ ॥

एकपञ्चाशत्सहस्रं त्र्यशीतिसमन्वितं विजानीहि ।
प्रकृतीनां परिमाणं उपयोगे मोहनीयस्य ॥ ४९३ ॥

अर्थ—उपयोगके आश्रयसे मोहनीयकी प्रकृतियोंका प्रमाण ५१०८३ जानना चाहिये ॥ ४९३ ॥

आगे योगके आश्रय (अपेक्षा) से संख्या कहते हैं;—

तिसु तेरं दस मिस्से णव सत्तसु छट्ठयम्मि एक्कारा ।
जोगिम्मि सत्त जोगा अजोगिठाणं हवे सुण्णं ॥ ४९४ ॥

त्रिषु त्रयोदश दश मिश्रे नव सप्तसु षष्ठे एकादश ।
योगिनि सप्त योगा अयोगिस्थानं भवेत् शून्यम् ॥ ४९४ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि-सासादन-असंयत इन तीन गुणस्थानोंमें १३ योग हैं, मिश्रगुणस्थानमें १०, देशसंयत व अप्रमत्तादि-कुल सात गुणस्थानोंमें ९ योग हैं, छठे प्रमत्तगुणस्थानमें ११ योग हैं, सयोगकेवलीके ७ योग हैं, और अयोगी गुणस्थानमें शून्य है अर्थात् कोई योग नहीं है ॥ ४९४ ॥

अब मिश्रयोगसहित तथा केवल पर्याप्तयोगयुक्त गुणस्थानोंमें विशेषपना दिखाते हैं;—

मिच्छे सासण अयदे पमत्तविरदे अपुण्णजोगगदं ।
पुण्णगदं च य सेसे पुण्णगदे मेलिदं होदि ॥ ४९५ ॥

मिथ्ये सासने अयते प्रमत्तविरते अपूर्णयोगगतम् ।
पूर्णगतं च च शेषे पूर्णगते मिलितं भवति ॥ ४९५ ॥

अर्थ—मिथ्यात्व-सासादन-असंयत और प्रमत्तविरत इन चार गुणस्थानोंमें अपर्याप्तयोगको प्राप्त तथा पर्याप्तयोगको प्राप्त इन दोनोंको मिलाकर स्थानप्रमाण और प्रकृतियोंका प्रमाण होता है। तथा शेष गुणस्थानोंमें केवल पर्याप्तयोगहीको प्राप्त स्थानप्रमाण और प्रकृतिप्रमाण होता है ॥ ४९५ ॥

आगे जुदे स्थापन किये योगोंमें विशेषता दो गाथाओंसे कहते हैं;—

सासणअयदपमत्ते वेगुव्वियमिस्स तं च कम्मयियं ।
ओरालमिस्स हारे अडसोलडवग्ग अट्ठवीसमयं ॥ ४९६ ॥

---

१ यह गाथा जीवकांडमें भी आई है।

सासनायतप्रमत्ते वैगूर्विकमिश्रं तच्च कार्मणम् ।
औरालमिश्रमाहारे अष्टषोडशाष्टवर्गं अष्टविंशशतम् ॥ ४९६ ॥

अर्थ—सासादनगुणस्थानके वैक्रियिकमिश्रयोगमें आठका वर्ग अर्थात् ६४ स्थान हैं। असंयतगुणस्थानके वैक्रियिकमिश्रयोग और कार्माणयोगमें सोलहके वर्गप्रमाण अर्थात् २५६ स्थान हैं। तथा असंयतके औदारिकमिश्रयोगमें ६४ स्थान हैं। और प्रमत्तगुणस्थानके आहारक-आहारकमिश्रयोगमें १२८ स्थान हैं ॥ ४९६ ॥

आगे उक्त स्थानोंके प्रकृतिप्रमाणमें कम कियेहुए वेदोंका ग्रंथकर्ता आपही निषेध करते हैं;—

णत्थि णउंसयवेदो इत्थीवेदो णउंसइत्थिदुगे ।
पुव्वुत्तपुण्णजोगगचदुसुट्ठाणेसु जाणेज्जो ॥ ४९७ ॥

नास्ति नपुंसकवेदः स्त्रीवेदो नपुंसकस्त्रीद्विकम् ।
पूर्वोक्तापूर्णयोगगचतुर्षु स्थानेषु ज्ञातव्यम् ॥ ४९७ ॥

अर्थ—पहले कहे हुए अपर्याप्तयोगको प्राप्त चार स्थानोंमें क्रमसे नपुंसकवेद नहीं, स्त्रीवेद नहीं, और शेष दोमें नपुंसकवेद तथा स्त्रीवेद ये दोनों ही नहीं हैं, ऐसा जानना चाहिये ॥ ४९७ ॥

अब योगकी अपेक्षा सब स्थानोंका जोड़ कहते हैं—

तेवण्णणवसयाहियबारसहस्सप्पमाणमुदयस्स ।
ठाणवियप्पे जाणसु जोगं पडि मोहणीयस्स ॥ ४९८ ॥

त्रिपञ्चाशन्नवशताधिकद्वादशसहस्रप्रमाणमुदयस्य ।
स्थानविकल्पान् जानीहि योगं प्रति मोहनीयस्य ॥ ४९८ ॥

अर्थ—इसप्रकार मोहनीयकर्मके उदयस्थानोंके भेद योगकी अपेक्षासे १२९५३ जानना चाहिये ॥ ४९८ ॥

आगे प्रकृतियोंके भेदोंकी संख्या कहते हैं;—

विदियं तिगिपणगयदे खदुणवएक्कं खअट्ठचउरो य ।
छट्ठे चउसुण्णसगं पयडिवियप्पा अपुण्णम्हि ॥ ४९९ ॥

द्वितीये त्र्येकपञ्चकमयते खद्विनवैकं खाष्टचत्वारश्च ।
षष्ठे चतुःशून्यसप्त प्रकृतिविकल्पा अपूर्णे ॥ ४९९ ॥

अर्थ—सासादनगुणस्थानके वैक्रियिकमिश्रयोगमें दो एक पांच अर्थात् ५१२, असंयतके वैक्रियिकमिश्र और कार्माणमें शून्य दो नव एक अर्थात् १९२०, 'च' शब्दसे असंयतके औदारिकमिश्रयोगमें शून्य आठ चार अर्थात् ४८० और छठे प्रमत्तगुणस्थानके आहारक

युगलमें चार शून्य सात ७०४ अंकरूप प्रकृतियोंके भेद अपर्याप्त अवस्थामें होते हैं। इन भेदोंको पहले भेदोंमें ही जोड़कर मिलाना चाहिये ॥ ४९९ ॥

अब सब भेदोंकी मिलकर जो संख्या हुई उसे बताते हैं;—

पणदालछस्सयाहियअट्ठासीदीसहस्समुदयस्स ।
पयडीणं परिसंखा जोगं पडि मोहणीयस्स ॥ ५०० ॥

पञ्चचत्वारिंशत्षट्शताधिकाष्टाशीतिसहस्रमुदयस्य ।
प्रकृतीनां परिसंख्या योगं प्रति मोहनीयस्य ॥ ५०० ॥

अर्थ—इसतरह सब भेदोंको मिलानेसे मोहनीयकर्मकी प्रकृतियोंकी संख्या योगकी अपेक्षा ८८६४५ होती है, ऐसा जानना ॥ ५०० ॥

आगे संयमके आश्रयसे स्थानादि कहते हैं;—

तेरससयाणि सत्तरिसत्तेव य मेलिदे हवंतित्ति ।
ठाणवियप्पे जाणसु संजमलंबेण मोहस्स ॥ ५०१ ॥

त्रयोदशशतानि सप्ततिसप्तैव च मिलिते भवन्तीति ।
स्थानविकल्पा जानीहि संयमालम्बेन मोहस्य ॥ ५०१ ॥

अर्थ—संयमकी अपेक्षासे मोहनीयके स्थानभेद १३७७ होते हैं ऐसा जानना चाहिये ॥ ५०१ ॥

अब उदयप्रकृतिभेदोंको कहते हैं;—

तेवण्णतिसदसहियं सत्तसहस्सप्पमाणमुदयस्स ।
पयडिवियप्पे जाणसु संजमलंबेण मोहस्स ॥ ५०२ ॥

त्रिपञ्चाशत्त्रिशतसहितं सप्तसहस्रप्रमाणमुदयस्य ।
प्रकृतिविकल्पान् जानीहि संयमालम्बेन मोहस्य ॥ ५०२ ॥

अर्थ—संयमहीकी अपेक्षासे मोहनीयके उदय प्रकृति भेद ७३५३ मात्र होते हैं ऐसा जानना चाहिये ॥ ५०२ ॥

आगे गुणस्थानोंमें संभवती लेश्याओंको कहते हैं;—

मिच्छचउक्के छक्कं देसतिये तिण्णि होंति सुहलेस्सा ।
जोगित्ति सुक्कलेस्सा अजोगिठाणं अलेस्सं तु ॥ ५०३ ॥

मिथ्यचतुष्के षट्कं देशत्रये तिस्रो भवन्ति शुभलेश्याः ।
योगीति शुक्ललेश्या अयोगिस्थानमलेश्यं तु ॥ ५०३ ॥

अर्थ—मिथ्यादृष्टि आदिक चार गुणस्थानोंमें ६ लेश्या हैं, देशसंयतादि तीन गुणस्थानोंमें ३ शुभलेश्या हैं, उसके बाद सयोगकेवलीपर्यंत एक शुक्लेश्या ही है, और अयोगकेवली गुणस्थान लेश्यारहित है ॥ ५०३ ॥

आगे कही हुई इन लेश्याओंके आश्रयसे मोहके स्थान और प्रकृतियोंकी संख्याको दो गाथासूत्रोंसे कहते हैं;—

पंचसहस्सा बेसयसत्तावण्णा होंति उदयस्स।
ठाणवियप्पे जाणसु लेस्सं पडि मोहणीयस्स ॥ ५०४ ॥
पञ्चसहस्राणि द्विशतसप्तपञ्चाशत् भवन्ति उदयस्य।
स्थानविकल्पान् जानीहि लेश्यां प्रति मोहनीयस्य ॥ ५०४ ॥

अर्थ—लेश्याके संबंधसे मोहनीयके उदयके स्थानोंके भेद ५२५७ होते हैं ऐसा हे शिष्य तू समझ ॥ ५०४ ॥

अट्ठत्तीससहस्सा बेण्णिसया होंति सत्ततीसा य।
पयडीणं परिमाणं लेस्सं पडि मोहणीयस्स ॥ ५०५ ॥
अष्टत्रिंशत्सहस्राणि द्विशतानि भवन्ति सप्तत्रिंशच्च।
प्रकृतीनां परिमाणं लेश्यां प्रति मोहनीयस्य ॥ ५०५ ॥

अर्थ—लेश्याहीकी अपेक्षा मोहनीयकी प्रकृतियोंका परिमाण ३८२३७ होता है ऐसा जानना चाहिये ॥ ५०५ ॥

आगे सम्यक्त्वके आश्रयसे स्थानादिककी संख्या कहते हैं;

अट्ठत्तरीहिं सहिया तेरसयसया हवंति उदयस्स।
ठाणवियप्पे जाणसु सम्मत्तगुणेण मोहस्स ॥ ५०६ ॥
अष्टसप्ततिभिः सहितानि त्रयोदशकशतानि भवन्ति उदयस्य।
स्थानविकल्पा जानीहि सम्यक्त्वगुणेन मोहस्य ॥ ५०६ ॥

अर्थ—सम्यक्त्वगुणकर सहित मोहनीयके उदयस्थानोंके भेद १३७८ होते हैं ऐसा तुम जानो ॥ ५०६ ॥

अट्ठेव सहस्साइं छवीसा तह य होंति णादव्वा।
पयडीणं परिमाणं सम्मत्तगुणेण मोहस्स ॥ ५०७ ॥
अष्टैव सहस्राणि षड्विंशतिस्तथा च भवन्ति ज्ञातव्याः।
प्रकृतीनां परिमाणं सम्यक्त्वगुणेन मोहस्य ॥ ५०७ ॥

अर्थ—तथा सम्यक्त्वगुणसहित मोहनीयकी प्रकृतियोंका प्रमाण ८०२६ जानने योग्य है ॥ ५०७ ॥

आगे मोहनीयके सत्त्वप्रकरणको ११ गाथासूत्रोंसे कहते हैं;—

अट्ठ य सत्त य छक्क य चदुतिदुगेगाधिगाणि वीसाणि।
तेरस बारेयारं पणादि एगूणयं सत्तं ॥ ५०८ ॥

अष्ट च सप्त च षट्कं च चतुस्त्रिद्विकैकमधिकानि विंशतिः ।
त्रयोदशद्वादशैकादश पञ्चादि एकोनकं सत्त्वम् ॥ ५०८ ॥

अर्थ—मोहनीयकर्मके सत्त्वस्थान आठ अधिक वीस आदि अर्थात् २८, २७, २६, २४, २३, २२, २१, तथा १३, १२, ११, ५, और इससेभी एक एक कम अर्थात् ४, ३, २, १ संख्या रूप कुल १५ हैं ॥ ५०८ ॥

आगे इन १५ स्थानोंके गुणस्थानोंमें संभव होनेका प्रकार दिखाते हैं;—

तिण्णेगे एगेगं दो मिस्से चदुसु पण णियट्टीए ।
तिण्णि य थूलेयारं सुहुमे चत्तारि तिण्णि उवसंते ॥ ५०९ ॥

त्रीण्येकस्मिन्नेकस्मिन्नेकं द्वे मिश्रे चतुर्षु पञ्च निवृत्तौ ।
त्रीणि च स्थूले एकादश सूक्ष्मे चत्वारि त्रीण्युपशान्ते ॥ ५०९ ॥

अर्थ—पहले मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें १५ मेंसे तीन स्थान हैं, सासादनमें १, मिश्रगुणस्थानमें दो, असंयतादि चार गुणस्थानोंमें पांच पांच, निवृत्ति अर्थात् अपूर्वकरणगुणस्थानमें ३, स्थूलकषाय अर्थात् नववें गुणस्थानमें ११, सूक्ष्मसांपरायमें ४, उपशांतकषायनामा ११ वें गुणस्थानमें ३ सत्त्वस्थान हैं ॥ ५०९ ॥

अब उन्हींको कहते हैं;—

पढमतियं च य पढमं पढमं चउवीसयं च मिस्सम्हि ।
पढमं चउवीसचऊ अविरददेसे पमत्तिदरे ॥ ५१० ॥

प्रथमत्रयं च च प्रथमं प्रथमं चतुर्विंशकं च मिश्रे ।
प्रथमं चतुर्विंशचतुष्कं अविरतदेशे प्रमत्तेतरे ॥ ५१० ॥

अर्थ—उक्त १५ स्थानोंमेंसे आदिके तीन स्थान मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें हैं । सासादनमें पहला २८ प्रकृतिरूप ही सत्वस्थान है. मिश्रगुणस्थानमें पहला और २४ प्रकृतिरूप ये दो स्थान हैं । अविरत–देशविरत और प्रमत्त–अप्रमत्त इन चार गुणस्थानोंमें पहला तथा २४ प्रकृतिरूपआदि चार स्थान इस तरह पांच पांच सत्त्वस्थान हैं ॥ ५१० ॥

अडचउरेक्कावीसं उवसमसेढिम्हि खवगसेढिम्हि ।
एक्कावीसं सत्ता अट्ठकसायाणियट्टित्ति ॥ ५११ ॥

उत्पन्नप्रथमकाले नीचमेकं भवेत् सत्त्वम् ॥ ६३७ ॥

अर्थ—उच्चगोत्रकी उद्वेलना सहित तेजकायिक और वायुकायिक जीवोंके एक नीचगोत्रका ही सत्त्व है। और ये दोनों मरण कर जिनमें उत्पन्न हों ऐसे एकेन्द्री–विकलेंद्री और पंचेन्द्री तिर्यंचोंमें उत्पन्न होनेके अंतर्मुहूर्तकाल पहले एक नीचगोत्रका ही सत्त्व है; पीछे उच्चगोत्रको बांधनेपर दोनोंका सत्त्व होता है ॥ ६३७ ॥

मिच्छादिगोदभंगा पण चदु तिसु दोण्णि अट्ठठाणेसु।
एक्केक्का जोगिजिणे दो भंगा होंति णियमेण ॥ ६३८ ॥

मिथ्यादौ गोत्रभङ्गाः पञ्च चत्वारः त्रिषु द्वौ अष्टस्थानेषु।
एकैकः अयोगिजिने द्वौ भङ्गौ भवन्ति नियमेन ॥ ६३८ ॥

अर्थ—गुणस्थानोंकी अपेक्षासे गोत्रकर्मके भंग नियमसे मिथ्यादृष्टि और सासादन गुणस्थानमें क्रमसे ५ और ४ होते हैं। मिश्रादि तीन गुणस्थानोंमें दो दो भंग हैं। प्रमत्तादि आठ गुणस्थानोंमें गोत्रकर्मका एक एक ही भंग है। और अयोगकेवलीके दो भंग होते हैं ॥ ६३८ ॥

आगे आयुकर्मके भंग १३ गाथाओंसे कहते हैं;—

सुरणिरया णरतिरियं छम्मासवसिट्ठगे सगाउस्स ।
णरतिरिया सव्वाउं तिभागसेसम्मि उक्कस्सं ॥ ६३९ ॥
भोगभुमा देवाउं छम्मासवसिट्ठगे य बंधंति ।
इगिविगला णरतिरियं तेउदुगा सत्तगा तिरियं ॥६४०॥जुम्मं।

सुरनिरया नरतिर्यञ्चं षण्मासावशिष्टके स्वकायुषः ।
नरतिर्यञ्चः सर्वायूंपि त्रिभागशेषे उत्कृष्टम् ॥ ६३९ ॥
भोगभूमा देवायुः षण्मासावशिष्टके च बध्नन्ति ।
एकविकला नरतिर्यञ्चं तेजोद्विकौ सप्तकाः तिर्यञ्चम् ॥ ६४० ॥ युग्मम् ।

अर्थ—अपनी भुज्यमान आयुके अधिकसे अधिक ६ महीने शेष रहनेपर देव और नारकी मनुष्यायु अथवा तिर्यंचायुका ही बंध करते हैं। तथा मनुष्य और तिर्यंच अपनी आयुके तीसरे भागके शेष रहनेपर चारों आयुओंमेंसे योग्यतानुसार किसी भी एकको बांधते हैं। भोगभूमिया जीव अपनी आयुके ६ महीने बाकी रहनेपर देवायुका ही बंध करते हैं। एकेन्द्री और विकलत्रय जीव, मनुष्यायु वा तिर्यंचायु दोनोंमेंसे किसी एकको बांधते हैं; परंतु तेजकायिक-वायुकायिक जीव और सातवीं पृथिवीके नारकी तिर्यंचआयुका ही बंध करते हैं ॥ ६३९।६४० ॥

इसप्रकार आयुके बंधस्वरूपको कहकर अब आयुके उदय-सत्त्वको कहते हैं;—

सगसगगदीणमाउं उदेदि बंधे उदिण्णगेण समं ।
दो सत्ता हु अबंधे एक्कं उदयागदं सत्तं ॥ ६४१ ॥

स्वकस्वकगतीनामायुरुदेति बन्धे उदीर्णकेन समम् ।
द्वे सत्त्वे हि अबन्धे एकमुदयागतं सत्त्वम् ॥ ६४१ ॥

अर्थ—नारकीआदि जीवोंके अपनी अपनी गतिकी एक आयुका तो उदय ही होता है। और परभवकी आयुका भी बंध हो जावे तो उनके उदयरूप आयुसहित दो आयुकी सत्ता होती है। और जो परभवकी आयुका बंध न हो तो एक ही उदयागत आयुकी सत्ता रहती है; ऐसा नियमसे जानना ॥ ६४१ ॥

एक्के एक्कं आऊ एक्कभवे बंधमेदि जोग्गपदे ।
अडवारं वा तत्थवि तिभागसेसे व सव्वत्थ ॥ ६४२ ॥

एकस्मिन्नेकमायुरेकभवे वन्धमेति योग्यपदे ।
अष्टवारं वा तत्रापि त्रिभागशेषे एव सर्वत्र ॥ ६४२ ॥

अर्थ—एक जीवके एक भवमें एक ही आयु बंधरूप होती है। सो भी वह योग्यकालमें आठवार ही बंधती है, तथा वहांपर भी वह सब जगह आयुका तीसरा २ भाग शेष रहनेपर ही बंधती है ॥ ६४२ ॥

इगिवारं वज्जित्ता वड्डी हाणी अवट्ठिदी होदि ।
ओवट्टणघादो पुण परिणामवसेण जीवाणं ॥ ६४३ ॥

एकवारं वर्जयित्वा वृद्धिः हानिः अवस्थितिः भवति ।
अपवर्तनघातः पुनः परिणामवशेन जीवानाम् ॥ ६४३ ॥

अर्थ—पूर्वकथित आठ अपकर्षणों (त्रिभागों) में पहलीवारके विना द्वितीयादिवारमें जो पहले वारमें आयु बांधी थी उसीकी स्थितिकी वृद्धि वा हानि अथवा अवस्थिति होती है। और आयुके बंध करनेपर जीवोंके परिणामोंके निमित्तसे उदयप्राप्त आयुका अपवर्तनघात (कदलीघात–घटजाना) भी होता है. **भावार्थ**—आठ अपकर्षणोंमें सभीके अन्दर आयुका बंध हो ही ऐसा नियम नहीं है. जहांपर आयुबंधके निमित्त मिलते हैं वहीं बंध होता है. तथा जिस अपकर्षणमें जिस आयुका बंध हो जाता है उसके अनंतर उसी आयुका बंध होता है, परन्तु परिणामोंके अनुसार उसकी स्थिति कम जादे या अवस्थित हो सकती है. तथा उसका उदय आनेपर कदलीघात भी हो सकता है ॥ ६४३ ॥

एवमबंधे बंधे उवरदबंधेवि होंति भंगा हु ।
एक्कस्सेक्कम्मि भवे एक्काउं पडि तये णियमा ॥ ६४४ ॥

एवमबन्धे वन्धे उपरतबन्धेपि भवन्ति भङ्गा हि ।
एकस्यैकस्मिन् भवे एकायुः प्रति त्रयो नियमात् ॥ ६४५ ॥

अर्थ—इसप्रकार बंध होनेपर अथवा बन्ध नहीं होनेपर व उपरत बंध अवस्थामें एक जीवके एक पर्यायमें एक एक आयुके प्रति तीन तीन भंग नियमसे होते हैं. **भावार्थ**—किसी भी जीवके आगामी आयुके वंधकी अपेक्षासे तीन भंग हो सकते हैं. आगामी आयुका भूत कालमें बंध न हुआ हो किंतु वर्तमानमें बंध हो रहा हो वहां पहला बंधरूप भंग, और जहां भूतमें भी बंध न हुआ हो और वर्तमानमें भी न हो रहा हो वहां दूसरा अबंध रूप भंग, और जहां भूतकालमें बंध हुआ हो वर्तमानमें न हो रहा हो वहां उपरतबंध तीसरा भंग होता है ॥ ६४४ ॥

एक्काउस्स तिभंगा संभवआऊहिं ताडिदे णाणा ।
जीवे इगिभवभंगा रूऊणगुणूणमसरित्थे ॥ ६४५ ॥

एकायुषः त्रिभङ्गा संभवायुर्भिस्ताडिते नाना ।
जीवेषु एकभवभङ्गा रूपोनगुणोनमसदृशे ॥ ६४५ ॥

अर्थ—उक्त एक एक आयुके तीन तीन भंगोंको विवक्षित गतिमें संभव होनेवाली आयुकी संख्यासे गुणा करनेपर नाना जीवोंकी अपेक्षा एक एक भवके भंग निष्पन्न होते हैं। सो देव नारकमें दो २ आयुका ही बंध संभव है, अतः वहां छह २ भंग होते हैं। और मनुष्य तिर्यंचोंके चारोंका बंध संभव है, अतः ३ को ४ से गुणनेपर बारह भंग होते हैं। और अपुनरुक्त भंगोंकी अपेक्षा बध्यमान आयुकी संख्यारूप गुणाकारमें एक घटाके जो प्रमाण हो उसे पूर्वकथित भंगोंमें घटानेसे अपुनरुक्त भंग होते हैं। अतएव देव नारकमें पांच २ और मनुष्य तिर्यंचमें नौ नौ भंग अपुनरुक्त समझने चाहिये ॥ ६४५ ॥

अब गुणस्थानोंमें आयुके अपुनरुक्त भंगोंको दिखाते हैं;—

पण णव णव पण भंगा आउचउक्केसु होंति मिच्छम्मि ।
णिरयाउबंधभंगेणूणा ते चेव बिदियगुणे ॥ ६४६ ॥

पञ्च नव नव पञ्च भङ्गा आयुश्चतुष्केषु भवन्ति मिथ्ये ।
निरयायुर्बन्धभङ्गेनोनास्ते चैव द्वितीयगुणे ॥ ६४६ ॥

अर्थ—वे अपुनरुक्त भंग मिथ्यादृष्टिगुणस्थानमें नरकादिगतिमें चार आयुओंके क्रमसे ५, ९, ९, ५ जानना चाहिये। और दूसरे गुणस्थानमें नरकायुके विना बंधरूप भंग होते हैं, अतएव वहांपर ५, ८, ८, ५ भंग जानना ॥ ६४६ ॥

सव्वाउबंधभंगेणूणा मिस्सम्मि अयदसुरणिरये ।
णरतिरिये तिरियाऊ तिण्णाउगबंधभंगूणा ॥ ६४७ ॥

सर्वायुर्बन्धभङ्गेनोना मिश्रे अयतसुरनिरये ।
नरतिरश्चि तिर्यगायुः त्रिकायुष्कबन्धभङ्गोनाः ॥ ६४७ ॥

अर्थ—जो कि पहले आयुबंधकी अपेक्षा भंग कहे गये थे वे सब कमकरनेसे मिश्रगुणस्थानमें नरकादि गतियोंमें क्रमसे ३, ५, ५, ३ भंग होते हैं, और असंयत गुणस्थानमें देव—नरकगतिमें तो तिर्यंचआयुका बंधरूप भंग न होनेसे चार चार भंग हैं तथा मनुष्य तिर्यंचगतिमें आयुबंधकी अपेक्षा नरकतिर्यंचमनुष्यायुबंधरूप तीन भंग न होनेसे छह छह भंग हैं, क्योंकि इनके बंधका सासादनगुणस्थानमें ही व्युच्छेद (बंधका अभाव) हो जाता है ॥ ६४७ ॥

देस णरे तिरिये तियतियभंगा होंति छट्ठसत्तमगे ।
तियभंगा उवसमगे दोद्दो खवगेसु एक्केको ॥ ६४८ ॥

देशे नरे तिरश्चि त्रिकत्रिकभङ्गा भवन्ति षष्ठसप्तमके ।
त्रिकभङ्गा उपशमके द्वौ द्वौ क्षपकेषु एकैकः ॥ ६४८ ॥

अर्थ—देशसंयत गुणस्थानमें तिर्यंच और मनुष्योंमें बंध-अबंध-उपरतबंधकी अपेक्षा तीन तीन भंग होते हैं। छठे सातवें गुणस्थानमें मनुष्यके ही और देवायुके बंधकी ही अपेक्षा तीन तीन भंग होते हैं। उपशमश्रेणीमें देवायुका भी बंध न होनेसे देवायुके अबंध-उपरतबंधकी अपेक्षा दो दो भंग हैं। और क्षपकश्रेणीमें उपरतबंधके भी न होनेसे अबंधकी अपेक्षा एक एक ही भंग है ऐसा जानना चाहिये ॥ ६४८ ॥

आगे गुणस्थानोंमें जो सब गतियों संबंधी आयुके भंग कहे गये हैं उन सबका जोड़ कहते हैं;—

अडछव्वीसं सोलस वीसं छत्तिगतिगं च चदुसु दुगं।
असरिसभंगा तत्तो अजोगिअंतेसु एक्केको ॥ ६४९ ॥

अष्टषड्विंशतिः षोडश विंशतिः षड् त्रिकत्रिकं च चतुर्षु द्विकम्।
असदृशभंगाः तत अयोग्यन्तेषु एकैकः ॥ ६४९ ॥

अर्थ—सब मिलकर अपुनरुक्तभंग मिथ्यादृष्टि आदि ७ गुणस्थानोंमें क्रमसे २८, २६, १६, २०, ६, ३, ३, हैं। उपशमश्रेणीवाले चार गुणस्थानोंमें दो दो भंग जानना। उसके बाद क्षपकश्रेणीमें अपूर्वकरणसे लेकर अयोगिगुणस्थानतक एक एक भंग कहा गया है ॥ ६४९ ॥

आगे वेदनीय-गोत्र-आयु इन तीनोंके मिथ्यादृष्टिआदि सब गुणस्थानोंमें भंगोंकी संख्या कहते हैं;—

बादालं पणुवीसं सोलसअहियं सयं च वेयणिये।
गोदे आउम्मि हवे मिच्छादिअजोगिणो भंगा ॥ ६५० ॥

द्वाचत्वारिंशत् पञ्चविंशतिः षोडशाधिकं शतं च वेदनीये।
गोत्रे आयुषि भवेयुः मिथ्याद्ययोगिनो भङ्गाः ॥ ६५० ॥

अर्थ—पहले जो मिथ्यादृष्टि आदि अयोगीपर्यंत गुणस्थानोंमें भंग कहे हैं वे सब मिलकर वेदनीयके ४२, गोत्रके २५ और आयुके ११६ होते हैं ॥ ६५० ॥

आगे वेदनीय-गोत्र-आयु इनके सामान्यरीतिसे पूर्वोक्त मूल भंगोंकी संख्या कहते हैं;—

वेयणिये अडभंगा गोदे सत्तेव होंति भंगा हु।
पण णव णव पण भंगा आउचउक्केसु विसरित्था ॥ ६५१ ॥

वेदनीये अष्ट भङ्गा गोत्रे सप्तैव भवन्ति भङ्गा हि।
पञ्च नव नव पञ्च भङ्गा आयुश्चतुष्केषु विसदृशाः ॥ ६५१ ॥

अर्थ—पूर्वोक्त भंगोंमें अपुनरुक्त मूल भंग वेदनीयके ८, और गोत्रके ७ होते हैं। तथा चारों आयुओंके क्रमसे ५, ९, ९, ५ भंग होते हैं ॥ ६५१ ॥

आगे मोहनीयके त्रिसंयोगी भंगोंको कहते हैं;—

उदयस्थान ९ के से लेकर तीन–अर्थात् ९ का ८ का ७ का, तथा सत्त्वस्थान एक २८ का ही जानना चाहिये ॥ ६५५ ॥

सत्तरसं णवयतियं अडचउवीसं पुणोवि सत्तरसं।
णवचउ अडचउवीस य तिवीसतियमंसयं चउसु ॥ ६५६ ॥

सप्तदश नवकत्रयमष्टचतुर्विंशं पुनरपि सप्तदश।
नवचतुष्कमष्टचतुर्विंशं च त्रयोविंशत्रयमंशकं चतुर्षु ॥ ६५६ ॥

अर्थ—मिश्रगुणस्थानमें बंध उदय सत्त्वस्थान ये तीनों क्रमसे १७ का, ९ को आदिलेकर तीन, तथा २८–२४ के दो स्थान हैं। उसके बाद असंयतगुणस्थानमें बंधादि तीन क्रमसे १७ का, ९ को आदिलेकर चार स्थान, २८–२४ के दो और २३ को आदिलेकर तीन इसतरह कुल पांच, हैं। इसीतरह ये ही ५ सत्त्वस्थान असंयतादि अप्रमत्तगुणस्थानतक् चार गुणस्थानोंमें भी जानने चाहिये ॥ ६५६ ॥

तेरट्ठचऊ देसे पमदिदरे णव सगादिचत्तारि।
तो णवगं छादितियं अडचउरिगिवीसयं च बंधतियं ॥ ६५७ ॥

त्रयोदश अष्टचतुष्कं देशे प्रमत्तेतरयोः नव सप्तकादिचत्वारि।
अतो नवकं षडादित्रयमष्टचतुरेकविंशकं च बंधत्रयम् ॥ ६५७ ॥

अर्थ—देशसंयतगुणस्थानमें बंध उदय सत्त्व ये तीनों स्थान क्रमसे १३ का, ८ को आदिलेकर चार स्थान, तथा पूर्ववत् ५ हैं। प्रमत्तगुणस्थान और अप्रमत्तगुणस्थान इन दोनोंमें बंधादिस्थान क्रमसे ९ का, ७ को लेकर चार, तथा पहलेकी तरह ५ हैं। इसके बाद अपूर्वकरण गुणस्थानमें तीनों स्थान क्रमसे ९ का, ६ को आदिलेकर तीन, और २८–२४–२१ का इसप्रकार तीन हैं, और क्षपकके एक २१ का ही स्थान है ॥ ६५७ ॥

पंचादिपंचबंधो णवमगुणे दोण्णि एक्कसुदयो दु।
अट्ठचदुरेक्कवीसं तेरादीअट्ठयं सत्तं ॥ ६५८ ॥

पञ्चादिपञ्चबन्धो नवमगुणे द्वौ एक उदयस्तु।
अष्टचतुरेकविंशं त्रयोदशाद्यष्टकं सत्त्वम् ॥ ६५८ ॥

अर्थ—नवमे गुणस्थानमें ५ को आदिलेकर पांच बंधस्थान हैं। २ का १ का इसप्रकार दो उदयस्थान हैं। और २८–२४–२१ का इसतरह तीन सत्त्वस्थान हैं। तथा क्षपकश्रेणीवालेके १३ के को आदिलेकर ८ सत्त्वस्थान हैं। इसके ऊपर मोहके बंधका अभाव है अत एव वहांपर उदय और सत्व दोकेही स्थान समझने चाहिये ॥ ६५८ ॥

लोहेक्कुदओ सुहुमे अडचउरिगिवीसमेक्कयं सत्तं।
अडचउरिगिवीसंसा संते मोहस्स गुणठाणे ॥ ६५९ ॥

लोभैकोदयः सूक्ष्मे अष्टचतुरेकविंशत्के सत्त्वम् ।
अष्टचतुरेकविंशांशाः शान्ते मोहस्य गुणस्थाने ॥ ६५९ ॥

अर्थ—सूक्ष्मसांपरायगुणस्थानमें उदयस्थान एक सूक्ष्मलोभरूप ही है। और सत्त्वस्थान २८–२४–२१ के तीन किंतु क्षपकश्रेणीवालेके १ प्रकृतिरूप एक ही है। इसके आगे मोहके उदयका भी अभाव है। अतएव उपशांतकषाय गुणस्थानमें सत्त्वस्थान ही हैं और वे २८–२४–२१ के तीन हैं। यहां पर इतना और विशेष समझना कि जिस प्रकार दसवें गुणस्थानमें बंधस्थानका अभाव होनेसे उदयसत्त्वके ही दो स्थान कहे हैं और ग्यारहवेंमें उदयका भी अभाव होनेसे एक सत्त्वका ही स्थान कहा है, उसी प्रकार उपशांत मोहसे आगे मोहका सत्त्व भी नहीं रहता अतएव उसका भी वर्णन नहीं किया है। इसप्रकार मोहनीयके बंधादि स्थान गुणस्थानोंमें जानने चाहिये ॥ ६५९ ॥

आगे मोहनीयके बंध उदय और सत्त्वस्थानोंके त्रिसंयोगमें जो विशेषता है उसको दिखाते हैं;—

बंधपदे उदयंसा उदयट्ठाणेवि बंध सत्तं च ।
सत्ते बंधुदयपदं इगिअधिकरणे दुगाधेज्जं ॥ ६६० ॥

बन्धपदे उदयांशा उदयस्थानेपि बन्धः सत्त्वं च ।
सत्त्वे बन्धोदयपदमेकाधिकरणे द्विकाधेयम् ॥ ६६० ॥

अर्थ—बन्धस्थानमें उदयस्थान और सत्त्वस्थान ये दो स्थान, उदयस्थानमें बंधस्थान और सत्त्वस्थान, तथा सत्त्वस्थानमें भी बंधस्थान और उदयस्थान होते हैं। इसप्रकार एक अधिकरणमें दो आधेय रहते हैं ऐसा समझना चाहिये ॥ ६६० ॥

उनमेंसे पहले बंधस्थानमें उदय–सत्त्वस्थानोंको कहते हैं;—

बावीसयादिबंधेसुदयंसा चदुतितिगिचउपंच ।
तिसु इगि छद्दो अट्ठ य एक्कं पंचेव तिट्ठाणे ॥ ६६१ ॥

द्वाविंशकादिबन्धेषूदयांशाः चतुस्त्रित्रिकैकचतुःपञ्च ।
त्रिष्वेकः षट् द्वौ अष्ट च एकः पञ्चैव त्रिस्थाने ॥ ६६१ ॥

अर्थ—बाईसके स्थानको आदिलेकर बंधस्थानोंमें क्रमसे उदयस्थान और सत्त्वस्थान इस प्रकार हैं;—२२ के में ४ उदयस्थान और ३ सत्वस्थान हैं, दूसरे बंधस्थानमें ३ उदयस्थान १ सत्त्वस्थान है, इससे आगेके तीन स्थानोंमें उदयस्थान चार चार और सत्वस्थान पांच पांच हैं, इसके बाद एक बंधस्थानमें उदयस्थान १ सत्वस्थान ६ हैं, उससे आगेके एक बंधस्थानमें उदयस्थान २ सत्त्वस्थान ८ हैं, उसके बाद तीन बंधस्थानोंमें उदयस्थान १ और सत्त्वस्थान पांच पांच हैं ॥ ६६१ ॥

आगे उन्हीं उदयादिस्थानोंको दिखाते हैं;

दसयचऊ पढमतियं णवतियमडवीसयं णवादिचऊ ।
अडचदुतिदुइगिवीसं अडचदु पुव्वं व सत्तं तु ॥ ६६२ ॥

दशकचतुष्कं प्रथमत्रिकं नवत्रिकमष्टाविंशकं नवादिचतुष्कम् ।
अष्टचतुस्त्रिद्व्येकविंशमष्टचतुष्कं पूर्वं व सत्त्वं तु ॥ ६६२ ॥

अर्थ—उन उदयादिस्थानोंमेंसे बाईसके बंधस्थानमें १० के स्थानको आदिलेकर चार उदयस्थान हैं और २८ को आदिलेकर तीन सत्त्वस्थान हैं। २१ के बंधस्थानमें ९ के स्थानसे लेकर तीन उदयस्थान हैं और सत्त्वस्थान एक अट्ठाईसका ही है। १७ के बंधस्थानमें ९ के स्थानसे लेकर ४ उदयस्थान हैं और सत्त्वस्थान २८–२४–२३–२२–२१ के पांच हैं। १३ के बंधस्थानमें ८ के स्थानसे लेकर ४ उदयस्थान हैं और सत्त्वस्थान पूर्व कहे हुए ५ हैं ॥ ६६२ ॥

सगचउ पुव्वं वंसा दुगमडचउरेक्कवीस तेरतियं ।
दुगमेक्कं च य सत्तं पुव्वं वा अत्थि पणगदुगं ॥ ६६३ ॥

सप्तचतुष्कं पूर्वं वांशा द्विकमष्टचतुरेकविंशं त्रयोदशत्रयम् ।
द्विकमेकं च च सत्त्वं पूर्वं वा अस्ति पञ्चकद्विकम् ॥ ६६३ ॥

अर्थ—९ के बंधस्थानमें ७ को आदिलेकर ४ उदयस्थान हैं और सत्त्वस्थान पूर्वकथित ५ हैं। ५ के बंधस्थानमें २ का ही एक उदयस्थान है और सत्त्वस्थान उपशमकके २८–२४–२१ के तीन तथा क्षपकके १३ से लेकर तीन, इसप्रकार ६ हैं। ४ के बंधस्थानमें २ और १ प्रकृतिरूप दो उदयस्थान हैं और सत्त्वस्थान पूर्वोक्त कहे हुए ६ तथा पांच को आदिलेकर २ इसतरह ८ हैं ॥ ६६३ ॥

तिसु एक्केक्कं उदओ अडचउरिगिवीससत्तसंजुत्तं ।
चदुतिदयं तिदयदुगं दो एक्कं मोहणीयस्स ॥ ६६४ ॥

त्रिषु एकैकं उदय अष्टचतुरेकविंशसत्त्वसंयुक्तम् ।
चतुस्त्रितयं त्रितयद्विकं द्वे एकं मोहनीयस्य ॥ ६६४ ॥

अर्थ—३–२–१ प्रकृतिरूप तीन बंधस्थानोंमें उदयस्थान एक एक प्रकृतिरूप ही है और सत्त्वस्थान २८–२४–२१ के तीन और तीनके बंध स्थानके ४–३ के दो स्थानोंको मिलानेसे कुल ५ होते हैं। २ के बंधस्थानमें ३–२ के स्थानोंको पूर्वोक्त तीन स्थानोंमें मिलानेसे ५ होते हैं। तथा १ के बंधस्थानमें सत्त्वस्थान पूर्वोक्त तीन स्थानोंमें २–१ के स्थानको मिलानेसे ५ हो जाते हैं। भावार्थ—जिस जीवके जिस समयमें २२ का बंध है उसके उदय १० का अथवा ९ का या ८ का अथवा ७ का भी पाया जाता है और सत्त्व २८ का २७ का अथवा २६ का भी पाया जाता है। इसीतरह आगेका [illegible] भी समझलेना ॥ इसप्रकार मोहनीयके बंधस्थानोंको अधिकरण मानके उदय सत्त्व [illegible] आधेयरूप भंग [illegible] स्थानोंको [illegible]

उदयकी व्युच्छित्ति और क्षपणा उद्वेलना करि सत्त्वव्युच्छित्तिको भी ध्यानमें लेकर इन भंगोंको समझलेना चाहिये ॥ ६६४ ॥

आगे उदयस्थानको अधिकरण बनाके बंधस्थान और सत्त्वस्थानके आधेयरूप भंगोंको कहते हैं;—

दसयादिसु बंधंसा इगितिय तियछक्क चारिसत्तं च ।
पणपण तियपण दुगपण इगितिग दुगछचऊणवयं ॥ ६६५ ॥

दशकादिषु बन्धांशा एकत्रिकं त्रिकषट्कं चतुःसप्त च ।
पञ्चपञ्च त्रिकपञ्च द्विकपञ्च एकत्रिकं द्विकषट् चतुर्नवकम् ॥ ६६५ ॥

अर्थ—१० के स्थानको आदि लेकर उदयस्थानोंमें बंधस्थान और सत्त्वस्थान क्रमसे १–३, ३–६, ४–७, ५–५, ३–५, २–५, १–३, २–६, और ४–९ जानने चाहिये ॥ ६६५ ॥

अब वे कौनसे हैं सो दिखाते हैं;—

पढमं पढमतिचउपणसत्तरतिग चदुसु बंधयं कमसो ।
पढमतिछस्सगमडचउतिदुइगिवीसंसयं दोसु ॥ ६६६ ॥

प्रथमं प्रथमत्रिचतुःपञ्चसप्तदशत्रिकं चतुर्षु वन्धकं क्रमशः ।
प्रथमत्रिषट्सप्त अष्टचतुस्त्रिद्विकैकविंशांशकं द्वयोः ॥ ६६६ ॥

अर्थ—पहले १० के उदयस्थानमें बंधस्थान पहला (२२ का) है, उसके बाद चार स्थानोंमें क्रमसे २२ के को आदि लेकर ३, और २२ के को आदि लेकर ४, तथा २२ के को आदि लेकर ५, एवं १७ के स्थानको आदि लेकर तीन बंधस्थान हैं । और सत्त्वस्थान पहले बंधस्थानमें २८ आदिके तीन हैं, दूसरेमें पहले २८ के को आदिलेकर ६ हैं, तीसरेमें २८ के को आदि लेकर ७ हैं, और चौथा तथा पांचवां इन दो उदयस्थानोंमें २८–२४–२३–२२–२१ के इसतरह पांच सत्त्वस्थान हैं ॥ ६६६ ॥

तेरदु पुव्वं बंसा णवमडचउरेक्कवीससत्तमदो ।
पणदुगमडचउरेकावीसं तेरसतियं सत्तं ॥ ६६७ ॥

त्रयोदशद्विकं पूर्वं बांशा नवममष्टचतुरेकविंशसत्त्वमतः ।
पञ्चद्विकमष्टचतुरेकविंशं त्रयोदशत्रिकं सत्त्वम् ॥ ६६७ ॥

अर्थ—पांचप्रकृतिके उदयस्थानमें १३ के स्थानको लेकर दो बंधस्थान हैं और सत्त्वस्थान पहलेकी तरह ५ हैं, चारके उदयस्थानमें ९ का ही बंधस्थान है और २८–२४–२१ के तीन सत्त्वस्थान हैं, उसके बाद २ के उदयस्थानमें ५ के स्थानको लेकर दो ही बंधस्थान हैं और २८–२४–२१ के तीन और १३ के को आदि लेकर तीन, इसतरह ६ सत्त्वस्थान हैं ॥ ६६७ ॥

चरिमे चदुतिदुगेक्कं अट्ठयचदुरेक्कसंजुदं वीसं ।
एक्कारादीसव्वं कमेण ते मोहणीयस्स ॥ ६६८ ॥
चरमे चतुस्त्रिद्विकैकमष्टकचतुरेकसंयुतं विंशम् ।
एकादशादिसर्वं क्रमेण तानि मोहनीयस्य ॥ ६६८ ॥

अर्थ—अंतके १ प्रकृतिवाले उदयस्थानमें ४–३–२–१ के चार बंधस्थान हैं और २८–२४–२१ के तीन स्थान और ११ के स्थानसे लेकर ६ स्थान, इसप्रकार सब ९ सत्त्वस्थान हैं। इसरीतिसे ये सब मोहनीयके स्थान क्रमसे जानने चाहिये ॥ ६६८ ॥

आगें सत्त्वको अधिकरण मानके और बंधउदयको आधेयरूप समझकर भंगोंको कहते हैं;—

सत्तपदे बंधुदया दसणव इगिति दुसु अडड तिपण दुसु ।
अडसग दुगि दुसु विविगिगि दुगि तिसु इगिसुण्णमेक्कं च॥६६९॥
सत्त्वपदे बन्धोदया दशनव एकत्रिकं द्वयोः अष्टाष्ट त्रिपञ्च द्वयोः ।
अष्टसप्त द्व्येकं द्वयोः द्विद्विकमेकैकं द्व्येकं त्रिषु एकशून्यमेकं च ॥ ६६९ ॥

अर्थ—२८ के स्थानको आदिलेकर सत्त्वस्थानोंमें जो क्रमसे बंध और उदयस्थान कहे हैं वे इस प्रकार हैं कि पहले स्थानमें १०–९, उसके बाद दो स्थानोंमें १–३, उसके आगेके स्थानमें ८–८, उसके बाद दो स्थानोंमें ३–५, उससे आगेके स्थानमें ८–७, उसके बाद दो स्थानोंमें २–१, उसके आगे २–२, उसके बाद १–१, उसके बाद तीन स्थानोंमें २–१ और एक सत्त्वस्थानमें १ अथवा शून्य और १ स्थान हैं ॥ ६६९ ॥

अब उन्हीं स्थानोंको दिखाते हैं;—

सव्वं सयलं पढमं दसतिय दुसु सत्तरादियं सव्वं ।
णवयप्पहुदीसयलं सत्तरति णवादिपण दुपदे ॥ ६७० ॥
सत्तरसादि अडादीसव्वं पण चारि दोण्णि दुसु तत्तो ।
पंचचउक्क दुगेक्कं चदुरिगि चदुतिण्णि एक्कं च ॥ ६७१ ॥
तत्तो तियदुगमेक्कं दुप्पयडीएक्कमेक्कठाणं च ।
इगिणभबंधो चरिमे एउदओ मोहणीयस्स ॥६७२॥ विसेसयं ।
सर्वं सकलं प्रथमं दशत्रिकं द्वयोः सप्तदशादिकं सर्वम् ।
नवकप्रभृति सकलं सप्तदशत्रिकं नवादिपञ्च द्विपदे ॥ ६७० ॥
सप्तदशादि अष्टादि सर्वं पञ्च चत्वारि द्वे द्वयोः ततः ।
पञ्चचतुष्कं द्विकैकं चतुरेकं चतुस्त्रीणि एकं च ॥ ६७१ ॥
ततः त्रिकद्विकमेकं द्विप्रकृत्येकमेकस्थानं च ।
एकनभोबन्धो चरमे एकोदयो मोहनीयस्य ॥ ६७२ ॥ विशे०॥

अर्थ—मोहनीयके सत्त्वस्थानोंमेंसे पहले २८ के सत्त्वस्थानमें बंधस्थान २२ को लेकर सब (१०) और उदयस्थान १० को आदि लेकर सब (९), उसके बाद २७ और २६ के दो स्थानोंमें बंधस्थान एक २२ ही का और उदयस्थान १० को लेकर तीन, २४ के सत्त्वस्थानमें बंधस्थान १७ को लेकर सब (८) और ९ को लेकर उदयस्थान सब (८), उसके बाद २३ और २२ के दो सत्त्वस्थानोंमें १७ को लेकर तीन बंधस्थान और ९ को लेकर पांच उदयस्थान हैं। २१ के सत्त्वस्थानमें बंधस्थान १७ को लेकर सब (८) हैं और उदयस्थान ८ को आदि लेकर सब (७) हैं। उसके बाद १३ और १२ के दो सत्त्वस्थानोंमें बंधस्थान पांच और चारके दो हैं, तथा उदयस्थान दो का ही है। उसके बाद ११ के स्थानमें ५ और चारके बंधस्थान दो और उदयस्थान २ और १ के दो, तथा ५ के सत्त्वस्थानमें बंधस्थान ४ हीका और उदयस्थान १ हीका है। और ४ के सत्त्वस्थानमें ४ और ३ के दो बंधस्थान और उदयस्थान १ हीका है। उसके बाद ३ के सत्त्वस्थानमें बंधस्थान उदयस्थान क्रमसे ३ और २ के दो और १ हीका एक है, २ के सत्त्वस्थानमें २ और १ के दो और १ हीका एक है। और १ के सत्त्वस्थानमें बंधस्थान १ का अथवा शून्य है तथा उदयस्थान १ का एक ही है ॥ ६७० । ६७१ । ६७२ ॥

आगे मोहनीयके बंध उदय और सत्त्वमें दो को आधार एक को आधेय बनाकर भंग कहते हैं;—

बंधुदये सत्तपदं बंधंसे णेयमुदयठाणं च ।
उदयंसे बंधपदं दुट्ठाणाधारमेक्कमाधेज्जं ॥ ६७३ ॥

बन्धोदये सत्त्वपदं बन्धांशे ज्ञेयमुदयस्थानं च ।
उदयांशे बन्धपदं द्विस्थानाधारमेकमाधेयम् ॥ ६७३ ॥

अर्थ—बंध उदयके स्थानोंमें सत्त्वस्थान, बंधसत्त्वस्थानोंमें उदयस्थान और उदय सत्त्वस्थानोंमें बंधस्थान, इस प्रकार दो स्थानोंको आधार तथा एक स्थानको आधेय बनाकर तीनप्रकारसे भंग जानने चाहिये ॥ ६७३ ॥

अब उनमेंसे पहले प्रकारको ६ गाथाओंसे कहते हैं;—

बावीसेण णिरुद्धे दसचउरुदये दसादिठाणतिये ।
अट्ठावीसति सत्तं सत्तुदये अट्ठवीसेव ॥ ६७४ ॥

द्वाविंशेन निरुद्धे दशचतुष्कोदये दशादिस्थानत्रये ।
अष्टाविंशत्रिकं सत्त्वं सप्तोदये अष्टविंशमेव ॥ ६७४ ॥

अर्थ—२२ के बंधसहित जीवके १० के स्थानको आदि ले चार उदयस्थानोंमेंसे दशसे लेकर तीन स्थानोंमें तो २८ के को आदिलेकर तीन सत्त्वस्थान हैं, और ७ के उदयस्थानमें २८ के स्थानका ही एक सत्त्व है ॥ ६७४ ॥

इगिवीसेण णिरुद्धे णवयतिये सत्तमट्ठवीसेव ।
सत्तरसे णवचदुरे अडचउतिदुगेक्कवीसंसा ॥ ६७५ ॥

एकविंशेन निरुद्धे नवकत्रये सत्त्वमष्टविंशमेव ।
सप्तदशे नवचतुष्के अष्टचतुस्त्रिद्विकैकविंशांशाः ॥ ६७५ ॥

अर्थ—२१ के बंधसहित जीवके ९ को आदि लेकर ३ के उदय होनेपर २८ का एक ही सत्त्वस्थान है, और १७ के बंधसहित जीवके ९ को आदिलेकर ४ के उदय होनेपर २८–२४–२३–२२–२१ के ५ सत्त्वस्थान हैं ॥ ६७५ ॥

यहांपर कुछ विशेपता है उसको बताते हैं;—

इगिवीसं ण हि पढमे चरिमे तिदुवीसयं ण तेरणवे ।
अडचउसगचउरुदये सत्तं सत्तरसयं व हवे ॥ ६७६ ॥

एकविंशं नहि प्रथमे चरमे त्रिद्विविंशकं न त्रयोदशनवके ।
अष्टचतुःसप्तचतुरुदये सत्त्वं सप्तदशकं व भवेत् ॥ ६७६ ॥

अर्थ—पहले (९ के) का उदय होनेपर २१ का सत्त्व नहीं होता है और ६ के उदय होनेपर २३ तथा २२ का सत्त्व नहीं होता, और १३ के बंधसहित ८ के स्थानको आदि लेकर चार उदयस्थानोंके होनेपर तथा ९ के बंधसहित ७ को आदि लेकर चार उदयस्थानोंके होनेपर सत्त्वस्थान १७ के बंधसहित स्थानमें जैसे कहे हैं उसीतरह के जानने चाहिये ॥ ६७६ ॥

इसके सिवाय और भी विशेपता है उसको कहते हैं;—

णवरि य अपुव्वणवगे छादितियुदयेवि णत्थि तिदुवीसा ।
पणबंधे दोउदये अडचउरिगिवीसतेरसादितियं ॥ ६७७ ॥

नवरि च अपूर्वनवके पडादित्रिकोदयेपि नास्ति त्रिद्विविंशम् ।
पञ्चबन्धे द्विकोदये अष्टचतुरेकविंशत्रयोदशादित्रयम् ॥ ६७७ ॥

अर्थ—इतनी और भी विशेपता है कि अपूर्वकरण गुणस्थानमें ९ के बंधसहित ६ के स्थानको आदिलेकर ३ के उदय होनेपर भी २३ और २२ का सत्त्व नहीं होता है, और पांचके बंधसहित दोके उदय होते समय २८–२४–२१–और १३ को आदि लेकर तीन सत्त्वस्थान हैं ॥ ६७७ ॥

चदुबंधे दोउदये सत्तं पुव्वं व तेण एक्कुदये ।
अडचउरेक्कावीसा एयारतिगं च सत्ताणि ॥ ६७८ ॥

चतुर्बन्धे द्विकोदये सत्त्वं पूर्वं व तेन एकोदये ।
अष्टचतुरेकविंशानि एकादशत्रिकं च सत्त्वानि ॥ ६७८ ॥

अर्थ—४ के बंधसहित दोके उदय होनेपर सत्त्व पहलेकी तरह है अर्थात् जैसा कि ५ के बंधसहितमें कहा है उसीप्रकार जानना चाहिये । तथा उसी ४ के बंधसहित १ के उदय होनेपर २८–२४–२१ और ११ के को आदिलेकर ३ सत्त्वस्थान जानने योग्य हैं ॥ ६७८ ॥

तिदुइगिबंधेकुदये चदुतियठाणेण तिदुगठाणेण ।
दुगिठाणेण य सहिदा अडचउरिगिवीसया सत्ता ॥ ६७९ ॥

त्रिद्विकैकबन्धे एकोदये चतुस्त्रिकस्थानेन त्रिद्विकस्थानेन ।
द्विकैकस्थानेन च सहितानि अष्टचतुरेकविंशकानि सत्त्वानि ॥ ६७९ ॥

अर्थ—३–२–१ के बंधसहित एकके उदय होनेपर २८–२४–२१ के तीन सत्त्वस्थानोंमें क्रमसे ४ और ३ के दो सत्त्वस्थानमिलानेसे, ३ और २ के दो सत्त्वस्थान मिलानेसे, २ और १ के दो सत्त्वस्थान मिलानेसे तीनों जगह पांच पांच सत्त्वस्थान होते हैं ॥ ६७९ ॥

आगे बंध–सत्त्वको आधारकर और उदयको आधेय समझकर ५ गाथाओंमें भंग कहते हैं;—

वावीसे अडवीसे दसचउरुदओ अणे ण सगवीसे ।
छव्वीसे दसयतियं इगिअडवीसे दु णवयतियं ॥ ६८० ॥

द्वाविंशतौ अष्टविंशतौ दशचतुष्कोदय अने न सप्तविंशतौ ।
षड्विंशतौ दशकत्रयमेकाष्टविंशतौ तु नवकत्रयम् ॥ ६८० ॥

अर्थ—२२ के बंधसहित चारगतिके मिथ्यादृष्टि जीवोंके २८ का सत्त्व होनेपर १० के को आदि लेकर चार उदयस्थान हैं, क्योंकि वहां अनंतानुबंधी रहित भी उदयस्थानोंका संभव है । बाईसके ही बंधसहित २७–२६ का सत्त्व होनेपर १० को आदिलेकर तीन उदयस्थान होते हैं । तथा २१ के बंधसहित चारोंही गतिके सासादन गुणस्थानवालोंके २८ का सत्त्व होनेपर ९ को आदि लेकर तीन स्थानोंका उदय होता है ॥ ६८० ॥

सत्तरसे अडचदुवीसे णवयचदुरुदयमिगिवीसे ।
णो पढमुदओ एवं तिदुवीसे णंतिमस्सुदओ ॥ ६८१ ॥

सप्तदश अष्टचतुर्विंशे नवकचतुष्कोदय एकविंशे ।
नो प्रथमोदय एवं त्रिद्विविंशे नान्तिमस्योदयः ॥ ६८१ ॥

अर्थ—१७ के बंधसहित चारोंगतिके जीवोंके २८–२४ का सत्त्वहोनेपर ९ को आदि लेकर ४ उदयस्थान होते हैं, और १७ के बंधसहित २१ का सत्त्व होनेपर पहला (९ का) उदयस्थान नहीं होता, शेष ८ को आदि लेकर ३ ही उदयस्थान होते हैं । इसीप्रकार १७

के ही बंधसहित २३–२२ का सत्वस्थान होनेपर अंतका (६ का) स्थान नहीं पाया जाता है, इसलिये यहांपर भी ९ को आदि लेकर ३ ही उदयस्थान होते हैं ॥ ६८१ ॥

तेरणवे पुव्वंसे अडादिचउ सगचउण्हमुदयाणं ।
सत्तरसं व वियारो पणगुवसंते सगेसु दो उदया ॥ ६८२ ॥

त्रयोदशनवमे पूर्वांशे अष्टादिचतुष्कं सप्तचतुष्कमुदयानाम् ।
सप्तदशं व विचारः पञ्चकोपशान्ते स्वकेपु द्वौ उदयौ ॥ ६८२ ॥

अर्थ—१३ के वंधसहित तिर्यंच मनुष्य देशसंयतके और ९ के वंधसहित प्रमत्त अप्रमत्त और दोनों श्रेणियोंवाले अपूर्वकरणके पूर्ववत् १७ के ही वंधकी तरह सत्त्व होनेपर क्रमसे देश संयतमें तो ८ केको आदि लेकर ४ उदयस्थान और अवशिष्टमें ७ के को आदि लेकर चार उदयस्थान होते हैं। इसमें विशेष यह है कि इक्कीसके सत्त्वमें १३ के वंधवालेके पहला आठका उदयस्थान नहीं होता और ९ के वंधवालेके ७ का उदयस्थान नहीं, तथा २३–२२ के सत्त्व होनेपर १३ के वंधवालेके अंतका ५ का उदयस्थान नहीं और ९ के वंधवालेके ४ का उदयस्थान नहीं है। उपशांतकषाय गुणस्थानमें २८–२४–२१ के सत्त्व होनेपर ५ के वंधसहित अनिवृत्तिकरणमें २ का उदय है और ५–४ के वंधसहितमें भी २ का ही उदय है ॥ ६८२ ॥

यही कहते हैं;—

तेणेवं तेरतिये चदुवंधे पुव्वसत्तगेसु तहा ।
तेणुवसंतंसेयारतिए एक्को हवे उदओ ॥ ६८३ ॥

तेनैवं त्रयोदशत्रये चतुर्वन्धे पूर्वसत्त्वकेपु तथा ।
तेनोपशान्तांशे एकादशत्रये एको भवेत् उदयः ॥ ६८३ ॥

पर एक एकका ही उदय होता है । यहां नवक समयप्रबद्धकी विवक्षा और अविवक्षासे दो प्रकारके सत्त्व कहेगये हैं ॥ ६८४ ॥

आगे उदय-सत्त्वको आधार और बंधको आधेय करके ७ गाथाओंमें वर्णन करते हैं;—

दसगुदये अडवीसतिसत्ते बावीसबंध णवअट्ठे ।
अडवीसे बावीसतिचउबंधो सत्तवीसदुगे ॥ ६८५ ॥
बावीसबंध चदुतिदुवीसंसे सत्तरसयददुगबंधो ।
अट्ठुदये इगिवीसे सत्तरबंधं विसेसं तु ॥ ६८६ ॥ जुम्मं ।

दशकोदये अष्टविंशत्रिसत्त्वे द्वाविंशबन्धः नवाष्टके ।
अष्टविंशतौ द्वाविंशतित्रिचतुर्बन्धः सप्तविंशद्विके ॥ ६८५ ॥
द्वाविंशबन्धः चतुस्त्रिद्विविंशांशे सप्तदशायतद्विकबन्धः ।
अष्टोदये एकविंशे सप्तदशबन्धा विशेषस्तु ॥ ६८६ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—१० के उदयसहित २८ को आदिलेकर ३ का सत्त्व होनेंपर २२ का ही बंध होता है, ९ के उदयसहित असंयतपर्यंत वा ८ के उदयसहित देशसंयतगुणस्थानतक २८ का सत्त्व होनेपर क्रमसे २२ को आदिलेकर ३ और ४ बंधस्थान हैं । तथा उन्हींमें २७ का वा २६ का सत्त्व होनेपर २२ का बंध होता है । और पूर्वोक्त ही उदयसहित मिश्र गुणस्थानमें तो २४ का सत्त्व होनेपर तथा असंयत गुणस्थानमें २४–२३–२२ इन तीन सत्त्वोंके होनेपर १७ का बंध होता है । देशसंयत गुणस्थानमें ८ के उदयसहित २४ को आदिलेकर तीन सत्त्व होनेपर १३ का बंध होता है । इतना विशेष है कि २१ के सत्त्व होनेपर क्षायिक सम्यग्दृष्टि असंयतके १७ का बंध होता है ॥६८५।६८६॥

सत्तुदये अडवीसे बन्धो बावीसपंचयं तेण ।
चउवीसतिगे अयदतिबंधो इगिवीसगयददुगबंधो ॥ ६८७ ॥

सप्तोदये अष्टविंशे बन्धो द्वाविंशपञ्चकं तेन ।
चतुर्विंशत्रिके अयतत्रिबन्ध एकविंशके अयतद्विकबन्धः ॥ ६८७ ॥

अर्थ—७ के उदयसहित २८ का सत्त्व होनेपर २२ को आदिलेकर ५ बंधस्थान हैं । पूर्वोक्त ७ के उदयसहित २४ को आदि लेकर ३ सत्त्व होनेपर असंयतगुणस्थानमें १७ को आदि लेकर ३ बंधस्थान होते हैं । और पूर्वोक्त ७ ही के उदयसहित २१ का सत्त्व होनेपर असंयतयुगलमें क्रमसे १७–१३ इन दोका बंध होता है । **भावार्थ**—क्षायिक सम्यग्दृष्टि चारो गतिबाले असंयतमें १७ का और देशसंयत मनुष्यमें १३ का बंध होता है ॥ ६८७ ॥

छप्पणउदये उवसंतंसे अयदतिगदेसदुगवंधो ।
तेण तिदोवीसंसे देसदुणववंधयं होदि ॥ ६८८ ॥

षट्पञ्चोदये उपशान्तांशे अयतत्रिकदेशद्विकबन्धः ।
तेन त्रिद्विविंशांशे देशद्विनवबन्धकं भवति ॥ ६८८ ॥

अर्थ—६ के उदयसहित उपशांतकषायमें कहे हुए (२८–२४–२१ के) तीन सत्त्वस्थान होनेपर १७ को आदिलेकर ३ वंधस्थान होते हैं । तथा ५ के उदयसहित ३ सत्त्व होनेपर १३ को आदि लेकर दो वंधस्थान हैं । और पूर्वोक्त ६ के उदयसहित २३–२२ के सत्त्व होनेपर देशसंयतगुणस्थानमें १३ का वंधस्थान है । तथा ५ के उदयसहित प्रमत्त अप्रमत्त गुणस्थानमें ९ का वंधस्थान होता है ॥ ६८८ ॥

चउरुदयुवसंतंसे णववंधो दोण्णिउदयपुव्वंसे ।
तेरसतियसत्तेवि य पण चउ ठाणाणि वंधस्स ॥ ६८९ ॥

चतुरुदयोपशान्तांशे नवबन्धो द्विकोदयपूर्वांशे ।
त्रयोदशत्रयसत्त्वेपि च पञ्चचतुःस्थानानि बन्धस्य ॥ ६८९ ॥

अर्थ— ४ के उदयसहित दोनों श्रेणीके अपूर्वकरण गुणस्थानमें उपशांतकषायोक्त २८–२४–२१ के सत्त्व होनेपर ९ का वंध पाया जाता है । २ के उदयसहित सवेद अनिवृत्तिकरणमें पूर्ववत् ३ सत्त्व होनेपर पुरुषवेदके उदयके चरम समयतक ५ का वंध है । और नपुंसक स्त्रीवेदके उदयसहित श्रेणी चढनेवालेके ४ का वंध है । तथा क्षपकश्रेणीमें आठ कषाय नपुंसक स्त्री पुरुषवेदके क्षपणरूप भागोंमें २१ और १३–१२–११ का सत्त्व होनेपर ५ का वंध होता है । एवं अन्य वेदके उदयसहित तेरह बारहका सत्त्व होनेपर ४ का वंध होता है ॥ ६८९ ॥

एक्कुदयुवसंतंसे वंधो चदुरादिचारि तेणेव ।
एयारदु चदुवंधो चदुरंसे चदुतियं वंधो ॥ ६९० ॥

एकोदयोपशान्तांशे बन्धः चतुरादिचत्वारः तेनैव ।
एकादशद्विके चतुर्बन्धः चतुरंशे चतुस्त्रिको बन्धः ॥ ६९० ॥

अर्थ—एकके उदयसहित उपशमक अनिवृत्तिकरणमें उपशांतकषायोक्त २८–२४–२१ के सत्त्व होनेपर ४ के को आदिलेकर चार वंधस्थान हैं । और एकके उदयसहित ११ व ५ के ये दो सत्त्व होनेपर ४ का वंधस्थान है । और एकके उदयसहित ४ के सत्त्व होनेपर ४ वा ३ का वंधस्थान है ॥ ६९० ॥

तेण तिये तिदुवंधो दुगसत्ते दोण्णि एक्कयं वंधो ।
एक्कंसे इगिवंधो णवणं वा मोहणीयस्स ॥ ६९१ ॥

अर्थ—नामकर्मके बंध-उदय-सत्त्वस्थान जो ऊपर गुणस्थानोंको लेकर कहे गये हैं उन सबको ही अर्थकी युक्तिसे यहां जुदे २ कहते हैं ॥ ६९५ ॥

तेवीसादी बंधा इगिवीसादीणि उदयठाणाणि ।
बाणउदादी सत्तं बंधा पुण अट्ठवीसतियं ॥ ६९६ ॥
इगिवीसादीएक्कत्तीसंता सत्तअट्ठवीसूणा ।
उदया सत्तं णउदी बंधा पुण अट्ठवीसदुगं ॥ ६९७ ॥
एगुणतीसत्तिदयं उदयं बाणउदिणउदियं सत्तं ।
अयदे बंधट्ठाणं अट्ठावीसत्तियं होदि ॥ ६९८ ॥
उदया चउवीसूणा इगिवीसप्पहुदिएक्कतीसंता ।
सत्तं पढमचउक्कं अपुव्वकरणोत्ति णायव्वं ॥ ६९९ ॥ कलापकं ।

त्रयोविंशादयो बन्धा एकविंशादीनि उदयस्थानानि ।
द्वानवत्यादि सत्त्वं बन्धाः पुनः अष्टविंशत्रयम् ॥ ६९६ ॥
एकविंशाद्येकत्रिंशदन्ता सप्ताष्टविंशोनाः ।
उदयाः सत्त्वं नवतिः बन्धाः पुनः अष्टविंशद्विकम् ॥ ६९७ ॥
एकोनत्रिंशत्रितयं उदयः द्वानवतिनवतिकं सत्त्वम् ।
अयते बन्धस्थानमष्टाविंशत्रयं भवति ॥ ६९८ ॥
उदयाः चतुर्विंशोना एकविंशप्रभृत्येकत्रिंशदन्ताः ।
सत्त्वं प्रथमचतुष्कमपूर्वकरण इति ज्ञातव्यम् ॥ ६९९ ॥ कलापकम् ।

अर्थ—गुणस्थानोंमेंसे मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें २३ को आदि लेकर ३ बंधस्थान हैं, २१ को आदि लेकर ९ उदयस्थान हैं, ९२ के स्थानको आदि लेकर ३ सत्त्वस्थान हैं। उसके बाद दूसरे गुणस्थानमें बंधस्थान २८ के को आदि लेकर ३ हैं, २७-२८ के स्थान-कर रहित २१ को आदि लेकर ३१ के स्थानपर्यंत ७ उदयस्थान हैं, सत्त्वस्थान ९० का ही है। उसके बाद तीसरे गुणस्थानमें बंधस्थान २८ को आदि लेकर दो हैं, २९ को आदि लेकर ३ उदयस्थान हैं, ९२-९० के दो सत्त्वस्थान हैं। तथा असंयत गुणस्थानमें बंधस्थान २८ को आदि लेकर ३ हैं, उदयस्थान २४ के बिना २१ के को आदि लेकर ३१ के स्थानपर्यंत ८ हैं, सत्त्वस्थान ९३ के को आदि लेकर ४ हैं। तथा ये ही चारों सत्त्वस्थान अपूर्वकरण गुणस्थानतक भी जानने चाहिये ॥ ६९६।६९७।६९८।६९९ ॥

अडवीसदुगं बंधो देसे पमदे य तीसदुगमुदओ ।
पणवीससत्तवीसप्पहुदीचत्तारि ठाणाणि ॥ ७०० ॥

पणदोपणगं पणचदुपणगं वंधुदयसत्त पणगं च ।
पणछक्कपणगछक्कपणगमट्ठट्ठमेयारं ॥ ७०४ ॥
सत्तेव अपज्जत्ता सामी सुहुमो य वादरो चेव ।
वियलिंदिया य तिविहा होन्ति असण्णी कमा सण्णी ॥७०५॥ जुम्मम् ।

पञ्चद्विपञ्चकं पञ्चचतुःपञ्चकं बन्धोदयसत्त्वं पञ्चकं च ।
पञ्चषट्पञ्चकं षट्षट्पञ्चकमष्टाष्टैकादश ॥ ७०४ ॥
सप्तैव अपर्याप्ताः स्वामिनः सूक्ष्मश्च बादरश्चैव ।
विकलेन्द्रियाश्च त्रिविधा भवन्ति असंज्ञिनः क्रमात् संज्ञिनः॥७०५॥ युग्मम् ।

अर्थ—उन १४ जीवसमासों (भेदों) मेंसे अपर्याप्तक ७ जीवसमासोंमें वंध उदय सत्त्वस्थान क्रमसे ५-२-५ हैं । सब सूक्ष्म जीवोंके ५-४-५ हैं । सब वादर एकेंद्री जीवोंके ५-५-५ हैं । विकलत्रय अर्थात् दो इंद्री तेइंद्री चौइंद्रीके ५-६-५ स्थान हैं । असंज्ञी पंचेंद्रीके ६-६-५ हैं । और ८-८-११ वंधउदयसत्त्वस्थानोंके संज्ञी जीव स्वामी होते हैं ॥ ७०४।७०५ ॥

आगे उन्हीं स्थानोंको कहते हैं;—

वंधा तियपणछण्णववीसत्तीसं अपुण्णगे उदओ ।
इगिचउवीसं इगिछवीसं थावरतसे कमसो ॥ ७०६ ॥
वाणउदीणउदिचऊ सत्तं एमेव वंधयं अंसा ।
सुहुमिदरे वियलतिये उदया इगिवीसयादिचउपणयं ॥७०७॥
इगिछक्कडणववीसत्तीसिगितीसं च वियलठाणं वा ।
वंधतियं सण्णिदरे भेदो वंधदि हु अडवीसं ॥७०८॥ विसेसयं ।

वन्धाः त्रिकपञ्चषण्णवविंशत्रिंशदपूर्णके उदयः ।
एकचतुर्विंशं एकषड्विंशं स्थावरत्रसे क्रमशः ॥ ७०६ ॥
द्वानवतिनवतिचतुष्कं सत्त्वं एवमेव वन्धकः अंशाः ।
सूक्ष्मेतरयोः विकलत्रये उदया एकविंशकादिचतुःपञ्चकम् ॥ ७०७ ॥
एकषट्काष्टनवविंशत्रिंशदेकत्रिंशच्च विकलस्थानं वा ।
वन्धत्रयं संज्ञीतरस्मिन् भेदो वध्नाति हि अष्टविंशम् ॥ ७०८ ॥ विशेषकम् ।

अर्थ—अपर्याप्तक ७ जीवसमासोंमें वंधस्थान २३-२५-२६-२९-३० के पांच हैं, उदयस्थान क्रमसे स्थावर लब्ध्यपर्याप्तकमें २१-२४ के दो हैं और त्रस लब्ध्यपर्याप्तकके २१-२६ के दो हैं, सत्त्वस्थान ९२ का और ९० को आदि लेकर चार इसतरह ५ हैं । तथा सूक्ष्म-बादर और विकलत्रय इनमें वंधस्थान और सत्त्वस्थान तो इन अपर्याप्तकोंकी ही तरह

पणदोपणगं पणचदुपणगं बंधुदयसत्त पणगं च ।
पणछक्कपणगछक्कपणगमट्ठट्ठमेयारं ॥ ७०४ ॥
सत्तेव अपज्जत्ता सामी सुहुमो य बादरो चेव ।
वियलिंदिया य तिविहा होन्ति असण्णी कमा सण्णी ॥७०५॥ जुम्मम् ।

पञ्चद्विपञ्चकं पञ्चचतुःपञ्चकं बन्धोदयसत्त्वं पञ्चकं च ।
पञ्चषट्पञ्चकं षट्षट्पञ्चकमष्टाष्टैकादश ॥ ७०४ ॥
सप्तैव अपर्याप्ताः स्वामिनः सूक्ष्मश्च बादरश्चैव ।
विकलेन्द्रियाश्च त्रिविधा भवन्ति असंज्ञिनः क्रमात् संज्ञिनः॥७०५॥ युग्मम् ।

अर्थ—उन १४ जीवसमासों (भेदों) मेंसे अपर्याप्तक ७ जीवसमासोंमें बंध उदय सत्त्वस्थान क्रमसे ५-२-५ हैं । सब सूक्ष्म जीवोंके ५-४-५ हैं । सब बादर एकेंद्री जीवोंके ५-५-५ हैं । विकलत्रय अर्थात् दो इंद्री तेइंद्री चौइंद्रीके ५-६-५ स्थान हैं । असंज्ञी पंचेंद्रीके ६-६-५ हैं । और ८-८-११ बंधउदयसत्त्वस्थानोंके संज्ञी जीव स्वामी होते हैं ॥ ७०४।७०५ ॥

आगे उन्हीं स्थानोंको कहते हैं;—

बंधा तियपणछण्णवबीसत्तीसं अपुण्णगे उदओ ।
इगिचउवीसं इगिछव्वीसं थावरतसे कमसो ॥ ७०६ ॥
बाणउदीणउदिचऊ सत्तं एमेव बंधयं अंसा ।
सुहुमिदरे वियलतिये उदया इगिवीसयादिचउपणयं ॥७०७॥
इगिछक्कडणवबीसत्तीसिगितीसं च वियलठाणं वा ।
बंधतियं सण्णिदरे भेदो बंधदि हु अडवीसं ॥७०८॥ विसेसयं ।

बन्धाः त्रिकपञ्चषण्णवविंशत्रिंशदपूर्णके उदयः ।
एकचतुर्विंशं एकषड्विंशं स्थावरत्रसे क्रमशः ॥ ७०६ ॥
द्वानवतिनवतिचतुष्कं सत्त्वं एवमेव बन्धकः अंशाः ।
सूक्ष्मेतरयोः विकलत्रये उदया एकविंशकादिचतुःपञ्चकम् ॥ ७०७ ॥
एकषट्काष्टनवविंशत्रिंशदेकत्रिंशच्च विकलस्थानं वा ।
बन्धत्रयं संज्ञीतरस्मिन् भेदो बध्नाति हि अष्टविंशम् ॥ ७०८ ॥ विशेषकम् ।

अर्थ—अपर्याप्तक ७ जीवसमासोंमें बंधस्थान २३-२५-२६-२९-३० के पांच हैं, उदयस्थान क्रमसे स्थावर लब्ध्यपर्याप्तकमें २१-२४ के दो हैं और त्रस लब्ध्यपर्याप्तकके २१-२६ के दो हैं, सत्त्वस्थान ९२ का और ९० को आदि लेकर चार इसतरह ५ हैं । तथा सूक्ष्म—बादर और विकलत्रय इनमें बंधस्थान और सत्त्वस्थान तो इन अपर्याप्तकोंकी ही तरह

जानना, किंतु उदयस्थान सूक्ष्ममें २१ को आदि लेकर ४ और बादरमें ५ जानना, तथा विकलत्रयमें २१-२६-२८-२९-३०-३१ के छह हैं । असैनी पंचेंद्रीमें बंधादि तीनों स्थान विकलत्रयकी तरह समझ लेना, परंतु इतनी विशेषता है कि यह २८ के स्थानको भी बांधता है, इसकारण इसमें, बंधस्थान पांचकी जगह ६ होजाते हैं ॥ ७०६।७०७।७०८ ॥

सण्णिम्मि सव्वबंधो इगिवीसप्पहुदिएकतीसंता ।
चउवीसूणा उदओ दसणवपरिहीणसव्वयं सत्तं ॥ ७०९ ॥

संज्ञिनि सर्वबन्ध एकविंशप्रभृत्येकत्रिंशदन्ताः ।
चतुर्विंशोना उदयो दशनवपरिहीनसर्वकं सत्त्वम् ॥ ७०९ ॥

अर्थ—संज्ञीपंचेंद्रीके बंधस्थान सब (८) हैं, उदयस्थान २४ के विना २१ को आदि लेकर ३१ तक के आठ हैं, और सत्त्वस्थान १०—९ के विना सब ११ हैं ॥ ७०९ ॥ इसप्रकार जीवसमासोंमें नामकर्मके बंधादिस्थान कहे हैं ।

आगे चौदहमार्गणाओंमें नामकर्मके बन्धादि स्थानोंको कहनेकी इच्छा रखनेवाले आचार्य पहले क्रमके अनुसार गतिमार्गणामें उन स्थानोंकी संख्याको कहते हैं;—

दोछक्कट्ठचउक्कं णिरयादिसु णामबंधठाणाणि ।
पणणवएगारपणयं तिपंचबारसचउक्कं च ॥ ७१० ॥

द्विषट्काष्टचतुष्कं निरयादिषु नामबन्धस्थानानि ।
पञ्चनवैकादशपञ्चकं त्रिपञ्चद्वादशचतुष्कं च ॥ ७१० ॥

अर्थ—नामकर्मके बंधस्थान नरकआदि चारो गतियोंमें क्रमसे २-६-८-४ हैं, उदयस्थान ५-९-११-५ हैं, सत्त्वस्थान ३-५-१२-४ कहेगये हैं ॥ ७१० ॥

अब इंद्रियमार्गणामें कहते हैं;—

एगे वियले सयले पण पण अड पंच छक्केगार पणं ।
पणतेरं बंधादी सेसादेसेवि इदि णेयं ॥ ७११ ॥

एके विकले सकले पञ्च पञ्चाष्ट पञ्च षट्कादश पञ्च ।
पञ्चत्रयोदश बन्धादीनि शेषादेशेपि इति ज्ञेयम् ॥ ७११ ॥

अर्थ—एकेंद्री विकलेंद्री और पंचेंद्रीके क्रमसे ५-५-८ बंधस्थान हैं, ५-६-११ उदयस्थान हैं, ५-५-१३ सत्त्वस्थान हैं । इसीप्रकार शेष कायादिक मार्गणाओंमें भी बंधादि स्थान जानने चाहिये ॥ ७११ ॥

आगे उन्हीं स्थानोंको दिखाते हैं;—

णिरयादिणामबंधा उगुतीसं तीसमादिमं छक्कं ।
सव्वं पणछक्कुत्तरवीसुगुतीसंदुगं होदि ॥ ७१२ ॥

निरयादिनामबन्धा एकोनत्रिंशत् त्रिंशदादिमं षट्कम् ।
सर्वं पञ्चषट्कोत्तरविंशैकोनत्रिंशद्विकं भवति ॥ ७१२ ॥

अर्थ—नामकर्मके बंधस्थान नरकादि गतियोंमें क्रमसे इसप्रकार समझने चाहिये–नरकगतिमें २९-३० के दो, तिर्यंच गतिमें आदिके (२३ के) स्थानको आदि लेकर ६, मनुष्यगतिमें सब–आठों, और देवगतिमें २५-२६-२९-३० के चार हैं ॥ ७१२ ॥

उदया इगिपणसगअडणववीसं एक्कवीसपहुदिणवं ।
चउवीसहीणसव्वं इगिपणसगअट्ठणववीसं ॥ ७१३ ॥

उदया एकपञ्चसप्ताष्टनवविंशमेकविंशप्रभृतिनव ।
चतुर्विंशहीनं सर्वमेकपञ्चसप्ताष्टनवविंशम् ॥ ७१३ ॥

अर्थ—उदयस्थान नरकगतिमें २१-२५-२७-२८-२९ के पांच हैं, तिर्यंचगतिमें २१ को आदि लेकर ९ हैं, मनुष्यगतिमें २४ के स्थानके विना सब हैं, देवगतिमें २१-२५-२७-२८-२९ के पांच हैं ॥ ७१३ ॥

सत्ता वाणउदितियं वाणउदीणउदिअट्ठसीदितियं ।
वासीदिहीणसव्वं तेणउदिचउक्कयं होदि ॥ ७१४ ॥

सत्ता द्वानवतित्रयं द्वानवतिनवत्यष्टाशीतित्रयम् ।
द्व्यशीतिहीनसर्वं त्रिनवतिचतुष्कं भवति ॥ ७१४ ॥

अर्थ—सत्त्वस्थान नरकगतिमें ९२ को आदि लेकर ३ हैं, तिर्यंचगतिमें ९२-९० के दो और ८८ को आदि लेकर तीन इसतरह ५ हैं, मनुष्यगतिमें ८२ के विना सब हैं, देवगतिमें ९३ को आदि लेकर ४ हैं ॥ ७१४ ॥

इगिविगल बंधठाणं अडवीसूणं तिवीसछक्कं तु ।
सयलं सयले उदया एगे इगिवीसपंचयं वियले ॥ ७१५ ॥
इगिछक्कडणववीसं तीसदु चउवीसहीणसव्वुदया ।
णउदिचऊ वाणउदी एगे वियले य सव्वयं सयले॥७१६॥ जुम्मं ।

एकविकले बन्धस्थानमष्टविंशोनं त्रयोविंशषट्कं तु ।
सकलं सकले उदया एकस्मिन्नेकविंशपञ्चकं विकले ॥ ७१५ ॥
एकषट्काष्टनवविंशं त्रिंशद्विकं चतुर्विंशहीनं सर्वमुदयाः ।
नवतिचतुष्कं द्वानवतिः एकस्मिन् विकले च सर्वं सकले ॥७१६॥ युग्मम् ।

अर्थ—इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षासे बंधस्थान एकेंद्री विकलेंद्रीके २८ के विना २३ को आदि लेकर ६ हैं, पंचेंद्रीके सब हैं। और उदयस्थान एकेंद्रीके २१ के को आदि लेकर ५ हैं, तथा विकलेंद्रीके २१-२६-२८-२९-३०-३१ के ६ हैं, एवं पंचेंद्रीके २४ के विना शेष सब ही उदयस्थान होते हैं। तथा सत्त्वस्थान एकेन्द्री और विकलेन्द्रीके ९२ का तथा ९० को आदि लेकर ४ (अर्थात् ९०–८८–८४–८२) कुछ ५ हैं, और सकल अर्थात् पंचेंद्रीके सब सत्त्वस्थान होते हैं ॥ ७१५।७१६ ॥

अब कायमार्गणामें कहते हैं;—

पुढवीयादीपंचसु तसे कमा बंधउदयसत्ताणि ।
एयं वा सयलं वा तेउदुगे णत्थि सगवीसं ॥ ७१७ ॥

पृथिव्यादिपञ्चसु त्रसे क्रमात्‌ बन्धोदयसत्त्वानि ।
एकं वा सकलं वा तेजोद्विके नास्ति सप्तविंशम्‌ ॥ ७१७ ॥

अर्थ—कायमार्गणामेंसे पृथ्वीकायआदि पांच स्थावरोंमें और त्रसकायमें बंधउदयसत्त्वस्थान क्रमसे एकेन्द्रियवत्‌ और पंचेन्द्रियवत्‌ जानना चाहिये । परंतु इतनी विशेषता है कि तेजःकायिक और वायुकायिक इन दोनोंमें २७ का स्थान नहीं है; क्योंकि यह स्थान (२७ का) आतप वा उद्योत सहित है सो उसका उदय इन दोनोंके होता नहीं ॥ ७१७ ॥

आगे योगमार्गणामें दिखाते हैं;—

मणिवचि बंधुदयंसा सव्वं णववीसतीसइगितीसं ।
दसणवदुसीदिवज्जिदसव्वं ओरालतम्मिस्से ॥ ७१८ ॥
सव्वं तिवीसछक्कं पणुवीसादेक्कतीसपेरंतं ।
चउछक्कसत्तवीसं दुसु सव्वं दसयणवहीणं ॥ ७१९ ॥ जुम्मं ।

मनोवचसोः बन्धोदयांशाः सर्वं नवविंशत्रिंशदेकत्रिंशत्‌ ।
दशनवद्व्यशीतिवर्जितसर्वमौरालतन्मिश्रे ॥ ७१८ ॥
सर्वं त्रयोविंशषट्कं पञ्चविंशादेकत्रिंशत्पर्यन्तम्‌ ।
चतुःषट्कसप्तविंशं द्वयोः सर्वं दशकनवहीनम्‌ ॥ ७१९ ॥ युग्मम्‌ ।

अर्थ—योगमार्गणामेंसे मनोयोग और वचनयोगमें बंधस्थान सब हैं, उदयस्थान २९-३०-३१ के तीन हैं, और सत्त्वस्थान १०—९ और ८२ के विना बाकी सब हैं। औदारिकयोगमें बंधस्थान सब हैं, और औदारिकमिश्रमें २३ के को आदि लेकर ६ हैं, उदयस्थान औदारिकयोगमें २५ को आदि लेकर ३१ पर्यंत सात हैं और औदारिकमिश्रमें २४—२६—२७ के तीन हैं, सत्त्वस्थान औदारिकयोग तथा औदारिकमिश्रयोग इन दोनोंमें १०—९ के विना सब हैं ॥ ७१८।७१९ ॥

वेगुव्वे तम्मिस्से बंधंसा सुरगदीव उदयो दु ।
सगवीसतियं पणजुदवीसं आहारतम्मिस्से ॥ ७२० ॥
बंधतियं अडवीसदु वेगुव्वं वा तिणउदित्राणउदी ।
कम्मे वीसदुगुदओ ओरालियमिस्सयं व बंधंसा ॥७२१॥ जुम्मं ।

वैगूर्वे तन्मिश्रे बन्धांशाः सुरगतिरिव उदयस्तु ।
सप्तविंशत्रयं पञ्चयुतविंशमाहारतन्मिश्रे ॥ ७२० ॥

बन्धत्रयमष्टविंशद्विकं वैगूर्वं वा त्रिनवतिद्वानवती ।

कर्मणि विंशद्विकोदय औरालिकमिश्रकं व बन्धांशाः ॥ ७२१ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—वैक्रियिक योग और वैक्रियिकमिश्रयोगमें बंधस्थान तथा सत्त्वस्थान देवगतिके समान जानना, उदयस्थान वैक्रियिकयोगमें २७ को आदि लेकर तीन हैं; वैक्रियिकमिश्रमें एक २५ का ही है। आहारक तथा आहारकमिश्रयोगमें बंधादि तीनों स्थान क्रमसे २८–२९ के दो, और वैक्रियिकयोगवत् २७ को आदि लेकर तीन, तथा ९३–९२ के दो हैं। और कार्माणयोगमें उदयस्थान २०–२१ के दो हैं, तथा बंधस्थान–सत्त्वस्थान औदारिकमिश्रयोगके समान जानने चाहिये ॥ ७२० ॥ ७२१ ॥

आगे वेदमार्गणा और कषायमार्गणामें बंधादि स्थानोंको कहते हैं;—

वेदकसाये सव्वं इगिवीसणवं तिणउदिएक्कारं ।

थीपुरिसे चउवीसं सीदडसदरी ण थीसंढे ॥ ७२२ ॥

वेदकषाये सर्वमेकविंशनवं त्रिनवत्येकादश ।

स्त्रीपुरुषे चतुर्विंशमशीत्यष्टसप्तती न स्त्रीषण्डे ॥ ७२२ ॥

अर्थ—वेदमार्गणा और कषायमार्गणामें बंधस्थान सब हैं, उदयस्थान २१ को आदि लेकर ९ हैं, सत्त्वस्थान ९३ को आदि लेकर ११ हैं। परंतु इतनी विशेषता है कि स्त्री–पुरुषवेदमें २४ के का उदय नहीं है और स्त्री–नपुंसकवेदमें ८०–७८ के दो सत्त्वस्थान नहीं हैं ॥ ७२२ ॥

अब ज्ञानादि मार्गणाओंमें बंधादिस्थानोंको दिखलाते हैं;—

अण्णाणदुगे बंधो आदीछ णउंसयं व उदयो दु ।

सत्तं दुणउदिछक्कं विभंगबंधा दु कुमदिं व ॥ ७२३ ॥

उदया उणतीसतियं सत्ता णिरयं व मदिसुदोहीए ।

अडवीसपंच बंधा उदया पुरिसं व अहेव ॥ ७२४ ॥

पढमचऊ सीदिचऊ सत्तं मणपज्जवम्हि बंधंसा ।

ओहिं व तीसचुदयं ण हि बंधो केवले णाणे ॥ ७२५ ॥

उदओ सव्वं चउपणवीसूणं सीदिछक्कं सत्तं ।

सुदमिव सामयियदुगे उदओ पणुवीसतत्तवीसचऊ ॥ ७२६ ॥ कुलकम् ।

प्रथमचतुष्कमशीतिचतुष्कं सत्त्वं मनःपर्यये बन्धांशाः ।
अवधिरिव त्रिंशदुदयो न हि बन्धः केवले ज्ञाने ॥ ७२५ ॥
उदयः सर्वं चतुःपञ्चविंशोनमशीतिषट्कं सत्त्वम् ।
श्रुतमिव सामायिकद्विके उदयः पञ्चविंशसप्तविंशचतुष्कम् ॥७२६॥ कलापकम्।

अर्थ—कुमतिज्ञान और कुश्रुतज्ञान इन दोनोंमें बंधस्थान २३ को आदि लेकर ६ हैं, उदयस्थान नपुंसकवेदवत् ९ हैं, सत्त्वस्थान ९२ को आदि लेकर ६ हैं। विभंग (कु अवधि) ज्ञानमें बंधस्थान तो कुमतिज्ञानकी तरह हैं, उदयस्थान २९ को आदि लेकर ३ हैं, सत्त्वस्थान नरकगतिवत् हैं। मतिज्ञान-श्रुतज्ञान और अवधिज्ञानमें बंधस्थान २८ को आदि लेकर ५ हैं, उदयस्थान पुरुषवेदवत् ८ हैं, सत्त्वस्थान ९३ को आदि लेकर ४ तथा ८० को आदि लेकर ४ इसतरह ८ हैं। मनःपर्ययज्ञानमें बंधस्थान और सत्त्वस्थान अवधिज्ञानकी तरह हैं, उदयस्थान ३० का ही है। केवलज्ञानमें बंधस्थानका तो अभाव है और उदयस्थान २४-२५ के विना सब हैं, सत्त्वस्थान ८० को आदि लेकर ६ हैं। तथा संयममार्गणामेंसे सामायिक-छेदोपस्थापना इन दो में बंधस्थान और सत्त्वस्थान श्रुतज्ञानव जानने चाहिये, उदयस्थान २५ का तथा २७ को आदि लेकर चार इसतरह ५ हैं ॥ ७२३।७२४।७२५।७२६ ॥

परिहारे बंधतियं अडवीसचऊ य तीसमादिचऊ ।
सुहुमे एको बंधो मणं व उदयंसठाणाणि ॥ ७२७ ॥

परिहारे बन्धत्रयमष्टविंशचतुष्कं च त्रिंशमादिचतुष्कम् ।
सूक्ष्मे एको बन्धो मनो व उदयांशस्थानानि ॥ ७२७ ॥

अर्थ—परिहारविशुद्धिमें बंध-उदय-सत्त्वस्थान क्रमसे २८ को आदि लेकर ४, और केवल ३० का, तथा ९३ के को लेकर ४ हैं। सूक्ष्मसांपरायसंयममें बंध १ का ही है, उदयस्थान और सत्त्वस्थान मनःपर्ययज्ञानवत् जानने चाहिये ॥ ७२७ ॥

जहखादे बंधतियं केवलयं वा तिणउदिचउ अत्थि ।
देसे अडवीसदुगं तीसदु तेणउदिचारि बंधतियं ॥ ७२८ ॥

यथाख्याते बन्धत्रयं केवलं वा त्रिनवतिचतुष्कमस्ति ।
देशे अष्टविंशद्विकं त्रिंशद्विकं त्रिनवतिचत्वारि बन्धत्रयम् ॥ ७२८ ॥

अर्थ—यथाख्यातसंयममें बंधादि तीनों स्थान केवलज्ञानवत् हैं, परंतु इतना विशेष है कि सत्त्व ९३ को आदि लेकर ४ का भी पाया जाता है। देशसंयतके बंधादि तीन स्थान क्रमसे २८ को आदि लेकर दो, ३० को आदि लेकर दो, और ९३ को आदि लेकर ४ हैं ॥ ७२८ ॥

अविरमणे वंधुदया कुमदिं व तिणउदिसत्तयं सत्तं ।
पुरिसं वा चक्खिदरे अत्थि अचक्खुम्मि चउवीसं ॥ ७२९ ॥

अविरमणे वन्धोदयाः कुमतिर्व त्रिनवतिसप्तकं सत्त्वम् ।
पुरुषो वा चक्षुरितरयोरस्ति अचक्षुपि चतुर्विंशम् ॥ ७२९ ॥

अर्थ—असंयतके बंधस्थान और उदयस्थान कुमतिज्ञानवत् हैं, सत्त्वस्थान ९३ को आदि लेकर ७ हैं । तथा दर्शनमार्गणामेंसे चक्षुदर्शन और अचक्षुदर्शनमें बंधादिस्थान पुरुषवेदकी तरह हैं, परंतु इतना विशेष है कि अचक्षुदर्शनमें २४ के स्थानका भी उदय होता है ॥ ७२९ ॥

ओहिदुगे बंधतियं तण्णाणं वा किलिट्ठलेस्सतिये ।
अविरमणं वा सुहजुगलुदओ पुंवेदयं व हवे ॥ ७३० ॥
अडवीसचऊ बंधा पणछव्वीसं च अत्थि तेउम्मि ।
पढमचउक्कं सत्तं सुक्के ओहिं व वीसयं चुदओ ॥७३१॥ जुम्मं ।

अवधिद्विके वन्धत्रयं तज्ज्ञानं वा क्लिष्टलेश्यत्रये ।
अविरमणं वा शुभयुगलोदयः पुंवेदको व भवेत् ॥ ७३० ॥
अष्टविंशचत्वारो वन्धाः पञ्चषड्विंशं चास्ति तेजसि ।
प्रथमचतुष्कं सत्त्वं शुक्लायामवधिर्व विंशकं चोदयः ॥ ७३१ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—अवधिदर्शन और केवलदर्शनमें बंधादि तीनों स्थान क्रमसे अवधिज्ञान और केवलज्ञानवत् जानने चाहिये । तथा लेश्यामार्गणामेंसे कृष्णादि तीन अशुभ लेश्याओंमें तो बंधादि तीनो स्थान असंयतवत् हैं । तेजोलेश्या और पद्मलेश्यामें उदयस्थान पुरुषवेदकी तरह हैं, बंधस्थान पद्मलेश्यामें २८ को लेकर ४ हैं और तेजोलेश्यामें वे चार तथा २५-२६ के दो इसप्रकार ६ हैं, सत्त्वस्थान तेजोलेश्या और पद्मलेश्या इन दोनोंमें आदिके ४ हैं । शुक्ललेश्यामें बंधादि स्थान अवधिज्ञानवत् जानना, परंतु इतना विशेष है कि २० के स्थानका भी इसमें उदय होता है ॥ ७३०।७३१ ॥

भव्वे सव्वमभव्वे बंधुदया अविरदव्व सत्तं तु ।
णउदिचउ हारबंधणदुगहीणं सुदमिदुवसमे बंधो ॥ ७३२ ॥
उदया इगिपणवीसं णवचीसतियं च पढमचउ सत्तं ।
उवसम इव बंधंसा वेदगसम्मे ण इगिबंधो ॥ ७३३ ॥
उदया मदिं व खइये बंधादी सुदमिवत्थि चरिमदुगं ।
उदयंसे वीसं च य साणे मदव्वाणतिरबंधो ॥ ७३४ ॥

उदया इगिवीसचऊ णववीसतियं च णउदियं सत्तं ।
मिस्से अडवीसदुगं णववीसतियं च बंधुदया ॥ ७३५ ॥
णाणउदिणउदिसत्तं मिच्छे कुमदिं व होदि बंधतियं ।
पुरिसं वा सण्णिम्हि इदरे कुमदिं व णत्थि इगिणउदी ॥७३६॥ जुम्मं ।

भव्ये सर्वमभव्ये बन्धोदया असंयत इव सत्त्वं तु ।
नवतिचतुष्कमाहारकद्विकहीनं [illegible] बन्धः ॥ ७३२ ॥
उदया एकाद्यात्रिंशं नवविंशाद्यं च [illegible] सत्त्वम् ।
उपशम इव बन्धांशा वेदकसम्ये नैकबन्धः ॥ ७३३ ॥
उदया मतिवत् क्षायिके बन्धादिः श्रुतिवदपि त्रयमाद्यकम् ।
उदयांशे विंशं च च स्थाने अष्टाविंशतिकबन्धः ॥ ७३४ ॥
उदया एकविंशचतुष्कं नवविंशत्रयं नवतिकं सत्त्वम् ।
मिश्रे अष्टाविंशद्विकं नवविंशत्रयं च बन्धोदयाः ॥ ७३५ ॥
द्वानवतिनवतिसत्त्वं मिथ्ये कुमतिवत् भवति बन्धत्रयम् ।
पुरुषो वा संज्ञिनि इतरस्मिन् कुमतिवत् नास्ति एकनवतिः ॥७३६॥ युग्मम् ।

अर्थ—भव्यमार्गणामें भव्यके बंध उदय सत्त्वस्थान सब हैं, और अभव्यके बंध उदय-स्थान असंयमवत् जानना तथा सत्त्वस्थान ९० को आदि लेकर ४ हैं, परंतु इतना विशेष है कि आहारद्विक सहित ३० का बंध नहीं है किंतु उद्योत सहित है। सम्यक्त्वमार्गणामें उपशमसम्यक्त्वमें बंधस्थान श्रुतज्ञानवत् हैं, उदयस्थान २१–२५ और २९ को आदि लेकर ३ इसतरह ५ हैं; सत्त्वस्थान ९२ के स्थानको आदि लेकर ४ हैं। वेदक सम्यक्त्वमें बंधस्थान और सत्त्वस्थान तो उपशमसम्यक्त्वकी तरह हैं परंतु इतना विशेष है कि एकका बंधस्थान नहीं हैं, उदयस्थान मतिज्ञानवत् ८ हैं। क्षायिकसम्यक्त्वमें बंधादिस्थान श्रुतज्ञानवत् क्रमसे ५–८–८ हैं; इतना विशेष हैं कि उदय और सत्त्वमें अंतके दो दो स्थान भी पाये जाते हैं तथा उदयमें २० का स्थान भी पाया जाता है। सासादनसम्यक्त्वमें बंधस्थान २८ को लेकर ३ हैं, उदयस्थान २१ को आदि लेकर ४ और २९ को लेकर ३ इसतरह ७ हैं, और सत्त्वस्थान ९० का ही है। मिश्ररुचिके बंधस्थान २८ को आदि लेकर २ हैं, उदयस्थान २९ को आदि लेकर ३ हैं, सत्त्वस्थान ९२–९० के दो हैं। मिथ्यारुचिके बंधादि तीन स्थान कुमतिज्ञानवत् जानने चाहिये। संज्ञीमार्गणामें संज्ञीके बंधादिस्थान पुरुषवेदकी तरह हैं। असंज्ञीके कुमतिज्ञानवत् हैं; परंतु इतना विशेष है कि ९१ का सत्त्वस्थान नहीं है ॥ ७३२।७३३।७३४।७३५।७३६ ॥

आहारे बंधुदया संढं वा णवरि णत्थि इगिवीसं ।
पुरिसं वा कम्मंसा इदरे कम्मं व बंधतियं ॥ ७३७ ॥

आहारे वन्धोदया पण्डो वा नवरि नास्ति एकविंशम् ।
पुरुषो वा कर्मांशाः इतरस्मिन् कर्म व वन्धत्रयम् ॥ ७३७ ॥

अर्थ—आहारमार्गणामें बंध उदयस्थान नपुंसकवेदवत् हैं, परंतु इतना विशेष है कि २१ का उदयस्थान नहीं है, सत्त्वस्थान पुरुषवेदवत् हैं । अनाहारकके बंधादि तीन स्थान कार्मणकाययोगवत् हैं ॥ ७३७ ॥

अत्थि णवट्ठ य दुदओ दसणवसत्तं च विज्जदे एत्थ ।
इदि वंधुदयप्पहुदीसुदणामे सारमादेसे ॥ ७३८ ॥

अस्ति नवाष्ट च द्व्युदयो दशनवसत्त्वं च विद्यतेऽत्र ।
इति वन्धोदयप्रभृतिश्रुतनाम्नि सारमादेशे ॥ ७३८ ॥

अर्थ—इस अनाहार मार्गणामें इतना विशेष है कि अयोगीके उदयस्थान ९–८ के दो हैं, सत्त्वस्थान १०–९ के दो हैं । इसप्रकार मार्गणाओंमें नामकर्मके बंधउदयसत्त्वका त्रिसंयोग प्रगटरीतिसे सारभूत कहागया है ॥ ७३८ ॥

चारुसुदंसणधरणे कुवलयसंतोसणे समत्थेण ।
माधवचंदेण महावीरेणत्थेण वित्थरिदो ॥ ७३९ ॥

चारुसुदर्शनधरणे कुवलयसन्तोषणे समर्थेन ।
माधवचन्द्रेण महावीरेणार्थेन विस्तरितः ॥ ७३९ ॥

अर्थ—इसप्रकार यह पूर्वोक्त कथन, उत्कृष्ट सम्यग्दर्शनके धारण करनेमें समर्थ तथा पृथ्वीमंडलको आनन्द उत्पन्न करनेवाले ऐसे श्रीमाधवचंद्र अर्थात् नेमिनाथ तीर्थंकर और महावीर तीर्थंकर इन दोनोंने परमार्थसे विस्ताररूप किया है ॥ अथवा माधवचंद्र और वीरनंदि ये दोनों आचार्योंके नाम हैं ऐसा भी अर्थ निकलता है सो ऐसा अर्थ करनेमेंभी कोई हानि नही हैं ॥ ७३९ ॥

आगे इस वंधादि त्रिसंयोगको एक आधार और दो आधेयकी अपेक्षा कहते हैं । उसमें भी पहले वंधको आधार और उदय सत्त्वको आधेय बनाकर निरूपण करते हैं;—

णवपंचोदयसत्ता तेवीसे पण्णुवीस छव्वीसे ।
अट्ठचदुरट्ठवीसे णवसत्तुगुतीसतीसम्मि ॥ ७४० ॥
एगेगं इगितीसे एगे एगुदयमट्ठसत्ताणि ।
उवरदबंधे दसदस उदयंसा होंति णियमेण ॥ ७४१ ॥ जुम्मं ।

नवपञ्चोदयसत्त्वाः त्रयोविंशे पञ्चविंशे षड्विंशे ।
अष्टचतुष्कमष्टाविंशे नवसप्तैकोनत्रिंशत्रिंशतोः ॥ ७४० ॥
एकैकमेकत्रिंशतौ एकस्मिन्नेकोदयोऽष्टसत्त्वानि ।
उपरतबन्धे दश दश उदयांशा भवन्ति नियमेन ॥ ७४१ ॥ युग्म

अर्थ—२३-२५-२६ के वंधस्थानमें उदयस्थान ९ और सत्त्वस्थान ५ हैं। २८ के वंधस्थानमें उदयस्थान ८ और सत्त्वस्थान ४ हैं। २९ और ३० के वंधस्थानमें उदयस्थान ९ और सत्त्वस्थान ७ हैं। ३१ के वंधस्थानमें उदयस्थान १ और सत्त्वस्थान १ है। १ के वंधस्थानमें उदयस्थान १ और सत्त्वस्थान ८ हैं। तथा उपरतवंध अर्थात् वंधरहित स्थानमें उदयस्थान और सत्त्वस्थान दस दस नियमसे होते हैं ॥ ७४०।७४१ ॥

उदयंसट्ठाणाणि य सामित्तादो दु जाणिदव्वाणि ।
वंधुदयं च णिरुंभिय सत्तस्स य संभवगदीए ॥ १ ॥

अब उक्तस्थानोंकी संख्या कहते हैं,—

तियपणछव्वीसवंधे इगिवीसादेक्कतीसचरिमुदया ।
वाणउदी णउदिचऊ सत्तं अडवीसगे उदया ॥ ७४२ ॥
पुव्वं व ण चउवीसं वाणउदिचउक्कसत्तमुगुतीसे ।
तीसे पुव्वं वुदया पढमिल्लं सत्तयं सत्तं ॥ ७४३ ॥ जुम्मं ।

त्रिकपञ्चषड्विंशवन्धे एकविंशादेकात्रिंशचरमोदयाः ।
द्वानवतिः नवतिचतुष्कं सत्त्वमष्टविंशके उदयाः ॥ ७४२ ॥
पूर्वं व न चतुर्विंशं द्वानवतिचतुष्कसत्त्वमेकोनत्रिंशे ।
त्रिंशे पूर्वं वोदयाः प्रथमाद्यं सप्तकं सत्त्वम् ॥ ७४३ ॥ युग्मम् ।

अर्थ—२३-२५-२६ के वंधस्थानोंमें २१ को आदि लेकर ३१ पर्यंत उदयस्थान ९ हैं, सत्त्वस्थान ९२ का और ९० को आदि लेकर ४ इसप्रकार ५ हैं। २८ के वंधस्थानमें उदयस्थान पूर्ववत् ९ मेंसे २४ का न होनेसे ८ हैं, सत्त्वस्थान ९२ को आदि लेकर ४ हैं। तथा २९-३० के वंधस्थानमें उदयस्थान पूर्ववत् ९ हैं, सत्त्वस्थान पहले (९३) को आदि लेकर ७ हैं ॥ ७४२।७४३ ॥

इगितीसे तीसुदओ तेणउदी सत्तयं हवे एगे ।
तीसुदओ पढमचऊ सीदादिचउक्कमवि सत्तं ॥ ७४४ ॥

एकत्रिंशे त्रिंशोदयः त्रिनवतिः सत्त्वं भवति एकस्मिन् ।
त्रिंशोदयः प्रथमचतुष्कमशीत्यादिचतुष्कमपि सत्त्वम् ॥ ७४४ ॥

अर्थ—३१ के वंधस्थानमें उदयस्थान ३० का है, सत्त्वस्थान ९३ का है। १ के वंधस्थानमें उदयस्थान ३० का है, सत्त्वस्थान ९३ को आदि लेकर ४ और ८० के को आदि लेकर ४ इसतरह ८ हैं ॥ ७४४ ॥

उवरदवंधेसुदया चउपणवीसूण सव्वयं होदि ।
सत्तं पढमचउक्कं सीदादीछक्कमवि होदि ॥ ७४५ ॥

---

१ यह गाथा क्षेपक मालूम होता है।

उपरतबन्धेषूदयाः चतुःपञ्चविंशोनं सर्वं भवति।
सत्त्वं प्रथमचतुष्कमशीत्यादिषट्कमपि भवति॥ ७४५॥

अर्थ—बंधरहितमें उदयस्थान २४–२५ के विना सब (१०) हैं, सत्त्वस्थान ९३ को आदि लेकर ४ और ८० को आदि लेकर ६ इसतरह १० हैं॥ ७४५॥

आगे दूसरा भेद उदयको आधार तथा बंध–सत्त्वको अधेय मानकर कहते हैं;—

वीसादिसु बंधंसा णभदु छण्णव पणपणं च छसत्तं।
छण्णव छड दुसु छद्दस अट्ठदसं छक्कछक्क णभति दुसु॥७४६॥
विंशादिषु बन्धांशा नभोद्विकं षण्णव पञ्चपञ्च च षट्सप्त।
